**श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** महोदया, सारा जीवन वैचारिक धरातल पर विरोध करने के बाद कांग्रेस के साथ इस तरह से आकर खड़ा होना, देश की जनता को समझ में नहीं आ रहा है।…( व्यवधान) प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी एनडीए की सरकार और उसकी शासन व्यवस्था इस बात का प्रमाण है कि जाति, समाज और धर्म, इन सबसे ऊपर उठ कर, देश में बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों को सरकार का सहारा मिले, इसके लिए सरकार ने जो मंत्र दिया – 'सबका साथ – सबका विकास', यह भी इस देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है। …( व्यवधान) इसीलिए आज पूरी दुनिया कहती है कि अब भारत में योजनाएं भेदभाव पर आधारित नहीं हैं, बल्कि जनता की जरूरतों के आधार पर, उनकी आवश्यकताओं के आधार पर उनकी पूर्ति हो रही है। इसलिए आज देश कहता है कि पहले की सरकारों के शीर्ष नेतृत्व बेल पर थे, केन्द्रीय मंत्री जेल पर थे। इसलिए देश इस बात को कहता है, हमें कहने में कोई संकोच नहीं है कि कांग्रेस ने इस देश को दागदार सरकार दी है। हमें यह कहते हुए गर्व है कि प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इस देश को भारतीय जनता पार्टी ने साफ-सुथरी और दमदार सरकार दी है। यह साफ सुथरी और दमदार सरकार ही है, जिसके कारण प्रधान मंत्री आवास योजना जैसी योजना का जन्म हुआ है। अभी तक देश में दो करोड़ से ज्यादा गरीबों के लिए आवासों का निर्माण हो चुका है।

(1230/IND/KMR)

आप प्रधान मंत्री जी के संकल्प की ताकत देखिए कि वर्ष 2022 तक इस देश के हर गरीब के सिर पर पक्का मकान और पक्की छत होगी, यह घोषणा भी देश के प्रधान मंत्री ने की है।

अध्यक्ष महोदया, लोकतंत्र में देश की सरकारें इस बात के लिए जिम्मेदार होती हैं कि देश के प्रत्येक राज्य के साथ बराबरी का व्यवहार हो और उनकी आवश्यकता के अनुरूप उन्हें सुविधाएं मिलें। हम सभी राज्यों के लिए बराबरी का व्यवहार रखते हैं। किसी एक राज्य की मांग के आधार पर, राजनीतिक परिस्थितियों के आधार पर पूरे देश के हित का बलिदान नहीं दिया जा सकता है। हम इस बात को कैसे भूल सकते हैं, हम इस बात का प्रमाण हैं और इससे अधिक दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है कि यूपीए सरकार के समय मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य मंत्री को सड़कों के गड्ढे भरने के लिए और कोयला लेने के लिए उपवास करना पड़ता था। आज कम से कम देश में इस तरह की परिस्थितियां तो नहीं हैं।

मैंने उज्ज्वला योजना की बात कही है। देश में पहले की सरकारों ने यदि महिलाओं के स्वाभिमान, सम्मान और स्वास्थ्य की थोड़ी-सी चिंता की होती, तो देश की गरीब महिलाओं को चूल्हा फूंककर अपना स्वास्थ्य खराब करते हुए जीवन काटना नहीं पड़ता। देश में हमारी सरकार ने प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में निर्णय किया और उज्ज्वला योजना बनाई। आज देश में आठ करोड़ ऐसी गरीब माँ-बहनों का सम्मान होने जा रहा है, जिनके बारे में पहले कभी विचार नहीं किया गया। 4,78,10,000 से ज्यादा माताओं और बहनों के चेहरों पर हर्ष और उल्लास की चमक

दिखाई देती है, जो उज्ज्वला योजना से उत्पन्न हुई है। यह बहुत दुर्भाग्य की बात थी कि देश की आजादी के 70 साल बाद भी देश में 18 हजार से ज्यादा गांव अंधकार में डूबे हुए थे। देश के प्रधान मंत्री ने 15 अगस्त, 2015 को लाल किला की प्राचीर से ऐलान किया था कि 1000 दिन के भीतर देश के उन सभी गांवों में बिजली पहुंचा दी जाएगी, जहां बिजली नहीं है। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हुआ होगा कि लक्ष्य से 12 दिन पहले ही उन सभी गांवों में बिजली पहुंचा दी गई।

महोदया, कांग्रेस के मित्रों को उन गरीबों के बारे में भी विचार करना चाहिए, जिनके घरों में आजादी के 70 साल बाद भी दीपावली के दिन भी बिजली का बल्ब नहीं जला। हमारे प्रधान मंत्री जी के दिल में उन गरीबों के प्रति दर्द था, जिसकी वजह से मात्र चार साल के भीतर देश में सौभाग्य योजना के माध्यम से उन चार करोड़ घरों में से अधिकतम घरों में बिजली पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार ने किया। यह बिजली केवल उनके घरों के लिए ही नहीं है, बल्कि उनकी आने वाली पीढ़ियों की आंखों के लिए है, उनकी चमक के लिए है, उनके भविष्य के लिए है, जिनके बारे में पहले की सरकारों ने कभी विचार नहीं किया और इसीलिए आज उनके भीतर एक नई रोशनी की किरण दिखाई देती है, एक नई उमंग और उत्साह दिखाई देता है। देश के गरीब आदमी को 70 साल तक इस बात की प्रतीक्षा करनी पड़ी कि गरीबी और बीमारी का मुकाबला करने में कभी कोई सरकार उनकी मदद कर पाएगी या नहीं। लेकिन चार साल के भीतर आयुष्मान योजना के माध्यम से हमारी एनडीए की सरकार ने माननीय मोदी जी के नेतृत्व में यह साबित कर दिया कि देश के

ऐसे हर गरीब को, जिसके पास इलाज के लिए पैसे नहीं हैं, पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज हमारी सरकार देगी। यह कहते हुए भी हमें हर्ष हो रहा है कि यह विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, जो इस देश के प्रधान मंत्री ने देश के गरीबों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रारम्भ की है। हमने तो गरीब को एड़ियाँ रगड़कर सिसक-सिसक कर मरते हुए देखा है और उसके बाद उनके परिवार को बरबाद होते हुए देखा है, लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार के भीतर का दर्द उन गरीबों के लिए था कि मात्र एक रुपये प्रति माह देकर उन्हें दो लाख रुपये का प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसा कवच दिया। मात्र 90 पैसे प्रति दिन में जीवन-ज्योति बीमा योजना जैसा सुरक्षा कवच उन्हें दिया गया। आज हम उन परिवारों से पूछें, जिन्हें चार लाख रुपये की राशि परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद मिली है। झोपड़ी में रहने वाले वे गरीब, जिनकी आंखों के आंसू सूख चुके थे, जब चार लाख रुपये उनके परिवार को मिलता है तो वे दोनों हाथों से देश के प्रधान मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आशीर्वाद देते हैं।

(1235/vb/gm)

कभी भी किसी सरकार ने नहीं सोचा कि एक तो गरीबी, ऊपर से बीमारी। जैसे-तैसे इलाज की व्यवस्था हो जाए, तो दवाइयाँ कैसे खरीदें। यह भी माननीय प्रधान मंत्री जी की ही संकल्पना थी कि प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्र खोले गए, जिनके माध्यम से आज गरीबों को बहुत कम कीमत पर दवाइयाँ उपलब्ध हो रही हैं। 3,000 से ज्यादा जन औषधि केन्द्र देश भर में खोले जा चुके हैं।

कांग्रेस के एक ही परिवार के 48 वर्षों के कार्यकाल में देश को स्वच्छता के मायने कभी समझने नहीं दिया गया। 'शौचालय' शब्द का प्रयोग करने में उनको शर्म महसूस होती थी, जिसका दुष्परिणाम देश की माताएँ-बहनें भुगत रही थीं। लेकिन, आज प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में स्वच्छता को एक नया आयाम दिया गया है, जो धीरे-धीरे भारतीयों के स्वाभिमान और अभिमान का हिस्सा बन रहा है। आज मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि जिसे आप कभी महसूस नहीं कर सके, वहीं देश के 415 जिलों के लगभग चार लाख गाँव आज खुले में शौच से मुक्त हो चुके हैं।

अनेक पत्र-पत्रिकाओं और लेखों में हम सभी को पढ़ने को मिलता है कि कांग्रेस की सरकारों के समय पर फाइलें, पहले अटकती थीं, फिर लटकती थीं, उसके बाद फटकती थीं। इस लटकने, अटकने और भटकाव के पीछे कुछ विशेष कारण हुआ करते थे। उन विशेष कारणों की पूर्ति के बाद ही वे फाइलें आगे बढ़ा करती थीं। मेरे पास इस बात का प्रमाण है। मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर के ब्रॉडगेज़ लाइन के प्रोजेक्ट की फाइल 20 वर्षों तक केवल पर्यावरण मंत्रालय और रेल मंत्रालय के बीच में अटकाव, लटकाव और भटकाव में उलझी रही। लेकिन, जैसे ही केन्द्र में हमारी सरकार बनी, माननीय मोदी जी देश के प्रधान मंत्री बने, तो मुझे आज यह कहते हुए गर्व है कि केवल इन चार वर्षों में 20 वर्षों से लटकी हुई वह परियोजना आज पूर्णता की स्थिति में आ चुकी है। …(व्यवधान)

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना):** अटल जी के जमाने में भी फाइलें अटकती थीं। …(व्यवधान)

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** महोदया, प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार द्वारा तत्काल निर्णय लेने की जो परम्परा बनी है, यही कारण है कि देश में विकास की गति इतनी तीव्र दिखायी दे रही है। इस बात को समझना होगा। पूरा देश आज इस चर्चा को देख रहा है कि अविश्वास प्रस्ताव के क्या मायने हैं? किस सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है? पहले की सरकार के समय, आपकी सरकार के समय में जहाँ एक दिन में मात्र 12 किलोमीटर सड़कें बनती थीं, आज एक दिन में 27 किलोमीटर सड़कें बन रही हैं। सब कुछ वही है। लोग वही हैं, एजेंसियाँ वही हैं, काम करने वाले लोग वही हैं। लेकिन यदि कुछ बदला है, तो भ्रष्टाचार के स्थान पर प्रामाणिकता के साथ समर्पित भाव से प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने का संकल्प बदला है। इसीलिए अभी कुछ दिनों पहले ही देश ने इस बात को जाना कि भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। हमको इस बात को समझना पड़ेगा। यह मात्र किसी देश की अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने की प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि पूरी सक्षमता के साथ मोदी जी के नेतृत्व में यह देश भीतर और बाहर दोनों तरफ से विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो रहा है। इसीलिए आज देश के लोगों की आँखों में एक विश्वास और एक चमक दिखायी देती है।

यह इस बात का प्रमाण है कि विशुद्ध रूप से इस्लामिक देश 'सऊदी अरब' में भारतीय संस्कृति के प्रतीक के रूप में मंदिर के निर्माण को स्वीकृति मिल रही है। यह भारत के इतिहास की कोई छोटी घटना नहीं है। …(व्यवधान)

मैं अपनी बात को करेक्ट करना चाहता हूँ। वह देश 'यू.ए.ई.' है। लेकिन, एक इस्लामिक देश में हमें यह मिल रहा है, यह पहली बार हो रहा है।

(1240/PC/RSG)

अध्यक्ष महोदया, इन सब के बाद भी भारत और चीन के बीच डोकलाम जैसा विवाद होने के बावजूद भी जब सेनाएं पीछे हट जाती हैं, तब भी क्या हमको देश के बदलने का अहसास नहीं होता? सीमाओं पर तैनात हमारे जवान जब सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से दुश्मन की सीमाओं के भीतर उन्हें सबक सिखाकर लौटकर आते हैं, तब क्या हमें पहली बार देश की सेनाओं के ऊँचे मनोबल के कारण का अहसास नहीं होता? विश्व योग दिवस के रूप में जब पूरी दुनिया में भारतीय ज्ञान की पताका और ध्वज लहराता है, तब भी क्या हमें पूरे विश्व में भारत के बढ़ते हुए सम्मान का अहसास नहीं होता?

महोदया, आज देश आश्चर्य में है कि इस सब के बावजूद भी सरकार के खिलाफ यह अविश्वास प्रस्ताव क्यों आ रहा है? कल तक जो लोग देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विरुद्ध अमेरिका को पत्र लिखकर भारत के संविधान की धज्जियाँ उड़ा रहे थे, आज वही लोग जब अमेरिका के राष्ट्रपति को वहाँ मोदी जी के मित्रवत सम्मान के लिए प्रोटोकॉल तोड़ते हुए देखते हैं, तब उन लोगों की कुँठा और अवसाद का कारण हमें समझ में आता है।

महोदया, लेकिन केवल कुछ लोगों की कुंठा और अवसाद के कारण देश के विकास को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता। इस बात को हम सब को समझना होगा। यह अविश्वास प्रस्ताव देश में सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के विरोध में नहीं है, बल्कि

जैसा मैंने पहले कहा, भविष्य की इस मजबूत संभावना के कारण है कि देश में 2019 में एक बार फिर से माननीय मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एन.डी.ए. की सरकार बनने जा रही है। इसी हताशा और कुंठा ने इस विश्वास प्रस्ताव की नींव रखी है।

महोदया, हमारे विपक्ष के साथी हैरान और परेशान हैं। आजादी के 70 साल बाद तक देश के अन्नदाता यानी हमारे किसान भाइयों को आश्वासन देकर वोट तो लेते रहे, लेकिन उनके लिए कुछ कर नहीं सके। देश के अन्नदाता की आमदनी बढ़े, इस दिशा में कोई भी प्रयास पहले की सरकारों के द्वारा नहीं किए गए। यह पहली बार हुआ है। जब हमारी सरकार माननीय मोदी जी के नेतृत्व में आई थी, तब यह कहा गया था कि देश के अन्नदाता की आमदनी बढ़े, जिससे किसान समृद्ध हो, उसके लिए सरकार प्रयास करेगी। आज हमें यह कहते हुए गर्व है कि जो काम 70 सालों में नहीं हुआ, वह मात्र चार सालों के भीतर इस देश के प्रधान मंत्री के नेतृत्व में हुआ और देश के किसानों को उनकी उपज का डेढ़ गुना दाम मिला। यह सरकार ने फैसला कर के दिखाया है।

महोदया, मुझे याद आता है कि फसल बीमा योजना पर सवाल खड़ा करने वाले हमारे काँग्रेस के साथी आज इस बात को लेकर परेशान हैं कि फसल बीमा के दायरे में आज देश का 40 प्रतिशत किसान आ गया है। इस योजना की आबंटन की राशि नौ हजार करोड़ रुपये को पार कर रही है। हमें यह कहते हुए कोई संकोच नहीं है कि देश के जिन पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का नाम लेने में हमारे काँग्रेस के साथियों को संकोच होता है, उनके दिए हुए नारे 'जय जवान, जय किसान' को साकार

करने का काम आज अगर कोई कर रहा है, तो हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं। फिर काँग्रेस हताश क्यों हैं?

महोदया, इतना ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने का क्या मतलब है, देश ने इस बात को आज भली-भांति समझ लिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने का मतलब है विकास, देश के गरीबों का आर्थिक और सामाजिक उत्थान और महिलाओं का सम्मान और स्वाभिमान। जिन-जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, वहाँ प्रदेश और समाज के भीतर जो सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, उसी के कारण एक के बाद एक 19 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज देश के भीतर है। नॉर्थ-ईस्ट के बारे में विस्तार से कहने की आवश्यकता नहीं है, उस पर बहुत चर्चा हो चुकी है। आज नॉर्थ-ईस्ट के लोगों को पहली बार लग रहा है कि वे इस भारत का एक महत्वूर्ण हिस्सा हैं। वहाँ लगातार विकास की धारा प्रवाहित हो रही है।

महोदया, जब हम भारतीय जनता पार्टी की सरकार की बात करते हैं, तो केंद्र में माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार तो है ही, लेकिन इसके साथ-साथ मैंने अभी 19 राज्यों की बात की है। मैं उनमें से तीन प्रमुख राज्यों की बात ज़रूर करना चाहूँगा, जो अपना कार्यकाल इस 2018 में पूरा कर रहे हैं। वहाँ विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है।

(1245/MM/RK)

महोदया, मैं सबसे पहले राजस्थान की बात करना चाहूंगा कि वहां नवंबर, 2013 तक जो बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर है, बिजली, सड़क और पानी, उसकी स्थिति क्या हुआ

करती थी? वर्ष 2013 तक 12820 मेगाावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वहां हुआ करती थी जो बाद के राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में बढ़कर 19500 मेगावाट हो गई है। आज हम कह सकते हैं कि मांग और आपूर्ति का अंतर वहां समाप्त हो चुका है। नवंबर, 2013 तक कुल 87 लाख परिवारों के पास घरेलू कनेक्शन थे। आज बढ़कर 1 करोड़ 12 लाख परिवारों के पास घरेलू कनेक्शन हैं। किसानों को सिंचाई के लिए नवंबर, 2013 तक मात्र 12 लाख कृषि कनेक्शन उपलब्ध थे, जिनकी संख्या आज बढ़कर 14 लाख हो गई है और इस साल दो लाख कृषि के लिए कनेक्शन किसानों को और दिए जा रहे हैं। पिछले चार सालों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिले, इसके लिए किसानों को पम्प सेट पर एक हजार करोड़ रुपये का अनुदान सरकार राजस्थान में दे चुकी है। आज वहां औसतन प्रतिदिन 26 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण हो रहा है। सड़कों के निर्माण पर केवल चार सालों में 24,500 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। प्रदेश में सभी जिलों के मुख्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ दिए गए हैं। आज राजस्थान में लोग गर्व के साथ इस बात को कह सकते हैं कि पिछले चार सालों में ग्रामीण सड़कों की लम्बाई 25500 किलोमीटर से बढ़कर 1 लाख 70 हजार किलोमीटर हो गई है। 1685 गांव ऐसे हैं, जिनको सड़कों से पहली बार जोड़ा गया है। पिछले चार सालों में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं पर 7500 करोड़ रुपये व्यय करके 57600 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। धौलपुर की लिफ्ट सिंचाई परियोजना की कल्पना 30 साल पहले की गई थी, लेकिन उसको अमलीजामा पहनाने का काम 852 करोड़ रुपये की राशि के साथ वर्तमान की वसुंधरा

राजे जी की सरकार के द्वारा किया गया। ऐसे अनेक विषय हैं, जिनके बारे में विस्तार से बात करने में बहुत समय लगेगा।

महोदया, मैं छत्तीसगढ़ का भी उल्लेख करना चाहूंगा। मध्य प्रदेश से अलग होने तक और उससे पहले भी लगातार कांग्रेस की सरकार वहां रही है। लेकिन वर्ष 2003 तक का कार्यकाल और उसके बाद वर्ष 2018 तक के कार्यकाल की तुलना भी देश के सामने आना जरूरी है। वर्ष 2003 तक छत्तीसगढ़ का बजट मात्र नौ हजार करोड़ रुपये हुआ करता था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद वर्ष 2018 का बजट 83179 करोड़ रुपये का है।…( व्यवधान) वर्ष 2003 में प्रति व्यक्ति आय केवल 13000 रुपये थी।…( व्यवधान) महोदया, इनकी बेचैनी का कारण मुझे समझ में नहीं आ रहा है।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप लोगों को क्या हो गया है? बिधूड़ी जी, बैठ जाइए। आप लोग भी बैठ जाइए।

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर) :** महोदया, छत्तीसगढ़ में वर्ष 2003 में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय मात्र 13000 रुपये हुआ करती थी, जो आज बढ़कर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 92000 रुपये हो गयी है। वर्ष 2003 तक कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 4732 मेगावाट थी। इन 15 सालों में वर्ष 2018 में उत्पादन क्षमता बढ़कर 22764 मेगावाट हो गई है।

महोदया, मैं कृषि की भी बात करना चाहूंगा। छत्तीसगढ़ में कृषि का कुल उत्पादन वर्ष 2003 में 65 लाख मीट्रिक टन था…( व्यवधान) वर्ष 2018 में बढ़कर 103 लाख मीट्रिक टन हो गया है।…( व्यवधान) आपको इस बात को समझना होगा कि भारतीय

जनता पार्टी की सरकार होने के क्या मायने हैं? …( व्यवधान) देश में हमेशा कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात होती है।

(1250/BKS/PS)

इसीलिए आज कृषि राज्यों के आधार पर ही अविश्वास प्रस्ताव की नींव रखी गई है और इसलिए इन राज्यों की चर्चा करते समय जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, वहां होने वाले विकास के बारे में भी आपको सुनना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में 2003 में जो कृषि का उत्पादन हुआ करता था, वह 65 लाख मीट्रिक टन था। …(व्यवधान) सुरेश जी आपको क्या हुआ है, आप बार-बार क्यों खड़े हो रहे हो।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** आप जितनी बार बोलोगे तो आपका नेता बोल नहीं पाएगा, जितनी बार खड़े हो जाओगे तो हम उन्हें बोलने नहीं देंगे, मैं पहले ही बता रहा हूं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिए। अनुराग जी, प्लीज आप बैठिए।

(…व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं यहां बैठी हूं, प्लीज आप दोनों तरफ के लोग बैठिए। राकेश जी, आप बोलिए।

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** महोदया, छत्तीसगढ़ में 2003 में कृषि का जो कुल उत्पादन होता था, वह 65 लाख मीट्रिक टन था।…(व्यवधान) आज हमें यह कहते हुए गर्व है कि 2018 में यह बढ़कर एक करोड़ तीन लाख मीट्रिक टन हो गया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी छत्तीसगढ़ में 2003 में प्रधान मंत्री सड़क योजना के अंतर्गत कुल 1072 किलोमीटर सड़कें बनी थीं और आज वहां 14 साल भारतीय

जनता पार्टी की सरकार के रहने के बाद 2018 में 22750 किलोमीटर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़कें बन चुकी हैं। वहां 2003 में कुल 29900 किलोमीटर सड़कें थीं और हमें यह कहते हुए गर्व है कि आज वहां 61800 किलोमीटर सड़कें हैं।

यदि हम शिक्षा के क्षेत्र की बात करें तो वहां स्कूलों की कुल संख्या 21082 थी, वह आज बढ़कर 60726 हो गई है। बात-बात पर अनुसूचित जाति और जनजाति के वोट लेने की बात कांग्रेस के मित्र करते हैं, लेकिन उस समय वहां अनुसूचित जाति और जनजाति के कुल छात्रावासों की संख्या 1837 थी, जो 14 सालों में बढ़कर 3252 हो गई है। वहां आजादी के बाद के इतने लम्बे समय में कुल मिलाकर 2003 में दो मैडिकल कालेज हुआ करते थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल के बाद आज वहां मैडिकल कालेजों की संख्या बढ़कर 10 हो चुकी है। ऐसे अनेक विषय हैं, जिन पर विस्तार से बात करने में काफी समय लगेगा।

अब मैं अपने राज्य मध्य प्रदेश की ओर आता हूं। मध्य प्रदेश में 2003 से …(व्यवधान) सिंधिया जी हमारे मित्र हैं। मध्य प्रदेश में 2003 से लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और इस सदन में खड़े होकर हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि मध्य प्रदेश में इन 14 सालों में विकास की जो इबारत लिखी गई है, उसी के कारण मध्य प्रदेश आज बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर निकलकर तेजी के साथ विकसित होने वाले राज्यों की श्रेणी में खड़ा हो गया है। …(व्यवधान) 2003 के पहले मध्य प्रदेश, जो किसी देश और प्रदेश का बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर होता है, उसके बारे में यदि हम बात करें तो उसमें वह दुर्दशा की सीमा पर जाकर खड़ा था। सड़कों के नाम पर गड्ढे थे, बिजली के नाम पर अंधकार था और सिंचाई के नाम पर सूखा था, यह

थी 2003 के मध्य प्रदेश की स्थिति। उसके बाद मध्य प्रदेश में शिवराज जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जो काम किए हैं, आज वे देश के सभी राज्यों के लिए अनुकरणीय हैं। इस समय आप इस बात को कैसे भूल सकते हैं? मैं आंकड़ों के आधार पर बात कर रहा हूं कि मध्य प्रदेश में कृषि विकास दर मात्र तीन प्रतिशत हुआ करती थी और आज वह बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है। यह स्थिति लगातार बनी हुई है …(व्यवधान) आपकी सरकार वह पहली सरकार थी, जिसके समय में मध्य प्रदेश में कृषि कर्मण पुरस्कार मिला था और उसके बाद लगातार मध्य प्रदेश को कृषि कर्मण पुरस्कार मिल रहा है।

(1255/GG/RC)

आप अभी और भी सुनने का माद्दा रखिए। …(व्यवधान) आपकी सरकार के समय पर, सन् 2003 तक, यानी राजा-महाराजाओं के जमाने से ले कर, अंग्रेजों के जमाने से लेकर और कांग्रेस की सरकारों तक कुल मिला कर सात लाख हैक्टेयर क्षेत्र सिंचित हुआ करता था और इन 14 सालों में शिवराज जी के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार के कार्यकाल में आज वह 40 लाख हैक्टेयर तक पहुंच गया है। …(व्यवधान) हमें यह कहते हुए प्रसन्नता है कि आने वाले चार सालों में इसको हम 80 लाख हैक्टेयर तक पहुंचा कर रहेंगे। …(व्यवधान) सन् 2003 में मध्य प्रदेश में बिजली का कुल उत्पादन 2900 मेगावॉट था। …(व्यवधान) जो आज बढ़ कर 18,364 मेगावॉट हो गया है। …(व्यवधान) सन् 2003 में मध्य प्रदेश में मात्र 44,787 किलोमीटर की सडकें थीं, जो आज बढ़ कर 1,50,000 किलोमीटर हो गई हैं। …( व्यवधान) आर्थिक प्रगति का भी पैमाना देखिए कि मध्य प्रदेश में सन् 2003 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 14

हज़ार रुपये हुआ करती थी। …(व्यवधान) यह आज बढ़ कर आज 80 हज़ार रुपये प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। …(व्यवधान) अभी और सुनिए। …(व्यवधान) सन् 2003 में जहां राज्य का बजट केवल 21,647 करोड़ रुपये हुआ करता था, यह बढ़ कर आज 1,85,464 करोड़ रुपये हो गया है। …(व्यवधान)

महोदया, केवल 55000 प्राथमिक शालाएं हुआ करती थीं, आज ये 84000 हो गई हैं। …(व्यवधान) 1700 हाईस्कूल हुआ करते थे, जो कि आज 4700 हो गए हैं। …(व्यवधान) माध्यमिक शालाएं 12,500 हुआ करती थीं। …(व्यवधान) आज ये बढ़ कर 30,341 हो गई हैं। …(व्यवधान) हायर सैकेंड्री स्कूल कुल मिला कर 1,500 हुआ करते थे। …(व्यवधान) आज ये बढ़कर 3,800 हो गए हैं। हमें यह कहते हुए गर्व है कि बेटियों के भविष्य के निर्माण की दिशा में, मध्य प्रदेश, देश का अग्रणी राज्य है। …(व्यवधान)

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना):** मैडम, इन्होंने आपको मध्य प्रदेश असेंबली स्पीकर बना दिया है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** बस हो गया, बैठिए-बैठिए। राकेश जी, अपनी बात पूरी कीजिए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बिधूड़ी जी, बैठिए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप तो बड़े नेता हो, बैठिए ना।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing would go on record.

*… (Not recorded)*

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर) :** महोदया, इनको तकलीफ क्यों हो रही है, यह मेरी समझ के परे है। …(व्यवधान)

कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा और भानुमति ने कुनबा जोड़ा, ऐसे ही एक-एक राज्यों को मिला कर अविश्वास प्रस्ताव की नींव आपने रखी है तो अब राज्यों के विकास के बारे में भी तो सुनने का साहस आप रखिए। …(व्यवधान) मैं कांग्रेस के अपने मित्रों से पूछना चाहता हूँ कि मध्य प्रदेश के विकास की बात सुनना क्या आपको अच्छा नहीं लगता है? …(व्यवधान) क्या मध्य प्रदेश के साथ आपका कोई दुश्मनी का भाव है? …(व्यवधान) अरे, कांतिलाल जी आप तो बैठ जाइए, आप तो मत बोलिए। …(व्यवधान) अगर ऐसा करेंगे तो अगली बार आप यहां नहीं आ पाएंगे। …(व्यवधान)

महोदया, बेटियों के भविष्य के निर्माण की दिशा में मध्य प्रदेश आज देश का अग्रणी राज्य है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी-अभी तो कांतिलाल जी के यहां विकास हुआ है न? आप बैठ जाइए।

…( व्यवधान)

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर) :** वहां पर हमारी बहन-बेटियों के सम्मान और स्वाभिमान के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। …(व्यवधान) मध्य प्रदेश देश का वह पहला ऐसा राज्य है, जहां अबोध व्यक्तियों के साथ दुराचार करने पर फांसी की सजा मिले, इस आशय का कानून बनाया गया है। …(व्यवधान) मैं इस सदन में पूरे देश की जनता की ओर से माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार प्रकट करना चाहता हूँ कि ऐसे

दुराचारियों को फांसी देने का कानून आपने पूरे देश के लिए भी लागू करवाया है। …(व्यवधान)

(1300/CS/SNB)

मध्य प्रदेश की योजनाएं तो बहुत हैं, लेकिन चूँकि आपको तकलीफ हो रही है तो मैं मध्य प्रदेश की जनता से कहूँगा कि कांग्रेस को मध्य प्रदेश की बात सुनना अच्छा नहीं लगता है। मैं संबल योजना के बारे में जरूर कहना चाहूँगा। यह वह योजना है, जिसके लागू होने के बाद मध्य प्रदेश के किसी भी गरीब आदमी को, माँ के गर्भ में बच्चा आया, वहाँ से लेकर, उसके जन्म से लेकर, उसकी प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर उसकी उच्चतम शिक्षा तक अगर उसे एक रुपये से लेकर 40 लाख रुपये तक की फीस भी लगेगी तो उसे देने का काम मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। …(व्यवधान) आपके द्वारा शासित किसी भी राज्य में अगर इसके आसपास भी आप हों तो वह हमें बता दीजिएगा।

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) :** जिस तरीके से आप बोल रहे हैं, उससे लगता है कि प्रधान मंत्री जी से ज्यादा काम मध्य प्रदेश की सरकार ने किया है।…(व्यवधान)

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर) :** स्वाभाविक रूप से मैंने मध्य प्रदेश की पवित्र धरती पर जन्म लिया है और इसलिए मुझे मध्य प्रदेश से प्यार है।…(व्यवधान) मैं मानता हूँ कि वहाँ बैठे हुए भी जो लोग मध्य प्रदेश में जन्मे हैं, उनको भी मध्य प्रदेश की पवित्र मिट्टी से प्यार होना चाहिए और इसीलिए उन्हें ऐसे विकास के कार्यों में आगे बढ़कर सरकार का साथ देना चाहिए।…(व्यवधान)

महोदया, ये वे तमाम कारण हैं, जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के मायने स्थापित करते हैं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप क्षेत्र में काम करते हो तो चिंता मत करो। आप बैठो।

…(व्यवधान)

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर) :** कांति लाल जी, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :** आप अपने प्रदेश के बारे में नहीं सुन सकते। आपने एक घंटा आन्ध्र प्रदेश को सुना। आपने अविश्वास की नींव वहाँ रखी है। आपको इन्हें सुनना पड़ेगा। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** राकेश जी, अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री राकेश सिंह (जबलपुर) :** महोदया, मैं मान लेता हूँ कि कांग्रेस मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विकास के बारे में सुनना नहीं चाहती है। मैं फिर से देश पर आता हूँ।

महोदया, जो कारण मैंने अभी बताए हैं, उन सभी से यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के मायने क्या हैं। आज देश इस बात को जानना चाहता है कि क्या देश और प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की इन सरकारों के द्वारा किए गए ये सकारात्मक बदलाव देश के लिए आवश्यक नहीं थे? पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के दिए हुए अंत्योदय के मंत्र के कारण देश के गरीबों का भला हो रहा है

और सरकारें गरीबों की सेवा का माध्यम बन रही हैं। हम कहना चाहते हैं कि इन सारी स्थितियों में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक-साथ खड़े होकर सरकार का समर्थन करना चाहिए। देश का हर राजनीतिक दल, चाहे वह किसी भी प्रदेश से आता हो, वह समाज सेवा के संकल्प के साथ ही राजनीति के क्षेत्र में आता है। आज उस संकल्प की पूर्ति इस देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार कर रही है तो इस अविश्वास प्रस्ताव का औचित्य क्या है? देश इस बात को जानना चाहता है।

देश में अलग-अलग राजनीतिक दलों का एक-साथ आने का जो विचार प्रारम्भ हो रहा है, उसके पीछे धर्मनिरपेक्षता को आधार बनाने की कोशिश भी कभी-कभी हमें दिखाई देती है। यह सच्चाई नहीं है, क्योंकि देश के संवैधानिक ढ़ांचे में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। अगर इसमें कोई सच्चाई है तो वह सिर्फ इतनी है कि देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता से घबराकर एक अस्थायी गठबंधन बनाकर सत्ता की प्राप्ति की लालसा ही इसका एकमात्र कारण है। देश की जनता इसे कभी पूरा होने नहीं देगी।

महोदया, देश के प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इसी सदन में एक बार कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव तब लाये जाते हैं, जब सत्तारूढ़ दल के टूटने की संभावना हो या सरकार को जागरूक रखने के लिए इसको हथियार बनाने की जरूरत हो।…(व्यवधान) आज समझ में नहीं आ रहा है कि इस अविश्वास प्रस्ताव के कारण क्या हैं। आज लगभग जो स्थिति दिखाई दे रही है, वह यह दिखाई दे रही है कि कांग्रेस स्वयं ही अविश्वास के विकार से ग्रस्त है और इसी विकार के कारण यह अविश्वास

प्रस्ताव आया है। जिनकी सरकारों के समय देश में घोटालों की चर्चा करते हुए देश पूरी वर्णमाला को याद कर लेता था, वे आज मात्र चार सालों में इतिहास के माथे पर भारत के स्वर्णिम भविष्य की इबारत लिखने वाली सरकार पर आरोप लगाने का दु:स्साहस कर रहे हैं। इसके लिए देश की जनता कभी आपको माफ नहीं करेगी।

(1305/RV/RU)

अध्यक्ष महोदया, इस अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए मैं अन्त में इन पंक्तियों के साथ अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा -

चमन को सींचने में कुछ पत्तियां झड़ गई होंगी,
यही इल्ज़ाम लग रहा है हम पर बेवफाई का,
चमन को रौंद डाला जिन्होंने अपने पैरों से,
वही दावा कर रहे हैं इस चमन की रहनुमाई का।

इसी के साथ इसका विरोध करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** राहुल जी।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप लोग शांत रहें।

...(व्यवधान)

1306 hours

SHRI RAHUL GANDHI (AMETHI): Thank you Madam Speaker for giving me the floor.... (*Interruptions*) मैं हिन्दी में भी बोलूंगा, आप लोग घबराइए मत।...( व्यवधान)

Two interesting speeches were made. One speech was made by Shri Galla from the TDP and the other speech was made from the BJP. I heard the speech of Shri Galla very carefully. I listened to everything which he said. In his speech, I sensed a certain anxiety, I sensed a deep feeling of pain and I want to tell him from here that they are the victim of the 21st century political weapon, a very fantastic political weapon. I want to also tell him that he is not alone. There are many victims like him in this country. The political weapon is called the *jumla* strike and the symptoms are the following.

First, there is a great sense of excitement, happiness and then there is a feeling of shock and after that, there are eight hour-long speeches. Now, who else are the victims of the *jumla* strike? They are the kisans of the country, the youngsters of the country, the Dalits, the tribals and the women of the country.

आपने बोला कि प्रधानमंत्री के शब्द का मतलब होना चाहिए और यही सवाल आज पूरा हिन्दुस्तान पूछ रहा है। जुमला स्ट्राइक नं. 1 - 'पन्द्रह लाख रुपये हर बैंक अकाउंट में', जुमला स्ट्राइक नं. 2 - 'दो करोड़ युवाओं को हर साल रोज़गार'।

रोजगार की बात पर चलते हैं। दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात की थी।

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** 12 करोड़ को दे दिया।…( व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** आप कौन-सी दुनिया में हैं?…( व्यवधान) मेरे पास आंकड़े हैं।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बिधूड़ी जी, आप बैठिए।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** मैडम, यह क्या है?

**माननीय अध्यक्ष :** बिधूड़ी जी, मैं देख रही हूं। आपसे पहले उनका नाम लिया है। आप उन्हें डिस्टर्ब मत करिए। आप बैठिए।

खड़गे जी, प्लीज, आप बैठिए। मैं इसकी चिंता कर रही हूं।

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** वर्ष 2016 में पूरे हिन्दुस्तान में चार लाख युवाओं को रोजगार मिला। ये लेबर ब्यूरो के सर्वे के डिटेल्स हैं, मेरे नहीं हैं। ये इनके आंकड़े हैं।

(1310/MY/KSP)

हिन्दुस्तान के युवा ने प्रधानमंत्री पर भरोसा किया था। हर भाषण में प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि मैं दो करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार दूँगा। यह सच्चाई है कि सिर्फ चार लाख युवाओं को रोजगार मिला है। मैं दूसरे तरीके से कहता हूँ, जो काम

चाइना पचास हजार युवाओं को 24 घंटे में करने के लिए देता है, उसी काम को आप लोग चार सौ युवाओं को 24 घंटे में करने के लिए देते हैं। इनके खोखलेपन की यह सच्चाई है। इनके शब्दों की यह सच्चाई है। प्रधानमंत्री जी जहाँ भी जाते हैं, रोजगार की बात करते हैं। कभी कहते हैं, पकौड़े बनाओ; कभी कहते हैं, दुकान खोलो।

…( व्यवधान) रोजगार कौन लाएगा, रोजगार स्मॉल एंड मिडियम बिजनेस वाले लाएंगे, छोटे दुकानदार लाएंगे, कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में आएंगे। आपने क्या किया? पता नहीं, क्या हुआ, कहाँ से मैसेज मिला? आठ बजे रात को कालेधन के खिलाफ प्रधानमंत्री जी ने एक्शन लिया, डिमोनेटाइजेशन किया।…( व्यवधान) शायद समझ नहीं थी कि किसान, मजदूर, गरीब आदमी अपना धंधा कैश में चलाते हैं।

…( व्यवधान) मैं सूरत गया और सूरत के लोगों ने मुझे बताया कि प्रधानमंत्री जी ने हमें सबसे जबरदस्त चोट मारी है।…( व्यवधान) मैंने नहीं बोला, बल्कि उन्होंने बोला।…( व्यवधान)

आज हिन्दुस्तान में बेरोजगारी सात साल से सबसे ज्यादा है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों का सच है। …( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** प्लीज, आप बैठे हुए लोगों का मत सुनिए।

**श्री राहुल गांधी:** मगर वहाँ ही नहीं रुके। जी.एस.टी. कांग्रेस पार्टी लाई थी।

…( व्यवधान) आपने विरोध किया था। गुजरात के चीफ मिनिस्टर ने विरोध किया था। हम चाहते थे कि एक जी.एस.टी. हो, पेट्रोल-डीजल उस जी.एस.टी. में हो, हिन्दुस्तान के लिए एक टैक्स लगे और कम से कम डिसरपशन हो।…( व्यवधान) प्रधानमंत्री जी की जी.एस.टी., पाँच अलग-अलग जी.एस.टी. और आपने छोटे से छोटे

दुकानदार के घर के अंदर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को डाल दिया। आपने करोड़ों-करोड़ों लोगों को बर्बाद किया। प्रधानमंत्री जी बाहर नहीं जाते है,

…( व्यवधान) नहीं; बाहर जाते हैं, बाहर जाने का मतलब अब्रॉड जाते हैं, ओबामा जी एवं ट्रंप जी के पास जाते हैं।…( व्यवधान) मगर अपना जो सिक्योरिटी कवर है उससे बाहर नहीं निकलते हैं।

प्रधानमंत्री जी की छोटे दुकानदारों (स्मॉल बिजनेसमैन्स) से बातें नहीं होती है। प्रधानमंत्री जी की बात सिर्फ सूट-बूट वाले 15-20 सबसे बड़े बिजनेसमैन से होती है।…( व्यवधान) जो छोटे दुकानदारों के दिल में है, जो किसानों के दिल में है, जो गरीबों के दिल में है, वह प्रधानमंत्री तक नहीं पहुँचता है। रोज़गार के पूरे सिस्टम को आपकी सरकार ने जबरदस्त ठोकर मारी, अन-इम्प्लाएमेंट फैलाया।

(1315/CP/SRG)

जैसा मैंने कहा कि जो पहले छोटी दुकान चलाकर, छोटा बिजनेस चलाकर, मिडियम साइज बिजनेस चलाकर पैसा कमाते थे, उनकी जेब के अंदर आपने हाथ डाला और उनका पैसा आपने छीन लिया। …( व्यवधान) इस सच्चाई को बदला नहीं जा सकता है।

आपने बिल्कुल सही कहा, जियो के इश्तहार पर प्रधान मंत्री का फोटो आ सकता है। वे शक्तियां जो इनकी मदद करती हैं, वे 10-20 बड़े-बड़े बिजनेसमैन हैं, उनके लिए ये सब कुछ करते हैं। …( व्यवधान) मगर बाकी हिंदुस्तान के लिए, गरीबों, कमजोरों के लिए दिल में थोड़ी सी भी जगह नहीं है। …( व्यवधान)

प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि मैं देश का चौकीदार हूं। मैं चौकीदारी करूंगा। मैं प्रधान मंत्री नहीं हूं, मैं देश का चौकीदार हूं। मगर जब *...(Not recorded)* ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No name will go on record.

... (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** किसी का भी नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नाम निकाल दिया है, बोल दिया है।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No name will go on record.

... (*Interruptions*)

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** जब *... (Not recorded)* ...( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नाम नहीं जाएगा। आप बैठिए।

...(व्यवधान)

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना):** अध्यक्ष महोदया, किसी ने हमारा नाम लिया...( व्यवधान) किसी ने इंदिरा जी का नाम लिया। ...( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बैठिए, रिकार्ड में नाम नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बोल दिया है कि नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** जब प्रधान मंत्री के मित्र का पुत्र 16 हजार बार अपनी आमदनी को बढ़ाता है एक महीने में…( व्यवधान) तब प्रधान मंत्री के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकलता है। …(व्यवधान)

राफेल हवाई जहाज, हमारी यूपीए की डील में हवाई जहाज का दाम 520 करोड़ रुपये प्रति हवाई जहाज था। …( व्यवधान) पता नहीं क्या हुआ, किससे बात हुई?…(व्यवधान) प्रधान मंत्री जी फ्रांस गए। वहां पर किसके साथ गए, पूरा देश जानता है। जादू से हवाई जहाज का दाम 1,600 करोड़ रुपये प्रति हवाई जहाज हो गया। …(व्यवधान) डिफेंस मिनिस्टर यहां बैठी हुई हैं। …( व्यवधान) उन्होंने पहले पब्लिक में कहा कि मैं देश को हवाई जहाज का दाम बताऊंगी। …( व्यवधान) उसके बाद डिफेंस मिनिस्टर ने क्लियरली बोला कि मैं यह आंकड़ा नहीं दे सकती हूं, क्योंकि फ्रांस की सरकार और हिंदुस्तान की सरकार के बीच में एक सीक्रेसी पैक्ट है। मैं स्वयं फ्रांस के राष्ट्रपति से मिला। …( व्यवधान) मैंने स्वयं फ्रांस के राष्ट्रपति से यह सवाल पूछा कि क्या ऐसा कोई पैक्ट हिंदुस्तान की सरकार और फ्रांस की सरकार के बीच में है? फ्रांस के राष्ट्रपति ने मुझे बताया कि ऐसा कोई पैक्ट हिंदुस्तान की सरकार और फ्रांस की सरकार के बीच में नहीं है। …( व्यवधान)

(1320/NK/KKD)

यह सच्चाई है, उन्होंने मुझे बताया। मुझे यह कहने में कोई ऐतराज नहीं है, आप इस बात को पूरे हिन्दुस्तान को बताइए।

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Madam, I object to it … (*Interruptions*)

SHRI RAHUL GANDHI (AMETHI): I am not yielding.

HON. SPEAKER: Nirmalaji, he is not yielding.

… (*Interruptions*)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): Madam, he is not yielding … (*Interruptions*)

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दबाव में आकर निर्मला सीतारमण जी ने देश से *… (Not recorded)*बोला है। किसकी मदद हो रही है, क्यों मदद हो रही है, निर्मला जी, प्रधान मंत्री जी, आप देश के बताइए। आपने असत्य बोला है।

HON. SPEAKER: He is not yielding.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Madam, he is misleading the House … (*Interruptions*) Unfortunately, he has referred to my name … (*Interruptions*)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): Madam, he is not yielding … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** वे सदन में उपस्थित हैं, शायद डिफेंस मिनिस्टर का नाम लिया गया है।

…( व्यवधान)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): But Madam, he is not yielding.

HON. SPEAKER: Nirmalaji, I will allow you also after he concludes.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: That agreement was there during their time. I am doing something, which they had agreed then … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए।

…( व्यवधान)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): Madam, he is not yielding.

HON. SPEAKER: I know that.

…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं इसके बाद आपको मौका दूंगी। अभी वह यील्ड नहीं कर रहे हैं।

…( व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (AMETHI): The Defence Minister has clearly spoken an *…(Not recorded)*. The fact of the matter is that the French President personally has told me that there is no secret pact… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** डिफेंस मिनिस्टर का नाम बार-बार नाम लिया जा रहा है इसलिए इसके बाद आपको बोलने का मौका दूंगी। She is present in the House. 'Defence Minister spoke *…(Not recorded)*' you said

…( व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (AMETHI): The fact of the matter is this … (*Interruptions*) I met the gentleman in Delhi. You can check the records. And, the gentleman clearly said that there is no secret pact between the Indian Government and the French Government.

So, the Defence Minister has clearly spoken an *…(Not recorded)* .

**माननीय अध्यक्ष** : यह *…(Not recorded)* शब्द नहीं जाएगा because she will clear her position.

… (*Interruptions*)

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Madam, *…(Not recorded)* is a parliamentary word … (*Interruptions*)

SHRI K.H. MUNIYAPPA (KOLAR): It is not un unparliamentary word … (*Interruptions*)

SHRI RAHUL GANDHI (AMETHI): Now, everybody understands the relationship the Prime Minister has with certain business people. Everybody knows it. Everybody understands and everybody can see

the amount of money that goes into the marketing of India's Prime Minister; and everybody understands where it comes from. One of those people was given the Rafale contract and he earned thousands and thousands and thousands of crores. That contract was taken away from HAL.

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): Madam, he cannot make an unsubstantiated statement … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Hon. Members, please. मैं एक-एक शब्द को देख रही हूं।

…( व्यवधान)

SHRI RAHUL GANDHI (AMETHI): And, the gentleman benefited ... (*Expunged as ordered by the Chair*). This is the truth. Now, the Prime Minister must explain. He must answer in this House whether the Cabinet Committee on Security took this decision or not.

(1325/RP/SK)

The Prime Minister must also explain as to why this contract was taken away from HAL and the youngsters of Karnataka and given to a businessman who had a debt of Rs. 35,000 crore and who has never ever built an aeroplane in his life. … (*Interruptions*) These

are the things that the Prime Minister of India must explain. He must explain why a businessman has been favoured. I know, I can see he is smiling but there is a touch of nervousness in the gentleman. … (*Interruptions*) There is a touch of nervousness in the gentleman. He is looking away from me. … (*Interruptions*) I can understand that.… (*Interruptions*) Now, he cannot look into my eyes. I can see that. … (*Interruptions*) It is because the Prime Minister has not been truthful. … (*Interruptions*) That is the fact.… (*Interruptions*) Now, let me move on.… (*Interruptions*) Let me go down the lists. … (*Interruptions*) The idea of demonetisation was to damage and reduce… … (*Interruptions*)

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): Madam, I am on point of order.… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: What point of order do you have?

… (*Interruptions*)

SHRI ANANTHKUMAR: Madam, I am quoting the rule.… (*Interruptions*) I am, drawing your attention to Rule 353.… (*Interruptions*) It very specifically says:

"No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a Member against any person unless the Member has given adequate advance notice to the Speaker and also to the Minister concerned, that includes, Prime Minister also, so that the Minister may be able to make an investigation into the matter for the purpose of a reply:"… (*Interruptions*)
Provided that the Speaker may at any time prohibit any Member from making any such allegation if the Speaker is of opinion that such allegation is derogatory to the dignity of the House or that no public interest is served by making such allegation." … (*Interruptions*)

Madam, what Shri Rahul Gandhi is doing, he is throwing the Rules of the Procedure to four winds and speaking.… (*Interruptions*) Everything he is speaking is baseless, without any substance or far from the truth. … (*Interruptions*) There is no document or anything else to support these frivolous charges. … (*Interruptions*) I know the entire family does not care for the Constitution. … (*Interruptions*) They do not care for the Rules of the Procedure also. … (*Interruptions*) They do not care for the Parliament also. … (*Interruptions*)

**राहुल गांधी (अमेठी):** पूरे देश ने अभी देखा है, मैंने माननीय प्रधानमंत्री जी के बारे में साफ-साफ बोला है, माननीय प्रधानमंत्री अपनी आंखें मेरी आंखों में नहीं डाल सकते

हैं। ...( व्यवधान) यह सच्चाई है। वह कभी इधर देख रहे थे, कभी उधर देख रहे थे। ...( व्यवधान) यह सच्चाई है।...( व्यवधान) आप जितना भी चिल्लाएं, वह क्षण देश ने देख लिया है। देश को बात समझ में आ गई है।...( व्यवधान) चौकीदार नहीं हैं, भागीदार हैं।

अब फॉरेन पॉलिसी पर चलते हैं, थोड़ा फॉरेन पॉलिसी के बारे में बोलते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने चीन के राष्ट्रपति के साथ गुजरात में नदी के किनारे झूला झूला था।...( व्यवधान) उसी समय चीन के हजार सैनिक हिंदुस्तान की टैरिटरी के अंदर थे।...( व्यवधान) उसके बाद चीन के राष्ट्रपति वापस गए।

(1330/RPS/RCP)

चाइना का राष्ट्रपति वापस जाता है और अपनी सेना को डोकलाम में भेजता है। ...( व्यवधान) हमारे सैनिकों ने अपनी शक्ति दिखाई।...( व्यवधान) हमारे सैनिकों ने अपनी शक्ति दिखाई और वे चाइना के सामने खड़े हुए, मगर उसी के कुछ दिन बाद प्रधानमंत्री जी चाइना जाते हैं और बिना एजेंडा के वुहान में चाइना के सामने कहते हैं कि बिना एजेंडा बात होगी, डोकलाम को हम यहां नहीं उठाएंगे।...( व्यवधान) यह बिना एजेंडा नहीं था, ...( व्यवधान) यह चाइना का एजेंडा था।...( व्यवधान) चाइना के सामने जो हमारे सैनिक खड़े हुए, वह काम हमारे प्रधानमंत्री नहीं कर पाए।

...( व्यवधान) और सैनिकों को प्रधानमंत्री ने ...(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) दिया। ...( व्यवधान) यह सच्चाई है, इस पर कोई पर्दा नहीं डाल सकता है। ...( व्यवधान) किसान कहता है कि प्रधानमंत्री जी आपने हिन्दुस्तान के सबसे अमीर बीस-पच्चीस उद्योगपतियों का ढाई लाख करोड़ रुपये कर्ज

माफ किया।...( व्यवधान) हिन्दुस्तान का किसान कहता है कि आपने उनका कर्ज माफ किया।...(व्यवधान) वह हाथ जोड़कर आपसे कहता है कि हमारा भी थोड़ा सा कर्ज माफ कर दीजिए,...(व्यवधान) और फाइनेंस मिनिस्टर कहते हैं – नहीं, नहीं, नहीं। किसान का कर्ज माफ नहीं होगा। ...(व्यवधान) सबसे बड़े उद्योगपतियों का होगा, किसान का नहीं होगा।...(व्यवधान) क्योंकि तुम लोगों में शक्ति नहीं है। ...(व्यवधान) तुम लोगों में दम नहीं है।...(व्यवधान) तुम लोग सूट नहीं पहनते, बूट नहीं पहनते।...(व्यवधान) किसान का बेटा स्कूटर-मोटरसाइकिल चलाता है।...(व्यवधान) पूरी दुनिया में पेट्रोल के दाम नीचे गिर रहे हैं और हिन्दुस्तान में ऊपर जा रहे हैं, क्योंकि नरेन्द्र मोदी अपने मित्रों की जेब में पैसा डालना चाहते हैं।

...( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज आप लोग बैठिए।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज आप लोग बैठिए। आप लोग भी सुनिए।

...(व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** किसान कहता है कि मैंने प्रधानमंत्री जी को अपना वोट दिया था।...( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज आप सभी लोग बैठिए। राहुल जी, आप भी बैठिए। मैं आप सभी से निवेदन कर रही हूं, बोलने वालों से भी मैंने हमेशा निवेदन किया है कि बोलते समय कोई ऐसी बात न बोलें। यह आम सभा भी तो नहीं है। यहां जो भी फैक्ट्स एंड फिगर्स आप रख सकते हैं, बिल्कुल रखिए। शब्द भी ऐसे यूज किए जाने चाहिए कि चाहे

आप किसान के लिए बोलें, चाहे प्रधानमंत्री के लिए बोलें। मैं यह निवेदन आप सभी से करना चाहती हूं। आरोप भी लगाएं, अगर हमारे पास ऐसा प्रमाण है तो जरूर लगाओ। सभी लोग कृपा करके थोड़ा संयम रखें और भाषा भी ठीक रखें।

…(व्यवधान)

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार):** ये हर बात में नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज बैठिए। ऐसी कोई बात नहीं आई है।

…( व्यवधान)

**श्री अनन्तकुमार:** मैडम**,** ऐसा नहीं बोलना चाहिए। …( व्यवधान) अगर वह हर बार रूल्स का उल्लंघन करेंगे और उनके पास कोई सबूत नहीं है। …( व्यवधान)

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** डरो मत।…( व्यवधान) डरो मत। …( व्यवधान)

(1335/asa/smn)

**माननीय अध्यक्ष :** हां, ठीक है, जवाब भी तो आएगा।

…(व्यवधान)

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्त कुमार) :** माननीय अध्यक्ष जी, वह जो कह रहे हैं, यदि उनके पास कोई सबूत है तो उन्हें सदन के सामने पेश करना चाहिए नहीं तो अनाप-शनाप बात के लिए क्षमा-याचना करनी चाहिए।

…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं किसी को भी सुनने की स्थिति में नहीं हूं।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 1345 hours

1337 hours

*The Lok Sabha then adjourned till forty five minutes past Thirteen of the Clock.*

(1345/RAJ/MMN)

1345 बजे

<u>लोक सभा तेरह पैंतालीस बजे पुनः समवेत् हुई।</u>

(माननीय अध्यक्ष <u>पीठासीन हुईं</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** सभी लोग शांत हो जाइए।

...(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** मेरा आप सभी से निवेदन है कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए आज हम प्रश्न काल एवं अन्य सभी काम स्थगित करके, पूरे दिन के लिए यह चर्चा ले रहे हैं। मैं मानती हूं कि यह नो-कान्फिडेंस मोशन है लेकिन नो-कान्फिडेंस मोशन में भी डायरेक्ट आरोप भी साधरणतया नहीं लगाए जाते हैं। अगर कोई डायरेक्ट आरोप लगाते हैं तो यह बात भी सही है कि सबूत होना चाहिए।

आपको नियम भी मालूम है कि किसी व्यक्ति या किसी मंत्री पर आप डायरेक्ट नाम ले कर आरोप लगाते हैं।

...(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** अब आप मुझे भी तय करेंगे, अगर मेरी बात ठीक नहीं लगे तब बोलिए।

मंत्री जी को भी बात एक्सप्लेन करने का समय मिलेगा, उन्हें समय देना पड़ेगा। अब आप बोलेंगे कि उस समय भी यील्डिंग कर दें। वास्तव में वह उचित नहीं है। फिर भी, मैंने आपकी बात मान ली।

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** आप भी यही कर रही हैं, आप भी यही कर रहे हैं तो आप लोग यहां आ जाइए, कोई भी यह करो। I am ready. कृपया ऐसा न करें।

मैं चाहती हूं कि यह डिबेट अच्छी तरह से हो जाए। इसलिए मेरा कहना है कि अगर हमें यह नहीं मालूम है कि पहले भी यह हुआ है, जैसे राहुल जी मैं आपको बताना चाहूंगी। मान लीजिए जब आपने डिफेंस मिनिस्टर का नाम ले कर दो बार कुछ आरोप लगा दिए तो उनको भी वहीं पर एक्सप्लानेशन का अधिकार मिलता है। उस समय हम यह कहें कि हम यील्ड नहीं करे रहे थे। आप यील्ड नहीं कर रहे थे, इसलिए मुझे बोलना पड़ा। इनके भाषण के बाद मैं इसलिए एक्सप्लेन कर रही हूं कि मैं भी क्या करूं।

साधरणतया यील्ड किया जाता है। मैं भी कई सालों से इस लोक सभा में हूं। मैंने कई बड़े-बड़े लोगों के भाषण देखे हैं, डिबेट देखा है, आरोप-प्रत्यारोप सब कुछ देखा है। अगर कुछ ऐसा होता है, कुछ आरोप लगता है, सामने वाला कुछ कहना चाहता है तो मैंने बहुत बड़े लोगों को भी यील्ड करते हुए देखा है। I am sorry. आप मेरी बात मानें। मैंने देखा है।

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बीच में नहीं बोलेंगे। मैं केवल जनरल बात कर रही हूं। मैं किसी के लिए व्यक्तिगत नहीं बोल रही हूं।

मैंने यह देखा है कि यील्ड किया जाता रहा है। अगर अरोप लगाएं और सामने वाला खड़ा हो, जिस पर आरोप है, वह कुछ बोलना चाहता है तो यील्ड करना कोई अपमान की बात नहीं है। जब हम बोलते हैं तो सामने वाले को भी बोलने का, एक दूसरे

का आदर होता है। लेकिन यहां पर मुझे यह सब कुछ इसलिए करना पड़ा, अगर नहीं यील्ड करते तो सभा का यह भी नियम है कि भाषण देने वाला जिसका मैंने नाम लिया, अगर वह यील्ड नहीं करता तो मैं दूसरे को मौका नहीं दे सकती। ऐसा भी कई बार होता आया है। इसलिए मैंने कहा कि चूंकि डिफेंस मिनिस्टर पर कुछ आरोप डायरैक्ट लग रहा है तो मैं आपके बाद तुरंत उनको बोलने का मौका दूंगी। अगर यह ग्रेसफुली होता, वह यील्ड करते तो तुरंत मौका भी मिल जाता। वह नहीं हो रहा है तो मुझे बोलना पड़ा कि मैं बाद में बोलने का मौका दूंगी। मेरा इतना ही कहना है।

(1350/IND/VR)

दूसरी बात यह है कि अविश्वास प्रस्ताव पूरे मंत्रिमंडल पर है। आप प्रधान मंत्री को टार्गेट करो, मुझे कुछ नहीं करना है लेकिन मैंने शुरू में ही कहा था कि भाषा ठीक रखें। अगर हम डायरेक्ट आरोप रकम को लेकर लगाते हैं तो कुछ न कुछ प्रूफ भी हमें देना पड़ता है। …( व्यवधान) आप इतने भी उत्तेजित मत होइए। जैसा मैंने श्री जैदेव गल्ला के भाषण के समय भी कहा कि कई बार होता है कि आप सभी के हल्ले-गुल्ले में कोई बात छूट जाती है, जो रिकार्ड में नहीं जानी चाहिए। मैं बाद में भाषण को जरूर देखूंगी और यदि कोई गलत बात रिकार्ड में आती है, तो उसे एक्सपंज करने का अधिकार भी स्पीकर को होता है। यदि कोई गलत बात रिकार्ड में गई है, तो उसे रिकार्ड से हटाया जाएगा। बिना प्रूफ के यदि कोई गलत आरोप लगा है और वह सही नहीं है, तो उसे भी एक्सपंज करने का अधिकार मेरे पास है। मेरा सभी से निवेदन है कि आप अपनी भाषा ठीक रखें और डेकोरम मेनटेन रखें। आप एक-दूसरे की बात को सहन करें। एक-दूसरे के लिए यील्ड भी करें, तो उसमें किसी का कोई अपमान नहीं होना

चाहिए। यह ऑब्जेक्शन आ रहा है कि प्रधान मंत्री पर आरोप करते समय कुछ आंकड़े दिए गए हैं और यदि इन आंकड़ों का हमारे पास कोई प्रूफ नहीं है, तो वे आंकड़े रिकार्ड में नहीं जाने चाहिए। सदन में फ्रांस के राष्ट्रपति का नाम लिया गया। यह भी उचित नहीं है, क्योंकि वे सदन में बोलने के लिए उपस्थित नहीं हैं, ऐसा भी नहीं होना चाहिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** कंट्री का नाम तो लिया जा सकता है।

**माननीय अध्यक्ष :** कंट्री की बात अलग है, लेकिन किसी की आपस में क्या बात हुई है, वह बात नहीं कही जाती है। हम कई बातों का डेकोरम मेनटेन करें, तो अच्छा रहेगा, यही मेरा निवेदन है। मैं बाद में भाषण देखूंगी और एक्सपंज के बारे में निर्णय करूंगी।…( व्यवधान) आप अभी युवा हैं और बहुत सालों तक काम करना हैं। हमें चीजों को समझना चाहिए।

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** डरो मत, सच्चाई से डरो मत। …( व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, किसानों की बात हो रही थी। किसानों ने प्रधान मंत्री से हाथ जोड़ कर कहा था कि आप हमारा भी कर्जा माफ कीजिए। देश के 15-20 सबसे अमीर लोगों के ढाई लाख करोड़ रुपये माफ किए, मगर किसानों की आवाज नहीं सुनी।

…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माफ किया नहीं है।

…(<u>व्यवधान</u>)

**श्री राहुल गांधी (अमेठी):** कुछ ही दिन पहले एक नया जुमला स्ट्राइक एमएसपी का आया। मैं हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और देश के अन्य राज्यों के किसानों को बताना चाहता हूं कि एमएसपी में प्रधान मंत्री जी ने पूरे देश में किसानों को 10 हजार करोड़

रुपयों का फायदा दिया है, लेकिन कर्नाटक की सरकार ने सिर्फ एक प्रदेश में 34 हजार करोड़ रुपये अपने किसानों को देने का काम किया है। …( व्यवधान)

महोदया, अब मैं देश में महिलाओं की स्थिति के बारे में बोलने जा रहा हूं। कुछ ही दिन पहले इकोनॉमिस्ट मैगज़ीन के कवर पर लिखा था कि हिंदुस्तान अपनी महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रहा है। …( व्यवधान)

Sir, the other railway lines and projects which we had asked for, are under consideration, and I am not going to say anything more on them. Now, the land acquisition is also under process. We hope that these projects would come up shortly.

Sir, now, I am coming to the most important point, which is regarding setting up of a separate High Court. It was under Section

31 of the AP State Reorganisation Act. This Act specifically mentioned about having two separate High Courts for the two successor States, one each for Telangana and Andhra Pradesh. The former hon. Law Minister, Shri Sadananda Gowda is very much here. He had made a statement in this House that it would be considered as early as possible in the year 2016. But to this day, nothing has happened.

Sir, it is only because of their Chief Minister … (*Interruptions*) They have constructed a Secretariat and they have constructed a city … (*Interruptions*) They have constructed a State Secretariat… (*Interruptions*) They have constructed their State Assembly in a record time but they have not taken any step to construct a High Court … (*Interruptions*) This is only with ill motive. I want to say that it is their ill motive because in the present High Court at Hyderabad, which serves both these States, the majority of the Judges are not from our region … (*Interruptions*)

Sir, I do not want to attribute anything. But unfortunately, they have ill intensions for not having their own High Court. Why are they not coming forward to have their own High Court? That is the issue. That is why I want to know from them … (*Interruptions*)

Sir, in spite of all these hurdles, our Chief Minister has taken steps. There are two flagship programmes, particularly with regard to the rural community. One is restoration of water bodies. It is called 'Mission Kakatiya'. We are restoring around 46,000 water bodies in the State of Telangana. The NITI Aayog, which is the brainchild of the hon. Prime Minister, had proposed Rs. 5,000 crore for this flagship programme. Many a time, under the leadership of our leader, Shri Jithender Reddy, we approached the Finance Minister on this issue. In spite of the recommendations made by the NITI Aayog, they have not come forward to allocate these Rs. 5,000 crore for 'Mission Kakatiya'.

Sir, there is another flagship programme called as 'Mission Bhagiratha'. Our Chief Minister, Mr. K. Chandrashekhar Rao has taken a decision that each household in the State of Telangana, right form a tribal hamlet to the city of Hyderabad, should have a tap connection with filter water. For this programme, an allocation of Rs. 40,000 crore was made, and it is in progress. Here also, the NITI Aayog had proposed Rs. 19,000 crore as grants to the State of Telangana. Many a time, our hon. Chief Minister KCR had met the hon. Prime Minister and requested him to release this fund, which

was proposed by the NITI Aayog, his own brainchild. Seeing all these projects, the NITI Aayog had recommended these allocations. But unfortunately, not even a rupee was allocated.

Now, on this day, we are requesting the hon. Prime Minister that while replying to the No-Confidence Motion, he should answer all our points and he should also ensure that these allocations are made to the State of Telangana.

Sir, there are many other issues in the AP State Reorganisation Act with regard to the bifurcation.

(1510/RP/VB)

Today, they made a request that they want tax incentives. Yes, the other Special Status States have this tax incentive. We are not coming in their way as far as the allocation of funds and allotment of some scheme to them is concerned. We do not have any objection also. In the year 2014, when there was a discussion on tax incentives, Congress Party Chief Minister from Karnataka and the senior MP Mr. Veerappa Moily also opposed it. The former Chief Minister of Tamil Nadu, Madam Jayalalithaa also opposed it and had written a letter to the Government of India regarding the tax incentives. I want to ask one thing from Mr. Rahul Gandhi today.

Very recently, there was a statement in the Press that if they come to power in 2019, they will ensure Special Status to the State of Andhra Pradesh. Do they mean that they are also going to give tax incentives? That is what we want to know or the people of Telangana want to know. It is because neither they nor we want to hear false promises. What is special status? That should be defined or you redefine it.… (*Interruptions*) There is no Act for Special Status.… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up.

… (*Interruptions*)

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): There is no Act for Special Status. It is a decision of the National Development Council regarding giving Special Status to any State.… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please wind up.

… (*Interruptions*)

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): Sir, I want to know from Bharatiya Janta Party leadership and also Congress Party leader Mr. Rahul Gandhiji – they should specify – as to what is Special Status. What they want to ensure?

HON. DEPUTY SPEAKER: No, forget about it. Tell us what you want.

… (*Interruptions*)

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): Sir, this is very important. This fighting should not continue even after 2019.… (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: No, that is a different issue. Whatever points you want to make, you may do so.

… (*Interruptions*)

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): It should come to a logical conclusion. My contention is that the assurances given in Andhra Pradesh Reorganisation Act for my State, Telangana, should be fulfilled. The hon. Prime Minister, while replying to the debate, should answer us. I would also like to request Mr. Rahul Gandhiji to respond to my query. … (*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: He cannot respond here.

… (*Interruptions*)

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): No, their Party should answer as to how they will ensure Special Status to the State of Andhra Pradesh. … (*Interruptions*)

(ends)

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, Shri Mulayam Singhji.

1513 बजे

**श्री मुलायम सिंह यादव (आजमगढ़):** उपाध्यक्ष महोदय, आपने बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

आज की बहस महत्त्वपूर्ण है। इसे महत्त्वपूर्ण बनाना सरकार के अधिकार में है। यदि सरकार ने केवल चुनावी वादे ही पूरे किये होते, तो देश सम्पन्न हो जाता। क्या कहा गया था? कहा गया था कि साधारण परिवार के लोगों को 15 लाख रुपये देंगे। दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देंगे, नौकरियाँ देंगे। उसके बाद भी कई बार यह कहा गया। इस बात से ये सहमत हैं, लेकिन आज बोल नहीं सकते हैं। लेकिन जब अकेले बात होगी, तो ये इसे स्वीकार करते हैं।

आज मैं इस बात को दोहरा रहा हूँ। दो-तीन साल पहले मैं इस बात को कह चुका हूँ। केवल किसान, व्यापारी और नौजवानों को सुविधाएँ दे दी जाएं, तो वे सम्पन्न हो जाएंगे, वे मजबूत हो जाएंगे। किसानों के पैदावार की जितनी लागत होती है, उनको कहाँ तक पैदावार के दाम देंगे, मैं यह इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि सारे धंधे, सारे व्यापार में मुनाफा है और किसान को घाटा है।

(1515/PC/RCP)

किसान की सिंचाई, खाद आदि सारी चीज़ें महंगी हो गईं। किसान की पैदावार का जो लागत मूल्य है, उसके बारे में प्रधान मंत्री जी ने फिर कहा है कि वे उसका ब्यौरा देंगे। मुझे खुशी होगी कि यदि वे उसके बारे में आज अनाउंस कर दें। यह सब से ज्यादा महत्वपूर्ण है। कोई भी इसके बारे में कहता रहे, लेकिन इसके कई उदाहरण हैं। शुरुआत में अमेरिका बहुत गरीब देश था। सबसे पहले उसने अपने किसानों को अवसर दिया

और किसान को उसकी पैदावार का घाटा नहीं होने दिया। अगर वहाँ गेहूँ की पैदावार ज्यादा हो गई, तो उसे समुद्र में फिंकवा दिया गया, लेकिन किसान को घाटा नहीं होने दिया। हमारे यहाँ सारा घाटा किसान को ही है। खाद भी महंगी है, बीज भी महंगा है और पानी भी महंगा है। अब सिंचाई महंगी हो गई है। ट्यूबवैल की सिंचाई भी आज महंगी हो गई है।

यहाँ जो लोग बैठे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूँ। ये लोग किसानों के परिवार से बिलॉन्ग करते हैं। जब किसान संपन्न होगा, बेरोजगार नौजवानों को रोजगार मिलेगा, नौकरी मिलेगी, जब उन्हें मौका मिलेगा तब ही देश संपन्न होगा। इसके साथ-साथ मैं देख रहा हूँ कि अब यह खबर आई है कि दो करोड़ पढ़े-लिखे नौजवान बेरोजगार हैं। आप बताइए कि जब हमारे देश में दो करोड़ बेरोजगार हैं, तो देश कैसे संपन्न होगा? अगर हम सभी कोशिश करें, तो उन सभी बेरोजगारों को रोजगार मिल जाएगा। मैंने ऐसा कर के दिखाया। जब मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री था, तब वहाँ सचिवालय के अधिकारी अपने लोगों को ही वहाँ रखते थे। मैंने इस पर सख्ती की और कम से कम तीन हजार से लेकर पांच हजार, फोर्थ क्लास से लेकर बड़े पदों पर लोगों को रोजगार दिया, उन्हें नौकरी दी। आप लोगों को इस बारे में सब पता होगा।

इसके अलावा किसान की खेती के लागत मूल्य के बारे में भी काम किया। मैंने सभी व्यापारियों को बुलाया और उनसे कहा कि अगर हम व्यापारी, किसान और बेरोजगार नौजवानों की समस्या को हल कर दें, तो यह देश संपन्न हो जाएगा। आज व्यापारी परेशान हैं, किसान परेशान हैं। सरकार ने बेरोजगारों को कोई नौकरी ही नहीं दी। पता नहीं क्या हो गया? हमने पी.ए.सी., पुलिस, होम गार्ड आदि सब मिलाकर छह

लाख बेरोजगारों को नौकरी दी थी। आज वे सब अपनी जगह लगे हुए हैं, कोई सचिवालय में है, कोई कहीं और है। सब प्रमोशन पा गए हैं। इसके बाद हमारी सरकार चली गई। आपकी यहाँ भी सरकार है, उत्तर प्रदेश में भी सरकार है। आप पता लगाइए कि उत्तर प्रदेश की सरकार क्या कर रही है? आज सब परेशान हैं, किसान भी, नौजवान भी और हमारी व्यापारी भी।

हम देश को संपन्न बनाना चाहते हैं। मैं इस बात को इस सदन में काफी दिन पहले रख चुका था। हमने कुछ करने की कोशिश की। उस समय की उत्तर प्रदेश की जो सरकार थी, भले ही वह बी.जे.पी. की सरकार थी, उसने थोड़ी-बहुत हमारी बात मानी और कुछ काम भी किया। अब ऐसी सरकार आ गई है, जिसके बारे में आप सबको पता ही चल रहा होगा, अच्छी तरह पता चल रहा होगा। कोई ऐसा नहीं है, जो दुखी न हो। बी.जे.पी. के लोग दुखी हैं। हम उनका नाम नहीं लेंगे, उनके बारे में अकेले में बता देंगे। वे लोग इतने दुखी हैं कि वे रो पड़े और उन्होंने कहा कि हम तो बर्बाद हो गए। ये बी.जे.पी. के लोग हैं। हम तो विपक्ष के लोग हैं, चलो ठीक है, लेकिन आप लोग तो सत्ता में हैं, आपने सत्ता बनाई है और वादे भी किए हैं। प्रधान मंत्री जी ने कहा कि वे साधारण नागरिक को 15 लाख रुपये देंगे, दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देंगे। हम क्या-क्या गिनाएं कि उन्होंने क्या-क्या कहा था। उन्होंने उसमें से एक भी काम नहीं किया। जब सरकार सत्ता में जाएगी, तो लोग उससे निश्चित रूप से पूछेंगे।

(1520/MM/SMN)

किसान, नौजवान और व्यापारी जागरुक हो चुका है। आज सबसे ज्यादा घाटे में व्यापारी और किसान है। किसान और व्यापारी बर्बाद हो चुका है। मैं अपने साथियों

को फिर दोहराना चाहता हूं कि आप प्रधान मंत्री जी पर दबाव डालिए। हम तो उनसे मिलकर कह चुके हैं। उन्होंने न नहीं कहा है, लेकिन किया भी नहीं है। यह सरकार न करती नहीं है और न ही काम करती है। इसका क्या इलाज है? अगर न कर दें तो हम कह सकते हैं कि हम उनसे मिलकर आए और उन्होंने न कर दी है। हम आपसे आज कहना चाहते हैं कि जो भी हमने कहा था, वह लागू नहीं किया। हमारे साथी बृजभूषण शरण सिंह जी बैठे हैं, वह हमारे साथ थे। हमने दवाई मुफ्त की, पढ़ाई मुफ्त की, बीमार को अगर विदेश जाना पड़ा तो उसको खर्च दिया, क्योंकि पैसे के अभाव में बीमार की जान चली जाए, यह हम नहीं सोच सकते थे। जो हम करके आए, वह अब भी मुफ्त तो है, क्योंकि इनकी मजबूरी है, इसलिए चल रहा है। लेकिन और सुविधाएं नहीं बढ़ायी गयी हैं, बल्कि उनमें कटौती की गयी है और चतुराई से की गयी है। जनता समझ नहीं पाए और थोड़ी-थोड़ी करके कम कर दो। कौन सा तरीका अपनाया है, उसको आप जानते हैं? यह सही है कि अभाव है और हम मानते हैं कि यूपी में पैसे का अभाव है। मुख्यमंत्री इसमें क्या कर सकता है? उत्तर प्रदेश देश का 1/6 भाग है। अगर वह सम्पन्न हो जाता है तो हिन्दुस्तान तो सम्पन्न हो ही जाएगा। इसलिए वहां सुविधा देनी चाहिए। किसान और बेरोजगारों को पूरे देश में सुविधा दी जानी चाहिए। ये दो काम कर दीजिए। किसानों की उपज बेचने का इंतजाम कर दीजिए। व्यापारी लोग समझते थे कि हमें फर्क नहीं पड़ सकता, लेकिन हमने लखनऊ में बैठकर पता लगा लिया है।

सभापति जी, आप व्यापारियों को बुलाकर पूछ लीजिए। कुछ लोग तो रोने लग जाते हैं। व्यापारियों की इतनी हालत खराब हो चुकी है। जब व्यापारियों की यह हालत है तो किसानों की खरीद वे कैसे करेंगे? मैंने आपको उदाहरण दिया था कि अमेरिका

ने सबसे ज्यादा किसानों को सुविधा दी थी। वहां किसानों की पैदावार बढ़ायी गयी। जब खरीद नहीं हुई तो उन्होंने उनकी उपज को समुद्र में फिंकवा दिया, लेकिन किसान को घाटा नहीं होने दिया। इसीलिए आज अमेरिका आगे है। अमेरिका ने किसान को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है। उनकी बदौलत ही वह दुनिया में सबसे ज्यादा सम्पन्न हो पाया। मैं फिर से दोहराना चाहता हूं, प्रधान मंत्री जी से तो हम कह ही चुके हैं और इससे ज्यादा हम क्या कर सकते हैं? हम कह चुके हैं और हम से उन्होंने न नहीं कहा है, हां कहा है। अब वायदा किया है कि करेंगे। अब करना है तो करिए। हम उनको बधाई भी देंगे, जब वे करेंगे। इसीलिए हम आपसे कहना चाहते हैं कि किसान और बेरोजगार को रोजगार देना चाहिए। आज पूरे देश में कुछ नहीं हो रहा है। हमने सिंचाई मुफ्त की, पढ़ाई मुफ्त की, दवाई मुफ्त की, 16500 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। इसी की वजह से लोगों की जमीन नीलाम हो जाती थी। ये लोग कर्ज नहीं लौटा पाते थे और उस पर ब्याज पर ब्याज लगता जाता था और उसके बाद जमीन नीलाम हो जाती थी। हमारी सरकार थी, अखिलेश जी की सरकार थी, मथुरा का किसान हमारे पास आया और बोला कि हमारी जमीन नीलाम हो गयी है।

(1525/BKS/MMN)

मैंने पूछा कि कितना कर्जा था, उसने बताया कि पांच हजार रुपये था, मैंने पूछा कितना कर दिया, उसने बताया कि 27 हजार रुपये कर दिया और जमीन नीलाम कर दी, भूमि विकास बैंक का कर्जा था। महोदय, आपको पता होगा, हमने वह रुपया किसानों के लिए कर्ज लेकर भूमि विकास बैंक को दे दिया, लेकिन किसान की जमीन नीलम नहीं होने दी। हम एक सभा में सादाबाद में गए, पीछे से एक व्यक्ति खड़ा होकर

चिल्लाने लगा। वह हमारे माफिक बोल रहा था, मैंने कहा कि इसे निकालो, यह हमारी सभा में गड़बड़ी कर रहा है। मुझे बताया गया कि आप ऐसा मत कहिये, यह आपकी तारीफ कर रहा है कि भगवान आ गए, मेरी जमीन बचा दी। आपको किसान को प्राथमिकता देनी पड़ेगी, व्यापारी को सुविधा देनी पड़ेगी और नौजवानों को रोजगार देना पड़ेगा। इसके अलावा हम लोग और क्या बोलें। हमारे गृह मंत्री जी बैठे हैं, यह हमें मिर्जापुर में बोलकर आए थे, हमें अखबार के माध्यम से जवाब दिया था कि पढ़ाई कैसे मुफ्त कर देंगे, दवाई कैसे मुफ्त कर देंगे, सिंचाई कैसे मुफ्त कर देंगे। लेकिन जब मैंने कर दिया तो हमने सोचा कि पूछने आएंगे, लेकिन पूछने नहीं आए, लेकिन इनका व्यवहार सही था। किसान धन के अभाव में कर्ज चुका नहीं पा रहे होंगे, लेकिन किसान ने समर्थन वहां पर भी दिया। अब इसके बाद किसानों का क्या हुआ। आपके मुख्यमंत्री हैं, उनकी हम कोई आलोचना नहीं करना चाहते, लेकिन वह क्या कर रहे हैं, बता दो, कुछ पता नहीं है कि वह क्या कर रहे हैं? आपकी सरकार में बैठे लोगों को पता नहीं है कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री क्या कर रहे हैं? आज ऐसी हालत है। मैं बार-बार नहीं बोलना चाहता, मैं बता चुका हूं कि सरकार किसी तरह से किसानों और नौजवानों को रोजगार दे। लेकिन कुछ नहीं हो रहा है, आप ही कुछ करिए, कैबिनेट मिनिस्टर कहे कि इतने नौजवानों को रोजगार देंगे। आज नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। दो करोड़ से ज्यादा नौजवानों के रजिस्ट्रेशन हैं, जो बेरोजगार नौकरी मांग रहे हैं। जब दो करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं तो देश कैसे सम्पन्न हो जाएगा, यह सम्पन्न नहीं हो सकता। लेकिन यह सही है कि हिंदुस्तान का किसान सबसे ज्यादा मेहनती है और विशेषकर उत्तर प्रदेश का किसान बहुत मेहनती है, उसने अपनी हालत को अपनी मेहनत से

और हमारे तथा आपके सहयोग से कुछ सुधारा है। हम यह नहीं कहेंगे कि आपने नहीं किया, आपने भी उनका सहयोग किया। हमने आपसे आग्रह किया और आपने उनका सहयोग किया। इसलिए यहां जो बहस हो रही है, इस बहस में किसान के बारे में कोई बोल ही नहीं रहा है, फिर बेरोजगार नौजवानों के लिए क्या करेंगे? आप कुछ तो वायदा कीजिए। किसानों, बेरोजगारों और नौजवानों के लिए कुछ कहिए और शिक्षा तथा स्वास्थ्य के मामले में प्राथमिकता दीजिए। अगर स्वास्थ्य अच्छा है और देश का नागरिक शिक्षित है तो वही देश सम्पन्न है, जैसे अमेरिका है। अमेरिका का उदाहरण लीजिए, अमेरिका ने एक बार गेहूं समुद्र में फिकवाया था, लेकिन किसानों को घाटा नहीं होने दिया। अमेरिका ने किसान और शिक्षित नौजवानों को प्राथमिकता दी थी। उसी वजह से वह सबसे आगे निकल गया। हमारे यहां सबसे मेहनती किसान हैं और हिंदुस्तान के अंदर सबसे अच्छी उपजाऊ जमीन है, इतनी उपजाऊ जमीन अन्य देशों में नहीं है। हमारे देश में बहुत उपजाऊ जमीन है, उर्वरा जमीन है, पानी है, सब कुछ है, लेकिन इसके बाद भी किसान और नौजवान बहुत परेशान हैं। अब आपने यू.पी. में किसानों को सुविधा नहीं दी, नौजवानों को सुविधा नहीं दी और व्यापारियों को सुविधा नहीं दी। मेरा कहना यह है कि आप नौजवान, व्यापारी और किसानों को सुविधा दो और जिस किसी की जो भी जरूरत है, उन सबको दो।

(1530/GG/VR)

उनको प्राथमिकता के आधार पर सुविधा देनी चाहिए, तब यह सब बंद हो जाएगा। ये सब जो बैठे हैं, ये किसानों के घरों से ही तो आए हैं। संसद के 80 पर्सेंट सदस्य तो किसानों के घरों से संबंधित होंगे। …( व्यवधान)

**माननीय सभापति(श्री कालराज मिश्र):** मुलायम सिहं जी, अभी आप और कितना समय लेंगे?

…( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आजमगढ़):** आप उन किसानों को क्यों भूल गए हैं। आपसे तो हमारी बात होती रहती है।…( व्यवधान)

**माननीय सभापति:** मैंने कहा कि आपका भाषण समय सीमा से जयादा हो गया है।

…( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आजमगढ़):** माननीय राजनाथ सिंह जी ने, जो आज गृह मंत्री हैं, उस समय मेरी अपील पर कुछ सुविधा दी थी और हमारी बात को मान लिया था। लेकिन आपने विरोध कभी नहीं किया, हाँ किया, लेकिन किया कुछ नहीं था। यह सही है, आपने तो कुछ किया है। हम गलत नहीं कहेंगे, किसानों के लिए काम तो किया है।…( व्यवधान)

**माननीय सभापति:** वे मुख्य मंत्री थे, इसलिए किया था।

…( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आजमगढ़):** इसीलिए हम कह रहे हैं कि जो हो रहा है, ठीक है। यह देश को संपन्न बनाने के लिए, समृद्ध बनाने के लिए हो रहा है तो तीन बातें ही मान लो, ज्यादा न मानों तो किसान, व्यापारी और बेराज़गार नाजवानों को सुविधा दे

दीजिए। इनको सुविधा देने से देश संपन्न हो जाएगा। इतना मेहनती किसान कहीं का नहीं है, जितना मेहनती यहां पर है। यहां पर भाई-चारा बहुत है। कुछ लोगों ने इसको तोड़ने की बहुत कोशिश की है, हम नाम नहीं लेंगे, आप जानते हैं वे यहं बैठे होंगे! लेकिन उसके बावजूद भी जनता ने जाता-पात और धर्म के नाम पर भेदभाव नहीं रखा। अभी तक बहुत कोशिश की गई, लेकिन यह भी उत्तर प्रदेश के अंदर चल नहीं पाया। उत्तर प्रदेश गौतम बुद्ध की धरती है, राम की धरती है, कृष्ण की धरती है। लोहिया जी ने क्या कहा था? उन्होंने कहा था कि पिछड़े सौ में से 60 पाएं। क्या लोहिया जी बैकवर्ड के थे? नहीं थे, वे तो ऊँची जात के थे, उनके पिता जी अग्रवाल थे। लोहिया जी ने कभी अपनी जात नहीं बताई, लेकिन वे ऊंची जात के थे। आज भी मुझे खुशी है कि लोहिया जी का नाम सदन में और बाहर प्रधान मंत्री जी ने लिया है। …( व्यवधान)

**माननीय सभापति:** मुलायम सिंह जी, थोड़ा सा समय का ध्यान रखें, अब समय काफी हो गया है।

…( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आजमगढ़):** इसलिए आज आपको समझ में तो कुछ आया है और आपकी इच्छा भी है। अब इस इच्छा में रुकावट कौन-कौन है, उसको आप लोग सोचिए। यह सच है कि इच्छा तो है। गृह मंत्री जी की इच्छा है, आपकी भी हो सकती है। आपने हमारा विरोध कभी नहीं किया है। …( व्यवधान)

**माननीय सभापति:** अब समय हो गया है। आपने अपनी बात रख ली है।

…( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आजमगढ़):** इस बात से काफी लोग हैं चिंतित, और चुनाव आ रहा है, उसकी वजह से ज्यादा चिंतित हैं। उसका उदाहरण आपके सामने है। उत्तर प्रदेश में लोक सभा की तीन सीटों के लिए उप-चुनाव हुआ था। एक था मुख्य मंत्री का क्षेत्र गोरखपुर, दूसरा था उप-मुख्यमंत्री का क्षेत्र फूलपुर यानी इलाहबाद और तीसरा कैराना लोक सभा क्षेत्र था। यहां तो आपका सब कुछ था, लेकिन फिर भी ये तीनों सीटें समाजवादी पार्टी जीत गई। …( व्यवधान) इससे आपकी पार्टी को सीखना चाहिए कि हमारा सत्ता पक्ष होते हुए, सब कुछ होते हुए भी तीनों सीटें समाजवादी पार्टी कैसे जीत ले गई। ये पुरानी बातें उनको याद आई हैं और सोचा कि यह सरकार आती, मज़बूत पार्टी होती, तो हमें समर्थन देती। यह तो है संदेश, लेकिन दिक्कत है कि कहीं धर्म के नाम पर, कहीं जात के नाम पर गड़बड़ करते हैं। आपके कुछ लोग बड़े होशियार हैं, इसमें आप बुरा मत मानिए। वे मामला थोड़ा खराब कर देते हैं।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मुलायम सिंह जी, ज्यादा समय हो गया है, इसलए अब आप अपनी बात समाप्त करें।

…(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आ़जमगढ़):** सभापति महोदय, यदि समय हो गया है तो मैं इतना ही कहना चाहता हूँ कि सभी से मिल कर कुछ कीजिए। हम उसमें साथ हैं। सारे नेताओं की मीटिंग बुला लो। माननीय गृह मंत्री जी तय कीजिए कि किसान, नौजवान और व्यापारियों के बारे में आपकी क्या राय है। आज व्यापारी कितना परेशान है, यह आप पता लगाइए। आज व्यापारी रो रहा है। …( व्यवधान)

**सभापति महोदय:** यह आप कई बार कह चुके हैं।

…( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (आजमगढ़):** व्यापारी रो रहा है। अगर आपको राय चाहिए, हम उसमें सहयोग कर सकते हैं। हम ऐसी राय दे सकते हैं, जो आप मनेंगे भी और उस पर चलेंगे भी। मैं इतना ही कहना चाहता हूँ।

सभापति जी, अगर आपकी और ज्यादा इजाजत नहीं है, तो मैं अपना भाषण समाप्त करता हूँ। (इति)

(1535/CS/SAN)

1535 बजे

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) :** महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मैं विषय पर आता हूँ और विषय यह है "कि यह सभा मंत्रिपरिषद् में अपने विश्वास का अभाव प्रकट करती है।" जब सुबह यह चर्चा शुरू हुई तो यह अभाव और ज्यादा प्रकट हो गया। इसका कारण यह है कि सत्ता पक्ष की तरफ से जब पहले वक्ता बोलने के उठे तो वे मध्य प्रदेश चले गए। यहाँ केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् के प्रति जो अभाव प्रकट हो रहा है, उसको डिफेंड करने की जरूरत थी। गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी यहाँ उपस्थित हैं, मैं इनके लिए कुशल कामना करता हूँ। वर्ष 2014 से वर्ष 2018 तक चार साल की यह सरकार है। आपकी सरकार बने, इसके लिए आपने एक मैनिफेस्टो निकाला था। मैंने आपका जिक्र इसलिए किया, क्योंकि इसके ऊपर बाकी जो तीन तस्वीरें थीं, वे मार्गदर्शक मंडली में चली गयीं। वाजपेयी जी, आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी मार्गदर्शक मंडली में चले गये हैं। इसमें उस समय आपका नाम तीसरे नम्बर पर था। आप बरकरार हैं, बरकरार रहें, मैं ऐसी कामना करता हूँ। सरकार को कोई मार्ग नहीं दिख रहा है, सत्ता की जो पार्टी है, उनकी मार्गदर्शक मंडली को भी कोई मार्ग नहीं दिख रहा है। आखिर कोई मार्ग आपको सूझे तभी तो आप मार्गदर्शक मंडली की बैठक बुलायेंगे। कहीं न कहीं दिशा इसलिए खो गई कि जो वायदे किए थे, यह आज का जो प्रस्ताव है, उसमें सीधे-सीधे सरकार से हम कुछ सवाल पूछना चाहते हैं कि क्या हुआ तेरा वादा? चूँकि अभी एक साल बाकी है, तो जो वादा किया वह निभाना पड़ेगा। इसमें

किसी क्रोध, राग, गुस्से की जरूरत नहीं है। मैं मैनिफेस्टो को पूरा नहीं पढ़ रहा हूँ। मैं इसे शुरू करता हूँ। काले धन के बारे में जो वाक्य था, यह अंग्रेजी में पेज संख्या पाँच पर लिखा था। "The process of bringing black money to India, what belongs to India, will be put in motion on priority." पिछले एक साल में विदेश से काला धन लाना तो छोड़ दीजिए, हमारे देश से जो डिपॉजिट सिर्फ स्विस बैंक में गया है, अन्य भी बहुत से विदेशी बैंक हैं, उसमें 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जो सत्ताधारी लोग विरोधी पक्ष को यह कहते थे कि काला धन विदेश में जा रहा है, अब वे कहते हैं कि जो धन विदेश में गया है, वह सादा है और जो देश में धन है, वह काला है, इसीलिए हमने नोटबंदी की है। वे कहते हैं कि हमने ऐसा इसलिए किया कि सबको रुपया जमा करना पड़ेगा। आप स्वदेशी लोग विदेशी बंधु हो गए। पहले आप कहते थे कि भारत से भागा हुआ भारतीय, (भा.भा.भा.) और अभी आप चार साल बाद भगोड़ा आर्थिक अपराधी कानून ला रहे हैं। कल ही इस विधेयक का जिक्र हुआ है। उसके बारे में कुछ सोचा जाये। मैं दिशा की बात इसलिए कर रहा हूँ कि आपने लोगों से वादा किया था कि साल में दो करोड़ बेराजगारों को नौकरी देंगे। जो लेबर का स्टैटिस्टिक्स गुरू है, वह टांय-टांय फिस्स कह रहा है। आपकी अजीब मंशा है, आप विज्ञापन देते हैं, आप डिजिटल इंडिया का पब्लिसिटी इवेंट बनाते हैं। प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि हमने नौकरी दी हैं, लेकिन हमारे पास आंकड़ा इकट्ठा नहीं हुआ है। वित्त मंत्री कहते हैं कि काला धन मिला है, लेकिन आंकड़ा अभी तक नहीं मिला है। आपने नोटबंदी की है, लेकिन कितने नोट जमा हुए, कितने नोट इश्यू किए हैं, हमारे पास यह आंकड़ा नहीं है। डिजिटल इंडिया का मतलब सिर्फ मन की बात और वीडियो

कान्फ्रेंसिंग करना नहीं है। हम सॉफ्टवेयर में वर्ल्ड पावर अपने को कहते हैं। आप डिजिटल इंडिया के विज्ञापन दे रहे हैं और जियो-जियो करके पुकार रहे हैं। नोटबंदी के समय कह रहे थे कि सब कुछ कैशलेस होगा।

(1540/RV/RBN)

नोटबंदी के समय आप कह रहे थे कि अब सब कुछ कैशलेस होगा। नोटबंदी से पहले जितने हजार लाख करोड़ रुपये बाजार में थे, आज उससे ज्यादा आपने दिए। उस वक्त अख़बार में भी कुछ छप रहा था, आप भी बोल रहे थे कि अब पान दुकान, हमारे पार्लियामेंट का कॉफी शॉप, सब डिजीटल हो गया और अब सब मशीन के माध्यम से ट्रांसफर हो रहा है। फलाँ गांव डिजीटल हो गया, कैशलेस हो गया। आपको बोलना चाहिए कि आखिर हमने तीन सालों में, चार सालों में क्या प्रगति की है?

अभी वर्ल्ड कप हुआ। हमारे भारत के एक बड़े मैग्जीन के फर्स्ट पेज पर प्रधान मंत्री जी को दिखाया गया कि वे उसमें गोल स्कोर कर रहे हैं। मैं फ्रांस को लेकर वर्ल्ड कप की बात कर रहा हूं, अभी मैं राफेल डील की बात नहीं कर रहा हूं। आप भाषण दे रहे हैं कि इतने गोल्स हुए। चूंकि आप सबको प्लेयर्स की हैसियत से मैदान पर नहीं उतारा गया, बल्कि सब के हाथों में गोल पोस्ट्स थमा दिए गए। जिधर प्रधान मंत्री जी शॉट मारेंगे, वहां ले जाकर गोल पोस्ट बैठा दें। जब सर्जिकल स्ट्राइक्स हो रहे हों तो कहें कि यह देखो, हमने खत्म कर दिया, विदेश को एकदम सबक सिखा दिया। जब नोटबंदी हुई तो आप कहें कि अब काला धन खत्म हो गया, फर्जी नोट्स खत्म हो गए, भ्रष्टाचार खत्म हो गया। आपके हाथों में तो वह डंडा पकड़ा दिया गया है, जैसे बचपन में खेलते थे और पूरा बॉलपोस्ट नहीं होता था। उस समय हम ईंट रखकर, कपड़ा

रखकर पोस्ट बना लेते थे। हमारे जो भाजपा के सांसद हैं, उनकी हालत यही हो गयी है। यही सबसे बड़ी परेशानी है। इसी के कारण जब हम संसद में चर्चा करना चाहते हैं, चाहे वह नोटबंदी हो, चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो, चाहे डोकलाम वाला मामला हो, चाहे बेरोजगारी का सवाल हो, चाहे किसानों का मुद्दा हो, चाहे किसानों की आत्महत्या का विषय हो, जब हम इनके बारे में आंकड़े मांगते हैं तो हंगामा खड़ा हो जाता है। आज सुबह हमने यह देखा जब यह 'आस्था' वाला प्रस्ताव हम पिछले दो सत्रों से लाना चाह रहे थे। जब हम कार्य-स्थगन प्रस्ताव चाह रहे थे तो उसके न होने का क्या कारण था? उसमें बाधा कहां से आ रही थी? उस समय एडजर्नमेंट्स किसलिए हो गया था? अगर आपके पास आंकड़े हैं तो आप उसे सामने लाकर रखेंगे, 'हाथ कंगन को आरसी क्या?' इसलिए हम चाह रहे थे कि इसमें सीधा-सीधा 'दूध का दूध और पानी का पानी' हो।

सबसे पहली बात तो यह है कि सरकार यह कहती है कि पिछले 70 सालों में जो नहीं हुआ, वह हमने कर दिखाया। यह सही है। लेकिन, दूसरे ही क्षण कहती है कि 70 सालों में देश बर्बाद हो गया। 70 सालों में जितना सत्यानाश और बर्बादी हुई, आपने वह चार सालों में करके दिखा दिया। आप कहते हैं कि पिछले 70 सालों में कुछ नहीं हुआ। कांग्रेस के 40-48 सालों में कुछ नहीं हुआ, आपके विरोधियों के जमाने में कुछ नहीं हुआ, और फिर आप कहते हैं कि उन्होंने जो किया, वह हमने चार सालों में ही कर दिया। अगर वे सत्यानाश के रास्ते पर ले जा रहे थे तो आप सत्यानाश के रास्ते से देश को वापस लाते। लेकिन, आप भी तो उसी रास्ते पर चल रहे हैं। जब इस पर तर्क होता है और आपसे यह कहा जाता है कि आपने भ्रष्टाचार किया तो आप कहते हैं कि नहीं, आपके जमाने में भी भ्रष्टाचार हुआ। आपसे कहा जाता है कि आपने हवाई

जहाज खरीदने में यह किया तो आप कहते हैं कि आपने इतनी कीमत पर खरीदा और हमने इतनी कीमत में खरीदा। जब आप अपने कपड़े सड़कों पर धोते हैं तो इससे यह अच्छा होता है कि हम जैसे आम जन को यह सच्चाई मालूम हो जाती है क्योंकि उससे जो गंदगी निकलती है, वह सब बाहर आ जाती है, नहीं तो यह सब कुछ चोरी-छिपे होता है।

इस सरकार ने नोटबंदी के मामले में एक biggest economic gamble किया। उससे हमारे हाथों में कुछ नहीं आया। जब आप से हम आंकड़ों के बारे में पूछते हैं तो आप कहते हैं कि इसके आंकड़े नहीं हैं। पब्लिक के पास मई, 2018 में जो करेंसी थी, वह थी - 18,578 बिलियन। नोटबंदी से पहले नवम्बर, 2016 में वह 17,564 बिलियन थी। आप जो विज्ञापन देकर कैशलेस की बात कर रहे थे और यह कह रहे थे कि अब नोट के सहारे नहीं होगा तो उसकी जगह पर ऑलरेडी एक हजार बिलियन करेंसी आपने बाजार में बढ़ा दी। आप घोषित कर रहे हैं कुछ और कर रहे हैं कुछ। मुँह में कुछ, घोषणा में कुछ, विज्ञापन में कुछ और हक़ीकत में कुछ और है। अपने विज्ञापन को देखकर, पी.आई.बी. के हैंडनोट्स को देखकर आप समझ रहे हैं कि आपने यह कर दिया, वह कर दिया, पर हकीकत का सामना करने के लिए आपको किसानों के पास जाना पड़ेगा। महाराष्ट्र के किसानों के पैरों से खून निकल रहा है और फिर भी वे सैकड़ो किलोमीटर चल रहे हैं, उसे आप आँख मूंद कर मत देखो।

(1545/MY/AK)

किसान तो आपके क्षेत्र में भी है। आज किसान की आमदनी की क्या हालत है? जो खेतिहर मज़दूर है, उनकी क्या हालत है? आज खेती की जो हालत है, चाहे वह

सिंचाई के अभाव से हो, कुदरती आफत से हो, पूरे साल का जो काम है वह कम रहा है। अधिकतर लोग जो खेती का काम करते हैं, उनके पास अपना जमीन नहीं है, इसलिए उनको इन-फार्मल सेक्टर में जाकर काम करना पड़ा है, मज़दूरी करनी पड़ती है। आज जी.एस.टी. तथा नोटबंदी से सबसे ज्यादा परेशानी इस क्षेत्र के हुई है। आप पुराने जानकार है, आपको अनुभव है, आप खुद इस सरकार में स्मॉल-मिडियम स्केल की इंडस्ट्री संभाल रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, आपको मालूम होगा कि जो माइग्रेंट लेबरर्स हैं उनकी क्या स्थिति हो रही है? वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक चाहे मनरेगा के कारण हो या कोई अन्य कारण हो, इन मज़दूरों की आमदनी में कुछ बढ़ोतरी हुई थी। वर्ष 2014 से वर्ष 2018 तक इनके आमदनी में कोई इज़ाफा नहीं हुआ। आज महँगाई बढ़ रही है। हो सकता है कि जितनी तेजी से बढ़ी है, उतनी आज नहीं बढ़ रही है; लेकिन वे जिस सामान का इस्तेमाल करते हैं, उसकी कीमत ज्यादा बढ़ी है। जो सामान खाने का है, पहनने का है, दवाई का है, शिक्षा का है; अब वह महँगा हो रहा है। आप खुश हो सकते हैं कि जियो मॉडल का सेन्टर ऑफ एमिनेन्स बढ़ेगा। सरकार कहती है कि बहुत इम्प्रेसिव प्रेजेंटेशन है, इसलिए एक हजार करोड़ रुपये दे देंगे। जब हम एक स्कूल बनाते हैं तो हमें अपने क्षेत्र में जमीन दिखानी पड़ती है, बिल्डिंग दिखानी पड़ती है, टीचर की संख्या दिखानी पड़ती है, तब उसके मान्यता मिलती है। आज सरकार किसके लिए काम कर रही है? आप समझ नहीं पा रहे हैं। एक गाँव में एक स्कूल बनाने के लिए हमें कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं। हम बिना कुछ दिखाए सरकार से हजार करोड़ रुपये नहीं ले सकते हैं। हम सेन्टर ऑफ एमिनेन्स विद पिलानी के साथ और दिल्ली, मुम्बई

आईआईटी के साथ उसकी मान्यता मान लेते हैं। मेरे ख्याल से विज्ञापन तो यही हुआ। आपने एक हजार करोड़ रुपये का तो बैंड बजा दिया। हम यहाँ जो चर्चा कर रहे हैं, जो बच्चा पैदा ही नहीं हुआ, हमने उसके नाम का स्वरुप दे दिया। इस तरह से रूल ब्रेक हो रहा है।

मैं कहता हूँ कि आज सरकार किसके लिए काम रही है? शिक्षा तथा रोज़गार की जो स्थिति है, मैं किसी के ऊपर लांछन नहीं लगा रहा हूँ। ऐसा नहीं है कि ऐसा अभी से हुआ। मैं यह कह रहा हूँ कि आम जनता की आर्थिक स्थिति बिगड़ने वाली है। इस देश में उसके लिए जो उदार नीति लगायी गई थी, उसमें आप अपने जमाने में ज्यादा तेजी से कर रहे है। आपके प्रति यही हमारा अनुभव है। आप स्वदेशी के नाम पर आए थे, लेकिन आप एक के बाद एक सरकारी क्षेत्र, डिफेंस प्रोडक्शन, रेल इन सभी में प्राइवेटाइजेशन और हंड्रेड परसेंट एफडीआई कर रहे हैं। पहले आप सड़क पर उतर कर इसका विरोध कर रहे थे, लेकिन इतना यू-टर्न करना आपको शोभा नहीं देता है।

मैं इसी तरह से कह सकता हूँ कि आपको किसानों की आत्महत्या को रोकना था। आपको गरीब, आदिवासी, अनुसूचित जनजाति, महिलाएँ, अल्पसंख्यक, पिछड़े, दबे-कुचले और जो अंतिम पंक्ति के लोग हैं, उनकी सुरक्षा, चाहे वह आर्थिक हो, सामाजिक हो या शैक्षणिक हो, उन तमाम सुरक्षा का ख्याल रखना चाहिए। आज जो बूढ़े तथा रिटायर्ड लोग हैं, जिनका पेंशन का मामला है, वे भी आज परेशान है। उनके पेंशन की नीतियाँ बदल दी गई है, कंट्रिब्यूट्री कर दिया गया है। उससे आप लोगों को बाहर कर रहे हैं। उनके पेंशन में कुछ भी बढ़ोतरी नहीं हो रही है। हमारी लाइफ

एक्सपेक्टेन्सीज़ बढ़ रही है, लेकिन उनकी जिंदगी को संवारने और चलाने के लिए जो जरुरत है, उसकी तरफ आपका ध्यान नहीं जा रहा है। आप क्या कर रहे हैं?

आज एक प्रतिशत लोगों के पास इंक्रिमेंटल 73 प्रतिशत, जो वेल्थ हमारे देश में क्रिएट हुआ है, वह एक प्रतिशत के पास जा रहा है। आप उस एक प्रतिशत को बचाने के लिए बाकी 99 प्रतिशत को बोल रहे हैं कि तुम्हारा दुश्मन यह है, तुम्हारा दुश्मन वह है। यह तुम्हारे जैसा नहीं खाता, वह तुम्हारे जैसी बोली नहीं बोलता। वह तुम्हारे जैसी भाषा नहीं बोलता, तुम्हारे जैसे कपड़े नहीं पहनता, तुम्हारे जैसी इबादत नहीं करता, तुम्हारे जैसे मंदिर, गिरजाघर, मस्जिद में नहीं जाता। वे सभी एक-दूसरे के दुश्मन हैं। आज आप कौन-सा राष्ट्रवाद सिखा रहे हैं? राष्ट्रवाद देश प्रेम की पहली पहचान होती है। आजादी की लड़ाई के समय हमने देखा है कि जो एकता की बात करेगा, वह देश प्रेमी है और जो एकता को तोड़ने की हिमाकत करेगा, वह देशद्रोही है।

आप कह रहे है कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, हैदराबाद यूनिवसिर्टी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवसिर्टी, दिल्ली यूनिवर्सिटी में ढूँढना पड़ेगा कि कौन देशद्रोही है, कौन राष्ट्रद्रोही है। आज आतंकवाद का हमला बढ़ रहा है। सीमा पर जवान मर रहे हैं। आपने कश्मीर में पीडीपी के साथ सरकार बनाई। …( व्यवधान) मैं कुछ काम की बात कर रहा हूँ, आप सुन लीजिए। …(व्यवधान)

(1550/CP/SPR)

कुछ बातें आपकी समझ से परे हैं, आप उनको समझने की कोशिश मत करिए। बात सीधी है, उन्हें अपनी सत्ता का घमंड है, लेकिन तुम खड़े रहना, वे फर्जी मुद्दे लाते रहेंगे, लेकिन हम असली मुद्दे पर अड़े रहेंगे, यह हमारा फैसला है। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति (श्री कलराज मिश्र) :** अब आप समाप्त करिए।

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज):** आपको शर्म नहीं आती, हमें आती है।

**माननीय सभापति :** आसन की ओर देख कर बोलिए। उनकी बातों का उत्तर न दें।

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज):** जब विदेशी मैगजीन में कहा जाता है कि हमारे देश में औरतें सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं, तो इससे हमारी परेशानी बढ़ती है। क्या आपकी नहीं बढ़ती है?…(व्यवधान) जो समाज, राजनीति, डेमोक्रैसी, मुल्क, चाहे विश्व का कोई भी मुल्क हो, अपने यहां महिलाओं को सुरक्षित नहीं रख सकता, अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षित नहीं रख सकता, अपने दलितों को सुरक्षित नहीं रख सकता, उसे सभ्य कहलाने का हक नहीं है।…(व्यवधान)

कश्मीर का मामला कहते ही आप भड़क गए। आप कश्मीर के पंडितों को वहां पर ले जाएंगे, यह वादा करके चुनाव जीते थे। आप पंडितों को भूल गए। महबूबा मुफ्ती के साथ सरकार बना ली। अब चुनाव से पहले फिर एक बार उधर से इधर आ गए। अब उनको दोषारोपण कर रहे हैं। इस तरह से त्रिपुरा से लेकर कश्मीर तक अलगाववादी तत्व, देश विरोधी तत्व, लोकतंत्र विरोधी तत्व को अपने राजनीतिक हित और स्वार्थ के लिए आपने पिछले चार साल में बढ़ावा दिया है। असल प्रस्तावक, पहले प्रस्तावक ने आंध्र प्रदेश के सवाल पर यह बात कही। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप यहां आपस में बात मत कीजिए।

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज):** मैं उनका समर्थन करता हूं। उन्होंने स्पेशल कैटेगरी स्टेट के बारे में किए गए वादे के बारे में कहा। आप वादाखिलाफी कर रहे हैं। यह वादा किया गया था। उन्होंने कहा कि उनको धोखा खाने और समझने में चार साल लग गए।

टीडीपी आपके साथ थी। इस देश के लोग चार साल पहले ही समझ चुके थे कि एक बहुत बड़े जुमलेबाज के हाथ में पड़ गए, जादूगर के हाथ में पड़ गए।

कोआपरेटिव बैंक में करप्शन के बारे में मैंने खुद अरुण जेटली जी को लिखा था। उन्होंने उसे लेकर राजनीति करनी शुरू कर दी। जो *... (Not recorded)* उनके कोआपरेटिव बैंक में सबसे ज्यादा घोटाला हुआ। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कृपया आसन ग्रहण करें।

...(व्यवधान)

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज):** आपने जांच नहीं की। हिम्मत है तो जांच करिए। सच को आंच क्या है? मैं तो जांच की मांग कर रहा हूं।

**माननीय सभापति :** आपका समय समाप्त हो गया है।

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज):** मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात एक मिनट में समाप्त करिए।

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज):** जब इस सदन में इनटॉलरेंस पर बहस हुई, मॉब लिंचिंग पर बहस हुई, उस वक्त भी हम सरकार से कह रहे थे। जिस दिन मोहसिन शेख पूना में मारा गया, सरकार की चुप्पी ने उनको हिम्मत दी। आज हम देखें, जो लातेहर में हुआ, जो झारखंड में हुआ, कौन साया दे रहा है, पता नहीं चलता है। आपको शर्म नहीं आती, आपके साथ बैठे हुए लोग, जो मॉब लिंचर हैं, उनको माला पहनाते हैं।

**माननीय सभापति :** कृपया समाप्त करें।

**श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज):** हमें तो शर्म आती है इस सदन में बैठने के लिए, उन *… (Not recorded)* के साथ जो क्रिमिनल्स का साथ देते हैं, कानून का साथ नहीं देते हैं। इस देश को अगर बचाना है, तो कानून का शासन लगाना है। …(व्यवधान)

(इति)

**1554 बजे**

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह):** महोदय, मैं अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं अपनी बात की शुरूआत इसी संसद की एक घटना से करना चाहता हूं। आज से तीस वर्ष पहले इसी संसद में उस समय भारत के प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी हुआ करते थे। राजीव गांधी जी ने उस समय भारतीय जनता पार्टी के लोगों की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि हम दो और हमारे दो, क्योंकि उस समय संसद में भारतीय जनता पार्टी के केवल दो सदस्य थे। हम दो कहने का तात्पर्य उनका था कि आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी और आडवाणी जी और हमारे दो कहने का मतलब यह था कि संसद में भारतीय जनता पार्टी के दो सदस्य। आज 30-32 वर्षों के बाद जब इस संसद में मैं बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं, तो मैं देख रहा हूं कि इस समय स्पष्ट बहुमत हमारी भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है।

(1555/NK/SR)

जो लोग हमारे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने चाहते हैं, एक भी ऐसी राजनीतिक पार्टी नहीं है जो हमारे सामने बैठी है, उनके पास भी वह संख्या बल नहीं है कि वह सीधे अपने दमखम के पर हमारी पार्टी के विरुद्ध-अविश्वास प्रस्ताव ला सके, इसलिए कई राजनीतिक पार्टियों को मिला कर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा, आज ऐसे हालात हैं। यह कालचक्र का करिशमा है, इस कालचक्र के करिश्मे को समझना चाहिए। कभी कुछ भी हो सकता है, व्यक्ति के मन में कभी भी अहंकार नहीं आना चाहिए। आज वही भारतीय जनता पार्टी जो कभी संसद के दो सदस्यों की राजनीतिक पार्टी थी, आज देश के अधिकांश राज्यों में जनसामान्य का

विश्वास हासिल करती चली जा रही है। मैं यह भी कहना चाहता हूं, केरल जैसे राज्य के लिए यह माना जाता था कि भारतीय जनता पार्टी के लिए उस राज्य को भेद पाना अथवा कहीं पांव रखने की भी जगह बना पाना सर्वथा असंभव है। केरल के तिरूअनंतपुरम में जब लोकल बॉडी का चुनाव हुआ तो भारतीय जनता पार्टी ने वहां एक तिहाई से अधिक सदस्यों को लोकल बॉडी में पहुंचने में कामयाबी हासिल की।

1556 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुईं)

आज हम देखें, लद्दाख और कारगिल जैसे छोटे-छोटे स्थानों पर जहां काउंसिल हैं, आज से पच्चीस-तीस वर्ष पहले हम कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि वहां पर भारतीय जनता पार्टी के लोगों को बहुमत मिलेगा। हमने काउन्सिल्स में भी विशेष स्थान प्राप्त किया है। …( व्यवधान) त्रिपुरा में लंबे समय तक साम्यवादी सरकार थी। लोग यह कल्पना नहीं करते थे कि भारतीय जनता पार्टी त्रिपुरा में पैठ बना पाएगी। वहां दो-तिहाई बहुमत से हमने सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की है।

…( व्यवधान)

मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले हमारे मित्र हैं या राजनीतिक पार्टियां हैं, वे जनता के विश्वास के प्रस्तावों को पढ़ नहीं पा रहे हैं, समझ नहीं पा रहे हैं इसीलिए हमारी पार्टी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश कर रही हैं। पन्द्रह वर्षों के बाद किसी राजनीतिक पार्टी के विरुद्ध संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। पन्द्रह वर्ष पहले जब आदरणीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में सरकार थी, उस समय कांग्रेस पार्टी ने उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया था। पिछले दस वर्षों तक कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार थी, लेकिन हम लोगों ने

यह कभी कोशिश नहीं की कि कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाए, क्योंकि हम हकीकत को समझते थे कि कांग्रेस नेतृत्व की सरकार के पास स्पष्ट बहुमत है, उनके पास संख्या बल है। यदि सरकार चल रही है तो सरकार चलने देना चाहिए। सरकार को जनता का विश्वास प्राप्त है इसीलिए हम लोगों ने कभी भी डॉ मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश नहीं की। हमारा मानना है कि लोकतंत्र में विपक्ष की अहमियत होती है, विपक्ष का सम्मान किया जाना चाहिए। उसकी भावना की इज्जत करनी चाहिए। बहुत लोगों का विचार था कि अनावश्यक रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है, विपक्ष के लोग भी जानते हैं कि यह सरकार बहुमत सिद्ध करने में कामयाब होगी, हमारा अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएगा। हम लोगों ने प्रधान मंत्री जी के साथ बैठ कर फैसला किया कि स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की अहमियत होती है। यदि विपक्ष की इच्छा है कि अविश्वास प्रस्ताव लाया जाए तो हमें अविश्वास प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए और इस पर चर्चा करनी चाहिए। आज संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। जहां तक हमारी सरकार का प्रश्न है। प्रतिपक्ष के लोग दिल से भले ही स्वीकार करें लेकिन प्रत्यक्ष रूप से जनसामान्य के सामने इस हकीकत को स्वीकार नहीं करेंगे। दुनिया का हर व्यक्ति इस सच्चाई को स्वीकार करता है कि विगत चार-साढ़े चार वर्षों से हमारी सरकार चल रही है। प्रधान मंत्री जी ने अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में कामयाबी हासिल की है। भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचाई दिलाने में कामयाबी हासिल की है।

(1600/SK/UB)

उन्होंने भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचाई दिलाने में कामयाबी हासिल की है। आज हम संसद में खड़े हैं, यदि हम पिछले 30 वर्षों के राजनैतिक इतिहास के पन्नों को पलटकर देखें, या तो 34 वर्ष पहले किसी राजनैतिक पार्टी को भारत की संसद में स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ था या फिर अब चार वर्ष पहले किसी राजनैतिक पार्टी को इसी भारत की संसद में स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ है। बीच में, किसी भी राजनैतिक पार्टी को संसद में कभी स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं हुआ है। यह भी एक ऐतिहासिक पक्ष है, इस हकीकत को हमें समझना चाहिए कि कभी भी किसी गैर कांग्रेस राजनैतिक पार्टी को भारत की संसद में, आजाद भारत के इतिहास में कभी बहुमत प्राप्त नहीं हुआ। अगर पहली बार आजाद भारत के इतिहास में किसी गैर राजनैतिक कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट बहुमत हासिल हुआ है तो भारतीय जनता पार्टी को हासिल हुआ। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले मित्रों को इस हकीकत को समझना चाहिए कि आप किस नेतृत्व के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं? जिस नेता पर सारे देश का विश्वास है? जिस देश के माननीय प्रधान मंत्री की अपील पर गिव इट अप योजना के अंतर्गत देश के हजारों, करोड़ों लोगों ने एलपीजी पर प्राप्त होने वाली सब्सिडी को पूरी तरह से छोड़ दिया, उस नेता के प्रति अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए यहां बैठे हैं? इतना ही नहीं, सीनियर सिटिजन्स को एसी में चलने की सुविधा प्राप्त थी, इसमें लाखों की संख्या में ऐसे सीनियर सिटिजन्स हैं, जिन्होंने माननीय प्रधान मंत्री जी की अपील पर एसी की यात्रा को फोरगो कर दिया, परित्याग कर दिया। ऐसा नेता जिसकी अपील जनसामान्य में इतनी बड़ी है, उसके विरुद्ध आप यहां अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए हैं?

यहां नोटबंदी की बात कही गई और बताया गया कि नोटबंदी के कारण भारत की अर्थव्यवस्था में कओस पैदा हो गया, कितनी बड़ी अराजकता पैदा हो गई और जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। मैं इस देश की जनता को बधाई देना चाहता हूं, भले ही तात्कालिक स्तर पर जनता को कष्ट क्यों न उठाना पड़ा हो, लेकिन नोटबंदी के बाद देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में चुनाव हुआ, उत्तर प्रदेश की जनता ने नोटबंदी के फैसले के कारण थोड़ा-बहुत कष्ट उठाया था लेकिन उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत देकर हमारी सरकार बनवाई। …(व्यवधान)

1603 hours

(*At this stage, Shri Naramalli Sivaprasad and some other hon. Members came and stood near the Table.*)

इस संबंध में उत्तर प्रदेश की जनता ने माननीय प्रधान मंत्री जी के फैसले पर विश्वास व्यक्त किया। मैं कहना चाहता हूं कि इसे लाने वाले लोगों में जनता का विश्वास नहीं है। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please go to your seat. This is not the way. You have to listen. It is not only for Andhra Pradesh.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Go to your seat.

… (*Interruptions*)

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यहां जो अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, इसे लाने वाले लोगों पर जनता का विश्वास कितना है, सहज में ही इसका अनुमान लगा सकते हैं। …(व्यवधान)

1604 hours

*(At this stage, Shri Naramalli Sivaprasad and some other hon. Members went back to their seats.)*

मैं देख रहा हूं कि कई राजनीतिक दलों ने मिलकर हमारी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश की है। मैं जानता हूं कि जिन राजनीतिक दलों ने मिलकर हमारी सरकार के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने की कोशिश की है, उनका भी एक-दूसरे पर विश्वास नहीं है।

(1605/RPS/KMR)

अध्यक्ष महोदया, जहां तक नेतृत्व का सवाल है, जिस गठबंधन की चर्चा हो रही है, बहुत सी राजनीतिक पार्टियों के गठबंधन की चर्चा हो रही है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि यदि इस गठबंधन में नेतृत्व की चर्चा हो जाए तो आप मान लीजिए कि गई 'भैंस पानी में' जैसे हालात पैदा हो जाएंगे।…(व्यवधान) सारा का सारा गठबंधन पूरी तरह से टूट जाएगा। …(व्यवधान) मैं मानता हूं, आप सभी जानते हैं कि जिन लोगों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, उसको लेकर भी हमारे मित्रों के मन में पूरी तरह से विश्वास नहीं है। वे इस हकीकत को जानते हैं कि उनके द्वारा लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव इस सदन का विश्वास किसी भी सूरत में हासिल नहीं कर सकता।

अध्यक्ष महोदया, मैं दूसरे एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैंने देखा कि संसद के प्रमुख लोगों ने देश की अर्थव्यवस्था को लेकर अपनी चिन्ता व्यक्त की है। जो कुछ भी है, वह आइने की तरह बिल्कुल साफ है, यह बात मैं नहीं कह रहा हूं, दुनिया के अर्थशास्त्री ही नहीं कह रहे हैं, बल्कि इंटरनेशनल एजेंसीज भी इस सच्चाई को स्वीकार कर रही हैं कि इस समय विश्व में यदि किसी देश की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनोमी है तो वह हमारे देश की है, भारत की है। जीडीपी की ग्रोथ रेट का जहां तक प्रश्न है, यूनाइटेड नेशन्स की एक एजेंसी ने कहा है और आईएमएफ ने भी कहा है कि इस सच्चाई से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि भारत की इकोनोमी इतनी तेजी के साथ आगे बढ़ रही है कि 2019 और 2020 के इस फाइनेंशियल ईयर में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.8 प्रतिशत से भी ऊपर जा सकती है। यह बात देश के बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों ने कही है और इंटरनेशनल एजेंसीज ने भी इस सच्चाई को कहा है।

हमारे कई मित्रों ने कहा कि चार वर्ष पहले हमारा देश दुनिया की टॉप 10 इकोनोमीज में था, 9वां नम्बर था। हमारा देश अर्थव्यवस्था की साइज के हिसाब से 9वें स्थान पर था। इन चार वर्षों में, पहले जो भारत 9वें स्थान पर था, आज विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में वह छठें स्थान पर आकर खड़ा हो गया है। क्या इसके लिए प्रधानमंत्री जी और इस सरकार को बधाई नहीं दी जानी चाहिए?

अध्यक्ष महोदया, मैं साइंस का छात्र हूं और जो थोड़ी-बहुत इकोनोमिक्स जानता हूं, उसके आधार पर मैं यह बात कह सकता हूं कि इस हकीकत को भी नकारा नहीं जा सकता है कि जो हमारा भारत देश आज दुनिया की टॉप 6 इकोनोमीज में है, वर्ष

2030 आते-आते वह दुनिया की टॉप 3 इकोनोमीज में आकर खड़ा हो जाएगा। जहां तक इनवेस्टर्स का सवाल है, बहुत सारे मेजर रिफार्म्स हमारी सरकार ने किए हैं। बहुत से स्ट्रक्चरल रिफार्म्स और प्रोसीजरल रिफार्म्स भी हमारी सरकार ने किए हैं, जिनके परिणामस्वरूप मैं यह कह सकता हूं कि आज विश्व के इनवेस्टर्स के लिए दुनिया में यदि कोई मोस्ट अट्रैक्टिव देश है तो आपका और हमारा यह देश, भारत है। आज देश में ऐसे हालात बने हैं।

आज हमारे सामने कांग्रेस पार्टी के जो हमारे मित्र बैठे हैं, लम्बे समय तक आप लोगों ने सरकार चलाई है। मैं आपकी सरकार के ऊपर कोई टीका-टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं, लेकिन इस सच्चाई को स्वीकार करना पड़ेगा। आंकड़े बोलते हैं, आंकड़ों को देखकर हकीकत समझी जा सकती है। क्या यह सच नहीं है कि आपकी पिछली सरकार लगातार दस वर्षों तक चली है। जीडीपी ग्रोथ रेट के बराबर रेट ऑफ इन्फ्लेशन हुआ करता था। आज क्या हो गया है। आज वे सारे इंडिकेटर्स बदल गए हैं। आज जीडीपी की ग्रोथ रेट ऊपर है और रेट ऑफ इन्फ्लेशन उससे कम है और कभी-कभी ऐसे भी हालात पैदा हो गए कि रेट ऑफ इन्फ्लेशन जीडीपी ग्रोथ रेट से हाफ पर था। मैं कह सकता हूं कि ऐसे बहुत सारे इकोनोमिक इंडिकेटर्स, जिनके आधार पर देश की अर्थव्यवस्था के संबंध में अनुमान लगाया जा सकता है, वे सारे इकोनोमिक इंडिकेटर्स इस समय पूरी तरह से हमारे नियंत्रण में हैं। यह बात मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं।

(1610/asa/gm)

सारी दुनिया के लिए इस समय कोई भी कंट्री एक प्राइड स्पॉट के रूप में इन्वेस्टर्स के लिए है तो वह भारत है, यह मैं विश्वास के साथ कहना चाहता हूं।

जहां तक फॉरेन डाइरेक्ट इन्वेस्टमेंट का प्रश्न है, हमारे एक नौजवान मित्र जो असम से हैं, श्री गौरव गोगोई जी यहां बैठे हुए हैं। मैं जानता हूं कि वह अध्ययन करते हैं और ये इकोनॉमिक्स के बारे में भी अच्छी तरह से जानते हैं।

जहां तक फॉरेन डाइरेक्ट इन्वेस्टमेंट का सवाल है, 150 बिलियन डॉलर इस समय हमारे देश में हुआ है। छोड़िए। यदि मैं चर्चा करूंगा तो बात बहुत आगे तक जाएगी।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं यहां पर दो-तीन बातों की और चर्चा अर्थ-व्यवस्था की दृष्टि से करना चाहता हूं। जहां तक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का सवाल है, मोबाइल फैक्ट्री को ले लीजिए। चार वर्ष पहले मुश्किल इस देश में दो हुआ करती थीं। आज हालात ऐसे हो गए हैं कि हमारे देश में चार वर्ष के अंदर ही 120 से अधिक मोबाइल फैक्ट्रीज काम कर रही हैं। विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल फैक्ट्री जो सैमसंग है, आपने देखा होगा। …( व्यवधान)

**श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ):** माननीय अध्यक्ष जी, यह समाजवादी सरकार की लाई हुई है। …( व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** चलो मान लिया। समाजवादी पार्टी लेकर आई, मान लिया कांग्रेस पार्टी लाई, सब लाये, लेकिन आपने देखा कि वहां के प्रेज़ीडेंट को बुलाकर उसकी कैपेसिटी को एनहांस कराने का काम यदि किसी ने किया है तो वह हमारी सरकार ने किया है। इस सच्चाई से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

ईज ऑफ डूइंग बिजनैस के मामले में मैं कहना चाहूंगा कि इंवैस्टर्स के लिए भारत अट्रैक्टिव डैस्टिनेशन क्यों बना है, क्योंकि ईज ऑफ डूइंग बिजनैस के मामले में भी हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उसी तरीके से जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर सैक्टर में

धांधली हो रही थी और विशेष रूप से रीयल एस्टेट को भी पूरी तरह से कंट्रोल करने के लिए रीयल एस्टेट रेगुलेट्री ऑथोरिटी भी हम लोगों ने बनाई है। इतना ही नहीं, जो भगोड़ों के बारे में चर्चा होती थी और पहले भी यहां का धन लूटकर लोग बाहर चले जाते थे, जो फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स होते थे, उनके ऊपर भी प्रभावी कार्रवाई करने का बिल पहली बार यदि किसी सरकार ने पास कराने की कोशिश की है तो वह हमारी सरकार ने की है। अभी कल ही लोक सभा में पास हुआ है।

मैं याद दिलाना चाहता हूं कि हमारे 30 वर्ष पहले के प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी कहा करते थे कि जब हम 100 पैसे विकास के लिए भेजते हैं तो धरातल पर पहुंचते-पहुंचते 16 पैसे रह जाते हैं। …(व्यवधान) उन्होंने पहले 16 पैसे कहा था, बाद में 15 पैसे हुआ था। लेकिन आज हमारी सरकार ने डाइरेक्ट बैनेफिट ट्रांसफर स्कीम के माध्यम से जिन लोगों तक जो सब्सिडी जितनी पहुंचनी चाहिए, वह पूरी सब्सिडी लोगों तक पहुंचे, इसलिए डाइरेक्ट बैनेफिट ट्रांसफर स्कीम का जो सहारा लिया है, उसका भी पूरा लाभ मिल रहा है।

इतना ही नहीं, भारत की प्रतिष्ठा की बात मैंने कही है। मैं जानता हूं, कुछ लोगों को यह लगा होगा कि भारत की प्रतिष्ठा अन्तर्राष्ट्रीय जगत में बढ़ गई है, यह दावा मैं कैसे कर रहा हूं, मैंने तथ्य तो कई दिये हैं लेकिन एक तथ्य और देना चाहता हूं। मिसाइल टैक्नोलॉजी कंट्रोल रिजिम की बात मैं यहां पर करना चाहता हूं। चीन जो विश्व की इतनी बड़ी अर्थ-व्यवस्था है, चीन भी मिसाइल टैक्नोलॉजी कंट्रोल रिजिम का मैम्बर नहीं है, बल्कि चार वर्षों के अंदर इस मिसाइल टैक्नोलॉजी कंट्रोल रिजिम की मैम्बरशिप पाने में यदि किसी देश ने कामयाबी हासिल की है तो वह हमारे और आपके

देश भारत ने कामयाबी हासिल की है। इसीलिए भारत की सराहना की जानी चाहिए। लेकिन मैं यह समझता हूं कि हमारे विपक्ष के मित्र कुछ संशय की स्थिति में हैं। गठबंधन को लेकर भी संशय बना हुआ है, यदि गठबंधन हो गया तो आगे चलेगा या नहीं चलेगा, इसको लेकर भी संशय बना हुआ है। इसका नेता कौन होगा, इसको भी लेकर संशय बना हुआ है और नीतियों को लेकर तो संशय बना हुआ है।

(1615/RSG/RAJ)

लेकिन कभी-कभी वह कम्प्रमाइज कर लेते हैं। अपने मन को … (व्यवधान) मैं आ रहा हूं। … (व्यवधान) I am coming to that. … (*Interruptions*) आप बैठ जाइए, मैं आ रहा हूं। … (व्यवधान) आपको संशय … (व्यवधान) मैं आ रहा हूं। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे धर्मशास्त्रों में कहा गया है।… (व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please take your seats. This is not the way.

… (*Interruptions*)

1615 hours

(*At this stage, Shri Thota Narasimham and some other hon. Members came and stood near the Table.*)

HON. SPEAKER: This is not the way. He is the Home Minister of India.

… (*Interruptions*)

**श्री राजनाथ सिंह :** मैं बोलूंगा।…(व्यवधान) आप ऐसा करेंगे, तो कैसे होगा।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: He is the Home Minister of India. He is not the Minister only for Andhra Pradesh.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: This is not the way. I am sorry. He will have to speak for the whole of India. Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Hon. Members, please go to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please listen to me for a minute. What is happening?

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Thota Narasimham, please go back to your seat.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: All of you, please go to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 4.30 p.m.

1618 hours

*The Lok Sabha then adjourned till thirty minutes past Sixteen of the Clock.*

(1630/IND/RK)

1630 बजे

<u>लोक सभा चार बजकर तीस मिनट पर पुनः समवेत् हुई।</u>

(माननीय अध्यक्ष <u>पीठासीन हुईं</u>)

**श्री राजनाथ सिंह :** अध्यक्ष महोदया, मैं चर्चा कर रहा था कि इस समय गठबंधन को लेकर भी संशय है, नेता को लेकर भी संशय है, नीतियों को लेकर भी संशय है। नेताओं में कैसा संशय है, उसकी चर्चा मैं यहां करना चाहता हूं। नेताओं में किस प्रकार का संशय है, किस प्रकार का उनका अपने अंदर विश्वास है कि संसद के अंदर यहीं पर उन्होंने चिपको आंदोलन प्रारम्भ कर दिया। …( व्यवधान)

HON. SPEAKER: But, actually it was not proper to have done that.

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** हाउस में ऐसा नहीं होता है। यह हाउस के डेकोरम में नहीं है, ऑफ्टरआल पद की भी गरिमा होती है। उस समय मुझे भी अच्छा नहीं लगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** गौरव बेटा, बैठ जाओ। अभी जिंदगी में बहुत कुछ समझना है।

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** पद की अपनी गरिमा होती है। जो कुछ भी हुआ, वह मुझे भी अच्छा नहीं लगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): What is wrong in that, Madam? … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसा नहीं होना चाहिए, सभी लोगों को इसे ध्यान में रखना चाहिए। हाउस का डेकोरम होता है। वे प्रधान मंत्री हैं। At that time, he was sitting in the Prime Minister's seat. प्राइम मिनिस्टर की सीट पर बैठते हुए अपना एक डेकोरम होता है और हमारा भी डेकोरम होता है। संसद सदस्य के अपने व्यवहार का भी डेकोरम होता है। Everybody must keep this in mind. डेकोरम का आप सभी को भी पालन करना है, मुझे अकेले ही डेकोरम का पालन नहीं करना है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आप भी जीवन में ऐसा कभी नहीं करोगे।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रधान मंत्री जी अपनी सीट पर बैठे थे, ऐसा नहीं करना चाहिए था। आपको अच्छा लगा होगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आपने पूरा इंसीडेंट नहीं देखा होगा। आप पूरी बात समझ लीजिए। मैं किसी को गले लगाने के लिए मना नहीं करूंगी। मैं भी माँ हूं। मुझमें सब प्रकार के प्रेम के भाव हैं, लेकिन भाषण के बाद जिस तरीके से आना, यह ठीक नहीं है। प्रधान मंत्री अपनी सीट पर बैठे हैं। वे पद पर बैठे हैं, वे नरेन्द्र मोदी नहीं हैं, वे प्रधान मंत्री हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक बात यह भी है कि वापस आ कर यहां आंख चमकाना, all that behaviour is not proper.

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आप सभी के लिए यह बात कह रही हूं। आप चिल्लाएं मत, मैं आप सभी के लिए यह बात कह रही हूं कि आप समझ लो, इस सदन की गरिमा हमें ही रखनी है। कोई बाहर से आकर सदन की गरिमा नहीं रखेगा। कोई बाहर से आ कर किसी के पद की गरिमा नहीं रखेगा। हमें सांसद होने के नाते अपनी तथा पद की गरिमा रखनी है। आप एक-दूसरे पर चिल्लाओ मत। कभी स्वयं से भी गलती हो सकती है। आप गंभीरता से बात को लिया करो। मैंने इतना कहा कि जिस तरीके से हुआ, वह ठीक नहीं है। आप एक-दूसरे को मिलते हैं तो क्या मैं कोई ऑब्जेक्शन उठाऊंगी। मैं भी चाहती हूं कि आप एक-दूसरे से प्रेम से रहो, लेकिन बाद में आकर जिस तरह से भाषण शुरू किया, वह क्या था।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, राहुल जी मेरे दुश्मन नहीं हैं, वे मुझे बेटे जैसे ही लगते हैं। उन्हें बहुत जिंदगी यहां गुजारनी है और उन्हें बहुत नेतृत्व करना है, मगर उनके जो कंगूरे हैं, माँ के नाते उन्हें घिसना भी मेरा काम है। मैं स्पीकर की चेयर पर बैठी हूं। वे विपक्ष में हैं, इसलिए मैं ऐसा नहीं बोल रही हूं। हाउस का अपना भी डेकोरम होता है। मेरी भी समझ में नहीं आया कि यह क्या हो रहा है। उस समय मैंने सोचा कि यह क्या *… (Not recorded)* हो रहा है। फिर मैंने कहा भी कि यह ठीक नहीं है। मेरा यही कहना है कि आप कुछ मत बोलो और जो भावना है, उस भावना का आदर करना है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अब आप कुछ मत बोलिए। आप वैसे नरेन्द्र मोदी जी के घर जाओ।

…(व्यवधान)

(1635/vb/rc)

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह):** माननीय अध्यक्ष महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद। इस सदन से बाहर निकलने के बाद श्री खड़गे जी और हम भी, आपस में गले मिलने वाले हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं उसके खिलाफ नहीं हूँ, राजनाथ जी।

**श्री राजनाथ सिंह:** मैं यह चर्चा कर रहा हूँ कि हमारे धर्म-शास्त्रों में कहा गया है- "संशयात्मा: विनश्यति:।" यानी जो व्यक्ति संशय में होता है, जिसके अंदर विश्वास नहीं होता, अविश्वास होता है, उसकी आत्मा नष्ट हो जाती है, ऐसा हमारे यहाँ कहा गया है। हमारे यहाँ धर्म-शास्त्रों में यह भी कहा गया है, यह बात क्षणभर के लिए लोगों को दार्शनिक लग सकती है, लेकिन धर्म-शास्त्र की हकीक़त है, इसलिए इसे मैं यहाँ पर कहना चाहता हूँ कि जब आत्मा संशय के साथ घिर जाती है, तब मनुष्य के अंदर अहंकार पैदा होता है। प्रतिपक्ष के मेरे कुछ मित्रों के अंदर कुछ ऐसा ही मुझे देखने को मिला है कि कैसे किसी व्यक्ति अथवा किसी दल अथवा किसी संगठन में अहंकार पैदा हो जाता है। कांग्रेस के ही मेरे एक अभिन्न मित्र ने कहा कि यदि लोकतंत्र भारत में है, तो वह कांग्रेस के कारण है। यदि कांग्रेस नहीं चाहती, तो भारत में लोकतंत्र रहता ही नहीं। …(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूँ कि यह स्टेटमेंट देने से पहले उन्हें कम से कम भारत के इतिहास को पढ़ लेना चाहिए था और जिन्होंने ऐसा कहा था, वे कर्नाटक के

ही रहने वाले हैं। कांग्रेस के ही नेता ने यह बात कही। मैं बहुत ही विनम्रतापूर्वक उनसे अनुरोध करना चाहता हूँ। आपने भले ही भारत का इतिहास न पढ़ा हो, लेकिन मैं कहना चाहूँगा कि कर्नाटक में भगवान बसवण्णा के 'अनुभव मंटप' के बारे में आपको जानकारी होगी। 12वीं शताब्दी में वह 'अनुभव मंटप' था, जो ब्रिटेन के 'मैग्ना कार्टा' से भी पुराना माना जाता है। उस 'अनुभव मंटप' में क्या होता था? उसमें चर्चा होती थी। जिस बात पर सहमति बनती थी, उसी आधार पर पूरा समाज आगे बढ़ता था। इस प्रकार की व्यवस्था थी।

**माननीय अध्यक्ष :** इतिहास सभी लोग नहीं पढ़ते हैं, इसलिए हम लोक सभा टी.वी. पर 'सुराज्य संहिता' कार्यक्रम लाने जा रहे हैं ताकि जानकारी मिल सके कि भारत में किस-किस प्रकार से राजनीति होती थी।

**श्री राजनाथ सिंह :** महोदया, यहाँ पर मैं चोल साम्राज्य की चर्चा भी करना चाहता हूँ क्योंकि आप भी इतिहास की जानकार हैं। चोल साम्राज्य की राजधानी तंजावुर थी, जो आज की तमिलनाडु है। चोल साम्राज्य में उस समय भी वहाँ पर छोटी-छोटी समितियों के चुनाव होते थे, ग्राम सभाओं के चुनाव होते थे, मतदान द्वारा ग्रामवासी अपने जनप्रतिनिधि को चुनते थे। यानी उस समय भी लोकतांत्रिक परम्परा थी।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी जी जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्यालय गये थे, तो उन्होंने भी कहा था, उन्होंने 600 ई. पू. से चर्चा प्रारम्भ की थी और कहा था कि यदि कोई विश्व का प्राचीनतम राष्ट्र है, तो उस राष्ट्र का नाम 'भारत' है। 600 ई.पू. में ही वैशाली गणराज्य था, जिसे विश्व का प्राचीनतम गणराज्य माना

जाता है। वहाँ पर किस प्रकार से चुनाव होते थे, किस प्रकार से समितियाँ बनती थीं, वीथि बनती थी, इसके बारे में भी अच्छी जानकारी हमारे बहुत-से मित्रों को होगी।

इतना ही नहीं, भारत का जो भी लिखित इतिहास है, यदि उसे देखें, तो प्राय: राजवंश के लोग ही राजा बना करते थे। लेकिन, यदि पहली बार राजवंश से बाहर का कोई राजा बना है, तो उसका नाम है- चन्द्रगुप्त मौर्य।

(1640/PC/RU)

वे एक साधारण परिवार के थे। वे किसी बहुत ऊँची जाति के व्यक्ति नहीं थे। वे राजवंश के थे। …(व्यवधान) अफगानिस्तान से लेकर बर्मा तक उनका बहुत लंबा-चौड़ा सामराज्य था। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, चंद्रगुप्त ने एक वैदिक ब्राह्म्ण चाणक्य के मार्गदर्शन में सत्ता प्राप्त की थी, लेकिन उनका राज्याभिषेक जैन पद्धति से हुआ था। अपने जीवन के अंतिम क्षणों में वे राजपाठ छोड़कर कर्नाटक के श्रवणबेलगोला जाकर संन्यासी बन गए। मैं इसकी चर्चा इसलिए कर रहा हूँ क्योंकि खड़गे जी यहाँ बैठे हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** वे संन्यासी नहीं हैं।

**श्री राजनाथ सिंह :** पंडित जवाहरलाल नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ इंडिया में भी इस बात को लिखा है कि किस प्रकार सेक्युलरिज़्म भारत के अतीत में भी भारत में रहा है। चूँकि इसका उल्लेख डिस्कवरी ऑफ इंडिया में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया है, इसलिए मैं यहाँ इसकी चर्चा कर रहा हूँ। …(व्यवधान) चंद्रगुप्त मौर्य गाँव में भेड़-बकरी चराने वाले व्यक्ति थे। भारत की सारी व्यवस्थाओं में ही लोकतंत्र रचा-बसा हुआ था, इसीलिए चंद्रगुप्त मौर्य जैसा भेड़-बकरी चराने वाला साधारण गाँव का व्यक्ति देश

का राजा बन गया। मैं समझता हूँ कि इस देश में चाय बेचने वाला व्यक्ति इस देश का प्रधान मंत्री बन गया। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, भारत की अति प्राचीन और स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के कारण ऐसा हुआ है। भारत के लोगों की रग-रग में जो रचा-बसा है, यह उसके कारण हुआ है। …(व्यवधान) लोकतंत्र का सबसे पहले यदि कभी गला घोंटा गया है, तो वह आज से 43 साल पहले सन् 1975 में देश में आपातकाल लगाकर घोंटा गया। …(व्यवधान) महोदया, बातें तो बहुत सारी हैं, लेकिन मैं उन पर चर्चा नहीं करूँगा। चूँकि मेरे पास गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है, इसलिए मैं इस पर बहुत ज्यादा नहीं बोलूँगा लेकिन इसके बारे में कहते हुए मुझे संतोष हो रहा है और मैं उसकी अभिव्यक्ति भी यहाँ करना चाहता हूँ।

अध्यक्ष महोदया, नॉर्थ-ईस्ट में सुरक्षा की स्थिति में बेहतर सुधार हुआ है। प्रतिपक्ष में बैठे हुए हमारे मित्र भी इस सच्चाई को स्वीकार करेंगे। नॉर्थ-ईस्ट में रहने वाले श्री गौरव गोगोई इस बात को स्वीकार करेंगे। …(व्यवधान) पहले के कंपैरिज़न में इंसरजैंसी में 85 परसेंट की गिरावट आई है। …(व्यवधान) जहाँ तक नक्सलिज़्म का सवाल है, पहले सिक्योरिटी फोर्सेज़ की किलिंग्स ज़्यादा होती थीं और इंसरजैंट्स या जिन्हें नक्सलाइट्स भी कहते हैं, उनकी किलिंग्स बहुत कम होती थीं। आज यह सब कुछ रिवर्स हो चुका है। …(व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर) :** सर, आप नागा पीस अकॉर्ड पर बोल दीजिए। …(व्यवधान)

**श्री राजनाथ सिंह :** आप आश्वस्त रहिए। नागा इश्यू को लेकर जो फ्रेमवर्क अग्रीमेंट हुआ है, वह फ्रेमवर्क अग्रीमेंट निश्चित रूप से मैच्योर होगा, ऐसा मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूँ। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, सब से बड़ी बात यह है कि इन चार वर्षों के अंदर इस देश में कोई भी बड़ी आतंकवाद की घटना नहीं हो पाई है। मैं याद दिलाना चाहता हूँ कि चाहे दिल्ली, जयपुर, नागपुर, बंगलूरू और हैदराबाद जैसे बड़े-बड़े शहरों में जो बड़ी-बड़ी आतंकवादी वारदातें पहले हुई हैं, उन्हीं वारदातों की चपेट में यह सारा देश रहा है। …(व्यवधान) मैं गुरदासपुर और पठानकोट की घटनाओं का उल्लेख करना चाहूँगा। …(व्यवधान) यहाँ हमारे बहादुर सुरक्षा के जवानों ने आतंकवादियों को मौत के घाट उतार देने में कामयाबी हासिल की थी। पठानकोट जैसे बहुत बड़े स्ट्रैटेजिक एसेट को पूरी तरह से सुरक्षित बनाए रखने में भी उन्होंने कामयाबी हासिल की थी। …(व्यवधान) मैं हमारी सेना के जवानों और सी.आर.पी.एफ एवं अन्य सुरक्षा बलों के जवाब तथा राज्य पुलिस के जवानों के साहस, शौर्य और क्षमता की यहाँ प्रशंसा करना चाहता हूँ।

अध्यक्ष महोदया, मैं सदन को यह भी बताना चाहता हूँ कि हम लोगों ने अपनी सेना, अपने सुरक्षा बलों और पुलिस के जवानों के हाथ बांधकर नहीं रखे हैं। इसी कारण सुरक्षा के मोर्चे पर आज इस प्रकार की कामयाबी हमें हासिल हो रही है।

(1645/MM/KSP)

महोदया, मॉब लिंचिंग की चर्चा यहां की गयी। कल भी मॉब लिंचिंग की चर्चा की गयी थी। आज एक वरिष्ठ नेता ने बोलते हुए मॉब लिंचिंग की चर्चा की। एक-दो हमारे मित्रों ने भी अपने भाषण में मॉब लिंचिंग की चर्चा की है। कल इस संबंध में मैं बोल चुका

हूं। मैंने कहा है कि ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए और इस पर पूरी कड़ाई से कार्रवाई होनी चाहिए, यह भी मैंने कहा है। केन्द्र सरकार से जिस भी प्रकार के सहयोग की जरूरत होगी, मॉब लिंचिंग को रोकने के लिए हम पूरा सहयोग देंगे, यह विश्वास भी मैं यहां देना चाहता हूं। राज्य सरकारों को भी मैं कहना चाहता हूं कि मॉब लिंचिंग को रोकने के लिए कठोर से कठोर कानून यदि अलग से बनाने की जरूरत है तो कानून बनाया जाए और मॉब लिंचिंग को रोका जाना चाहिए।

मॉब लिंचिंग पर बोलने वालों से मैं कहना चाहता हूं कि मॉब लिंचिंग की स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ी घटना यदि कभी हुई है तो वह वर्ष 1984 में हुई है। इस देश के नेता द्वारा यह कहा जाना कि जब कोई बड़ा वृक्ष गिरता है तो धरती हिलती है। आज वे लोग मॉब लिंचिंग को लेकर हम लोगों को पाठ पढ़ा रहे हैं कि मॉब लिंचिंग को कैसे रोका जाए? सिख समुदाय के परिवारों की क्या हालत है, वह मैं देखता हूं, जब लोग मुझ से यहां मिलने आते हैं। मैं उनको यह भी यकीन दिलाना चाहता हूं कि हम उनको पूरी तरह से जस्टिस दिलाकर ही दम लेंगे। हमने एसआईटी बनायी है, जो अपना काम कर रही है और सिख समुदाय को हम इंसाफ दिलाकर रहेंगे, यह मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया, कुछ नेता और सांसद कभी-कभी बोलते समय अनाप-शनाप बातें बोल देते हैं। कभी हिन्दू तालिबान की बात बोलते हैं, कभी हिन्दू पाकिस्तान की बात बोलते हैं। अध्यक्ष महोदया, वे भारत को कहां ले जाना चाहते हैं? वे भारत को क्या बनाना चाहते हैं? मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उनके दौर-ए-हुकुमत में क्या हुआ था। केरल के एक अध्यापक जोसफ का हाथ सरेआम विद्यालय के बच्चों के सामने

काट दिया गया था, तब क्या उन्हें तालिबान याद नहीं आया था? इतना ही नहीं, कश्मीर में सैनिकों की हत्या पर जब जश्न मनाया जाता है, तब उन्हें तालिबान की याद नहीं आती है और यहां हिन्दू तालिबान की बात की जा रही है? संसद पर हमला करने वालों के प्रति जब सहानुभूति व्यक्त की गयी, उस समय तालिबान की याद नहीं आयी? आप भारत में क्या करना चाहते हैं? आज आप हिन्दू तालिबान की बात कर रहे हैं। मैं अपने विपक्ष के मित्रों को कहना चाहता हूं कि भारत की परम्परा को समझिए, न हो तो अतीत के पन्नों को पलटकर देखिए। भारत का कैसा इतिहास और परम्परा रही है? रावण को हमारे यहां शैतान माना गया, लेकिन जब वह मृत्यु शैय्या पर था तो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण को कहा कि जाओ और रावण के पांव के पास बैठकर उनसे शिक्षा प्राप्त करो, ज्ञान प्राप्त करो। उनका सम्मान करने की परम्परा भारत में रही है। महाभारत के युद्ध में कौरवों का नाश पाण्डवों ने किया, लेकिन जिन कौरवों का नाश पाण्डवों ने किया, उन कौरवों का श्राद्ध कर्म करने का काम भी पाण्डवों ने ही किया, हमारे यहां यह सहनशीलता थी। इतना ही नहीं, मोहम्मद गौरी को कई बार पृथ्वीराज चौहान ने पराजित किया। लेकिन 25 बार मोहम्मद गौरी को माफ करने का काम भी उन्होंने ही किया था। मैं छत्रपति शिवाजी महाराज को याद करना चाहता हूं। कल्याण के किले पर कब्जा करने के बाद कल्याण के किलेदार की बहू गौहर बानो को सम्मान सहित वापस करने का काम यदि किसी ने किया तो छत्रपति शिवाजी महाराज ने किया। यह भारत की परम्परा है। मैं कहना चाहता हूं कि इस हकीकत को समझना चाहिए। भारत में हिन्दू, सिख, ईसाई, मुसलमान सभी मिल-जुलकर एक-दूसरे के साथ भाई-भाई की तरह रहते हैं। भारत में ऐसे हालात पैदा मत

करो। पाकिस्तान देश नहीं, जहनियत है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि वर्ष 1916 में लखनऊ में, जो मेरा निवार्चन क्षेत्र है, कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। उसी समय मुस्लिम लीग ने पृथक निर्वाचन क्षेत्र का प्रस्ताव रखा था।

(1650/BKS/SRG)

वहीं से पाकिस्तान की जहनियत ने काम करना प्रारंभ कर दिया और 1947 आते-आते भारत माता के दो टुकड़े हो गए, भारत बन गया और पाकिस्तान बन गया। क्या हम चाहते हैं, वह पाकिस्तान रूपी जहनियत आज भी भारत में जिंदा रहे, क्या हम ऐसी जहनियत को भारत में बनाकर रखना चाहते हैं? हम तालिबान हिंदू पाकिस्तान की बात करते हैं। जिस पाकिस्तान में आज अल्पसंख्यक निरंतर कम होते जा रहे हैं, समाप्त होते जा रहे हैं और जिस हिंदुस्तान में अल्पसंख्यक पूरी तरह से सही-सलामत हैं और फल-फूल रहे हैं, हम एक ऐसा हिंदुस्तान चाहते हैं या हम पाकिस्तान चाहते हैं? आप इसे कहां ले जाना चाहते हैं? इन्हें याद नहीं आता, पश्चिम बंगाल में ही एक मंत्री ने कह दिया कि हमारे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मिनी पाकिस्तान है। क्या इसको कंडेम नहीं करना चाहिए था? भारत की धरती पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे, आई.एस.आई. के झंडे लगे, मैं समझता हूं कि सारी संसद को ही नहीं, बल्कि सारे देश द्वारा जुटकर इस प्रकार की जो ताकतें हैं, इनका मुकाबला किया जाना चाहिए और इन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए, यही मैं निवेदन करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय, यहां पर गरीबों और किसानों की भी चर्चा हुई है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि किसानों के संबंध में उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण फैसला किया है। कम से कम आज इस बात पर बहस हो सकती है कि उनकी आमदनी

2022 तक दोगुनी होगी कि नहीं होगी, यदि होगी तो कैसे होगी, क्या उपाय किए जाएंगे? इस पर तो बहस हो सकती है, लेकिन हमारे प्रधान मंत्री जी की नीयत और ईमान पर कोई सवालिया निशान नहीं लगा सकता। जब से आजादी मिली है, इस देश के किसान अपने हक के लिए तड़प रहे हैं, हाथ फैलाए तड़प रहे हैं, लेकिन उनकी चिंता आज हमारे प्रधान मंत्री जी कर रहे हैं। क्या कभी किसी ने सोचा था कि पैडी, खरीफ का मिनिमम सपोर्ट प्राइस एकाएक दो सौ रुपये प्रति क्विंटल पर जाएगा? ज्वार की कीमत 75 परसैंट बढ़ जाएगी? कई सारे आइटम्स की मैं यहां चर्चा नहीं करना चाहता। यह काम यदि कोई कर सकता है तो गरीब माता की कोख से पैदा हुआ कोई मां का लाल ही कर सकता है और वह लाल है, हमारे प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र भाई मोदी। मैं कहना चाहता हूं कि बहुत सारे ऐसे लोग होते हैं, जो चांदी का चम्मच मुंह में लेकर पैदा होते हैं। वे किसानों की चिंता नहीं कर सकते। उनके लिए गरीबी ए मैटर ऑफ हियरिंग है, मैटर ऑफ सफरिंग उनके लिए नहीं हो सकता है।

जहां तक हमारी सरकार का प्रश्न है, राकेश सिंह जी, जो हमारे पहले वक्ता थे, उन्होंने बहुत विस्तारपूर्वक आयुष्मान योजना, सौभाग्य योजना, मुद्रा योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी है। यहां कर्जदारी पर बहस हो रही थी। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि मुद्रा योजना के अंतर्गत 12 करोड़ लोगों ने ऋण लिया, जिनमें से 3.25 करोड़ लोगों ने फर्स्ट टाइम आंत्रप्रिन्योर्स के रूप में काम करना प्रारंभ किया है। आंकड़े इस बात के गवाह हैं।

इतना ही नहीं जब हमारे सांसद, राकेश सिंह जी बोल रहे थे, उन्होंने बताया कि हमारे बहुत सारे भाजपा शासित ऐसे राज्य हैं, जिनका एग्रीकल्चर का ग्रोथ रेट 20

परसेंट तक है, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। देश की एग्रीकल्चर का ग्रोथ रेट यदि 4 परसेंट से ऊपर पहुंच जाए तो हम मानते हैं कि हमने बहुत कुछ हासिल कर लिया। लेकिन एग्रीकल्चर का ग्रोथ रेट कैसे बढ़ाया जा सकता है, इसकी मिसाल हमारी कई राज्य सरकारों ने कायम की है।

पूर्व सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन देने का काम किसी दूसरी सरकार ने नहीं किया। तीस वर्षों से उनकी मांगे लम्बित थीं। इस काम को किया तो हमारी सरकार ने किया। उचित मूल्य, फसल बीमा योजना और यूरिया, यूरिया को लेकर लोग लाइन में खड़े होते थे, लाठीचार्ज होता था। यूरिया की कीमत भी कम की गई है और यूरिया लोगों को बहुत ही सहजतापूर्वक उपलब्ध भी हो पा रहा है।

मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार के लगभग सवा चार साल हो रहे हैं, लेकिन इतनी बात मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने सवा चार साल में सवा चार मिनट की भी छुट्टी कभी लेने की जहमत नहीं उठाई है, उन्होंने इतना निरंतर प्रयत्न किया है, अहर्निश अपनी कर्मठता का परिचय दिया है।

(1655/KKD/GG)

इसलिए मैं अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए अपने मित्रों से कहना चाहूंगा कि - मेरी हिम्मत को सराहो, मेरे हमराही बनो। मैंने एक शमा जलाई है, हवाओं के खिलाफ, इस हकीकत को समझो। यही मैं कहना चाहता हूँ। …(व्यवधान) मैं उस पर भी आ रहा हूँ। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Hon. Members, please take your seats. He is speaking about you, now.

… (*Interruptions*)

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह):** तेलगू देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश को ले कर चिंता व्यक्त की है। बहुत सारे इश्युज़ हमारे सम्मानित सदस्य ने उठाए हैं और चन्द्र बाबू नायडु जी आज भी हम लोगों के मित्र हैं। पार्टी अलग हो सकती है, लेकिन आज भी चन्द्र बाबू नायडु जी के साथ हमारे मित्रता के ही रिश्ते हैं और रहेंगे, ये रिश्ते कभी टूटने वाले नहीं हैं। लेकिन आंध्र प्रदेश रीऑर्गनाइजेशन एक्ट, 2014 का जहां तक सवाल है, काफी हद तक इसे लागू किया गया है। कुछ चीजें शेष रह गई हैं। चूंकि यह दो राज्यों के विवाद का प्रश्न है, जब तक उसमें सहमति नहीं बनती है, तब तक उसे हल नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह पड़ा हुआ है। …(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Hon. Members, listen to him. He has not completed yet.

… (*Interruptions*)

**श्री राजनाथ सिंह:** महोदया, आंध्र प्रदेश का जब बंटवारा हुआ, तब हमने उसे एडिशनल टूरिस्ट पुलिस फोर्स और रिज़र्व बटालियन की भी मंजूरी दी। उस समय चार रिज़र्व बटालियन तेलंगाना के लिए मंजूर की गईं थी, लेकिन उस समय तेलंगाना को आठ दी गईं थी। स्टेट कैडर और आईएएस अफसरों की और ज्यादा सुविधा जल्द से जल्द देंगे। …(व्यवधान) मैं ए.पी. रीऑर्गनाइजेशन एक्ट की बात कर रहा हूँ। आप मेरी पूरी बात सुन लीजिए, बैठ जाइए, उसके बाद यदि आप एग्री न करें तो उसके बाद वॉक-आउट कीजिएगा, विरोध कीजिएगा, नारे लगाइएगा, सब कुछ मुझे मंजूर है, लोकतंत्र में सब चलता है।

महोदया, 1500 करोड़ रुपये आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए हम लोगों ने दिए हैं, जिस पर माननीय सदस्य ने आपत्ति की है कि यह बहुत कम है। जबकि गुंटूर और विजयवाड़ा के लिए एक हजार करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं। कोलावरम् इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने 7,158 करोड़ रुपये में से 6,764 करोड़ रुपये रिलीज़ कर दिए गए हैं और इस प्रोजेक्ट की कॉस्ट-रिवीजन पर भी इस समय हमारे यहां विचार चल रहा है। जल्द ही इस संबंध में फाइनल निर्णय किया जाएगा। बैकवर्ड एरिया डेवल्पमेंट के लिए 1050 करोड़ रुपये हमारी सरकार के द्वारा अलग से दिए गए हैं। इसके बावजूद और भी जरूरत होगी तो और करेंगे। चूंकि डिवीजन के समय रिसोर्सिस बंट गए थे, उसको समाप्त करने के लिए 4,117 करोड़ रुपये में से 3,979 करोड़ रुपये रिलीज़ किए गए। महोदया, आंध्र प्रदेश पर हमारी सरकार ने कितना ध्यान रखा है, यह इसी बात से पता चलता है कि 14वें वित्त आयोग ने 2015-20 तक 22,113 करोड़ रुपये रेवन्यु डेफिसिट ग्रांट के रूप में आंध्र प्रदेश को रिकमेंड किए थे। हमने 2015 और 2018 के बीच 15,969 करोड़ रुपये की धनराशि रिलीज़ कर दी है। हमने यह भी किया है। आंध्र प्रदेश को अलग से एक केंद्रीय विश्वविद्यालय, एक ट्राइबल विश्वविद्यालय, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पैट्रोलियम एण्ड एनर्जी, अमरावती के लिए 100 किलोमीटर लंबी रिंग रोड, एम्स, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के लिए अलग से 135 करोड़ रुपये रिलीज़ कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं वाइजैक-चेन्नई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को भी मंजूरी दी गई है। यह सब आंध्र प्रदेश को स्पेशल असिस्टेंस के तहत दिया गया है। जब कि टीडीपी बराबर स्पेशल स्टेटस की मांग करती रही है, इस सवाल को ले कर बराबर अपना आग्रह बनाए हुए है कि इसमें

स्पेशल कैटेगरी स्टेटस दिया जाना चाहिए, जिसे एससीएफ कहते हैं। लेकिन उसमें कुछ मजबूरियां हैं। 14वें वित्त आयोग की चर्चा उन्होंने स्वयं ही की है। लेकिन आंध्र प्रदेश के विकास के लिए, जिस प्रकार के सहयोग की भी जरूरत होगी, हम लोग सहयोग देंगे। 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत राज्यों को 32 प्रतिशत की जगह 42 प्रतिशत शेयर बढ़ा कर दिया जा रहा है। सन् 2015-20 तक आंध्र प्रदेश को केंद्र सरकार से 2,06,910 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त होगी।

(1700/CS/RP)

यानी *इन बिटवीन 2015 टू 2020.* इतना ही नहीं, एलोकेशन होने के बावजूद सितम्बर 2016 में एक स्पेशल असिस्टेंस पैकेज भी दिया गया। इसके तहत 8,140 करोड़ रुपये एक्स्टर्नली ऐडिड प्रोजेक्ट्स को एप्रूव करके दिया गया है, जबकि 24,037 करोड़ रुपये का एक प्रोजेक्ट इस समय पाइपलाइन में है और उस पर भी जल्दी फैसला हो जायेगा।

महोदया, आन्ध्र प्रदेश सरकार को इन प्रोजेक्ट्स को जल्दी से जल्दी लागू करना चाहिए था। मैं समझता हूँ कि अब वे स्पेशल स्टेटस की बात की बहुत चर्चा न करके इन सब प्रोजेक्ट्स को लागू करें। जो भी असिस्टेंस प्राप्त हुआ है, उस आधार पर आन्ध्र प्रदेश का डेवलपमेंट करने की कोशिश करें। मैं इस सदन के माध्यम से आन्ध्र प्रदेश समेत पूरे देश की जनता को बताना चाहता हूँ कि 14वें वित्त आयोग ने स्पेशल कैटेगरी स्टेट्स और जनरल कैटेगरी स्टेट्स जैसे किसी डिस्टिंगक्शन का प्रावधान नहीं किया है। उसने ऐसा कोई प्रोविजन नहीं किया है कि कोई जनरल कैटेगरी स्टेट होगा या कोई स्पेशल कैटेगरी स्टेट होगा। 14वें वित्त आयोग का यह मानना था कि जो

रिसोर्स गैप राज्यों में होगा, उसे टैक्स डेवोल्यूशन के तहत भरा जायेगा। यदि तब भी यह गैप नहीं भरता है तो उस राज्य को पोस्ट डेवोल्यूशन रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट भी दी जायेगी। यह बहुत दो टूक शब्दों में कहा गया है। रिसोर्स गैप को भरने के लिए 02 जून, 2014 से 31 मार्च, 2015 तक एक स्पेशल ग्रांट के तहत 4,117 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई और इसमें से 3,900 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है।

मैं अंत में इतना ही कहना चाहूँगा कि आन्ध्र प्रदेश इस देश का ही एक हिस्सा है। मैं जानता हूँ कि बंटवारे के बाद कुछ राज्य ऐसे होते हैं, जिन्हे सफर करना होता है। सेन्ट्रल गवर्नमेंट अपनी जिम्मेदारी को समझती है। आन्ध्र प्रदेश स्टेट के डेवलपमेंट के लिए जितनी भी मैक्सिमम असिस्टेंस की जरूरत होगी, जो भी सेन्ट्रल गवर्नमेंट कर सकती है, वह हम दिल खोलकर आन्ध्र प्रदेश के लिए करने को तैयार रहेंगे। यह मैं आपको पूरा विश्वास दिलाता हूँ। मैं इस अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ। धन्यवाद।

(इति)

HON. SPEAKER: Ram Mohan Naiduji is yet to speak. He can raise it at that time.

Now, Secretary General.

… (*Interruptions*)

(1700/CS/RP)

**MESSAGE FROM RAJYA SABHA**
**AND**
**BILL AS PASSED BY RAJYA SABHA - LAID**

1703 hours

SECRETARY GENERAL: Madam Speaker, I have to report following message received from the Secretary General of Rajya Sabha: -

> "In accordance with the provisions of rule 111 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to enclose a copy of the Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2018 which has been passed by the Rajya Sabha at its sitting held on the 19th July, 2018."

2. Madam Speaker, I lay on the Table the Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2018 as passed by Rajya Sabha on the 19th July, 2018.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Ram Mohan Naiduji will get the chance to speak. At that time, whatever issues he wants to raise, he can do so.

Now, Tariq Anwarji.

… (*Interruptions*)

## MOTION OF NO CONFIDENCE
## IN COUNCIL OF MINISTERS – Contd.

1704 बजे

**श्री तारिक अनवर (कटिहार) :** महोदया, केन्द्र सरकार के विरूद्ध जो अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष की ओर से पेश किया गया है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं अपनी बात उर्दू की दो पंक्तियों के साथ शुरू करना चाहता हूँ। यह उर्दू का एक शेर है।

"बहुत शोर सुनते थे, पहलू में दिल का।
जो चीरा तो एक कतरा खून भी न निकला।। "

यह सरकार इसी तरह की है। जो बातें इन्होंने कीं, जो वादा इन्होंने किया, जो देश को सपना दिखाया, आज चार साल बीत चुके हैं और इन चार सालों के बाद जब हम उसकी समीक्षा करते हैं तो लगता है कि देशवासियों को कुछ भी नहीं मिला है। इस सरकार की विफलता की एक बहुत लंबी फेहरिस्त है, मैं किन-किन बातों को गिनाऊँ।

(1705/RV/RCP)

मैं अपनी बात शुरू करता हूं। सबसे पहले बेरोजगारी की परेशानी है, उसके बाद किसानों की बदहाली, महिलाओं की सुरक्षा, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और समाज के कमजोर वर्गों के ऊपर जो अत्याचार हो रहा है, उसकी बात की जाए। बढ़ती हुई महंगाई से देश परेशान है। फिर पेट्रोल, डीजल की कीमत, विदेश नीति की विफलता, कश्मीर पॉलिसी की नाकामी है।

अध्यक्ष महोदया, चार साल बीत गए, पर अभी तक लोकपाल की नियुक्ति नहीं हुई। यहां हमारे गृह मंत्री जी बैठे हैं। उस विषय पर उन्होंने कोई चर्चा नहीं की, कुछ बताया नहीं। बैंकों के हजारों करोड़ रुपये के घोटाले हैं। अभी मॉब-लिंचिंग की बात कही गई। रुपये की कीमत, हमारे रुपये की साख दिन-प्रतिदिन घटती चली जा रही है।

अध्यक्ष महोदया, यह सरकार जब आई थी तो यह विकास के नाम पर आई थी, 'अच्छे दिन' के नारे देकर आई थी। अभी इन्होंने इसका जिक्र किया कि हम पूर्ण बहुमत लेकर आए हैं। लोगों ने यही विश्वास किया था, लोगों को ऐसा लगा था कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की तस्वीर बदलेगी, चित्र बदलेगा और भारत की जितनी भी समस्याएं हैं, उनका समाधान होगा। नारा दिया गया - 'सबका साथ, सबका विकास।' यह बहुत ही लुभावना नारा था। लेकिन, अगर आज हम उसकी समीक्षा करते हैं तो सबका साथ नहीं है और सबका विकास भी नहीं है। यह हो सकता है कि …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) के कुछ लोगों का विकास हो गया हो। लेकिन, आम जनता आज निराश है, परेशान है और हताश है।

**माननीय अध्यक्ष:** यह …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) क्यों आता है? इसमें …(कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**श्री तारिक अनवर (कटिहार):** अध्यक्ष महोदया, ऐसी हालत में आज समाज का हर वर्ग दु:खी है। नौजवान अपनी बीमारी और अपने भविष्य को लेकर परेशान है। किसान, जिसे हम अन्नदाता कहते हैं, आज उसकी बदहाली क्या है, यह हम सब जानते हैं। उसे आत्महत्या करनी पड़ रही है।

उसी तरह, आज देश में सबसे बड़ी चिंता, जिसके बारे में कई लोगों ने चर्चा की कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आज भारत की बदनामी हो रही है, हमारी छवि इससे धूमिल हो रही है। उस पर इस सरकार की तरफ से कोई पहल नहीं हो रही है।

आज देश के अन्दर बुद्धिजीवी, लेखक, पत्रकार, सभी सहमे हुए हैं। कोई अपनी बात कहने से डरता है, कुछ लिखने से डरता है क्योंकि कल उसके साथ क्या होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

फिर महंगाई की बात है। जैसा मैंने कहा कि महंगाई के बोझ से आज आम आदमी दबा हुआ है। उसके सामने एक प्रकार से इसका कोई विकल्प दिखाई नहीं पड़ रहा है।

मैं बैंक घोटालों की बात इसलिए करना चाहता हूं क्योंकि हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा और यह भी कहा था कि हम इसकी रखवाली करेंगे, देश की रखवाली करेंगे। लेकिन, जिस प्रकार से दिन-दहाड़े बैंकों के पैसे को लूट कर, जो हमारे देश के गरीब, किसान, मजदूर, आम लोगों के पैसे थे, उसे लेकर लोग विदेश चले गए। एक-दो लोग नहीं गए, बल्कि ऐसे 31 लोग हैं, जो यहां से बैंकों से पैसे लेकर विदेश चले गए और हम उन्हें देखते रह गए, सरकार देखती रह गयी और कुछ भी नहीं कर पाई। यह बहुत ही चिंता का विषय है कि जो देश के रखवाले थे, वे उस समय क्या कर रहे थे?

प्रधान मंत्री जी फर्माते हैं कि देश आगे बढ़ रहा है और देश में राम राज आ रहा है। अगर यही राम राज है, जिसका मैंने जिक़्र किया तो फिर रावण राज क्या होगा, यह कहना मुश्किल है।

राजनाथ सिंह जी ने भी बहुत सारी बातें कहीं। बहुत गम्भीरता से हम लोगों ने उनकी बात सुनी है, लेकिन ऐसा नहीं लगता था कि वे दिल से बोल रहे हैं। उसका कारण यह है कि आज भारतीय जनता पार्टी के अन्दर एक अजीब-सी स्थिति है क्योंकि आज भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व दो लोगों में सिमट कर रह गया है। हमारे शत्रुघ्न सिन्हा जी यहां नहीं हैं। उनका एक ट्वीट हमने पढ़ा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी वन-मैन शो, टू-मैन आर्मी हो गयी है, यानी दो आदमी की यह पार्टी हो गई है।

(1710/MY/SMN)

श्री राजनाथ सिंह जैसे जो वरिष्ठ मंत्री है उनकी भी सलाह नहीं ली जाती है, उनकी भी बात नहीं सुनी जाती है। भारतीय जनता पार्टी में एक मार्गदर्शक मंडल बनाया गया था जिसमें श्री आडवाणी जी, श्री मुरली मनोहर जोशी जी है और पता नहीं आगे कौन-कौन लोग उसमें होंगे। यह जो मार्गदर्शक मंडल है, उससे कोई भी मार्गदर्शन नहीं लिया जाता है, उससे कोई भी बात नहीं पूछी जाती है, उससे कोई भी राय नहीं ली जाती है, वह सिर्फ नाम के लिए मार्गदर्शक मंडल है। यही कारण है कि आज इनके जो सहयोगी दल है, वे अपना पीछा छुड़ा रहे हैं।

अभी तेलगुदेशम पार्टी की बात हुई। कल तक यह पार्टी एनडीए के गठबंधन में शामिल थी, लेकिन आज वह एनडीए छोड़ चुकी है। शिवसेना जो इनके गठबंधन में मौजूद है, आज इस मौके पर नजर नहीं आ रही है। हमारे बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी भी समय-समय पर आँखे दिखाते हैं। यह सब क्यों हो रहा है? यह इसलिए हो रहा है कि एनडीए गठबंधन के जो साथी है, उनको यह महसूस हो रहा है कि मोदी

जी के नेतृत्व में हम चुनाव नहीं जीत सकते हैं। यह एक डूबती हुई नाव है और इस डूबती हुई नाव पर चढ़ने के लिए कोई तैयार नहीं है। धीरे-धीरे लोग उससे अलग होते चले जा रहे हैं। आज इस बात को समझने की जरुरत है।

प्रधानमंत्री जी को हम यही कहेंगे, हालांकि वह हम लोगों यानी विपक्ष की सलाह नहीं मानते हैं, लेकिन इनके जो सीनियर्स लीडरर्स हैं, श्री आडवाणी जी है, श्री जोशी जी है, ऐसे लोगों से वह सलाह लें तो हमको लगता है कि अभी भी यह हालात सुधर सकती है, उसको बदला जा सकता है।

अध्यक्षा महोदय, बीजेपी के बहुत सारे सांसद साथी हमारे मित्र हैं। हमने उनसे कहा कि आज जो यह अविश्वास प्रस्ताव है, उस पर आप अंतर्रात्मा की बात सुनिए और जो सही लगे, उसके लिए वोट दीजिए तो हमारे एक मित्र ने बहुत अच्छी बात कही। वह भारतीय जनता पार्टी के सांसद है। मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता हूँ। उन्होंने कहा कि हमारी अंतर्रात्मा तो गिरवी हो गई है, हम कैसे कुछ कर सकते हैं। हम कोई फैसला नहीं ले सकते हैं, क्योंकि हमारी अंतर्रात्मा गिरवी रखी हुई है।

मैं भारतीय जनता पार्टी के सांसदों से कहना चाहूँगा, क्योंकि प्रधानमंत्री जी को अपने सांसदों पर भी विश्वास नहीं है। मुझे इस बात की जानकारी भारतीय जनता पार्टी के सूत्रों से मिली है कि आने वाले चुनाव में 150 से ज्यादा सांसदों के नाम काटे जाएंगे, उनकी टिकट काटी जाएगी। उनकी जगह नए लोग लाए जाएंगे। इस तरीके की चर्चा भारतीय जनता पार्टी के कैंप में चल रही है। आज उनको डराकर रखा जा रहा है। इसीलिए हम यह चाहते हैं कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी के जो संसद सदस्य हैं, उनके अंदर जो असंतोष है, जाहिर है कि वह आज नहीं तो कल निकलेगा।

आज क्या कारण है कि भारतीय जनता पार्टी को इस अविश्वास प्रस्ताव के लिए थ्री लाइन व्हिप जारी करना पड़ा। अगर आपको विश्वास था तो उनको छोड़ देते और फिर देखते कि क्या परिणाम आता है। लेकिन आपको अपने सांसदों पर विश्वास नहीं है। उनको थ्री लाइन व्हिप दिया गया है कि आपको इस अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ में वोट देना है।

अध्यक्षा महोदय, मैं असली बात यह कहना चाहता हूँ कि किसी भी सरकार की लोकप्रियता का जो मापदंड होता है, जिसको हम थर्मामीटर कह सकते हैं, वह उप-चुनाव होता है। अभी हमारे गृह मंत्री जी ने गिनवा दिया कि हम कहाँ-कहाँ जीते हैं, किन-किन राज्यों में हमें कामयाबी मिली है और इतने राज्यों में हमारी सरकार बन गई। लेकिन अभी दो सालों के अंदर जितने भी उप-चुनाव हुए, वे लोक सभा के चुनाव हुए। मैं विधान सभा के चुनाव की बात नहीं कर रहा हूँ। उन लोक सभा के उप-चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बुरी तरह से हार का मुँह देखना पड़ा।

(1715/CP/MMN)

अध्यक्षा महोदय, इससे अच्छा कोई मापदण्ड नहीं हो सकता है। यह उपचुनाव इस बात को साबित करता है कि जो वर्तमान सरकार है, वह किस तरह से चल रही है। वह अपने कार्यक्रम को किस तरह से लेकर चल रही है और जन-कल्याण के लिए क्या काम कर रही है। उपचुनाव का जो परिणाम है, वह साबित करता है कि लोग इस सरकार के कार्यकलाप से संतुष्ट नहीं हैं।

अध्यक्षा महोदय, एक बात मैं और कहना चाहूंगा कि इस सरकार ने अपना समय गंवाया है। चार साल बीत चुके हैं। अब मात्र 10-11 महीने बचे हैं। हमने देखा, हमने

महसूस किया कि चार साल में हमारे प्रधान मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके तमाम साथियों का ज्यादातर समय इस बात में गुजरा कि गांधी, नेहरू परिवार को कैसे बदनाम किया जाए, कैसे उनकी छवि धूमिल की जाए। इसी बात में वे लगे रहे। अगर इसकी जगह वे देश के लिए कुछ काम करते, समाज के कमजोर वर्गों के लिए करते, किसान के लिए करते, नौजवानों के लिए करते, तो मैं समझता हूं कि अच्छा रहता। आज भी अगर आप प्रधान मंत्री जी का भाषण सुन लीजिए, तो पिछले दिनों जो कुछ हुआ, उसी बात को वे दोहराते हैं, अतीत की बात करते हैं। चार साल में आपकी क्या उपलब्धि है, इसका आप जिक्र नहीं कर रहे हैं। इसको बताइए कि चार साल में हमारी यह उपलब्धि है। वह आप नहीं बता रहे हैं। आप पिछली सरकार को कोस रहे हैं, पिछली सरकार की निंदा कर रहे हैं। आपको लोगों ने मत इसीलिए दिया। लोगों ने परिवर्तन क्यों लाया? इसके पीछे यही उद्देश्य था कि देश में परिवर्तन आए, लेकिन आपका सारा समय इसी में निकला कि विपक्ष की छवि को कैसे धूमिल किया जाए। जो मशीनरी है, चाहे वह सीबीआई हो, आईटी हो, ईडी हो या जितनी भी एजेंसियां हैं, उनका राजनीतिक दुरुपयोग हो रहा है। इतना खुल कर दुरुपयोग कभी नहीं हुआ, जिस तरह से आज यह सरकार दुरुपयोग कर रही है।

महोदया, यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। मैं इस सरकार को यही सलाह दूंगा कि भारतीय जनता पार्टी अपने घोषणा पत्र को देखे। उस घोषणा पत्र को उन्होंने ठंडे बस्ते में डाल दिया है। उन्होंने तमाम बातें कही थीं, जो वादे किए थे, उन सब को कह दिया कि वह जुमलेबाजी थी, लेकिन इस देश की जनता इस बात को बरदाश्त

करने वाली नहीं है। आने वाला चुनाव इस बात को साबित करेगा। मैं यह समझता हूं कि सरकार को इन चीजों पर फिर से ध्यान देने की जरूरत है।

जहां तक लिंचिंग की बात है, हमारे गृह मंत्री ने लिंचिंग पर अपनी सफाई दी। जिस तरह से उन्होंने सफाई दी, हमको लगता है कि उसको एक प्रकार से साइलेंट सपोर्ट है। प्रधान मंत्री का खामोश समर्थन है। अगर मॉब लिंचिंग को समर्थन नहीं होता तो इस देश में 200 मॉब लिंचिंग की घटनाएं नहीं होतीं। मजबूर होकर सुप्रीम कोर्ट को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा। यह क्यों करना पड़ा? …( व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़ा कि इस चीज को रोकना चाहिए, यह अनार्की है और इसको रोकना चाहिए। उन्होंने इस सरकार को निर्देश दिया है कि इसके लिए कानून बनना चाहिए। जो एमनेस्टी इंटरनेशनल है, उसने कहा है कि लगभग 200 ऐसी घटनाएं हुई हैं, जो बहुत ही चिंता का विषय है। जो तमाम घटनाएं हो रही हैं, तमाम चीजें हो रही है, उनके बारे में आज देश प्रधान मंत्री जी से जानना चाहता है। सुप्रीम कोर्ट का जो आब्जर्वेशन है, उसमें उसने कहा है कि देश के अंदर क्योस और अनार्की जैसी परिस्थिति है। इसको दूर करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए।

(1720/NK/VR)

हमारे आंध्र प्रदेश के साथी ने जिस मुद्दे को उठाया है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है, उस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। बिहार की भी वही स्थिति है, ओडीसा की भी वही स्थिति है। जो राज्य पिछड़े हैं, आर्थिक रूप से कमजोर हैं, चाहे इसका कुछ भी कारण रहा हो, उसकी भी वही स्थिति है, बिहार का बंटवारा हुआ, उस समय जितने भी कल-कारखाने थे, खनिज थे, जिससे आमदनी होती थी, वे सब झारखंड में चले गए। आज बिहार के पास किसी तरह की सुविधा नहीं है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी इस बात की मांग कर रहे थे, फिर उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र में यूपीए की सरकार है, इसलिए यूपीए सरकार सहयोग नहीं दे रही है। आज खुशकिस्मती की बात है, बिहार में भी एनडीए की सरकार है और केन्द्र में भी तो इससे अच्छा अवसर क्या होगा? बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष आर्थिक पैकेज मिलना चाहिए ताकि उसको इंसाफ मिल सके। उसके साथ जो अन्याय हुआ है, उसे दूर किया जा सके। मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने हमें मौका दिया।

महोदया, जुमलेबाजी की सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी। आपके पास बहुमत है, आप सदन के अंदर यह साबित कर दीजिएगा कि हमारे पास बहुमत है। लेकिन सदन के बाहर जनता इस बात का इंतजार कर रही है कि आने वाले चुनाव में जुमलेबाजी की सरकार को परास्त किया जाए। एक नई सरकार और नया नेतृत्व उभर का सामने आए, यह देश की जनता चाहती है। देश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वह मान रही है कि हमारे साथ धोखा हुआ है इसलिए वह बहुत

बेचैनी से इंतजार कर रही है कि आने वाले चुनाव में भाजपा की एनडीए सरकार को सबक सिखाए।

(इति)

1722 बजे

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री रामविलास पासवान):** अध्यक्ष महोदया, मैं इस अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में खड़ा हुआ हूं। मैं वर्ष 1977 से सांसद हूं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी ने अविश्वास प्रस्ताव नहीं दिया है।

**श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना):** अविश्वास का प्रस्ताव दिया है।

**श्री रामविलास पासवान :** अध्यक्ष महोदया, वह मुद्दा नहीं है, टीडीपी पार्टी की तरफ से अविश्वास प्रस्ताव मंजूर हुआ है। मुख्य वक्ता जिन्होंने अविश्वास प्रस्ताव को मूव किया, उन्होंने एक राज्य के अलावा किसी मुद्दे पर कुछ नहीं कहा। आंध्र प्रदेश का मामला आज का नहीं है। वहां वर्ष 1947 से लेकर 1977 तक तीस वर्षों तक वहां कांग्रेस का एकछत्र राज्य था, वर्ष 1980 से 1989 तक कांग्रेस का एकछत्र राज्य था, वर्ष 1991 से 1996 तक एकछत्र राज्य था, वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक एकछत्र राज्य था, इन सभी को अगर जोड़ दें तो 55 वर्ष होता है। एक तरफ 55 वर्षों की कांग्रेस सरकार और दूसरी तरफ हमारी पचास महीने की सरकार है। इसके बीच-बीच में सरकारें बनीं, जनता पार्टी की सरकार बनी, जनता पार्टी की सरकार को तोड़ा गया, चौधरी चरण सिंह प्रधान मंत्री बने।

(1725/SK/SAN)

उस प्रधानमंत्री को भी कांग्रेस सरकार ने समर्थन नहीं दिया, तीन महीने के अंदर वह सरकार चली गई। उसके बाद चन्द्रशेखर जी की सरकार बनी, उसको भी समर्थन नहीं दिया और तीन महीने के अंदर वह सरकार भी चली गई। हमारे साथी हैं, नेता हैं, 1996 में देवगौड़ा जी की सरकार बनी, हम उस सरकार में मंत्री थे, लीडर आफ द

हाउस भी थे, रेल मंत्री भी थे। सोनिया जी यहां हैं, देवगौड़ा जी की सरकार में सोनिया जी से पूछे बिना कुछ नहीं होता था, लेकिन उस सरकार को भी खत्म कर दिया। उसके बाद गुजराल जी की सरकार बनी, उस सरकार को नौ महीने में खत्म कर दिया। मैंने इसलिए कहा कि चाहे आंध्र प्रदेश का मामला है या कोई और मुद्दा है, सिर्फ दोष देना कि इस सरकार की देन है, मैं इससे सहमत नहीं हूं और सबको इस बात को समझना चाहिए।

मैं अविश्वास प्रस्ताव का स्वागत करता हूं। मैं स्वागत इसलिए करता हूं क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव वर्षा की तरह होता है। जब बारिश होती है तो मिट्टी का बर्तन गल जाता है और मैटल चमकने लगता है। हम गांव से आए हैं, गरीब घर से आए हैं, यहां गरीब के संबंध में भी बात होनी चाहिए, लेकिन गरीब के बारे में कोई बात नहीं सुनी। हमारे साथी राकेश सिंह जी ने मुद्दा उठाया कि हमारा मुख्य लक्ष्य पावर टू द पुअर है, गरीब का राज कैसे कायम हो। उन्होंने जन-धन योजना के बारे में कहा कि 32 करोड़ लोगों का खाता जीरो बैलेंस पर खुला है। बैंक में 87,000 करोड़ रुपया जीरो बैंक बैलेंस एकाउंट्स में जमा हुआ है। बीपीएल परिवार के साढ़े चार करोड़ लोगों को फ्री में गैस कनैक्शन दिया गया।

अब आजादी को 70 साल हो गए हैं, बिहार, उत्तर प्रदेश में चले जाइए, आज जो जूता बनाता है उसके पैर में हवाई चप्पल नहीं है, जो कपड़ा बनाता है उसके शरीर पर कपड़ा नहीं है, जो घर बनाता है उसके पास रहने के लिए झोंपड़ी नहीं है, जो गंदगी साफ करता है वह सबसे गंदी बस्ती में रहता है, जो सबको अनाज खिलाता है उसका बेटा भूखे पेट सो जाता है। आप गांव में चले जाइए, गरीब का बच्चा दवा के बगैर मर

जाता है और दूध के लिए चिल्लाता रह जाता है। वह रात में मां से खाना मांगता है तो मां उसे थप्पड़ मार देती है। बच्चा रोते हुए सो जाता है और सुबह उठता है तो मां से पूछता है कि हमने तो रात को रोटी मांगी थी, तुमने थप्पड़ क्यों मारा? उस समय मां के पास कोई जवाब नहीं होता है। उसकी बात पूरी होनी चाहिए जो कि नहीं हो रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना, 70 साल के बाद भी लोगों के पास रहने के लिए घर नहीं है, सिर के ऊपर छत नहीं है। सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा, हम नारा सुनते थे लेकिन रहने को घर नहीं है, सारा जहां हमारा। वर्ष 2022 तक हमने टार्गेट बनाया है।

जब माननीय प्रधानमंत्री जी ने लालकिले से शौचालय की बात कही तो लोगों ने मजाक बनाया कि प्रधानमंत्री जी लालकिले से शौचालय की बात कह रहे हैं। हम गांव से आए हैं, कौन नहीं जानता है कि जब दिन में लोग गाड़ी या कार से जाते थे तो दिन में महिलाएं गायब रहती थीं और शाम को लाइन लगाकर सड़क के किनारे खड़ी हो जाती थीं। जब गाड़ी को आते देखती थीं, खड़ी हो जाती थीं और गाड़ी निकलने के बाद फिर से बैठ जाती थीं। हम रेल से जाते थे, सुबह रेल लाइन पर गरीब लोग बैठे रहते थे।

(1730/RPS/RBN)

यह हमारी प्रायरिटी होनी चाहिए। 18 हजार गांवों में बिजली नहीं थी। मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि लक्ष्य से पहले यह टारगेट पूरा हुआ। अब हमारा टारगेट है कि दिसम्बर तक हर घर में हम बिजली पहुंचाने का काम करेंगे।

नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट वर्ष 2013 में बनाया गया था, यह सोनिया जी का ड्रीम प्रोजेक्ट था, खाद्य सुरक्षा कानून था। उसमें कहा गया था कि तीन साल के अंदर उसका संशोधन होगा, लेकिन हमारी सरकार को पांच साल होने वाले हैं, हमने उसमें एक रुपये किलोग्राम मोटा अनाज, दो रुपये किलोग्राम गेहूं और तीन रुपये किलोग्राम चावल दे रहे हैं। वर्ष 2013 में जो रेट था, हम आज भी उसी रेट पर अनाज दे रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने छ: महीने पहले आदेश दिया कि वर्ष 2019 तक यही चलेगा, अर्थात उसमें छ: साल में हमने एक नया पैसा बढ़ोतरी नहीं की है। वर्ष 2014 में जहां सब्सिडी एक लाख 23 हजार करोड़ रुपये थे, वह आज बढ़कर एक लाख 40 हजार रुपये हो गई है।

हेल्थ का मामला है, क्या आयुष्मान योजना कोई मामूली चीज है? दस लाख परिवारों को, 50 करोड़ लोगों को एक साल में पांच लाख रुपये हेल्थ इंश्योरेंस के ऊपर, हेल्थ के ऊपर दिया जाएगा। इसमें मैं सरकार से एक मांग करना चाहता हूं। जब बच्चा मां के पेट में रहता है, वहीं से उसकी ग्रोथ होती है। जिस मां को अच्छा खाना नहीं मिलता है, वह बच्चा कमजोर होता है और जीवन भर कमजोर रह जाता है। अधिकांश बच्चे, 80-90 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। कुछेक चीजें जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य राज्य सरकार और केन्द्र सरकार दोनों के पास हैं। इसमें कितना पैसा

लगता है कि जब बच्चा पैदा हो, उसके पैदा होने के एक महीने के अंदर आप उसका मेडिकल टेस्ट करवा दीजिए। उसे जो बीमारी हो, उसका इलाज हो जाए और उसे एक हेल्थ कार्ड मिल जाए। खून का ग्रुप तो बदलता नहीं है। इसमें कितना खर्च लगता है?

इसी तरह से शिक्षा का मामला है। हमने बार-बार कहा है और हम लोग इस देश में नारा लगाते थे :

"राष्ट्रपति का बेटा हो या चपरासी की हो संतान।
बिरला या गरीब का बेटा, सबकी शिक्षा हो एक समान॥"

जब तक हर बच्चे को इक्वल अपॉर्चुनिटी नहीं दी जाएगी, अगर राम विलास पासवान का बेटा कार में चलेगा और हमारे सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाला बच्चा पैदल जाएगा या साइकिल से जाएगा और फिर हम दोनों की बराबर मेरिट की बात करेंगे तो यह संभव नहीं है। इन सभी चीजों के बारे में मुझे खुशी है कि हमारी सरकार बीस नए एम्स खोल रही है। आप आल इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट में चले जाइए, बिहार के कम से कम 50 से 60 प्रतिशत मरीज कार्ड बनवाने के लिए एक-एक किलोमीटर तक लाइन लगाए रहते हैं। उसे कौन देखने वाला है? मुझे खुशी है कि सरकार ने पूरे देश में बीस नए एम्स खोलने का निर्णय लिया है, जिनमें से छ: एम्स खुल भी गए हैं।

स्टैंड-अप योजना है। माननीय सदस्य ने रोजगार की बात कही है। ठीक है, बेरोजगारी की समस्या है। बेरोजगारी की समस्या को हल करना चाहिए। स्टैंड-अप योजना क्या है। हम लोग गए थे, डिक्की के लोग आए थे, दलित इंडियन चेम्बर के लोग आए थे, उसमें बैंकों को कहा गया कि हर बैंक एक दलित और एक महिला को

इंटरप्रिन्योर बनाएंगे और उनको बिजनेसमैन बनाएंगे, जिससे वह नौकरी लेने की बजाय, नौकरी देने के काबिल बन जाए।

हम लोग गांव में जाकर देखते थे कि खोमचे वाला, ठेले वाला, चाय की दुकान वाला, पान की दुकान वाला, ये सभी लोग बेचारे रोड पर रहते थे। मुद्रा योजना में क्या है? मुद्रा योजना में उसे 10 हजार रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक लोन दिया जाएगा, जो सूद फ्री होगा। आंकड़ों के मुताबिक इससे अभी तक आठ करोड़ लोगों को लाभ पहुंचाया गया है।

मैडम, जो सामाजिक न्याय का मामला है, मैं दलित परिवार से आया हूं। पिछड़ी जाति के लोग हैं, ट्राइबल लोग हैं, अल्पसंख्यक लोग हैं। दलित, आदिवासी लोगों को लेकर बार-बार इस सरकार के संबंध में सवाल उठता है और उठना भी चाहिए। हमें इस बात की खुशी है। देखिए, ये दो जेनरेशन्स हैं।

(1735/asa/ak)

दो जनरेशंस हैं। दो जनरेशन में बुनियादी फर्क है। एक राम विलास पासवान की जनरेशन है जिसने ज़ुल्म को सह लिया। दूसरी जनरेशन चिराग पासवान की है जो इज्जत के साथ जीना चाहती है। आप उसके बारे में यदि नहीं सोचेंगे तो फिर क्या होगा? लेकिन बाधा कहां आ रही है? बाधा यहां नहीं है। यह पार्लियामेंट है। पार्लियामेंट में 90 प्रतिशत लोग गांवों से आते हैं, गरीब घर से आते हैं। हम कानून बनाते हैं लेकिन यह कानून कहां जाकर अटकता है? न्यायपालिका में जाकर न्यायालय में अटक जाता है। जब तक न्यायपालिका में हमारी संख्या नही बढ़ेगी, तब तक कोई भी क्रान्तिकारी फैसला सफल होने वाला नहीं है। इसीलिए संविधान की धारा 312 के मुताबिक …(

व्यवधान) यदि हम इसे लाएंगे तो उसमें दो तिहाई बहुमत भी चाहिए। यहां सब नेता बैठे हुए हैं। आप तैयार तो होइए। जब वहां थे, तब भी हम यहीं मांग करते थे। संविधान की धारा 312 के मुताबिक जो इंडियन ज्यूडिशियल सर्विस है, उसको लाना चाहिए। हम जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट उसमें बाधा पहुंचाएगा। सुप्रीम कोर्ट नहीं चाहता है, चूंकि उनका कॉलेजियम है। हम पार्लियामेंट में बोल रहे हैं, बाहर बोलेंगे तो कंटैम्प्ट ऑफ कोर्ट भी हो जाएगा। लेकिन जो कॉलेजियम सिस्टम है, उसमें कोई पारदर्शिता नहीं है। कौन जज बनेगा, नहीं बनेगा, लेकिन आई.ए.एस. आई.पी.एस. अफसर में तो पारदर्शिता है। कोई यह नहीं कह सकता है कि दलित और पिछड़ी जाति के आई.ए.एस. अफसर, आई.पी.एस. अफसर एफिशिएंट नहीं हैं। एफिशिएंट हैं। जब वहां आई.ए.एस. और आई.पी.एस का हो सकता है तो इंडियन ज्यूडिशियल सर्विस में क्यों नहीं हो सकता? जब इंडियन ज्यूडिशियल सर्विस होगी, तब जो आप कानून बनाते हैं, वह धड़ाधड़ निकलने शुरु हो जाएंगे।

अभी हमारे सामने तीन मुद्दे हैं। एक मुद्दा यह है कि जो बाहर हंगामा हुआ, दलित एक्ट का हुआ। एससीएसटी प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट यानी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण कानून है। 1990 में हम मंत्री थे। हमने उसे बनाया था। हमने उसमें 22 क्लॉज जोड़े थे। नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली जब हमारी सरकार 2014 में आई, उसमें 25 क्लॉज और जोड़े गये और कुल मिलाकर 47 क्लॉज हो गये। कुछ लोग कोर्ट में चले गये। जब कोर्ट में गये तो कोर्ट ने कह दिया कि उसका जो मूल तत्व था, उसी को खत्म कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा? वह जो एक्ट बना था, वह संविधान की धारा 16(4) के अन्तर्गत बना था। वह स्पेशल कानून था।

सीआरपीसी से उसका कोई मतलब नहीं था। सीआरपीसी में है कि जब कोई अपराध करेगा तो उसके पहले सत्यापन होगा, तब वह गिरफ्तार होगा। इसमें कहा गया है कि नहीं, जिसके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज होगी, उसको पहले गिरफ्तार किया जाएगा, कोर्ट फैसला बाद में करेगी। जज ने क्या फैसला दे दिया, जज ने फैसला दे दिया कि नहीं, ...( व्यवधान) अरे, आप कम से कम सुनिये तो सही। जो चीज है, उसे सुनिये। जज ने फैसला दिया और जज ने कहा कि नहीं, एंटीसिपेटरी बेल कोई भी ले सकता है। 20 तारीख को जजमेंट दिया गया और 2 तारीख को हम लोगों ने उसके खिलाफ रिव्यू पैटीशन डाल दी। अभी भी रिव्यू पैटीशन पड़ी है। हम सब लोगों से कहना चाहते हैं कि लोक जन शक्ति पार्टी की तरफ से हमने भी रिव्यू पैटीशन दायर की है और मंत्री की हैसियत से भी मैं कहना चाहता हूं कि सरकार कमिटेड है। यदि कोर्ट ने कल इसमें फैसला उल्टा-सुल्टा दे दिया और कहा कि इस ओरिजिनल लॉ में हम चेंज करेंगे तो फिर हम उसके लिए आप लोगों के सामने आएंगे, चाहे ऑर्डिनेंस लेकर आना पड़े या बिल लेकर आना पड़े। लेकिन उसमें कौमा, फुलस्टॉप चेंज नहीं होगा और इसके लिए हम लोग आप लोगों से कहना चाहते हैं कि उस समय अगर-मगर नहीं होना चाहिए।

उसी तरीके से प्रमोशन में रिजर्वेशन का मामला है। प्रमोशन में रिजर्वेशन मामले का क्या हुआ? मैंने कोर्ट की बात को क्यों कहा? जो मंडल कमीशन है, 1952 में जब चौधरी साहब की सरकार थी, उस समय चौधरी साहब होम मिनिस्टर थे। जनता पार्टी की सरकार 1977 में बनी। 1978 में मंडल कमीशन लाया गया। उन्होंने 1980 में रिपोर्ट दी। वह रिपोर्ट पड़ी हुई थी। श्री वी.पी.सिंह की सरकार जब 1989 में बनी तो उसने मंडल कमीशन को लागू करने का काम किया। कुछ लोग कोर्ट में चले गये। कोर्ट ने

अपने जजमेंट में कहा कि ठीक है, पिछड़ी जाति के लिए प्रमोशन में रिजर्वेशन 27 प्रतिशत तो रहेगा, लेकिन 5 साल के बाद प्रमोशन में रिजर्वेशन खत्म हो जाएगा।

(1740/RAJ/SPR

प्रमोशन में रिजर्वेशन शेड्यूल कास्ट के लिए था, पिछड़ी जाति के लिए नहीं था, लेकिन माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मंडल कमीशन की जड़ में हथौड़ा मारने का काम किया। प्रमोशन में रिजर्वेशन खत्म हो गया। उस समय नरसिम्हा राव जी की सरकार थी, कांग्रेस की सरकार थी। हम लोग वहां मिले और पहला संविधान सशोधन आया। वर्ष1995 के संविधान संशोधन में कहा गया कि प्रमोशन में रिजर्वेशन जारी रहेगा। फिर कुछ आदमी माननीय सुप्रीम कोर्ट में चले गए तो माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रमोशन में रिजर्वेशन रहेगा, लेकिन सीनियरिटी नहीं रहेगी। फिर, अटल जी की सरकार आ गई। संविधान में फिर संशोधन हुआ कि सीनियरिटी भी रहेगी। फिर, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीनियरिटी तो रहेगी, लेकिन रिलैक्सेशन नहीं होगा। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार थी। हम सभी लोगों ने संविधान में संशोधन किया कि उसमें रिलैक्सेशन भी रहेगा। फिर कोर्ट ने कहा कि रिलैक्सेशन तो रहेगा लेकिन 50 प्रतिशत से ज्यादा रिजर्वेशन नहीं होगा। एनडीए की सरकार में तीसरी बार संविधान में संशोधन किया गया कि यह 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगा लेकिन हम स्पेशल रिक्रूटमेंट ड्राइव करके 100 प्रतिशत कर देंगे। उसके बाद नागराज माननीय सुप्रीम कोर्ट में चला गया और कहा कि जितने भी संविधान में संशोधन हुए हैं, सभी असंवैधानिक हैं। उसके बाद माननीय सुप्रीम कोर्ट में मामला पड़ा हुआ है। यूपीए के समय में संविधान संशोधन संबंधी बिल लाया गया। वह एक जगह पर पास हो गया और

दूसरी जगह पास नहीं हो पाया। उसको कुछ कारण है, उसमें हम नहीं जाना चाहते हैं कि वह पास क्यों नहीं हुआ। …(व्यवधान) उसके बाद हम लोग बैठे और एटॉर्नी जनरल से विचार-विमर्श किया। उसमें मामला यह है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यह नहीं कहा कि प्रमोशन में रिजर्वेशन सही नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रमोशन में रिजर्वेशन ठीक है लेकिन तीन शर्तें रखी। पहला शर्त यह रखा कि इसमें आपको बैकवर्डनेस दिखलाना पड़ेगा। शेड्यूल कास्ट और शेड्यूल ट्राइब के लिए बैकवर्डनेस क्या होता है, वे अनटचेबल रहे हैं। फिर कहा कि एफिशिएंसी दिखलानी पड़ेगी। क्या एफिशिएंसी दिखएंगे। कोई आईएएस और आईपीएस ऑफिसर शेड्यूल कास्ट, शेड्यूल ट्राइब और अदर बैकवर्ड क्लास से है तो क्या वे अनएफिशिएंट हैं? फिर कहा कि आपको रिप्रजेंटेशन दिखलाना पड़ेगा। रिप्रजेंटेशन कहां है? तीर-चार प्रतिशत यह क्लास वन में शेड्यूल ट्राइब का है, तीन-चार प्रतिशत शेड्यूल कास्ट और बैकवर्ड क्लासेज का है। फिर, हम लोग कोर्ट में गए और हम लोगों ने कोर्ट में जाने के बाद कहा कि आपने जो शर्त रखी है, वह गलत है, आप इसे हटाइए। कोर्ट में मामला पेंडिंग है। कोर्ट ने थोड़ा अच्छा जजमेंट दिया, उन्होंने कहा कि हम सब चीजों पर बाद में विचार करेंगे, लेकिन अभी तक जैसे चल रहा है, वैसे चलते रहना चाहिए। हमारे डीओपीटी ने सभी राज्यों को तुरंत चिट्ठी लिखी कि जैसे प्रमोशन में रिजर्वेशन चलता था, वैसे ही प्रमोशन में रिजर्वेशन जारी रखने का काम करें।

उसके बाद महिला आरक्षण का मामला है। आज से तीन दिन पहले हम ने राहुल जी का स्टेटमेंट पढ़ा था। आपने कहा था कि हम बिना शर्त महिला आरक्षण के लिए सरकार को समर्थन देने के लिए तैयार हैं। हम चाहते हैं कि आप इस संबंध में अपने

सहयोगियों से बात कर लीजिए। मुलायम सिंह जी से बात कर लीजिए, आरजेडी से बात कर लीजिए। यहां देवगौड़ा जी बैठे हुए हैं। यह वर्ष 1996 में प्रधान मंत्री थे और हम लीडर ऑफ द हाउस थे। उसके बाद चारों तरफ से हल्ला हुआ कि महिला आरक्षण बिल पास हो, महिला आरक्षण बिल पास हो। वेलफेयर डिपार्टमेंट हमारे अंडर में ही था। हम दौड़ कर उनके पास गए कि हाउस में हल्ला हो रहा है। उसके बाद यहां आए और पूछा कि brother, what is happening? हम ने कहा कि यह मामला है। इन्होंने कहा कि what do you want? Mahila Reservation Bill should be passed without discussion. सभी ने हां कहा। यह तय हो गया कि वह पास हो जाएगा। उसके बाद सेक्रेट्री जनरल ने कहा कि हमें इलेक्ट्रॉनिक मशीन टेस्ट करने दीजिए।

(1745/IND/SR)

उसके लिए आधा घंटे का समय बढ़ा दिया गया। उसी आधे घंटे में खेल खत्म हो गया और सब पार्टी के लोग मिल गए कि इसमें भी बैकवर्ड क्लास, एससी, एसटी और माइनोरिटी के लिए रिजर्वेशन होना चाहिए। उसके बाद यह मामला लटक गया। मेरा कहना है कि आप सभी पहले इस विषय पर एक मत हो जाएं। …( व्यवधान) मुलायम सिंह जी हम लोगों के नेता रहे हैं, हमारे सोशलिस्ट मूवमेंट के साथी रहे हैं। आप इनसे पूछिए कि बिना शर्त इसके लिए तैयार हैं। …( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रामविलास जी, आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

**श्री रामविलास पासवान :** मैं यही बात कह रहा हूं कि कांग्रेस पार्टी कहती है कि बिना शर्त इसका समर्थन करते हैं। क्या बिना शर्त समाजवादी पार्टी और आरजेडी इसके

लिए तैयार है? …( व्यवधान) हम इसके लिए तैयार हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी और आरजेडी से पूछो कि क्या वे इसके लिए तैयार हैं? …( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप चेयर को देखिए और आपस में चर्चा मत कीजिए। आप लोग बैठ जाएं।

…(व्यवधान)

**श्री रामविलास पासवान :** महोदया, मैं आपकी तरफ ही देखकर बोल रहा हूं, लेकिन ये लोग बीच में बोलने लग जाते हैं। मुलायम सिंह जी सदन में बैठे हैं, मुझे यह बात नहीं कहनी चाहिए कि प्रमोशन में रिजर्वेशन हो गया होता, लेकिन इनकी पार्टी के विरोध के कारण नहीं हो पाया। इनमें और सुश्री मायावती के बीच में झगड़ा हो गया। …( व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि यह अच्छी बात है कि बीएसपी और समाजवादी पार्टी एक हो गई है। जब आरक्षण और दलित एक्ट का मामला आया, तो सभी लोगों ने समर्थन किया। जब वर्ष 2007 में मायावती की सरकार बनी तथा वह पूर्ण बहुमत की सरकार थी। जो राज्यादेश 20 मई, 2007 को जारी किया, जिसे मैं पढ़कर सुनाता हूं – अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम के क्रियान्वयन में पर्याप्त सावधानी बरती जाए। इस अधिनियम का सहारा लेकर कतिपय लोग सरकार को बदनाम करेंगे। कभी-कभी दबंग व्यक्ति आपसी विद्वेश के कारण प्रतिशोध की भावना से ग्रसित हो कर अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मोहरा बनाकर गलत मुकदमा दर्ज कराते हैं। ऐसे मामलों में अविलम्ब सत्यता की पुष्टि करने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाए। …( व्यवधान)

(1750/vb/ub)

वही तो सुप्रीम कोर्ट भी कह रहा है कि पहले सत्यता की जाँच एसएसपी से कराओ। आप दोनों बातें कहते हैं। …(व्यवधान) आप मायावती जी को समझाओ। …(व्यवधान) इतना ही नहीं, और क्या कहा, सुनिए। …(व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बलात्कार के मामले में चिकित्सक परीक्षण रिपोर्ट के परिणामस्वरूप प्रथमदृष्टया अपराध की पुष्टि होने पर ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज़ किया जाए। यदि किसी एससी या एसटी महिला के साथ बलात्कार हुआ है, तो पहले उसका मेडिकल टेस्ट होना चाहिए, मायावती आंदोलन में भाग लेने वाले लड़कों को क्यों सपोर्ट करती है? वह क्यों सपोर्ट करती है? पहले तो उन्होंने वर्ष 2007 में कहा, वही बात सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब कही जा रही है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रामविलास जी, कृपया अब समाप्त करें।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** इस प्रकार से यहाँ चर्चा नहीं होती है।

…(व्यवधान)

**श्री रामविलास पासवान :** श्री मुलायम सिंह जी को सारी बात पता है, आप क्यों खड़े हो रहे हैं? आप बैठिए। …(व्यवधान) इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि नेता को दो तरह की बात नहीं बोलनी चाहिए। …(व्यवधान) भीतर में कुछ, बाहर में कुछ, सरकार बनने से पहले, सरकार बनने के बाद कुछ। हमको नहीं मालूम है, श्री मुलायम सिंह जी को मालूम है। आज सुश्री मायावती बीएसपी नेता बनती हैं। उस समय नारा लगता था-

ठाकुर-बनिया-ब्राह्मण चोर,
बाकी सब हैं डीएस-फोर,
तिलक, तराजू और तलवार
इनको मारो जूते चार।

जब ये सरकार में चले गये, तो इनका नारा बदल गया।

हाथी नहीं, गणेश है,
ब्रह्मा-विष्णु-महेश है,
ब्राह्मण शंख बजाएगा,
हाथी बढ़ता जाएगा।

देखिए, ये दो तरह की नीति नहीं चलेगी।

**माननीय अध्यक्ष :** रामविलास जी, अब समाप्त कीजिए।

**श्री रामविलास पासवान:** हमारी सरकार है, बाबा साहेब अम्बेडकर जी के लिए कांग्रेस ने क्या किया, क्या नहीं किया, उसके बारे में हम कुछ नहीं कहना चाहते हैं। लेकिन, मैं इतना जरूर कहना चाहता हूँ कि श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनी, तो हम मंत्री बने थे। संसद के सेन्ट्रल हॉल में 42 साल के बाद उनकी तस्वीर लगायी गयी, उनके जन्म दिवस पर छुट्टी की घोषणा की गयी, उनको 'भारत रत्न' दिया गया। अभी श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है। बाबा साहेब अम्बेडकर जी से संबंधित चार स्थान हैं। एक मऊ है। मऊ में उनका राष्ट्रीय स्मारक बनाया गया। …(व्यवधान) दूसरा, 26 अलीपुर रोड है, जिसे नेशनल म्यूजियम बनाया गया। तीसरा, मुम्बई में इन्दू मिल की जमीन खरीदकर वहाँ पर अंतर्राष्ट्रीय स्मारक बनाया जा रहा है। चौथा, बाबा साहेब अम्बेडकर जी लंदन में रहकर जहाँ पढ़े थे, वहाँ पर उनके मकान को खरीदा गया और उसे राष्ट्रीय

स्मारक बनाया गया। नागपुर में 'दीक्षा भूमि' है। यह 'दीक्षा भूमि' पहले से ही स्मारक के रूप में बनी हुई है। गवली साहेब वगैरह वहाँ थे। लेकिन, अब उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाया जा रहा है।

पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की बात की गयी। पिछली बार इससे संबंधित बिल लाया गया था। वह अभी नहीं आ पाया है। हम चाहते हैं कि उसको जल्दी से पास कर दिया जाए।

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका):** पहले वाला भी खत्म हो गया और इसको भी अभी नहीं लाया गया है।

**श्री रामविलास पासवान :** आप बैठिए।

इसके लिए संविधान में संशोधन होगा। अगर आप गायब हो जाएंगे, तो कैसे संविधान में संशोधन होगा? …(व्यवधान) बहुत-से पिछड़ी जाति के लोग हैं, उनमें अति पिछड़ी जाति के लोग भी हैं। कई छोटी-छोटी जातियाँ हैं- नांई, तेली, लोहार, कुम्हार, बढ़ई, मल्लाह, निषाद, बिन्द, बनिया, चौरसिया, तत्मा, ताँती, कानू, धानुक, पाल, चन्द्रवंशी आदि जातियों को भी अधिकार मिलना चाहिए।

(1755/PC/KMR)

इसके लिए हमारी सरकार ने अति पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया है। उस आयोग की रिपोर्ट आएगी और उस रिपोर्ट को भी इसमें सम्मिलित करने का काम किया जाएगा। …(व्यवधान) जो लोग हमेशा माइनोरिटी की बात बोलते हैं, उनको समझना चाहिए कि जो मंडल कमीशन है, उसमें 80 परसेंट मुसलमान हैं। उसमें एक-दो नहीं, बल्कि 80 परसेंट मुसलमान हैं। इसी तरह मैं यह कहना चाहता हूँ कि हमारी लोक जन शक्ति

पार्टी है। हम क्या बोलते हैं या अन्य क्या बोलता है, उसके बजाए सब से बड़ी बात है कि सरकार क्या बोलती है। …(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए। क्या नरेन्द्र मोदी जी ने कभी कहा कि राम जन्म भूमि में राम मंदिर बनना चाहिए या बाबरी मस्ज़िद बननी चाहिए? उन्होंने कहा कि जो कोर्ट का फैसला है, उसे होने दो। अनुच्छेद 370 है, कॉमन सिविल कोड है। यह सरकार भारत की सरकार है। आपको याद होगा जब मोदी जी यहाँ प्रधान मंत्री के रूप में आए थे और जब वे यहाँ पार्लियामेंट में घुस रहे थे, तब उन्होंने झुक कर प्रणाम किया था। हम न हिंदू हैं, न मुसलमान हैं, हमारा धर्म भारत का संविधान है। …(व्यवधान) मैं आप से कहना चाहता हूँ कि जिस दिन हमारे जैसे लोग यह समझेंगे कि सरकार संविधान के मुताबिक काम नहीं कर रही है, तो हम लोग भी आंदोलन करेंगे। …(व्यवधान) आप ही अकेले आंदोलन थोड़े न करेंगे, लेकिन यह सरकार संविधान के मुताबिक काम कर रही है। …(व्यवधान) आप लोग क्यों हल्ला कर रहे हैं? …(व्यवधान) आप मुझे आज तक प्रधान मंत्री जी या एन.डी.ए. की इस सरकार का कोई काम बतलाइए, जो माइनॉरिटी के हित के खिलाफ हो? …(व्यवधान) इसलिए मैं काँग्रेस पार्टी और राहुल जी से कहना चाहूँगा कि आप काम कीजिए, मेहनत कीजिए, मेहनत करनी चाहिए, लेकिन उसके साथ-साथ चिंतन भी करना चाहिए। जैसे अँग्रेजों का सूर्यास्त नहीं होता था, वैसे ही आपका भी सूर्यास्त नहीं होता था। हर राज्य में आपकी सरकार थी, केंद्र में आपकी सरकार थी। आज क्या कारण है कि सिर्फ पॉन्डिचेरी, मिज़ोरम और पंजाब में ही आपकी सरकार रह गई है? …(व्यवधान) लोग इतने मूर्ख नहीं हैं। …(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए …(व्यवधान) इमरजेंसी में तो बहुत असत्य बोला गया था, उस पर लोगों ने कहां विश्वास किया? इसलिए मैं आपसे

कहना चाहूंगा कि आप मेहनत कीजिए, मेहनत करनी चाहिए। अध्यक्षा जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि जहाँ तक वर्ष 2019 तक का मामला है, तो वर्ष 2019 में प्रधान मंत्री की कोई वेकेंसी नहीं है …(व्यवधान) बिना मतलब ये लोग प्रयास न करें और वर्ष 2024 को देखें। यहाँ मैं समाप्त करता हूँ, बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** मल्लिकार्जुन खड़गे जी।

1759 बजे

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** धन्यवाद अध्यक्षा जी, मैं लोक सभा के नियम 198 के मुताबिक लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में यहां बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। संविधान के अनुच्छेद-75 के सब-क्लॉज़-3 में स्पष्ट कहा गया है कि मंत्री परिषद लोक सभा के प्रति जवाबदेह हो। आज हमने यहां बहुत से भाषण सुने हैं। होम मिनिस्टर साहब, पासवान साहब एवं अन्य मंत्रीगण ने इसमें हिस्सा लिया।

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आपके भाषण का फ्लो न टूटे, जबकि अभी एक मिनट है, इसलिए मैं अभी प्रस्ताव रखती हूँ, क्योंकि एक मिनट में तो आपका भाषण पूरा नहीं होगा। हम सात बजे तक सदन को बढ़ाते हैं, क्योंकि यह सब पूरा करना है। उसके बाद आप सब की सहमति से आगे देख लेंगे।

(1800/MM/GM)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** महोदया, मैंने दोनों नेताओं का भाषण भी सुना और दूसरे सदस्यों का भी सुना। मैंने यह समझने की कोशिश की कि इन 4 साल 3 महीनों में इन्होंने क्या हासिल किया, लोगों को क्या उपलब्धियां इन्होंने दी हैं, पिछली सरकार से वे किन-किन कार्यक्रमों में आगे हैं, यह सब वह यहां बताने की कोशिश करेंगे, ऐसी मेरी उनसे आशा थी। लेकिन राजनाथ सिंह जी ने हमें देश का इतिहास पढ़ाया। उन्होंने कल्याण का जिक्र किया, संत बसवेश्वर जी के नाम का भी जिक्र किया और अनुभव मंडप के बारे में भी बताया तो हमारे दोस्त मेजें थपथपा रहे थे। अनुभव मंडप के बारे में कर्नाटक के हर व्यक्ति को पता है और हमें ही उसके बारे में पाठ पढ़ा रहे थे। उसके अध्यक्ष श्री अल्लम प्रभु पिछड़े समाज से थे। वे डेमोक्रेटिक

तरीके से निर्णय लिया करते थे। महात्मा गौतम बुद्ध के संघ लिच्छवी और दूसरे छोटे-छोटे संघ में जो निर्णय होते थे, उसका पूरा अनुष्ठान होता था। यह कोई नई बात नहीं है। आप हमें पढ़ा रहे हैं और कह रहे हैं कि इतिहास को देख लीजिए। आप इन बातों को यहां कह कर अपनी स्मृति को मत बढ़ाइए। आपको यहां यह बताना चाहिए कि आपने इन 4 साल 4 महीनों में क्या किया? इसका ज्यादा महत्व है। यहां अपने भाषण में रामायण और महाभारत तक भी गए, लेकिन उनको शम्भू याद नहीं आया, एकलव्य याद नहीं आया, सिर्फ राम, कृष्ण और महाभारत के भीम और अर्जुन याद आए।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बीच में टोका-टोकी मत कीजिए। हर किसी को अपनी बात रखने का हक है। इसमें समय बर्बाद होता है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैं यह पूछ रहा हूं कि आप लोगों को उनकी याद क्यों नहीं आती है? आप राम जप करते हैं, लेकिन आपके मुख में राम और बगल में छुरी है। आप उस बात को छोड़िए। कोई भी बात सत्य से दूर नहीं कहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस देश में 18 हजार गांवों के पास बिजली कनेक्शन नहीं था। ठीक है, मानेंगे। लेकिन क्या पिछले 70 साल में इलेक्ट्रिसिटी का प्रोडक्शन नहीं हुआ था? भाखड़ा-नांगल से बिजली का उत्पादन नहीं हुआ? इस तरह की कई चीजें हैं। इस देश में 6 लाख 23 हजार गांव हैं। इनमें से 6 लाख 10 हजार गावों को बिजली कनेक्शन किसने दिया? क्या कांग्रेस ने दिया या मोदी जी ने दिया? 4 साल में आप 18 हजार गांवों को कनेक्शन देते हैं, लेकिन हम 6 लाख से ज्यादा गांवों को बिजली कनेक्शन देते हैं। क्या यह देश के लिए उपलब्धि नहीं है? क्या 70 साल में काम नहीं

हुआ? यह भी कहा कि डेमोक्रेसी की ठेकेदार केवल कांग्रेस पार्टी है। कर्नाटक के किसी नेता ने मेरा नाम नहीं लिया, लेकिन ऐसा कहा।

(1805/BKS/RSG)

डेमोक्रेसी की वजह से जो डेमोक्रेसी कांग्रेस पार्टी ने बचाई, इसीलिए आज मोदी जी प्रधान मंत्री बने, यह उन्होंने कहा। …(व्यवधान) होम मिनिस्टर ही कहा, लेकिन होम मिनिस्टर को मैं बताना चाहता हूं, यह सच है, आप मानिए। अगर हम आपके जैसा चलते तो डेमोक्रेसी खत्म हो जाती। आप आज जिस तरीके से चल रहे हैं, आज जिस रास्ते पर आप चल रहे हैं, सारे समाज को तोड़ने को जो कोशिश कर रहे हैं और फ्रीडम ऑफ स्पीच के ऊपर जो आप हाथ डाल रहे हैं और हर एक को असमानता के तत्वों में ढकेलने की जो कोशिश हो रही है, इनइक्वेलिटी की तरफ लोगों को ढकेलने की जो आपकी कोशिश है, वह इस देश में डेमोक्रेसी नहीं बचा पाएगी। इसीलिए डेमोक्रेसी को बचाने के लिए कांग्रेस ने कोशिश की, यह आपको एप्रिशिएट करना पड़ेगा। जैसे कदम आप उठा रहे हो, आज मैं खासकर यह भी कहूंगा कि बीजेपी औ… *(Not recorded)* किन तत्वों पर आप विश्वास रखते हैं, यह आप मुझे बताइये। …(व्यवधान) पासवान जी की भी मैं इज्जत करता हूं, वह सीनियर हैं…(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** …*(Not recorded)* का नाम क्यों ले रहे हैं?

**माननीय अध्यक्ष:** मैंने बोला हुआ है, यह अंडरस्टुड है, बार-बार बोलने की जरूरत नहीं है कि नाम मत लीजिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** वे आपके गुरु हैं।

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** आप *…(Not recorded)* का नाम क्यों ले रहे हैं?

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** क्यों नहीं लेंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिये, मैंने आलरेडी बोला हुआ है कि ये सब नाम रिकार्ड पर नहीं जायेंगे।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** देखिए, क्योंकि उनके तत्वों पर आपका विश्वास है। शुरू-शुरू में जब यहां भाषण होते थे, पहली बार जब आपकी सरकार बनी, हर मिनिस्टर, हर एम.पी. यह कहता था कि मैं *…(Not recorded)* का स्वयंसेवक हूं। …(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** हां हैं।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** इसीलिए मैं कह रहा हूं कि *…(Not recorded)* में जो भर्ती हो गए थे, आप लोगों की सरकार का यह उसूल डा. बाबासाहेब अम्बेडकर के विचारों के खिलाफ है, यह बुद्ध के खिलाफ है। राजनाथ साहब, आप सुनिये, यह *…(Not recorded)* के तत्व के खिलाफ है और *…(Not recorded)* के साथ आप आरएसएस के उसूल को कम्पेयर करते हो।

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** मैडम, यह *…(Not recorded)* पर डिस्कशन हो रहा है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह डिस्कशन पूरा करना है या नहीं, हर बात पर टोका-टोकी मत कीजिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** जब आपकी पोल खुलती है तो आप उछलते हैं। मैं इसलिए कह रहा हूं कि इतिहास का पाठ मत पढ़ाइये। जब आप असत्य बात कहते हैं तो उसके बारे में हमने समझाना है।

इसके अलावा मुझे यहां बार-बार यह कहा गया कि यहां अपोजीशन पार्टी कोऑपरेट नहीं करती और अपोजीशन पार्टी डेमोक्रेसी में मदद नहीं करती, डेमोक्रेसी के तत्वों को ऊपर उठने में मदद नहीं करती। आप लोकपाल एक्ट लाए, लेकिन उसमें एक छोटा सा अमेंडमेंट आप नहीं कर पाए। एक-दो साल में छः से लेकर बारह आर्डिनेंस अब तक आए हैं, लेकिन लोकपाल एक्ट में अपोजीशन पार्टी के लीडर हो या लार्जेस्ट पार्टी को मैम्बर बनाने का एक अमेंडमैंट आज तक नहीं लाए, फिर आपको डेमोक्रेसी के बारे में बात करने का क्या अधिकार है। मैं लार्जेस्ट सिंगल पार्टी का मैम्बर हूं, यदि सीबीआई को हो तो वह सीबीआई में मैम्बर बनकर बैठता है, विजिलेंस कमेटी में बैठता है। वहां पर सर्कुलर में अमेंडमैंट किया गया है, वहां पर नया जी.ओ. निकाला गया है, लेकिन यहां पर क्या किया? आधे घंटे के अंदर आप उसे अमेंड कर सकते थे, लेकिन आपने नहीं किया।

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** आपको बुलाया था।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** स्पेशल इनवाइटी बोलकर बुलायें तो क्या आप आ जाएंगे? कल मैं आपको कहीं भी स्पेशल इनवाइटी के रूप में बुलाऊं तो क्या आप आएंगे? क्या आप कहीं भी चले जाते हैं? आप उसूल की बात करो। मैडम, आपमें दया बहुत है।

(1810/RK/GG)

इनको दया बहुत है।

मैडम, दूसरी बात यह है कि लोक सभा के पहले स्पीकर माननीय मावलंकर जी थे, उनकी बात हमेशा आती है। उन्होंने ही एक प्रिसिडेंस डाला है कि चुने हुए सदस्यों में से 10 प्रतिशत की मैजोरिटी नेता विपक्ष के लिए होनी चाहिए। लेकिन यह आपके और सरकार के हाथ में है कि इसको बदल सकते हैं। यह तो संविधान नहीं है न? यह तो बिज़नस ट्रांस्ज़ैक्शन रूल्स हैं। उसमें मुझे जगह देने के लिए आपके हृदय में जगह नहीं है। आप बातें तो बड़ी-बड़ी बातें करते हो, प्रजातंत्र की बातें करते हो, ये सब चीज़ें आप कर रहे हैं।

मैडम, यह अविश्वास प्रस्ताव क्यों आया, उसके लिए इतने विषय हमारे पास हैं। खास कर इस सरकार में उनका इम्पिलिमेंटेशन नहीं हो रहा है। टीडीपी के सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव यहां पर रखा है, हमने भी रखा है, लैफ्ट पार्टीज़ ने भी रखा है और दूसरी सभी पार्टियों ने रखा है। उस पर बहस करने के लिए आपने अनुमति दी है। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। पहली बार सबसे ज्यादा वक्त हर सदस्य को मिल रहा है, नहीं तो हमेशा टाइम कट हो जाता था, लेकिन इस बार आपने ज्यादा समय दिया है, इसलिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** तीन-चार साल में कम से कम कभी तो मुझे धन्यवाद मिला।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** मैडम, अब जो यह आंध्र प्रदेश की समस्या है, उसको सुलझाने के लिए पिछली यूपीए सरकार ने एक एक्ट पास किया था। उस एक्ट के तहत निर्णय कर के कम से कम पांच विषय पर सहमति बनी थी। वे पांच विषय ये हैं कि:-

1. Special Category Status to Andhra Pradesh for five years.
2. Fiscal measures and tax incentives as has been given to Himachal Pradesh.
3. Special Development Package for Backward Regions of Andhra Pradesh, Rayalaseema and North Coast on the lines of Koraput, Balangir, Kalahandi Special Plan and Bundelkhand Special Package.
4. Transfer of seven Mandals of Polavaram Project region to Andhra Pradesh for smooth and full rehabilitation and resettlement.
5. To augment and compensate the revenues lost to the State of Andhra Pradesh as they will be deprived of revenues of Hyderabad.

इसके समर्थन में तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री मनमोहन सिंह जी ने राज्य सभा में 20 फरवरी, 2014 को अपने भाषण में कहा था कि :-

> "First, for the purpose of Central assistance, Special Category Status will be extended to the successor State of Andhra Pradesh comprising 13 districts, including the four districts of Rayalaseema and three districts of North Coastal Andhra for a period of five years. This will put the State's finances on a firmer footing."

यह वादा उन्होंने किया था। लेकिन वे वादा नहीं निभा सके, इसलिए जब यह समस्या फिर से उठी और जो ये पांच बिंदु लागू नहीं हुए थे, तो उस वक्त फिर राज्य सभा में मनमोहन सिंह जी ने उसी बात को दोहराते हुए, 05 अगस्त, 2016 को कहा था कि:-

(1815/CS/PS)

On 5th August, 2016, the former Prime Minister, Shri Manmohan Singh in Rajya Sabha said

> "I as then Prime Minister made six promises on the floor of this august House. The then Leader of the Opposition and now the Leader of the House, Shri Arun Jaitley, satisfied with these promises, withdrew all amendments he had proposed. Sir, in light of these promises, I urge the Union Government to implement and thereby protect the honour of the august House."

यह उन्होंने कहा था। मैं अपने दोस्तों से कहता हूँ कि हम आपके साथ हैं। पिछली बार आप हमेशा यहाँ आते थे और उनकी बात सुनकर गड़बड़ कर देते थे। ऐसा हमेशा होता था।

**माननीय अध्यक्ष :** आप उन्हें भड़का रहे हैं।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** पिछली बार ऐसा ही होता था। सरकार वाले उस समय उनको उठाते थे और सरकार नहीं चाहती थी कि इस पर डिस्कशन हो। सरकार नहीं चाहती थी कि उनको यह हक मिले। यह सरकार इन्स्टिगेट करने में एक्स्पर्ट है और इन्स्टिगेट करते-करते सबको तोड़ रहे हैं। किसी को बाहर भेज रहे हैं। अभी थोड़े लोगों को बाहर भेज दिया है। किसी से बोला कि तुम अनुपस्थित रहो। किसी से बोला कि तुम गड़बड़ करते रहो, हम देखते रहेंगे। ये सारी चीजें करते हैं। अगर डिवाइड एंड रूल पॉलिसी किसी के पास है तो वह बीजेपी सरकार के पास है और मोदी जी के पास है। मैं आन्ध्र प्रदेश के लोगों के साथ हूँ, मेरी पूरी पार्टी उनके साथ है। आन्ध्र प्रदेश के लोगों की हिफाजत के लिए हमारी पार्टी हर संभव कोशिश करेगी। हमारी यह बात पार्टी के लिए नहीं है। आन्ध्र प्रदेश के लोगों के हित में हमने यह कदम उठाया है। उनका संख्या बल न रहते हुए भी हमारे सभी 48 मेंबर्स, टीएमसी के मेंबर्स, सीपीएम, सीपीआई, आरएसपी, मुस्लिम लीग के मेंबर्स ने मिलकर उनको सपोर्ट किया है। यह काम हमने वहाँ की जनता के हित में किया है। मैं आपको भी धन्यवाद देता हूँ, क्योंकि इस प्वाइंट को मुझे रखना था। अब मैं तीसरी बात करता हूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** अब आपकी बात हो गई है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैडम, अभी तो मेरे पास बीस पेज हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, इतना समय नहीं है। इसमें तो बहुत ज्यादा समय लग जायेगा।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैडम, मुझे बोलने दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** इतना समय नहीं है।

…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बीच में बोलेंगे तो वे डिस्टर्ब हो जायेंगे। हम दोनों बात कर रहे हैं, वहाँ तक ठीक है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैं यह याद दिलाना चाहता हूँ कि वर्ष 2014 के चुनाव में मोदी जी ने कहा कि यदि मोदी सरकार सत्ता में आयेगी तो किसानों को एम.एस. स्वामीनाथन की सिफारिश के हिसाब से कॉस्ट प्लस 50 प्रतिशत की एमएसपी देंगे। इसके बाद एक और झांसा दिया कि वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी। मंत्री जी, आपने भी इसका जिक्र किया है। आपने दिया क्या, एमएसपी खरीफ क्रॉप्स के लिए, स्वामीनाथन जी ने उस वक्त तो यह कहा था, मैं आपकी सूचना के लिए सिर्फ दो-तीन आइटम्स को ही पढ़ता हूँ। नॉलेज के लिए नहीं बताता हूँ, क्योंकि आपको बहुत नॉलेज है। आपने इतिहास से लेकर साइंस और साइंस से लेकर सारी चीजें हमें बताई हैं, हमें अवगत कराया है। पैडी का cost price production per quintal 1,484 रुपये है and cost+50 per cent as per CACP recommendations is 2,226. आपने 1,750 रुपये दिया है तो Rs. 476 less and you are claiming कि इस तरह से किसानों को किसी भी सरकार ने नहीं दिया है। यह सिर्फ हमने किया है। मैं हर आइटम को पढ़ सकता हूँ। ज्वार, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, ग्राउंडनट, सनफ्लॉवर, सोयाबीन, कॉटन आदि सभी का इसी तरह से है। आप इन सभी को देख लीजिए कि सभी में कितना अंतर

है? इसके साथ-साथ मैं आपको और कुछ भी याद दिलाता हूँ। आपने कहा है कि पिछली सरकार ने कुछ नहीं किया है।

(1820/RV/RC)

मैडम, उसके बारे में मैं बताना चाहता हूं कि जब वर्ष 2010-11 में पैडी का एम.एस.पी. एक हजार रुपये था तो यूपीए सरकार ने वर्ष 2012-13 में उसे बढ़ाकर 1,250 रुपये कर दिया था। उसके बाद ज्वार, बाजरा हर चीज की एम.एस.पी. बढ़ाई गई थी। किसी की एम.एस.पी. दस रुपये ज्यादा बढ़ाई गई, किसी की कम बढ़ाई गई। पिछले जमाने में उड़द दाल की एम.एस.पी. कभी भी ज्यादा नहीं बढ़ती थी, हमेशा मूंग और दूसरी चीजों की बढ़ती थी। इसके बारे में मैं एग्रीकल्चर मिनिस्टर के पास जाकर कहा। मूंग एक शॉर्ट-टर्म क्रॉप है। वह 100 दिनों में होता है। लेकिन, तूर दाल लौंग-टर्म क्रॉप है। कई जगहों पर उसमें पाँच से छ: महीने लगते हैं। मैंने उनसे पूछा कि आप मूंग की एम.एस.पी. ज्यादा दे रहे हैं तो पहली बार यूपीए सरकार ने उसमें 150 रुपये की बढ़ोतरी की। आप वह नहीं बोलते हैं। आप सिर्फ अपनी बातों को जोर से बोलते हैं। चूंकि आज मीडिया आपके फेवर में है या आपकी बातों को ज्यादा महत्व देती है और कॉरपोरेट आपके साथ हैं। उन्हें एडवर्टीजमेंट मिलता है तो हर जगह वे 'मोदी, मोदी, मोदी' बोलते रहते हैं।...(व्यवधान)

यह तो आपकी एम.एस.पी. की पोल है। इसे खोल कर देखिए तो आपको इसके बारे में मालूम होगा।

किसानों की आत्महत्या की बात है तो मैं एक आंकड़ा देता हूं। एक आंकड़े के अनुसार देश में हमारे किसानों द्वारा हर रोज लगभग तीन आत्महत्याएं होती हैं।…(व्यवधान)

मैडम, अतारांकित प्रश्न सं. 4111, दिनांक 28 मार्च, 2018, के उत्तर में यह बताया गया था कि वर्ष 2014-15 में 12,360 किसानों की आत्महत्या हुई, वर्ष 2015-16 में 12,602, वर्ष 2016-17 में 11,458 और वर्ष 2017-18 में 14,000 से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या की। मैं इस विषय के बारे में इसलिए बता रहा हूं कि एक तरफ तो आत्महत्याएं बढ़ रही हैं और दूसरी तरफ आप कह रहे हैं कि हमने किसानों के लिए बहुत कुछ किया है। अगर आप किसानों के लिए बहुत कुछ करते, आप उन्हें रिलीफ देते तो यह नहीं होता। आपने एम.एस.पी. को अब बढ़ाया है क्योंकि चुनाव होने में सात महीने हैं। अब जबकि सात महीने बाद चुनाव हो रहे हैं तो आपने जनता के पास जाने के लिए एक रास्ता ढूंढ़ा। उस एम.एस.पी. को थोड़ा-सा बढ़ाकर आप उसे इतना महत्व दे रहे हैं।

किसान किसी एक पार्टी का नहीं होता। आपको बहुत-से किसानों ने भी वोट दिया है, लेकिन आपने उनकी बात कभी नहीं की। आज तक अगर आप किसी की बात करते रहे तो आप अडानी और अम्बानी की बात करते रहे, लेकिन किसानों की बात नहीं की।…(व्यवधान)

इस संदर्भ में मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि एक आँसू भी हुकूमत के लिए खतरा है। आज जो किसान आँसू बहा रहे हैं, वे आत्महत्या कर रहे हैं, वे मर रहे हैं। तुमने देखा नहीं आँखों का समन्दर होना।…(व्यवधान)

(1825/MY/RU)

**माननीय अध्यक्ष:** अब हो गया। आधे घंटे का समय समाप्त हो गया।

…( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** सरकार को … *(Not recorded)*…( व्यवधान) यह टेलिफोन में रिकॉर्ड है।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** ऐसा नहीं चलेगा। यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। बाहर जैसा भी चलता रहे, लेकिन यहाँ सदन में ऐसा नहीं चलेगा।

…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** अब अपनी बात समाप्त कीजिए। मैंने आपको काफी समय दिया। श्री खड़गे जी, बस हो गया। अब आधे घंटे हो गया। अब आपके मुद्दे समाप्त हो गए।

…( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** यह देखिए, इसकी टेलिफोन रिकॉर्डिंग है। …( व्यवधान) सरकार को गिराने के लिए ऐसा किया गया।…( व्यवधान) फसल बीमा योजना की बहुत तारीफ हुई है।

**माननीय अध्यक्ष:** अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए, नहीं तो मुझे अगला नाम लेना पड़ेगा।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** वर्ष 2016-17 में रबी फसल के दौरान 20478 करोड़ रुपये का प्रीमियम जमा हुआ और किसानों को 5650 करोड़ रुपये मिला। प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों के जेब में 14828 करोड़ रुपये गया और आप किसानों की बात करते हैं। …( व्यवधान) मैंने आपके निर्देश के अनुसार 'दिशा' मीटिंग रिव्यू

किया। मेरे कर्नाटक में ही किसानों का जो प्रीमियम जमा हुआ है, वह 8 करोड़ 33 लाख रुपये है और किसानों को 3 लाख 35 हजार करोड़ रुपये मिला है। …( व्यवधान) फिर भी आप किसानों की भलाई के लिए सोचते हैं तो मैं कुछ नहीं कह सकता हूँ।

**माननीय अध्यक्ष:** अब आप समाप्त कीजिए, मैं दूसरा नाम ले रही हूँ। आपको आधे घंटे का समय दिया गया है।

…( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** महोदया, अभी मुझे बोलने के लिए और आधे घंटे का समय दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष:** नहीं-नहीं, आधे घंटे नहीं मिलेगा। अभी आपके पास इतना समय ही नहीं है। खड़गे जी, आप फिर खड़े हो गए हैं। मैंने बहुत ज्यादा समय दिया है। उन्होंने खुद कुबूल किया है। अब आप कुछ मत बोलिए। अपनी बात समाप्त कीजिए। खड़गे जी, आप ऐसा मत कीजिए।

…( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** महोदया, मैं तो फैक्ट्स रख रहा हूँ…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मुझे मालूम है।

…( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** महोदया, स्टार्ड और अन-स्टार्ड क्वेश्चन में जो फैक्ट्स आए हैं, वही दे रहा हूँ।

**माननीय अध्यक्ष:** ठीक साढ़े छह बजे मैं दूसरा नाम ले लूँगी।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** महोदया, मैं इधर-उधर की बात तो नहीं कर रहा हूँ।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** फिर भी समापन करना पड़ेगा। आपके जो महत्वूपर्ण मुद्दे हैं, उनके बारे में बोलिए, क्योंकि आपके पास समय कम है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** मैडम, ठीक है। मैं एक-एक बात बोलते जा रहा हूँ, आप सुनते जाइए।…( व्यवधान) मुझे इस सरकार में विश्वास नहीं है, यह क्यों कह रहा हूँ क्योंकि उनके ही एक केन्द्रीय मंत्री ने क्या कहा है- उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान बदलने के लिए सत्ता में आई है।…( व्यवधान) लोग धर्मनिरपेक्ष शब्द से इसलिए सहमत हैं, क्योंकि यह संविधान में लिखा है। उन्होंने कहा कि इसे बहुत पहले ही बदल दिया जाना चाहिए था।…( व्यवधान) अब हम इसे बदलने जा रहे हैं। आप लोग इसे चेक-अप कर लीजिए। अगर यह इस तरह की बात कहते हैं तो क्या हम इस सरकार में विश्वास रखें?

**माननीय अध्यक्ष:** ऐसा कैसे हो सकता है।

…( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** आप मेरे ऊपर प्रिविलेज़ लाइए।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैं आपके ऊपर प्रिविलेज़ क्यों लाऊ?

…( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** यह बहुत सत्य है।

दूसरी चीज, ... *(Not recorded)*...ने कहा है, उनका कहना है।...( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** उनका नाम नहीं लेंगे। उनका नाम रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

...( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** ... *(Not recorded)*... के मुख्य ने यह कहा कि 'Addressing the concluding ceremony of the silver jubilee celebrations of the Akhil Bharatiya Adhivakta (Advocates) Parishad in Hyderabad, ... *(Not recorded)*... said though the new Constitution was drafted after Independence, some old laws were taken from foreign sources.' यह उनका कहना है। संविधान को बदलने की इनकी नीयत है और आगे उन्होंने कहा है कि "Our Constitution was written based on the understanding of the 'Bharatiya' ethos" ...( व्यवधान) मैं अपनी बात रख रहा हूँ।

**माननीय अध्यक्ष:** आपके पाइंट्स तो सौ होंगे, लेकिन आपको समय पर कनक्लूड करना पड़ेगा। खड़गे जी, मैं आपसे रिक्वेस्ट कर रही हूँ। अब आधे घंटे से ज्यादा समय हो गया है।

...( व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** मैं ... *(Not recorded)*... तो नहीं बोल रहा हूँ।...( व्यवधान)

(1830/CP/KSP)

**माननीय अध्यक्ष :** सच ... *(Not recorded)* का सवाल नहीं है। सवाल समय का है। आपके पास समय इतना नहीं है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज कनक्लूड, नहीं तो मैं दूसरा नाम ले लूंगी।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** दो मिनट दे दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठिए।

...(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** मैडम, मेरे प्वाइंट ऑफ आर्डर को सुन लीजिए। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको आखिरी का पढ़ना है।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** मैडम स्पीकर, आज जनता यह जानना चाहती है कि 80 लाख करोड़ का काला धन विदेश से वापस कब आएगा?...(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** मैडम, प्वाइंट ऑफ आर्डर सुन लीजिए।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या प्वाइंट ऑफ आर्डर है?

...(व्यवधान)

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा):** मैडम, 356, आप इसे एक बार सुन तो लीजिए। ये बार-बार ... *(Not recorded)* का नाम ले रहे हैं, बार-बार मंत्री का नाम ले रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने कहा है कि न ... *(Not recorded)* का नाम जाएगा और न किसी का नाम जाएगा। बार-बार बोला है और बोल भी रही हूं। मैंने अभी बोला है।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** अरे, माफी भी मांगी है इस हाउस में, आप बैठिए।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आप समापन करिए, नहीं तो मैं दूसरा नाम ले लूंगी। प्लीज, मैं प्लीज बोल रही हूं, फिर घंटी बजाकर नाम ले लूंगी।

...(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा):** इस देश की जनता यह जानना चाहती है कि 80 लाख करोड़ का काला धन विदेश से वापस कब आएगा? 15-15 लाख रुपये खातों में कब जमा किए जाएंगे? ...(व्यवधान) सालाना दो करोड़ रोजगार कब मिलेंगे? डीजल और पेट्रोल के दाम कब होंगे? किसान को न्याय कब मिलेगा? दलित पर अत्याचार कब थमेगा? ...(व्यवधान) नारी पर वार कब रुकेगा? ...(व्यवधान) बैंक का पैसा लेकर भागने वाले को कब बंद करेंगे? ...(व्यवधान) एससी, एसटी प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट कब मजबूत बनेगा? ...(व्यवधान) बैंक का पैसा लेकर भागने वाले कब वापस आएंगे? ...(व्यवधान) एससी, एसटी रिजर्वेशन इन प्रमोशन एक्ट कब मिलेगा? ...(व्यवधान) विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों में एससी, एसटी और

ओबीसी को आरक्षण कब मिलेगा? …(व्यवधान) सीमा पर प्रहार कब रुकेगा? …(व्यवधान) अच्छे दिन कब आएंगे? …(व्यवधान) अब लगता है कि अच्छे दिन तब आएंगे, जब मोदी जी सत्ता से जाएंगे।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी बात हो गई।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपसे दस बार रिक्वैस्ट की थी। आप अब कुछ मत बोलिए। स्पीकर का कोई मतलब ही नहीं है। मैंने बोला था कि मैं अगले वक्ता का नाम ले रही हूं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह क्या होता है? आप बात को मानेंगे ही नहीं?

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपका कंप्लीट हो गया है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपको बहुत समय दिया।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक मिनट। खड़गे जी, ऐसा नहीं होता है। कोई भी रिक्वैस्ट नहीं करे। आपने शुरू किया, आपको आधा घंटा दिया। फिर मैं आपसे बार-बार रिक्वैस्ट

कर रही हूं कि अब कंक्लूड करिए। आपका समय था भी नहीं, फिर भी समय दे रही हूं।

(1835/SRG/NK)

ऐसा नहीं होता है, आपने अपनी मांगें पूरी की तभी मैंने दूसरा नाम लिया था, ऐसा बार-बार नहीं होता है। अगर वाक्य बोलना हो तो ही एलाऊ करूंगी, नहीं तो नहीं। I will allow only one sentence. That's all. Yes Kharge ji.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** अध्यक्ष महोदया, मैं अंत में यही कहना चाहता हूं कि सरकार ने चुनाव जीतने के लिए देशवासियों को केवल मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखा कर देशवासियों के साथ धोखा किया है। वर्तमान सरकार को जनता का भरोसा हासिल नहीं है। मैं आपके माध्यम से देशवासियों से यही कहना चाहता हूं

"ये काफिले वालों तुम इतना भी नहीं समझे,
लूटा है तुम्हें रहजनों ने, रहबर के इशारों पर"

इसीलिए इन पर विश्वास नहीं है। आप मंजूर कीजिए, मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

(इति)

1836 hours

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU (VISAKHAPATNAM): Thank you Madam for giving me this opportunity. I rise to oppose the No Confidence Motion against Narendra Modi Government. … (*Interruptions*). Today I was really amused to see Telugu Desam Party joining hands with Congress. … (*Interruptions*). Telugu Desam Party was founded by the late Shri N.T. Rama Rao to oppose Congress politics. … (*Interruptions*). He fought against Congress. He put the Telugu Desam Party against Congress throughout his life. Now, today you have joined hands with Congress. … (*Interruptions*). You have a right to join. You have a right to choose your line. … (*Interruptions*). You can do politics on your own. There is no problem at all. … (*Interruptions*).

HON. SPEAKER: Hari Babu ji, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU (VISAKHAPATNAM): … (*Interruptions*) But Shri N.T. Ram Rao's soul will be affected by what you are doing now in the House today. … (*Interruptions*). I really saw Telugu Desam Party's leader going to the Congress leaders to have Floor coordination. … (*Interruptions*). I really have

seen that. … (*Interruptions*). I think, after so many years of politics, Telugu Desam Party taking a stand today is not really good for the State of Andhra Pradesh. … (*Interruptions*).

HON. SPEAKER: Hari Babu, please address the Chair.

… (*Interruptions*)

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU (VISAKHAPATNAM): … (*Interruptions*) Congress Party leaders shed the crocodile tears on Andhra Pradesh.… (*Interruptions*). Madam, when the Act was prepared, when the Act was passed in the Parliament – Lok Sabha and Rajya Sabha – in Rajya Sabha, BJP leaders Shri Venkaiah Naidu and Arjun Jaitley Ji stood for the welfare/development of divided Andhra Pradesh.… (*Interruptions*). Kharge Ji read out the Manmohan Ji's statement and he is very much interested to extend special category status to the State of Andhra Pradesh … (*Interruptions*). If they were really interested, if they were really sincere, I am asking one question – why had you not included special category status in the Act itself? Why had you not done it? … (*Interruptions*). Why have you not done that? … (*Interruptions*). At that time, where were you? … (*Interruptions*). At that time, when the Bifurcation Act was being passed, Telugu Desam Party did not

ask what they want for the divided Andhra Pradesh. They were shouting justice for Andhra Pradesh. … (*Interruptions*). They were shouting equal justice. … (*Interruptions*). They have given letter for the division of Telangana and Andhra. At the same time, they criticized the division. … (*Interruptions*). I proudly say today Madam, I believe, BJP believes, if the State is divided, the present residual State of Andhra Pradesh will be developed at a faster rate. … (*Interruptions*) and we supported it. … (*Interruptions*). I will give details … (*Interruptions*). I will give details … (*Interruptions*).

(1840/KKD/SK)

Madam, as far as the special status is concerned, Prime Minister's statement clearly says that 'people are not clear about the special status; special status does not contain industrial incentive; special status provides Central assistance; special status to the successor State of Andhra Pradesh is comprising of 13 Districts including the four Districts of Rayalaseema and three Districts of north coastal Andhra Pradesh for a period of five years so as to put the State's finances on a firmer footing.' … (*Interruptions*) Go to your seats. You have nothing to do with me … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Hon. Members, this is not fair. Please go back to your seats.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Dr. Haribabu, please address the Chair.

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU (VISAKHAPATNAM): The divided State will have financial problems. Therefore, to bring it out of the financial problems, to give it the financial assistance, the Special Category Status was mentioned … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Hon. Members, do not stand there. Please go to your seats.

… (*Interruptions*)

DR. KAMBHAMPATI HARIBABU (VISAKHAPATNAM): The 14th Finance Commission gave its Report to the Government. It was adopted by the Parliament. It was a Constitutional body.

The 14th Finance Commission said:'

> "We did not make a distinction between special and general category States in determining our norms and recommendations…... In our assessment of State resources, we have taken into account the disabilities arising from constraints unique to each State to arrive at the expenditure requirements. In this regard, we have observed that the North-Eastern and Hill States have several unique features that

> have a bearing on their fiscal resources and expenditure needs, such as low level of economic activity, remoteness and international borders. Our objective has been to fill the resource gaps of each State to the extent possible through tax devolution. However, we have provided post-devolution revenue deficit grants for States where devolution alone could not cover the assessed gap…...
>
> We are of the view that intra-state inequality is within the policy jurisdiction of the States and provisioning of adequate resources through tax devolution should enable them to address intra-State inequalities in an effective manner."

After 42 per cent devolution to the State, because Andhra Pradesh is going to have revenue deficit, they have assessed the revenue deficit from the Financial Years starting from 2015 to 2022, for five years. They have estimated an extent of 22,120 plus crores of rupees to be paid by the Government of India to the Government of Andhra Pradesh. That recommendation was accepted. Five years' deficit finance is to be given to the State of Andhra Pradesh. Therefore, in addition to the devolution, whatever the revenue deficit is there, that is being provided which is to the extent of Rs. 22,120 plus crore.

(1845/RP/RPS)

Not only the revenue deficit provided through the budgetary support but the Special Category Status is also being promised by BJP. I am not denying it. Therefore, what we are trying to do is that if the name is not to be given or if there is any problem because of the 14th Finance Commission for declaring it a Special Category State, instead of giving the name, whatever benefits a Special Category State will get, that financial benefit, we are willing to provide to the State of Andhra Pradesh. … (*Interruptions*) I will tell you.… (*Interruptions*) If a State is declared as Special Category State, they will get 90 per cent of the Central grant in the Centrally sponsored schemes. If the Special Category Status is not given, the Central Government will only give 60 per cent of the grants. … (*Interruptions*) Therefore, even if the Special Status is declared to Andhra Pradesh, the difference of the Financial benefit or the grant – from 90 per cent to 60 per cent – that is, 30 per cent is calculated approximately at Rs. 3,500 crore for five years as mentioned in the then Prime Minister's statement. … (*Interruptions*) About Rs. 17,500 crore were accepted by the Government of India to extend as a special financial package for the State of Andhra Pradesh. …(*Interruptions*)

Sir, the State Government of Andhra Pradesh has accepted this special assistance. They requested the Government of India: "You finance this Rs. 17,500 crore as externally aided loan. That loan is to be repaid by the Government of India." That is the agreement in that special assistance package.… (*Interruptions*)

When the Government of India had accepted to extend that assistance through externally aided projects, the Government of Andhra Pradesh took one-and-a-half years' time. … (*Interruptions*) They thought getting externally aided assistance is time taking. There are certain problems. Therefore, it is not possible to get externally aided assistance. Please consider extending this assistance through the domestic financial agencies like NABARD and HUDCO. This letter was written by the hon. Chief Minister to the Government of India on 3rd January, 2018. … (*Interruptions*) That was also accepted by the Government of India and by the hon. Finance Minister. Then, the issue came that if this assistance is to be taken as loan by the Central Government, the FRBM problem will arise for the Central Government. … (*Interruptions*) If the loan is used to be taken by the State Government, the FRBM problem will come to State Government. … (*Interruptions*)

Therefore, to avoid the problem of FRBM limits, both, for Central Government and the State Government, the Finance Minister has suggested a via-media, a way out: “You form special purpose vehicles. That loan will be given to PVs and then the FRBM problem will be avoided for both, Centre and State. Please avail it.” … (*Interruptions*) But the State Government has not come forward even till today with the announced via media model of SPVs. I am really sorry. When the Government of India is ready to extend the financial assistance to the tune of Rs. 17,500 crore, the State Government is not ready to accept the assistance. It is a loss to the State of Andhra Pradesh. … (*Interruptions*)

(1850/RCP/ASA)

Therefore, please do not blame the Government of India saying that they have not given any assistance to us. An assistance of Rs. 17,500 crore is being offered to the State of Andhra Pradesh.… (*Interruptions*)

Apart from the Special Category Status, I categorically state that the Government of India is ready to give all possible assistance except the name. Today, you form an SPV; give the account number; the Government of India will deposit the money which is

required by you and which is accepted to you. Today, you form an SPV and give the account number. To that account number, tomorrow, Saturday morning, at 11 o'clock, the money will be transferred. Please give the account number. … (*Interruptions*)

Therefore, I would like to ask whether you are interested in financial assistance or you are interested only in the name. Whatever financial benefit will accrue through the Special Category Status, if that money comes, I will be happy to develop the State in a different form. Therefore, I would request the Government of Andhra Pradesh to think about it. … (*Interruptions*)

Regarding Polavaram Project, the Congress Party made the Act. They have put all the areas which are going to be submerged under Polavaram Project in the State of Telangana. Polavaram Project is in the State of Andhra Pradesh. Then, how will the project work go ahead? In the very first Cabinet Meeting, after Narendra Modi *ji* assumed office as the Prime Minister, it was decided to approve an ordinance. In the immediate next Session, it was passed as an Act. All the submerged areas are being transferred from Telangana State to Andhra Pradesh so as to remove all the hurdles in the construction of Polavaram Project.

Polavaram Project was taken up as a national project. So far, Rs. 6,734 has been released to the Project, to a single project, by the Government of India. Within two years, Nitin Gadkari *ji*, the hon. Minister, visited the Polavaram site. He assured that it is his personal responsibility to see to it that the project will be completed in right time. I do not know whether you have confidence or not; he has the capability to complete it. Polavaram Project is the lifeline project of Andhra Pradesh. We will complete it at any cost. …(*Interruptions*)

I will just mention about some projects which have been sanctioned to Andhra Pradesh. The Government of India has sanctioned 85 per cent of the projects mentioned in the Act to the State of Andhra Pradesh.… (*Interruptions*) Even though Section 93 of the Act says that these projects should be established in a period of 10 years, Narendra Modi *ji* Government took only four years to start 10 institutions out of 11 that have to be started in the State of Andhra Pradesh. Only one institute, namely, Girijan University is due. The hon. Minister, Prakash Javadekar *ji*, is here. He will take steps to start Girijan University and to complete the projects cent percent that are to be given to Andhra Pradesh. Two days back, he

has taken steps to a start a Central University in Anantapur. Even though the Act is not passed in Parliament, classes are going to commence in Anantapur. That is the project we have done.

Sir, five issues are pending. One is the Girijan University, which is a tribal University. That is to be started by the hon. Minister, Javadekar *ji*. Another issue is regarding establishment of Kadapa Steel Plant. The Congress Party made an Act saying that for all these institutions, we have to examine their feasibility, examine their possibility and to set up Committees.

(1855/SMN/RAJ)

The Committee's report was not positive. But the Government of India set up a task force to see how to make it viable and the Government is in the process of announcing it in Kadapa district. Vizag Railway Zone is more important to me. Vizag Railway Zone is to be established and Visakhapatnam has to be its headquarters. A Committee was set up. The Committee gave a negative report but the hon. Minister is taking steps as to how to make Vizag Railway Zone feasible and possible. I am sure Shri Piyush Goyal Ji will announce that Railway Zone shortly. He will take a positive decision in this regard.

Sir, with regard to Dugarajapatnam port, the hon. Minister Nitin Gadkari Ji informed the State Government that the Dugarajapatnam port is not feasible and also sought suggestions for an alternative site. About six months back, he wrote the letter to the State Government. So far, the State Government has not responded. You come out with an alternative site. Tomorrow, this Government will announce a major port construction in the suggested site. Therefore, I want to ask some questions to Telugu Desam Party friends. You have moved the No Confidence Motion. Is it because Modi Government has brought the seven submerged mandals of Polavaram project into the State of Andhra Pradesh? Are you moving the No Confidence Motion for that reason? Modi Ji has agreed to extend special financial assistance to the tune of Rs. 17,500 crore. Is that the reason you are moving the No Confidence Motion?

The Government of India has to start the projects within a period of 10 years. They have started 10 projects within a period of 2-3 years. Are you moving No Confidence Motion for that reason? Please introspect yourselves. You may take your stand for political reasons. We are together for four years. We worked together for

the development of Andhra Pradesh. For the political reason, you took a different stand. Even though Narendra Modi's Government has given the commitment, not to Telugu Desam but to the Telugu People of Andhra Pradesh. We continue our support to the State of Andhra Pradesh whehter you are with us or you are not with us. Therefore, without your political support, we will continue to support the cause of Andhra Pradesh.

(ends)

1858 hours

DR. J. JAYAVARDHAN (CHENNAI SOUTH): Hon. Deputy Speaker Sir, this is a first ever Motion of No Confidence in the Council of Ministers being brought in the 16th Lok Sabha. I take this opportunity to express several issues with regard to the State of Tamil Nadu whereby in certain cases, intervention was required by the Central Government where it had not intervened to solve the problems of our State and in some cases where it was not necessary for the Centre to intervene or exercise its unwarranted excess rights on the State Government.

My first part of speech is on the issue of Central Government's use of its excess power over the State Governments. I wish to State about the National Eligibility cum Entrance Test. The introduction of NEET is a direct infringement on the rights of the States and has caused grave injustice to the students of Tamil Nadu who are already covered by a fair and transparent admission policy laid down by the Government of Tamil Nadu. Tamil Nadu admission system protects the interest of the students particularly from the weaker sections and rural areas, as such students cannot compete with the urban elite students in common entrance

examination. A large number of social and economically backward meritorious students have benefited by the Government of Tamil Nadu decision to abolish common entrance examination. For admission to post graduate courses, the Government of Tamil Nadu gives preference to those who have served in rural areas with special weightage for those working in hilly and tribal areas. The introduction of NEET has nullified such policy initiatives intended to further the socio-economic objectives of the State.

(1900/MMN-IND)

Is this not a direct infringement on the rights of the State by the Central Government?

Sir, with regard to the draft Dam Safety Bill, 2018, the proposed Bill contains clauses which violate the rights of Tamil Nadu, especially with respect to the dams constructed by the Government of Tamil Nadu in the neighbouring States, which will lead to various problems in their maintenance and operation.

HON. DEPUTY SPEAKER: Dr. Jayavardhan, please wait a minute.

Now, it is seven o’ clock. If the House agrees, we can extend the time by one more hour, up to eight o’ clock.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

1858 hours

DR. J. JAYAVARDHAN (CHENNAI SOUTH): Hon. Deputy Speaker Sir, this is a first ever Motion of No Confidence in the Council of Ministers being brought in the 16$^{th}$ Lok Sabha. I take this opportunity to express several issues with regard to the State of Tamil Nadu whereby in certain cases, intervention was required by the Central Government where it had not intervened to solve the problems of our State and in some cases where it was not necessary for the Centre to intervene or exercise its unwarranted excess rights on the State Government.

My first part of speech is on the issue of Central Government's use of its excess power over the State Governments. I wish to State about the National Eligibility cum Entrance Test. The introduction of NEET is a direct infringement on the rights of the States and has caused grave injustice to the students of Tamil Nadu who are already covered by a fair and transparent admission policy laid down by the Government of Tamil Nadu. Tamil Nadu admission system protects the interest of the students particularly from the weaker sections and rural areas, as such students cannot compete with the urban elite

students in common entrance examination. A large number of social and economically backward meritorious students have benefited by the Government of Tamil Nadu decision to abolish common entrance examination. For admission to post graduate courses, the Government of Tamil Nadu gives preference to those who have served in rural areas with special weightage for those working in hilly and tribal areas. The introduction of NEET has nullified such policy initiatives intended to further the socio-economic objectives of the State.

(1900/MMN-IND)

Is this not a direct infringement on the rights of the State by the Central Government?

Sir, with regard to the draft Dam Safety Bill, 2018, the proposed Bill contains clauses which violate the rights of Tamil Nadu, especially with respect to the dams constructed by the Government of Tamil Nadu in the neighbouring States, which will lead to various problems in their maintenance and operation.

HON. DEPUTY SPEAKER: Dr. Jayavardhan, please wait a minute.

Now, it is seven o’ clock. If the House agrees, we can extend the time by one more hour, up to eight o’ clock.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

## ANNOUNCEMENT RE: ARRANGEMENT OF DINNER

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार):** माननीय उपाध्यक्ष जी, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा देर शाम तक चलने की संभावना है, इसलिए माननीय सदस्यों की सुविधा हेतु संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा रात्रि भोजन की व्यवस्था की जा रही है। माननीय सांसदगण 8 बजे के बाद कमरा संख्या-70, प्रथम तल, संसद भवन में भोजन कर सकते हैं। मीडिया के बंधुओं के लिए कमरा संख्या-73 तथा संसद के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कमरा संख्या-74 में भोजन की व्यवस्था की गई है।

कृपया सभी भोजन ग्रहण करें।

**MOTION OF NO CONFIDENCE IN COUNCIL OF MINISTERS— Contd.**

HON. DEPUTY SPEAKER: Dr. Jayavardhan, you can continue.

DR. J. JAYAVARDHAN (CHENNAI SOUTH): I urge the Central Government to take up the legislation on dam safety only after consulting the States and till then keep in abeyance the process of legislation on dam safety.

With regard to the proposed move by the Central Government, which will affect the fiscal health of the State, I would like to mention here about the Central Government's decision to dismantle the University Grants Commission which has both regulatory and fund sanctioning functions and replace it with Higher Education Commission of India which will have only the regulating function. So, it has a direct consequence on the fiscal health of the States. At present, the UGC gives 100 per cent grants for proposals but it has been our experience that when the schemes of the UGC are subsumed under the scheme of Higher Education Department of the Ministry of Human Resource Development, the Government of

India's funds for the schemes are shared between the Centre and the State Governments in the ratio of 60:40 respectively. For example, the schemes of the UGC, like university with potential of excellence and college with potential for excellence, have now been subsumed under the RUSA. Further, funds are granted in the ratio of 60:40 which has caused additional financial burden on the States. In the interest of the States' fiscal health, the UGC should not be replaced by the Higher Education Commission of India.

Secondly, with regard to the levy of surcharge of two per cent on the superrich that has replaced the wealth-tax, I would like to mention here that this decision of the Union Government has shifted the fiscal resource from the State to the Centre. It is a direct encroachment by the Union Government to reduce the fiscal capacity of the State. We have, time and again, asked the Central Government to include the surcharge on the superrich and other surcharges in the divisible pool of resources to the States. However, no decision has been taken by the Central Government in this regard.

With regard to the action of the Central Government, which is against the will of the people of Tamil Nadu as well as an incorrect decision of the Central Government, I would like to mention here about the Steel Authority of India's decision to privatise Salem Steel Plant. The Public Sector Undertakings are capable of performing better, provided they are given the right support and direction in a dynamic economic scenario. Rather than the Central Government examining and studying thoroughly the reasons for the Salem Steel Plant's recent losses, the Central Government's act of resorting to privatisation is totally against the will of the Government and the people of Tamil Nadu.

Second part of my speech is on the issues where the Central Government should have intervened in the issues of the States but it had not done so. In this regard, I would like to mention here about the shortage in the disbursements of share from the central tax from 1996-97 to 2014-15. In the Report of Comptroller and Auditor-General on Compliance of Fiscal Responsibility and Budget Management Act, 2003, it has been indicated that during the certification of the net proceeds by the C&AG based on

recommendations of the successive Finance Commissions, it was noticed that during the period from 1996-97 to 2014-15, an aggregated amount of Rs.81,647.70 crore was short devolved to the States.

(1905/VR/VB)

It is estimated that Tamil Nadu is eligible to get around Rs.4500 crore as a shortfall in the share of the Central taxes devolved by the Government of India during that period. A pertinent question that arises here is, whether it is not obligatory on the part of the Union Government to devolve shortfalls in the share of the Central taxes devolved to the State. However, no action has been made in this regard by the Central Government.

Now, on the issue of the 14th Finance Commission, I would like to mention here that the 14th Finance Commission had recommended an increase of 10 per cent in the vertical devolution from 32 per cent to 42 per cent to the States. However, this effect has been neutralized by reduction in the horizontal devolutionary share of the Central taxes to Tamil Nadu from 4.969 per cent to 4.023 per cent. This reduction in the *inter-se* share to Tamil Nadu is 19.04

per cent, which is the highest erosion among all the States. Further, year after year, the actual release of share in the Central tax to Tamil Nadu fell short of the estimates in the 14th Finance Commission recommendation. This, coupled along with the unscientific formula adopted by the Commission, has penalised the State of Tamil Nadu for its achievement in better economic development and population control. The Government of Tamil Nadu has urged the Central Government to provide an annual special grant of Rs.2000 crore in each of the remaining years of the 14th Finance Commission period to Tamil Nadu either as a grant available through NITI Aayog or as a special allocation. However, Sir, no progress has been made in this regard by the Union Government.

With regard to the 15th Finance Commission, the terms of reference contains certain clauses that are likely to have an adverse impact on the fiscal transfer to the State of Tamil Nadu. There is a growing discontent among the people of Tamil Nadu on the unfair treatment meted out by successive Finance Commissions to Tamil Nadu. Concerns are now being raised by people of all political and academic hues in the mainstream as well as the social media that

the resources from the State of Tamil Nadu are unjustly being transferred to other States through the mechanism of Finance Commission causing a drag on the ability to grow further and impeding the efforts of the State Government towards fulfilling the growing aspirations of the people. The growing disparity in the fiscal transfer does not augur well for the country and could in fact undermine the strength of the Indian Union.

With regard to the grant-in-aid released to the State Governments by the Union Government, I would like to mention here that the grant-in-aid released to Tamil Nadu by the Union Government in 2017-18 compared to 2016-17 has witnessed a 3 per cent negative growth. On the contrary, the Union Government has provided a substantial grant-in-aid to other States, that is, 56 per cent for Maharashtra, 119 per cent for Uttar Pradesh. We are unable to understand the disparity meted out against us.

Coming to the issue of GST, Tamil Nadu had concerns about the impact of GST on the fiscal autonomy of the States and the huge permanent revenue losses it is likely to cause to a manufacturing and net exporting State like Tamil Nadu. As feared by us, there is a

significant shortfall in settlement of the amount due to Tamil Nadu in the new Goods and Service Tax system. A large amount of IGST remains unsettled even after the second provisional settlement of Rs.50,000 crore made on 27th June, 2018. I wish to state that by a rough estimate, our State will receive over Rs.5604 crore of additional revenue if the unsettled IGST credit is apportioned to the State. It has been urged that an on account payment may be made for the entire balance of unsettled IGST by using a formula such as the protected revenue of each State or the GST collection. Otherwise, the amount of unsettled IGST will continue to increase and will undermine the whole structure of the GST.

With regard to disaster management by the Central Government, it has always fallen short in providing a helping-hand to the State. Take for instance, the severe flood in Tamil Nadu during November 2015. A special assistance of Rs.25,914 crore was sought as disaster relief assistance from the Centre. However, the fund allocated was only a few hundred crores by the Central Government.

During December 2016, a severe cyclonic storm 'Vardah' hit the northern district of Tamil Nadu leaving unprecedented damage

to infrastructure and property and the disaster assistance sought was Rs.22,573 crore. However, only a few hundred crores were allocated by the Central Government. For the severe drought situation that prevailed in Tamil Nadu during 2016, an amount of Rs.39,565 crore was sought from the National Disaster Relief Fund, but only a few hundred crores were released by the Central Government.

In 2017, when severe cyclonic storm ‘Ockhi’ caused an extensive damage to Kanyakumari and adjoining districts, a sum of Rs.9302 crore as a disaster relief was sought by the State Government. However, again only a few hundred crores were released by the Centre.

Sir, this clearly shows the state of response and the helping-hand provided by the Central Government to the State Governments in times of distress.

(1910/SAN/PC)

Sir, with regard to the Central Government’s affairs with the nations worldwide, I would like to mention here that our hon. Prime Minister has travelled to several nations worldwide, establishing

friendly ties with far-flung nations. Even our hon. External Affairs Minister had quoted, and I also quote:

> "In the last four years, the prestige of India in the eyes of the world has reached such heights that today when India speaks, the world listens."

But the Central Government has not taken cognizance of the pathetic situation right here in our Indian Ocean. There is a deep concern in our entire country about the unabated apprehension and killing of our innocent Indian fishermen from Tamil Nadu by the Sri Lankan Navy while they carry out fishing in the Palk Bay area. It has been the repeated request by the Government of Tamil Nadu, and several Members of Parliament, to send a firm, unequivocal and unambiguous message to the Sri Lankan Government that such inhuman and hostile activities should be stopped henceforth.

Has the Central Government taken measures to restore the Katchatheevu Island which was unilaterally ceded to Sri Lanka as part of the ill-advised Indo-Sri Lankan Agreements of 1974 and 1976, which lack constitutional and legal sanctity. Has the Central Government taken measures to redraw the international boundary line? The answer is 'no'.

What about the Sri Lankan Tamils issue. The entire world is aware that during the final stages of the war, an ethnic pogrom and genocide was perpetuated on the Tamil minorities of Sri Lanka. We have repeatedly asked the Central Government to sponsor a resolution in the UN condemning the genocide of Tamils in Sri Lanka and hold all those responsible for it accountable. Further, the resolution should also demand a referendum among the Tamils in Sri Lanka for the formation of a separate Tamil Eelam. Did the Government take any steps in this regard?

Finally, the Government of Tamil Nadu has always been the harbinger of cooperative federalism, working in tandem with the Government of India towards the progress of our nation. One of the fundamental principles of this cooperative federalism is timely fulfilment of the commitments it made, and fulfilling the financial commitments forms its bedrock. If the Central Government falters in fulfilling this commitment, it will severely deter the socio-economic development of the State and the entire country.

We, in Tamil Nadu, under the leadership of *Perignar Perundagai* Anna, *Puratchi Thalaivar* MGR and *Puratchi Thalaivi*

Amma, have always pleaded for an increased role of the States in the development and nation-building process, and for a greater fiscal autonomy of the States. It is our belief that a strong Union can emerge only out of strong States, and India's governance structure has to reflect more and more federal features.

Thank you.

(ends)

1913 hours

SHRI DINESH TRIVEDI (BARRACKPUR): Sir, to begin with, I would like to thank the Chair and also my Party for giving me this opportunity to participate in this very important debate and discussion.

At the outset, let me say that we sing the song 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबुले हैं इसकी ये गुलिस्तां हमारा'. For the benefit of our friends from Andhra Pradesh, I will speak a little in English. Today, they have moved a very important Motion and from my Party, and from our leader, Mamata Banerjee, we want to tell them that we are totally with them in this matter. What is India? जब हम चमन की बात करते हैं, तो हम हर स्टेट के गुल हैं। उस गुल के बगैर यह गुलिस्तां जिस प्रकार आज आबाद है, वह आबाद नहीं रह सकता। आप देखिए कि आज आलम क्या है। Who has moved this Motion, and rightly so? They have moved it because they feel aggrieved and they have explained at great length 'why'. They were with the BJP and the ruling Government, but if they feel aggrieved, can you imagine what the rest must be feeling? I am talking about the rest of the States as well. Obviously, whether it is

Shiv Sena, whether it is TDP, कहते हैं कि एक के बाद एक बिछड़े सभी बारी-बारी। अब आपकी बारी भी आ रही है।

डिप्टी स्पीकर सर, मैं यह भी कहना चाहूँगा कि हमने हाथ जोड़कर आप से और सरकार से अपील की थी। चेयरमैन और ऑनरेबल स्पीकर का उसमें कोई रोल नहीं था, लेकिन सरकार से हमने अपील की थी कि 21 जुलाई हमारा शहीद दिवस हो, जिसके इस साल 25 साल पूरे हो रहे हैं।

(1915/MM/RBN)

21 जुलाई को हमारा शहीद दिवस है और इस साल उसे 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। We mark 21st July as Martyrs Day. मैं उन सब शहीदों को, आपका तो शायद शहीदों से उतना नाता नहीं रहा है। आपका सीना तो बढ़ा हो सकता है, लेकिन उसमें दिल भी बढ़ा होना चाहिए। गांधी जी का सीना बढ़ा नहीं था, लेकिन दिल बहुत बढ़ा था। यदि आप इस डिबेट को आज न करके सोमवार या किसी और दिन कर देते तो मुझे नहीं लगता है कि आसमान गिर पड़ता, पिछला सत्र पूरा वॉशआउट हो गया और सभी को पता है कि क्यों वॉशआउट हुआ? हम उस तर्क में नहीं जाना चाहते हैं। आप यदि ऐसा करते तो शायद शहीदों के लिए अच्छा होता। मैं शहीदों को सेल्यूट करके, उनको नमन करके अपनी बात आपके सामने रखना चाहूंगा।

सर, यह लड़ाई उसूलों की है। अच्छे दिन की बात की गयी तो अच्छे दिन से ही शुरूआत करते हैं।

"गजब किया तेरे वादे पर एतबार किया,
चार साल तक अच्छे दिनों का इंतजार किया।"
"यह तय है कि उसूलों की लड़ाई में
अंधेरे साथ नहीं देंगे, चिरागों की सफाई में।"

They were asking as to why a No Confidence Motion has been moved. If you still do not realise as to what is the situation, I think, it is a very difficult thing which I cannot explain you. It is like the ostriches. They choose to hide their head under the sand and they do not want to see the reality. Why do I say this? This was a very important time to set the house in order as far as the BJP Government is concerned. The democracy is in danger. This very temple of democracy is in danger. Mobocracy cannot be the new normal. I am not saying that. I believe in whoever said it. Who has said this? The four senior most judges of the Supreme Court – one of them retired now – said this. They have gone on record in a Press Conference saying that democracy is in danger. It is only the other day the hon. Supreme Court mentioned that mobocracy cannot be the new normal. It was said by the top Court. It said the horrendous act of mobocracy cannot be permitted. All your institutions are crumbling. Judiciary has said whatever it has to say. If you look at

our friends in media, if you look at the industrialists, if you look at the general public, there is an atmosphere of some kind of fear and fear is not in our *fitrat*. We are independent. It has taken a long time to get this Independence. Again these are the words of senior most Judges of the hon. Supreme Court. आप धर्म की बात करते हैं। लेकिन-

"उससे है वफा की उम्मीद जो जानते नहीं कि वफा क्या है।"

वे लोग धर्म की बात करते हैं, धर्म की दुहाई देते हैं, जो जानते नहीं हैं कि धर्म क्या है? मुझ से किसी ने पूछा कि क्या आपके पास नंबर है या नहीं? हम इस बारे में बहुत साफ कहना चाहते हैं। यह अच्छी बात है कि आप रामायण और महाभारत की बात करते हैं।

(1920/BKS/AK)

उससे हम सबको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। महाभारत की लड़ाई पर बोलते हुए मैं माफी चाहूंगा, आप इसको अलग ढंग से मत लीजिएगा, हम पोलिटिकल लड़ाई की बात कर रहे हैं। वह लड़ाई कौरव और पांडवों में थी। पांडवों के पास संख्या नहीं थी, परंतु कौरवों के पास बहुत बड़ी संख्या थी। पांडवों के पास सत्य था और सत्यमेव जयते यह हमारा नारा है। सत्य की हमेशा जीत होती है। यह हो सकता है कि आज वोटिंग के दौरान शायद आंकड़े न हों, मगर यह हमारा धर्म बनता है कि हम इस डेमोक्रेसी को बचाएं और उस धर्म के लगते ही आज नो कांफिडेंस मोशन पर हम चर्चा कर रहे हैं और उस पर हम अपनी पूरी स्वीकृति दे रहे हैं।

सर, मुझे भी अच्छा लगा, जब पहली बार प्रधान मंत्री आए, उन्होंने सीढ़ियों पर नमन किया। हमने भी  सोचा था कि यहां रामराज्य जैसा कोई वातावरण होगा, लेकिन रामराज्य तो बहुत दूर की बात है, यदि आप राम का करैक्टर ले लें तो वह मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उन्होंने अपने लोगों की रक्षा करने के लिए राज छोड़ा था। अपने धर्म की रक्षा करने के लिए वह राजपाठ छोड़कर जंगल चले गए थे। आपकी दुविधा यह है कि आप राम के नाम से राज करना चाहते थे और राम खुद राज छोड़कर चले गए। आपको यह भी समझना पड़ेगा कि राम अयोध्या में जरूर हैं, मगर आपके लिए वह सिर्फ अयोध्या में हैं। आप हमें एक ऐसा कण बताइये, जहां राम नहीं हैं, हमें एक ऐसा हवा का झोंका बताइये, जहां राम नहीं है, हमें पानी की ऐसी बूंद बताइये, जहां राम नहीं है और हमें कोई ऐसा व्यक्ति बताइये, जिसके सीने में राम नहीं है। आप राम को भी कब्जे में लेना चाहते हैं, उस पर भी अपनी मोनोपोली करना चाहते हैं। हमारी शिक्षा यह है कि हम सबमें राम देखते हैं। मगर जब हम आपसे कुछ सवाल करते हैं तो आपका एक ही जवाब ही होता है और वह जवाब क्या मिलता है, वह जवाब एक ही है – हिंदू-मुसलमान, भारत-पाकिस्तान, श्मशान-कब्रिस्तान। यही आपका नेरेटिव रह गया है, आंकड़े तो बहुत आए हैं, मगर हम चंद आंकड़ों में बात कहेंगे। अभी रीसेंटली हमारे पास जो आंकड़े आए हैं, वे ये हैं कि आज रुपये की वैल्यू सबसे कम है। हिस्टोरिकली रुपये की वैल्यू सबसे कम है। यह हमारे लिए एक बहुत बड़े खतरे की घंटी है और हमें यह समझना पड़ेगा कि यह बहुत ही सीरियस बात है। यदि इसे आप गंभीरतापूर्वक नहीं लेंगे तो मैं समझता हूं कि आने वाले दिनों में हिंदुस्तान के लिए खतरे की घंटी है।

जैसा महेश व्यास द्वारा बताया गया कि 2012 तक जितना निवेश होना था, उतना निवेश हो चुका। वह चीफ ऑफ सीएमईआई है। इनवैस्टमैंट क्लाइमेट बहुत कम हो गया है, जितना इनवैस्टमैंट करने की जरूरत थी, आज उससे बहुत कम हो रहा है।

"... manufacturing has shrunk to 15 percent of the GDP from a peak of 18.6 percent in 1995. The value of stalled projects climbed to Rs. 7.63 trillion from Rs. 5.29 trillion. The RBI's bulletin shows that corporate capital expenditures have fallen since Modi Government has come to power...".

ये आंकड़े हमारे नहीं हैं, ये आंकड़े आप सबको मिल जाएंगे, यो ऑफिशियल आंकड़े हैं। यही हम कह रहे थे कि जहां भी जाएं, वहां एक ही चीज मिलती है। आप जीडीपी का जो फोरकास्ट 7.73 परसैंट बताते हैं, असल में वह 5 परसैंट है।

(1925/GG/SPR)

क्योंकि आपने यह फोरकास्ट का तरीका बदल दिया है। उससे दो प्रतिशत का घाटा वहीं हो गया है। रोज़गार नहीं बढ़ा, लेकिन बेराज़गारी ज़रूर बढ़ी है। फ्रेश एफडीआई बिल्कुल नहीं बढ़ा है। एक्सपोर्ट गिरा है और गिर रहा है। बैंक बर्बाद हो गए हैं। न तो वे कर्ज़ दे रहे हैं और न ही कोई कर्ज़ ले रहा है। बैंकों से जब बात करते हैं तब वे कहते हैं कि हमारे ऊपर तो एक ही ताकत है, सिर्फ अपनी जो स्कीम्स हैं, उनको टारगेट करो। बैंक का पूरा वातावरण बदल गया है। आज ट्रेड वॉर, तेल के दाम के कारण हमारी ताकतों और हमारी फाइनेंस नीतियों में बहुत मुश्किलें आने वाली हैं और अभी

भी मुश्किल है। जब हम आपसे यह सवाल पूछते हैं तो जवाब क्या मिलता है? एक ही जवाब मिलता है – हिंदू-मुसलमान, भारत-पाकिस्तान, शमशान-कब्रिस्तान। बस यही एक ही जवाब मिलता है, जो भी सवाल करो एक ही जवाब मिलता है। आपके अंदर यह अविश्वास क्यों है? अविश्वास इसीलिए है कि आपका जो डाटा है, उस पर लोगों का भरोसा उठ गया है। मैथेडॉलजी के बल पर आप जीडीपी पर पीट-पीट कर ताली बजाते हैं, लेकिन उसके हिसाब से पुराना हिसाब यदि मिलाते हैं, तो आप उसको मिलाने के लिए कतराते हैं।

1926 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुईं)

**श्री दिनेश त्रिवेदी (बैरकपुर):** उज्जवला योजना का ढोल पीटते हैं, लेकिन यह नहीं बताते हैं। यह बहुत अहम बात है कि दूसरा ओर तीसरा सिलेंडर लेने के लिए कितने लोग आए। क्योंकि यह बताने पर आपकी पोल खुल जाएगी। मुद्रा देने वाला कोई और है और पीठ आप थपथपाते हैं। लोन देने वाला कोई और पीठ आप थपथपाते हैं। आर्थिक गवर्नेंस में न आपको दिलचस्पी है और न ही समझ है। … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please conclude now. I am sorry.

… (*Interruptions*)

SHRI DINESH TRIVEDI (BARRACKPUR): I have got about 15-20 minutes to conclude. That is not possible. … (*Interruptions*) I have got 20 minutes, Madam. You have given everybody enough time.

Everybody has spoken. It is not fair. If you want, I will sit down. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Within five minutes, you please conclude your speech.

… (*Interruptions*)

SHRI DINESH TRIVEDI (BARRACKPUR): Madam, I need at least 12 minutes. I guarantee you that I would complete my speech in 12 minutes. … (*Interruptions*) I will obey you and I will finish my speech in 12 minutes. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Trivedi ji, no. You complete your speech in five minutes.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I can't help it.

… (*Interruptions*)

**श्री दिनेश त्रिवेदी (बैरकपुर):** मैडम, देखिए दो मिनट्स तो यहीं बर्बाद हो गए हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** चलिए अब आप बोलिए आपको पांच मिनट ही और मिलेंगे।

…(व्यवधान)

**श्री दिनेश त्रिवेदी (बैरकपुर):** प्लीज़, हमको बोलने दीजिए। डिस्टर्ब मत कीजिए। I am sitting, Madam. I am not talking. This is not fair. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** ठीक है, आप बोलिए। अनंत कुमार जी, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**श्री दिनेश त्रिवेदी (बैरकपुर):** मैडम, आर्थिक गवर्नेंस में न तो आपको दिलचस्पी नहीं है, न ही समझ है। ऐसा है तो यह बताइए कि भारत के चीफ स्टैटिस्टीशियन कौन हैं? छह महीने से यह पद खाली पड़ा है। लेकिन आपके लिए यह बहुत मामूली बात है क्योंकि आंकड़े के फेर में आप जाएंगे तो आपकी पोल खुल जाएगी। आपको यह अच्छा लगता है कि कोई अच्छे आंकड़े न आएं। जब हम यह सवाल पूछते हैं कि स्टैटिस्टीशियन को क्यों नहीं लाते हो तो आपका जवाब वही होता है कि – हिंदू-मुसलमान, भारत-पाकिस्तान, शमशान-कब्रिस्तान। रोज़ किसानों की बात की गई, लेकनि मैं उसमें नहीं जाऊंगा क्योंकि समय नहीं है। डैमोग्राफिक डिविडेंट की जो बात आप करते हैं, वह डैमोग्राफी आज डिज़ास्टर बनने वाला है, क्योंकि नौकरियां नहीं मिल रही हैं। देश में महिला बहुत असुरक्षित है। ये सब बातें आ गई हैं, मैं दोहराना नहीं चाहता हूँ। कमज़ोर वर्ग के लोग, जो दलित हैं, शोषित हैं, महिला हैं, आज उनके लिए कोई प्रोग्राम नहीं है। हम उनके बारे में पूछते हैं तो जवाब यही आता है कि हिंदू-मुसलमान, भारत-पाकिस्तान, शमशान-कब्रिस्तान।

मैडम, पोलराइज़ेशन का खेल खतरनाक खेल है। चेंज का वोट, उसके साथ धोखा, नफरत और खुदगर्ज़ी, सत्ता का लोभ, यह देश के लिए बहुत ही खतरा है।

(1930/CS/SR)

ब्रुटैलिटी वाला हमारा भारत नहीं हो सकता, लिंचिंग वाला हमारा भारत नहीं हो सकता है। अच्छा हिन्दू, सच्चा हिन्दू, असली देशभक्त आज दुखी है, वह आज बहुत ही नाराज है। असली मुद्दा दूसरा है। एक मुद्दा काले धन का है, जिसके बारे में आपने कहा था कि हम इसे बंद कर देंगे। उस विषय पर अब हम ज्यादा चर्चा नहीं करेंगे, क्योंकि अब हमारा ज्यादा समय नहीं बचा है। डीमोनेटाइजेशन में आपके जो तीन-चार लक्ष्य थे, उनमें से एक भी लक्ष्य आप प्राप्त नहीं कर सके हैं। आज क्या हो रहा है? प्रधान मंत्री जी को इस बारे में जरूर बताना चाहिए कि आपका जो सीबीआई का चीफ है, वह अपने डिप्टी चीफ से क्यों लड़ रहा है? आपका रेवेन्यू सेक्रेटरी, ई.डी. के एक अधिकारी से क्यों लड़ रहा है? ई.डी. का चीफ उस अधिकारी को बचाने के लिए आप ही के बॉस रेवेन्यू सेक्रेटरी की बात पब्लिक में क्यों जाहिर कर रहा है? आप इस बारे में जरूर बताइएगा। इसका मतलब यह है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है। आरबीआई की बात आई तो नोटबंदी की बात हमने कही कि आज भी नोटों की गिनती चालू है। दो साल हो गए, लेकिन आज भी पता नहीं चला है कि कितनी रकम वापस आई है। इस सरकार के चार साल में लोकतंत्र और सभी संस्थानों को खतरा पहुँचा है। यह हमने पहले कहा है। अभी हमारा दो मिनट का समय बचा होगा और इस समय में मैं अपनी बात को पूरी करूँगा।

एक गजब का नशा बाहर चल रहा है कि सबको मारो, सबको पीटो, एग्रेसिवनेस दिखाओ और जब लिंचिंग होती है तो पुलिस वहाँ मूकदर्शक बनी खड़ी रहती है।

जिसको मारा जाता है, जिसको पीटा जाता है, उसके पास एक ही शेर है, एक ही कविता है। इसे पढ़कर मैं अपनी बात समाप्त करूँगा। आज जिसकी लिंचिंग हो रही है, जो दलित है, शोषित है, वह कहता है,

जिन्दगी से बड़ी कोई सजा नहीं,
और क्या जुर्म है, यह पता ही नहीं।

उसे पीटा जाता है, लेकिन उसे पता नहीं है कि उसका क्या जुर्म है।

कितने हिस्सों में बंट गया हूँ मैं,
मेरे हिस्से में अब कुछ बचा ही नहीं।।

यह नूर का शेर है।

ऐ जिन्दगी बता अब कहाँ जायें,
जहर बाजार में मिलता ही नहीं।
धन के हाथों बिक गए हैं सब,
अब किसी जुर्म की सजा नहीं।।

आखिर में वे कहते हैं,

लोग टूट जाते हैं एक छोटा सा घर बनाने में,
और तुम तरस नहीं करते हो बस्तियाँ जलाने में।

जिसके कारण ये फसाद होते हैं, उसका कोई अता-पता भी नहीं होता है। वर्ष 2019 में यही रहा तो माफ कीजिएगा, आपका भी कोई अता-पता कहीं नहीं रहेगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1934 बजे

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब):** महोदया, टीडीपी की ओर से जो अविश्वास प्रस्ताव आया है, जहाँ तक आन्ध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने की बात है और उनके साथ जो वादा किया गया था, उसे पूरा करने की बात है तो मैं शिरोमणि अकाली दली की ओर से तथा अपनी पार्टी प्रधान श्री प्रकाश सिंह बादल, सुखबीर सिंह बादल जी की ओर से कहना चाहता हूँ कि हम इस पक्ष में हैं कि आन्ध्र प्रदेश को स्पेशल स्टेटस देना चाहिए।

महोदया, इसका एक कारण है, क्योंकि हमने यह पीड़ा झेली है और हमें इसके दर्द का पता है। जब पंजाबी भाषा के आधार पर पंजाब बना तो पंजाब के पास कटरोदा हाइपर्स भाखड़ा डैम था, उसे हटाकर सेंटर को दे दिया। हमारी राजधानी के लिए कहा गया था कि चंडीगढ़ को कुछ समय के लिए यू.टी. बनाया जायेगा, लेकिन अभी तक पंजाब को उसे नहीं दिया है। हमारे नेता बादल साहब, तोहरा साहब, हम सब और ये ब्रहमप्रकाश आदि सभी जेलों में बंद थे। पीछे से हमारा पानी छीन लिया गया। हमें सजा दी गई। देश के सब नेता जेलों में बंद थे, उन्हें छुड़ाने के लिए हमने मोर्चा निकाला। इसके पीछे हमारा पानी छीन लिया गया।

(1935/RV/UB)

कानून, विधान और परम्परा को छींके पर टांग पर हमें अभी तक वह पानी नहीं दिया जा रहा है। पंजाबी स्पीकिंग एरिया, जिसके लिए हमने पंजाबी सूबा बनाया, वे बाहर रख दिए गए। इसलिए हम इस दर्द को जानते हैं। मगर, हम टी.डी.पी. के अपने

मित्रों को यह सलाह जरूर देना चाहेंगे कि आप जिनकी मदद लेकर यह अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं, वे विश्वास योग्य नहीं हैं। ये विश्वासघात कर जाते हैं। ये सीढ़ी लगाकर बाद में खींच लेते हैं। इन्होंने देवगौड़ा जी, चन्द्रशेखर जी, गुजराल जी के साथ विश्वासघात किया। ये तो कह देते हैं कि बच्चा चढ़ सूली, भगवान भली करेगा। ये तो किसी के भी कंधे पर बन्दूक रख कर उसे चलाने में माहिर हैं।

मैडम, मुझे एक बात याद आ गई। कोई माई गांव की एक गली में जा रही थी। किसी ने बोला कि माई बच कर रहना, आगे बैल मार देगा। उसने कहा कि भाई, इसी ने तो हमें विधवा बनाया है। हम सब लोग जो यहां बैठे हैं, कांग्रेस ने ही हमें विधवा किया हुआ है।

आप यह देखिए कि मास्टर तारा सिंह जैसा नेता था। जब रावी के किनारे कांग्रेस का सेशन नहीं होने दिया जा रहा था तो मास्टर तारा सिंह ने एक हजार वॉलुन्टियर्स को लेकर वहां पर कांग्रेस का सेशन करवाया। जब देश आज़ाद हुआ तो सबसे पहले इन्होंने उसे ही हथकड़ी लगाई।

टी.एम.सी. के नेता ने महात्मा गाँधी के बड़े ही गुण गाए। जब एस.जी.पी.सी. बनी तो महात्मा गाँधी जी ने अकाली नेताओं को पत्र लिखा कि आपको बधाई हो, आपने देश की आज़ादी की पहली जंग जीत ली। जब देश आज़ाद हुआ तो इन्होंने हमारी एस.जी.पी.सी. को ही बाँट दिया। हरियाणा में अलग बनाने की बात की। इन पर कौन विश्वास कर सकता है?

मैडम, मैं टी.डी.पी. के मित्रों से यह भी कहना चाहता हूं कि हमें भी बहुत सारी अपेक्षाएं थीं। माननीय गृह मंत्री जी बोल कर गए हैं। हम सबसे पहले यह कहते थे, हमें अपेक्षा थी कि वर्ष 1984 के कत्ले-आम के कातिलों को हमारी सरकार कठघरे में खड़े करके उन्हें सजा देगी। जगदीश टाइटलर, सज्जन कुमार जैसे लोगों को हथकड़ी लगाई जाएगी, जिन्हें कमीशंस ने आइडैंटिफाई किया हुआ है, उन्हें हथकड़ी लगेगी। मगर, हमें दु:ख है कि वह नहीं लगा। हम चाहते थे कि पंजाब का पानी और पंजाबी बोलने वाले इलाके हमें मिले, पर वे अभी नहीं मिले। हमें अपेक्षा है कि वे हमें मिलेंगे। कांग्रेस के वक्त के जो लोग कथित रूप से दोषी थे, उनको छुड़ाने के लिए कांग्रेस ने सी.बी.आई. की मदद से उनके खिलाफ केसेज को बंद कर दिया था। मगर, हम इस बात के आभारी हैं कि जब यह सरकार आई तो उसने सबसे पहले उन्हें कठघरे में खड़ा कर दिया। इस सरकार ने एस.आई.टी. बनाई और पाँच-पाँच लाख रुपये विधवाओं को दिए। जोधपुर के लोग, जो जेल काट कर आए थे, उन्हें अभी दो-दो लाख रुपये दिए। हम भी यह अपेक्षा करते हैं कि हमारी जो शिकवा-शिकायतें इन लोगों के साथ रहे हैं, उसे यह सरकार पूरी करेगी।

मैडम, जब मोदी सरकार आई, वह देश में विकास का एक नया मॉडल लेकर आई। इन सबको उसे स्वीकार करना चाहिए। पहले का विकास मॉडल केवल दस प्रतिशत लोगों और परिवारों के लिए था। इससे अमीर और ज्यादा अमीर हो गये और गरीब ज्यादा गरीब हो गये। लेकिन, अब 90 प्रतिशत लोगों के लिए विकास मॉडल आया। प्रधान मंत्री जन-धन योजना आई, उज्ज्वला योजना आई। चार करोड़ लोगों

को रसोई गैस के कनेक्शंस मिले। पहले हमारी माँ, हमारी बहन तीलियों और लकड़ी से रोटी पकाती थीं। वे धुएँ से अंधी हो जाती थीं। अमीर लोग और जो होटल वाले लोग थे, वे गैस की सब्सिडी ले जाते थे। पर, मोदी सरकार के आने से सबसे पहले अमीरों से वह सब्सिडी लेकर गरीबों को बाँटी गई। देश में समानता लाने के लिए, गरीब-अमीर का पहाड़ा खत्म करने के लिए गांवों और गरीबों को प्राथमिकता दी गई। सड़कें, शिक्षा, चिकित्सा की व्यवस्था की गई और सबसे बड़ी बात तो किसानों के लिए की गई।

मैडम, ये सॉइल हेल्थ कार्ड लेकर आए। नीम-कोटेड एरिया लेकर आए। चार वर्ष पहले कौन-सा ऐसा किसान था जो ब्लैक में यूरिया नहीं लेता था। पर, इन चार वर्षों में किसी को ब्लैक में यूरिया का एक दाना भी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि सरकार नीम-कोटेड यूरिया लेकर आई। ऐसे ही सॉइल हेल्थ कार्ड है।

किसानों ने जब टी.वी. चलाया तो उसमें सबसे बड़ी बात यह हुई कि इस सरकार ने अभी एम.एस.पी. में जो वृद्धि की है, वह तो कमाल की बात है। अब हमारे पंजाब के लोग कहते हैं कि वे जो धान लगाते हैं, उसमें धान की लगाई का खर्च, डीजल और धान में जो दवाइयाँ डाली जाती हैं, उन सबका खर्च केन्द्र सरकार ने अपने सिर पर झेल लिया।

(1940/MY/KMR)

ऐसे ही मक्के की फसल के लिए 8000 रुपये प्रति एकड़ देकर केंद्र सरकार ने काम किया है। मुझे दुख है कि ये लोग इसे जुमला कह रहे हैं। किसानों को दिया ही है, उनसे कुछ लिया तो नहीं है। इन्होंने तो पंजाब में डीजल और पेट्रोल पर भी टैक्स

लगाया हुआ है। ये लोगों से छीन रहे हैं और जो सरकार लोगों को दे रही है, उसे ये जुमला कह रहे हैं।

महोदया, अब मैं कोओपरेटिव फेडरेशन्स की बात पर आता हूं। हमें इस बात की खुशी है कि देश में सबसे पहले फैड्रेलिज्म की बात और डीसैंट्रेलाइजेशन आफ पावर की बात अकाली दल ने वर्ष 1973 में श्री आनंदपुर में कही थी। मोदी सरकार ने हमारी बात मानी और सैंट्रल फंड का शेयर 29 परसेंट से बढ़ाकर 42 परसेंट किया। हमारे बादल साहब से किसी ने पूछा कि आपकी सरकार की क्या प्राप्ति है? उन्होंने कहा कि हमारी प्राप्तियां तो बहुत हैं, लेकिन सबसे बड़ी प्राप्ति मेरी सरकार की कम्युनल हारमनी है। हमारा देश 'जियो और जीने दो' के उसूल पर चलता है। गुरु तेग बहादुर साहब ने शहादत दी और कहा कि 'जियो और जीने दो'। हमारा देश एकता में अनेकता की बात करता है। डॉ. राधाकृष्णन जी वर्ष 1948 में रशिया गए। उनसे किसी ने पूछा कि आप इस देश को कैसे चलाएंगे, क्योंकि यहां अलग धर्म है, भाषाएं अलग हैं और अलग पहनावे हैं। उन्होंने यार अल्लाह खां की एक लाइन पढ़ी – है हिंद में एक तीर्थ जहां बाप ने धर्म के लिए बेटे कटवाए। चमकौर साहब की, सरहंद की दीवारों की बात बताकर उन्होंने रशिया के लोगों को कहा था कि हमारे पास गुरु अर्जुन देव जी की शहादत का इतिहास है। वे गर्म तवे पर बैठे थे, उन पर गर्म रेत डाली जा रही थी मगर वे कह रहे थे कि तेरा भाणा मीठा माना। ऐसा इतिहास हमारा रहा है। यदि इस देश को कोई सुई के नक्के से भी निकालना चाहेगा, तो निकाल सकता है। देश में बहुकौमी, जो अलग-अलग

धर्म, भाषा है उसको प्रफुल्लित होने की हम जरूर अपेक्षा करते हैं और ऐसा होना चाहिए।

मैडम, जहाँ तक भीड़ तंत्र की बात है, नॉर्थ-ईस्ट की घटना की बात है, उसको सिक्योर करने के लिए देश में अच्छा माहौल बनाने की जरूरत है, तभी देश आगे बढ़ सकेगा। ये जम्हूरियत की बात करते हैं। आर्टिकल 356 सबसे पहले अकाली सरकार में ज्ञान सिंह राणेवाल और दूसरी बार 1957 में नमुंदरीपाल जी की सरकार पर लगा। गैर कांग्रेसी सरकारों को तोड़ने का काम किया गया। सबसे ज्यादा देश में अकाली सरकारें तोड़ी गईं यहां जम्मू-कश्मीर से हमारे भाई बैठे हैं। इनके बहनोई को इनके मुकाबले में खड़ा किया। जम्मू-कश्मीर की स्थिति बिलकुल ठीक थी, लेकिन जब इनके बहनोई को मुकाबले में खड़ा किया गया और एंटी डिफेक्शन लॉ के तहत सरकार गिरा दी गई, उस समय के बाद से जम्मू-कश्मीर में आग लगनी शुरू हो गई। राहुल गांधी जी आज सदन में मोदी जी को गले लगाने के लिए चले गए, लेकिन जो किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, उनके घरों में क्यों नहीं जाते हैं? वर्ष 1984 के समय की जो विधवाएं हैं, उनके आंसू पोंछने के लिए इनकी तरफ से कोई नहीं गया।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री जय प्रकाश नारायण यादव, आप बोलिए। आप बोलना नहीं चाहते? आप बोलिए।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजारा (आनंदपुर साहिब):** महोदया, मैं थोड़ा ही समय लूँगा। ये आप ही आग लगाते हैं और बाद में उस बुझाने का काम करते हैं। आप पंजाब में बरगारी में जाकर देखिए। पंजाब सरकार वहां टायलेट बनाकर, टेंट लगाकर पंजाब का माहौल

खराब कर रही है। गृह मंत्री जी इस समय सदन में नहीं हैं। यह चिंता की बात है। पंजाब में आग लगाकर ये राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। सबसे ज्यादा 'डिवाइड एंड रूल' को यदि किसी ने इस देश में यूज किया है, तो कांग्रेस ने किया है।

(1945/CP/GM)

मैडम, इससे बुरी बात क्या होगी कि सत्ता हासिल करने के लिए किसी गुरुद्वारे पर टैंक चलाने पड़े, फौज भेजनी पड़े और हमारे गुरू को गोलियां मारनी पड़े। इन्होंने उसके लिए कुछ भी नहीं किया। हमें जम्हूरियत का पाठ पढ़ाते हैं। …(व्यवधान) मैं समझता हूं कि यह अविश्वास मत नहीं है। कोई इसको नौटंकी मत भी कहता है। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि कांग्रेस गाड़ी में पीछे बैठकर जा रही है। सबसे बड़ी पार्टी कहलाने वाली, आज इसको बैठने के लिए, चलाने के लिए अपनी गाड़ी भी नहीं मिली। ये टीडीपी की गाड़ी में बैठ कर जा रहे हैं। इसलिए ऐसी पार्टी जो देश के लोगों के साथ विश्वासघात करे, टीडीपी वालो मित्रो, इस पर विश्वास कभी मत करना। हमारे तजुर्बे से सीखना। ये आपको भी डुबो देंगे। हमारे जैसे लोगों का साथ बहुत अच्छा है, जो हमेशा सिद्धांत पर काम करते हैं। मैं अविश्वास मत का विरोध करता हूं।

(इति)

1946 बजे

**श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका):** अध्यक्ष महोदया, सदन में मंत्रिमंडल के खिलाफ जो अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, मैं उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। सरकार के खिलाफ जो अविश्वास प्रस्ताव है, उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। साढ़े चार साल तक वादा किया। 'वादा तेरा वादा, तेरे वादे पर मारा गया मतदाता सीधा-सादा'। आपने यह काम करने का काम किया। आंध्र प्रदेश के सभी माननीय सदस्यों ने, आंध्र प्रदेश के नेताओं ने जो अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है, हम उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़े हुए हैं कि उनको स्पेशल स्टेटस मिलना चाहिए। आंध्र को स्पेशल स्टेटस मिलना चाहिए। हम बिहार पर फिर आएंगे, उस पर चर्चा करेंगे। सच्चाई अगर बयां नहीं करेंगे, सच्चाई अगर नहीं बोलेंगे, तो देश हमें माफ नहीं करेगा। 'चुप रहेगी जबान ए खंजर, लहू पुकारेगा आस्तीन का' कि सच्चाई आपने बयां क्यों नहीं की, इसीलिए इसको हमें बोलना पड़ेगा।

आदरणीय राहुल गांधी जी अपनी बात रख रहे थे। वह युवा शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने धारदार प्रहार किया है। एक-एक का जवाब चुन-चुन कर देना पड़ेगा। आईने में आपका चेहरा काला हो गया है। उन्होंने दिल की बात कही। लोकतंत्र में सत्ता की कुर्सी पर बैठे हैं। लोकतंत्र की आपकी चादर मैली हो गई है। लोकतंत्र की गंगा आपने मैली कर दी है। यहां सत्यमेव जयते लिखा हुआ है, लेकिन अगर देश में कोई असत्यमेव जयते की सरकार है, तो वर्तमान बीजेपी की सरकार है। असत्यमेव जयते की सरकार है। कहावत है कि रोपा पेड़ बबूल का, तो आम कहां से होए। बबूल का पेड़ आप लोग

हैं। संविधान के साथ धोखा, आरक्षण के साथ धोखा, एससी, एसटी ओबीसी के अधिकार को छीनना, बाबा साहेब के सपनों को धोखा देना, चारों तरफ से हमला हो रहा है। बिहार में जनादेश की चोरी की। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस पार्टी, आदरणीय लालू जी, जिनको जनादेश मिला था, बिहार में भाजपा भगाओ, देश बचाओ, बिहार बचाओ, लेकिन जनादेश का अपमान करके, जनादेश की चोरी करके सरकार बनाई है। वर्ष 2019 में देश में खटिया खड़ी होगी और बिहार में भी आपकी खटिया खड़ी होने वाली है। आप इसको याद रखिए। मंडल कमीशन लागू हुआ था, जिसकी चर्चा आदरणीय रामविलास जी कर रहे थे। आदरणीय लालू जी ने कहा, सुनो-सुनो, एससी, एसटी, ओबीसी, मंडल कमीशन के खिलाफ कमंडल आया है।

(1950/NK/RSG)

लालू यादव को सत्ता और कुर्सी छोड़नी पड़ेगी, लेकिन दलित और पिछड़ों को, …( व्यवधान) मैंडम अभी खड़े हुए हैं। मेरी विनती है कि दो मिनट का समय दीजिए। सत्तर सालों में देश में कुछ नहीं हुआ। अगर हवाई जहाज नहीं बनता तो नीरव मोदी विदेश नहीं भागता। मैं अपने क्षेत्र की कुछ बात करना चाहता हूं। बिहार को स्पेशल पैकेज देने की बात की गई। कितना लेना है, लाख, करोड़, दस करोड़, अरब, लेकिन एक पैसा भी नहीं मिला। बिहार में गैंगरेप हो रहा है। रामनवमी में दंगा दिवस मनाया जा रहा है। बिहार में बाढ़ और सुखाड़ है। नेपाल में हाईडैम बने। माननीय लालू जी ने जो रेल प्रोजक्ट दिया है, उसे चालू नहीं किया गया। शौचालय और शराबबंदी के नाम पर

गरीबों को बंद किया गया। बांका में मेगा प्रोजेक्ट दिया जाए, सात एम्स अस्पताल दिए जाएं। जमालपुर में एशिया का प्रसिद्ध कारखाना है, उसे बनाया जाए।

सराकारी एजेंसी का दुरुपयोग किया जा रहा है। आप शिकारी हैं, शिकारी आएगा जाल बिछाएगा, दाना डालेगा, लेकिन वर्ष 2019 में कोई फंसने वाला नहीं है।

चंदा मामा आरे आओ, पारे आओ नदिया किनारे आओ,

झूठे, बबुआ के दूध-भात घुटुस

यह होने वाला नहीं है। आपके जुल्म का सूरज ढहेगा। समाजिक, राजनीतिक और भाईचारा, अमन-शांति है।

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाए,
टूटे न जुटे, जुटे तो गांठ पड़ जाए।

हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में भाई-भाई, गंगा-यमुना हमारी संस्कृति है। इसे हमें बनाकर रखना है।

(इति)

1952 बजे

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपका बहुत आभार व्यक्त करती हूं कि आपने अविश्वास प्रस्ताव के विरोध पर अपनी बात रखने का अवसर दिया। मुझे यह पूरी घटना ही आश्चर्यजनक और हास्यास्पद लग रही है। आज सदन के अंदर ऐसे यशस्वी प्रधान मंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत का मान बढ़ाने का काम किया है। जिनके नाम और नेतृत्व के चलते देश में आधे से ज्यादा राज्यों में सरकारें बनी हैं। जिनके नेतृत्व में आज हर भारतीय को विश्वास है, जो हर भारतीय के दिल पर राज करते हैं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व वाली सरकार के ऊपर अविश्वास व्यक्त किया गया, इसलिए मुझे पूरी घटना ही हास्यास्पद लगती है। मुझे कुछ पंक्तियां याद आती हैं जिसे मैं जरूर कहना चाहूंगी।

जहां सच हैं वहां हम खड़े हैं
इस खातिर आपकी आंखों में गड़े हैं

माननीय प्रधान मंत्री जी की लोकप्रियता विपक्ष की आंखों में इस कदर चुभ रही है कि हमें यह कह कर आरोपित किया जा रहा है कि हम जुमलों की सरकार हैं। हकीकत में इस सरकार ने हर वादे को पूरा करने का काम किया है। यह हमारी सरकार की खासियत है कि जब हम किसी परियोजना का शिलान्यास करते हैं तो उसका उद्घघाटन भी स्वयं करते हैं। यहां तक की पूर्ववर्ती सरकारों की तमाम लटकी, अटकी परियोजनाओं को भी हमने ढूंढ-ढूंढ कर पूरा करके उद्घघाटन करके जनता को सौंपने

का काम किया है। यह हमारी सरकार की विशेषता है इसलिए शायद हमारा गुनाह यही है कि यह जुमलों की सरकार नहीं हैं बल्कि जुमलो को हकीकत में तब्दील करने का काम सरकार ने किया है।

अध्यक्ष महोदया, मैं हर योजना को विस्तार में नहीं रखूंगी क्योंकि उसके आंकड़ों को पूर्व वक्तओं ने रखा है। मैं जरूर कहना चाहूंगी कि हमने गरीबी हटाओ का जुमला नहीं दिया, बल्कि हर योजना को गरीबों पर केन्द्रित करके काम किया है। उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधान मंत्री जन औषधि योजना और डॉयरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजनाएं आदि हैं। ये सभी ऐसी योजनाएं हैं, जिससे सीधे तौर पर गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। मैं स्वास्थ्य मंत्री हूं, इसलिए यह जरूर जिक्र करूंगी कि हमने गरीबों को लाभ पहुंचाने के लिए फ्री ड्रग्स इनिशिएटिव के तहत चौदह हजार करोड़ की दवाइयां नि:शुल्क रूप से देश की गरीब जनता को उपलब्ध कराई हैं। हमने घुटने के प्रत्यारोपन में लगने वाले इम्पलांट्स और कार्डिक एसटेंटस का दाम घटाने का काम किया है।

(1955/SK/RK)

देश भर में अमृत फार्मेसी स्टोर खोलकर कार्डियो वस्कुलर डिसीजिस की जीवन रक्षक दवाओं को 70-80 परसेंट तक मार्किट प्राइस से कम दामों पर गरीब

जनता को उपलब्ध कराने का काम किया है। हमारी सबसे बड़ी घोषणा और जनता से वादा है जिसके तहत प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन के तहत प्राइमरी हैल्थ केयर के लिए गरीब जनता को डेढ़ लाख सब सैंटर यानी वैलनैस सैंटर देने का काम करने जा रहे हैं। हमारी सरकार ने देश के 50 करोड़ लोगों को सालाना पांच लाख रुपए का बीमा टर्शिरी और सैकेंड्री हैल्थ केयर उपलब्ध कराने के नाम पर देने का काम किया है। हमने इन सभी योजनाओं के माध्यम से सिर्फ गरीब और गरीब के जीवन में परिवर्तन किया है और उसके चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का काम किया है। हमारा गुनाह शायद इतना ही है कि हम फ्रांस जैसे देश को पछाड़कर भारत की अर्थव्यवस्था को नौवें नंबर से उठाकर छठे नंबर पर ले आए हैं। अगर हम इसी गति से चलेंगे तो 2030 तक हमारी अर्थव्यवस्था पहले तीन नंबर पर आ जाएगी। शायद यह हमारा गुनाह है जो विपक्ष के साथियों को पसंद नहीं आ रहा है।

हमें यह कहकर आरोपित किया जा रहा है कि हमारी सरकार में दलितों और पिछड़ों की चिंता नहीं की जा रही है। मैं कहना चाहती हूं कि वर्षों से सदन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग होती रही है, लेकिन तत्कालीन सरकारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। यह माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ही है जिसने संसद में संविधान संशोधन विधेयक लाने के बाद राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने की पहल की है।

अभी हाल ही का उदाहरण हमारी आंखों के सामने है कि यूजीसी द्वारा किस तरह से विभागवार रोस्टर लागू करके नियुक्तियां यूनिवर्सिटीज़ में की जा रही थीं। जब

इस बात को एनडीए की बैठक में माननीय प्रधानमंत्री जी के संज्ञान में लाया गया, तब एक दिन भी नहीं लगा और इस पर तुरंत रोक लगाने का काम किया गया। यह इस बात को दिखाता है कि वह स्वयं और सरकार दलितों और पिछड़ों के हक और अधिकार को लेकर किस तरह संवेदनशील हैं।

यहां किसानों को लेकर बहुत सी बातें की गई हैं। मैं एक उदाहरण के माध्यम से सिर्फ इतना ही कहना चाहती हूं कि एक बच्चे को अगर पोलियो की वैक्सीन न दो और उसके पैर खराब हो जाएं और उसके बाद उसे बैसाखी देकर अहसान जता दो कि हमने तुम्हारा बड़ा भला कर दिया, तो यह उसी तरह से है कि किसान की दुर्दशा कर दो और फिर उसका कर्ज माफ करके अहसान जता दो। लेकिन हम किसानों पर अहसान जताना नहीं चाहते हैं, बल्कि किसान को सशक्त बनाना चाहते हैं। इसके लिए हमारी सरकार ने किसानों से वादा किया था कि कॉस्ट आफ प्रोडक्शन का डेढ़ गुना मिलेगा, यह काम हमारी सरकार ने किया है। हमारी सरकार ने आम जन मानस और किसानों को सशक्त करने के लिए ई-मंडी, जैविक खेती से लेकर नीम कोटिंग तक तमाम प्रयास लगातार किए हैं।

मैं अपनी बात समाप्त करते हुए इतना ही कहना चाहती हूं कि आम जन मानस के मन में एनडीए सरकार की लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि आज विपक्ष में बौखलाहट, छटपटाहट और बेचैनी है जिसके चलते यह अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इसे लाकर इन्होंने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है, क्योंकि आज यह चर्चा पूरा देश देख रहा है और पूरे देश के सामने विपक्ष स्वयं बेनकाब हो रहा

है। हमें तो एक और अवसर मिला है कि चार साल में अपनी उपलब्धियों को पूरे देश के सामने रख सकें। हमारी सरकार ने गुड गवर्नेंस देने का काम किया है और पूरा देश इसे देख रहा है। मैं अपनी पार्टी और अपने दल की ओर से सरकार में विश्वास करते हुए अपनी बात समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

(इति)

1958 बजे

**श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम):** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे अविश्वास प्रस्ताव पर बोलने का मौका दिया, मैं अपनी पार्टी, माननीय चन्द्रबाबू नायडू, जिन्होंने इसका समर्थन किया है, को धन्यवाद देना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, मुझे बहुत सारे क्लेरिफिकेशन देने पड़ेंगे क्योंकि बीच में हरिबाबू जी और गृह मंत्री जी भी बोल चुके हैं, इसलिए मुझे बोलने का थोड़ा समय दीजिएगा।

मैं सबसे पहले रेलवे जोन के बारे में कहना चाहता हूं, एक्ट में विशाखापट्टनम में जोन दिया गया था। चार साल हो गए हैं, अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया गया। हरिबाबू जी विशाखापट्नम से आते हैं, वे दिल्ली का कम और अपनी कांस्टीटुएंसी की बात ज्यादा सुनते तो उनको पता चलता कि लोगों की राय क्या है। चार साल हो गए हैं। वर्ष 2002 में जब माननीय वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे तब देश में सात नए जोन्स बनाए गए थे।

(2000/RPS/RC)

आज एक और नया जोन बनाने की बात हो रही है। विशाखापत्तनम की बात करते हैं, जहां रेलवे की 250 एकड़ जमीन उपलब्ध है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** राममोहन जी, एक मिनट रुकिए।

हमने आठ बजे तक के लिए कहा था, आप सबकी सहमति से समय एक घण्टा और बढ़ा देते हैं।

**श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम):** बढ़ा दीजिए, मैडम। जब तक डिसकशन खत्म नहीं होता है, तब तक के लिए बढ़ा दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष** : नहीं-नहीं, ऐसा नहीं होता है। कहीं समय सीमा तो रहती है। अभी समय एक घण्टा बढ़ा देते हैं।

**श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम):** मैडम, हमने इसी उद्देश्य के साथ नो-कांफिडेंस मोशन दिया है, जिससे इस पर पूरी तरह से चर्चा हो। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : पूरी तरीके से ही चर्चा हो रही है। आप अपनी बात कहिए, इधर-उधर की बातें मत कहिए।

**श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम):** मैडम, विशाखापत्तनम की बात हो रही है, जहां लैण्ड अवेलिबिल्टी है, जहां पोर्ट्स हैं, जहां नाल्को, एनएमडीसी, एचपीसीएल, एनटीपीसी, वायजैग स्टील प्लांट, डीजल लोको शेड, इलेक्ट्रिक लोको शेड है। वहां इतनी सारी चीजें हैं, जो रेलवे जोन एस्टैबलिश करने के लिए सहायता करेंगी। फिर भी अभी तक निर्णय नहीं लिया गया, चार साल हो गए। हम यही सवाल पूछ रहे हैं, फिर भी एक टूटे रिकॉर्ड की तरह चल रहा है। जैसे उपराष्ट्रपति … *(Not*

*recorded)* जी बोलते हैं, एक टूटे रिकॉर्ड की तरह बजता है – 'ओ चन्दा मामा, ओ चन्दा मामा, ओ चन्दा मामा।' कोई भी मंत्री यहां पर बोले, वही बात बार-बार दोहराई जाती है। जो बात वर्ष 2014 में बोली गई थी, उससे अभी तक एक भी चीज नहीं बदली है। रेलवे जोन का मामला ऐसे ही रह गया है। तब से अब तक एक कारण देकर उसे छोड़ दिया गया है। अभी स्पेशल कैटेगरी स्टेटस की बात कर रहे थे, स्पेशल कैटेगरी स्टेटस का प्रस्ताव क्यों आया? …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** उपराष्ट्रपति जी का नाम नहीं लिखा जाएगा।

… (*Interruptions*)… *(Not recorded)*

**श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम):** मैडम**,** जब आन्ध्र प्रदेश का विभाजन हो रहा था**,** तब पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने सोचा कि इनके साथ अन्याय हो रहा है**,** इसलिए इनको स्पेशल कैटेगरी स्टेटस देना है। तब इसे किसने मांगा था? तब *… (Not recorded)* जी ने मांगा। तब अरुण जेटली जी राज्य सभा में बैठे थे, उन्होंने कहा कि आन्ध्र प्रदेश को स्पेशल कैटेगरी स्टेटस पांच साल के लिए नहीं, दस साल के लिए देना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के मेनिफेस्टो में भी दिया हुआ है कि दस साल तक स्पेशल कैटेगरी स्टेटस देना चाहिए। आप लोग सरकार में आ गए, सरकार में आने के बाद पोलावरम में जो सात मण्डल हैं, जिस तरह से आपने एक नया एक्ट लाकर अमेंडमेंट की, उसी तरह से स्पेशल कैटेगरी स्टेटस के लिए अमेंडमेंट क्यों नहीं की गई? आज आप बोलते हैं कि स्पेशल कैटेगरी स्टेटस एक्ट में नहीं है। जब सरकार आपकी है, प्रधानमंत्री आपका है तो इसे क्यों नहीं कि या गया? आप दो साल बाद बोलते हैं कि एसि स्टेंस देंगे, दो साल बाद बोलते हैं कि इतने पैसे मिलेंगे, चार साल

बाद बोलते हैं कि एसपीवी बनाओ, तब पैसे देंगे। जब स्पेशल कैटेगरी स्टेटस का नाम आपने वर्ष 2017 में बन्द कर दिया और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए आप जिस तरह से राशि बढ़ा रहे हैं, उसी तरह हमारे लिए क्यों नहीं बढ़ाते हैं? हमें अलग से क्यों देख रहे हैं? जब उनका भी नेगेटिव डेफिसिट बजट स्टेट है और हमारा भी नेगेटिव डेफिसिट बजट स्टेट है तो हमें दूसरी तरह से क्यों देखा जा रहा है? मैं यह पूछना चाहता हूं। ऐसी बहुत सारी चीजें हमारे एक्ट में दी हुई हैं। गृह मंत्री जी जो स्टेटमेंट दे चुके हैं, उसके बारे में बोलने से पहले, मैं गृह मंत्री जी और प्रधानमंत्री जी से सीधे एक ही प्रश्न पूछना चाहता हूं। एक्ट बनाए को हुए चार साल हो गए, यह एक्ट इसी सदन में बना है, इन सबके सामने बना है, इसलिए आपकी यह जिम्मेदारी बनती है कि केन्द्र सरकार उसका इम्प्लीमेंटेशन करे। अब केन्द्र सरकार उससे पीछे हट रही है। हमारे मुख्यमंत्री 29 बार दिल्ली आते हैं कि ऐसा कीजिए, जबकि जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि इन चार सालों मे गृह मंत्री, जो इसके नोडल मिनिस्टर हैं और प्रधानमंत्री जी, जिनकी यह जिम्मेदारी बनती है, क्या आपने कभी एक बार भी इम्प्लीमेंटेशन ऑफ दि एक्ट के लिए रिव्यू मीटिंग रखी है? आज तक नहीं रखी है। अगर रखी होती तो उन सबको सच्चाई पता चलती। गृह मंत्री जी ने अपने भाषण में यहां जो बोला है, वे सारी चीजें गलत हैं। स्पेशल कैटेगरी स्टेटस के लिए गलत जवाब देते हैं, रेलवे जोन के लिए गलत जवाब देते हैं। नेगेटिव डेफिसिट बजट के लिए जो पैसा मिलना चाहिए, उसके लिए गलत जवाब देते हैं। रेवेन्यू डेफिसिट बजट के लिए कैग ने निर्धारित किया था कि 16 हजार करोड़ रुपये मिलने चाहिए, लेकिन उसके लिए चार हजार करोड़ रुपये दे रहे हैं। बाकी 12 हजार करोड़ रुपये का क्या होगा, उसका समाधान नहीं दि

गया है। एक्ट के तहत आन्ध्र प्रदेश को 11 इंस्टीट्यूशन्स मिलने चाहिए, लेकिन अभी तक आठ ही मिले हैं। वे आठ भी इसलिए मिले क्योंकि हमने, हमारे किसानों ने अपनी भूमि त्याग दी है, उन्होंने सोचा कि अगर हम भूमि देंगे तो हमारे बच्चों का भविष्य अच्छा रहेगा, कुछ नए इंस्टीट्यूशन्स आएंगे। इन आठ इंस्टीट्यूशन्स के बनने के लिए हमें 11 हजार करोड़ रुपये चाहिए, जबकि हमें 6 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। हमें पांच प्रतिशत पैसा दिया गया है, अगर इसी तरह पांच प्रतिशत पैसा चार साल में देंगे तो 100 प्रतिशत पैसा आने में 80 साल लगेंगे। जब 80 साल में ये सब बनेगा तो उसे कौन देखेगा, वहां कौन बच्चा ग्रेजुएशन करेगा? मैं एक चीज याद दिलाना चाहता हूं। बीजेपी का हेडक्वार्टर, जो यहां से पांच किलोमीटर दूर है, उसे आपने डेढ़ साल में बनाया। आपने वहां 70 कमरों का ऑफिस बनाया, सात स्टोरी बिल्डिंग, तीन ब्लॉक, डिजिटल लाइब्रेरी और सारी नई फेसिलिटीज के साथ उसे डेढ़ साल में बनाया। क्या आप हमारे यहां एक आईआईटी, एक एम्स चार साल में नहीं बना सकते हैं? मैं इसका समाधान प्रधानमंत्री जी से पूछना चाहता हूं। …(व्यवधान) मैंने अभी शुरू किया है, मुझे थोड़ा टाइम दे दीजिए।

(2005/RAJ/RU)

मैं स्पेशल कैटेगरी स्टेटस के बारे में कहना चाहता हूं। वर्ष 2002 का मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट पढ़ना चाहता हूं, क्योंकि हरिबाबू जी ने मिसलीड किया है। उन्होंने कहा है कि स्पेशल कैटेगरी स्टेटस में टैक्स इंसेंटिव्स नहीं है। मैं उसके बारे में पढ़ना चाहता हूं। The new industry policy and other concessions for the State of Uttaranchal and the State of Himachal Pradesh-the hon.

Prime Minister during the visit to Uttaranchal on 29th of March, 2002 had made an announcement that tax and central excise concessions to attract investments in the industrial sector will be worked out for the Special Category States including Uttaranchal. इसी बात से हम पूछ रहे हैं कि स्पेशल कैटेगरी स्टेटस में टैक्स इंसेंटिव्स भी है, जिसकी वह बात ही नहीं करते हैं। आज वह बोलते हैं कि इतने पैसे आएंगे, एसपीवी से लो। आज बोलते हैं कि अभी तैयार है, क्या गाइडलाइन बनाई है? किसने हरिबाबू जी को ऐसा बोलने के लिए अप्रूव किया कि वह बोलते हैं कि एसपीवी का पैसा ले लो। वह बोलते हैं कि कल ले लो। यह किस तरह का मजाक है। वह अन्दर कुछ और बोलते हैं। वह बोलते हैं कि एसपीवी को ऐसा बनाओ, लिमिट के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं, एफआरबीएम के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। गलत तरीके से हाउस को मिसलीड करना, It is not good for the House and State of Andhra Pradesh also.

A couple of issues and I will conclude. This is a very important point. When it comes to Visakhapatinam and Chennai Industrial Corridor, they promised that they are going to give money. अभी तक एक भी पैसा नहीं मिला है। जबकि मुंबई-दिल्ली कॉरिडोर के लिए 17,500 करोड़ रुपये दिए गए। उसी पेट्रो-केमिकल कॉम्पलैक्स जो आंध्र प्रदेश को एक्ट के तहत मिलना चाहिए था, उसको अभी शुरू भी नहीं किया है। लेकिन गुजरात में जीएसपीसी को ओएनजीसी लेने के लिए एक सिक यूनिट लेने के लिए, उन्होंने आठ हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उसका बोझ 24,500 करोड़ रुपये का है। जब ओएनजीसी, एक

पीएसयू इतना बड़ा बोझ उठा सकता है तो आंध्र प्रदेश में एक पेट्रो-केमिकल कॉम्पलैक्स बनाने के लिए क्या वह वायबलिटी गैप नहीं दे सकता है? कडप्पा स्टील प्लांट की बात करें तो उसका कोई और कारण निकाला जाता है। आज मैं साफ-साफ बताना चाहता हूं कि एक भी हिस्सा पूरी तरह से नहीं किया है। बारबार ऐसा मिसलीड किया जाता है कि ये सब कर दिया गया है। हमारी पार्टी में 15 लोग हैं। आज 15 लोग मिल कर अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। हमें यह नहीं पता था कि काँग्रेस हमारी सपोर्ट करेगी, ये सभी हमारे साथ खड़े होंगे, लेकिन हम 15 लोगों ने साहस किया। हम यहां बात नहीं करेंगे तो कहां करेंगे? यह लोकतंत्र का मंदिर है। यहीं पर यह बिल बना है, यहीं पर यह एक्ट बना है। एक प्रधान मंत्री दूसरे प्रधान मंत्री का आदर नहीं करता, उस व्यवस्था को आदर नहीं करते तो कहां पर जाएं? हम कोर्ट के पास जाएं, उसी कोर्ट के बारे में यहां पर हर बार चर्चा होती है।

इसलिए मैं एक बार और बताना चाहता हूं कि हम नो-कान्फिडेंस मोशन इसलिए लेकर आए हैं कि हम प्रधान मंत्री जी से सुनना चाहते हैं कि आंध्र प्रदेश के बारे में उनकी क्या सोच है, क्या राय है और उन्होंने क्या किया? हमने बहुत सारे फोरम्स में बात की। हम कई तरीके से यहां पर पेश आए। हमें अच्छा नहीं लगा, फिर भी हम वेल में गए, क्योंकि हमें समाधान नहीं मिल रहा था। इसलिए हम संगठन के बाहर भी आए। हमारे मंत्री भी इस्तीफा देकर संगठन से बाहर आकर एक ही चीज के लिए लड़ रहे हैं। आप राजनीतिक तौर पर इसे मत देखिए। …( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** भगवंत मान जी।

…(<u>व्यवधान</u>)

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** वह बोल रहे हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात शुरू कीजिए, उनकी माइक बंद है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** राम मोहन जी मैंने आपको ज्यादा समय दिया है। I have given you ten minutes. You are not concluding. This is not fair.

… (*Interruptions*)

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** मैडम, हाउस ऑर्डर में नहीं है। …( व्यवधान)

HON. SPEAKER: You conclude within one minute.

**SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU :** मैडम, एक मेट्रो रेल का प्रोजैक्ट है। हमारे एक्ट में मेट्रो रेल भी दिया हुआ है। आज तक एक पैसा नहीं है। मेट्रो रेल के लिए पॉलिसी केन्द्र सरकार बदलती है, दबाव राज्य सरकार पर डालती है। उनको कहते हैं कि हमारी पॉलिसी बदल गई, अब आप पैसा दें। हम पहले से ही कह रहे हैं कि हमारे पास पैसा नहीं है। हमारा स्टेट डेफिसिट बजट 16000 करोड़ रुपये का है, निगेटिव डेफिसिट चल रहा है, फिर भी आप मदद नहीं करते हैं। हम इतना क्यों आक्रोशित हो रहे हैं? आज भी आप देखेंगे तो हमारे बगल के राज्य हैं - तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा और तमिलनाडु, सभी की जीडीपी देखिए, सभी की पर कैपिटा इनकम देखिए, हम से तीस हजार आगे है। पांच साल के बाद देखिए, फिर भी वे आगे रहेंगे, लेकिन हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे। इसलिए एक्ट बना है।

(2010/IND/RU)

मैं प्रधान मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूं कि जब वे चुनाव के समय आंध्र प्रदेश आए थे, तिरुपति, गुंटूर, विशाखापट्टनम आए थे, उन्होंने कहा था कि आंध्र प्रदेश को स्पेशल केटेगिरी स्टेटस पांच साल नहीं बल्कि दस साल के लिए दूंगा। उन्होंने कहा था कि आंध्र प्रदेश की नई राजधानी ऐसी बनाएंगे कि दिल्ली से भी शानदार होगी। पूरे देश को उस पर गर्व होगा।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** आपने एक मिनट का समय कहा था, लेकिन अब दो मिनट का समय हो गया है। आप बैठ जाएं।

2011 बजे

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** महोदया, मैं अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। …( व्यवधान)

महोदया, हाउस आर्डर में नहीं है।

**माननीय अध्यक्ष :** हाउस आर्डर में है, आप बोलते रहिए।

…(व्यवधान)

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** महोदया, मैं अपने टीडीपी के मित्रों से संवेदना रखता हूं और उनसे कहना चाहता हूं कि यह पहला वायदा नहीं है, जिस पर मोदी जी मुकरे हैं। स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू करने के वायदे से भी मोदी जी मुकरे हैं। दो करोड़ नौकरियां देने का वायदा पूरा करने से भी मुकरे हैं।…( व्यवधान) ये मुकरने के माहिर हैं, इसलिए मैं आपसे संवेदना रखता हूं और आपके पक्ष में हूं।…( व्यवधान) मैं कहना चाहता हूं कि आज बीजेपी के मेरे जितने भी मित्रों ने स्पीच दी, सभी ने कहा कि हम सभी राज्यों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकारें चलाने का अधिकार देते हैं। उनसे मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वे दिल्ली को देश का हिस्सा नहीं मानते हैं। दिल्ली में आप क्या कर रहे हैं। दिल्ली का चुना हुआ मुख्य मंत्री नौ दिनों तक एलजी के घर के वेटिंग रूम में उनसे मिलने के लिए वेट करता रहा, लेकिन वे नौ मिनट भी उनसे नहीं मिले। क्या यह लोकतंत्र है? चार राज्यों के मुख्यमंत्री आए, उनसे भी एलजी साहब नहीं मिले। जिस घर में एलजी रहते हैं, उस घर में अंग्रेजों के वायसराय रहते थे। शायद वायसराय की आत्मा एलजी में घुस गई थी। क्या लार्ड साहब के डंडे से दिल्ली चलाओगे? क्या यह लोकतंत्र है? यह फैड्रल स्ट्रक्चर के लिए बहुत बड़ा खतरा है। ये गोवा में भी ऐसे ही

करते हैं, ये अरूणाचल प्रदेश में भी ऐसा ही करते हैं। प्रधान मंत्री जी जब किसी राज्य में जाते हैं, तो उस राज्य की ट्रेडीशनल ड्रेस पहनाई जाती है। पिछले दिनों प्रधान मंत्री जी पंजाब के दौरे पर गए, उन्हें पगड़ी पहनाई गई। 90 परसेंट कुर्बानियां देश के लिए पगड़ी पहनने वाले पंजाबियों ने दी हैं, जिन्होंने देश को आजाद कराया। हमारे देश के प्रधान मंत्री 90 सैकेंड तक भी वह पगड़ी अपने सिर पर नहीं रख सके और पगड़ी उतार कर फेंक दी। इससे पता चलता है कि माइनोरिटीज की कितनी क़द्र प्रधान मंत्री जी के दिल में है।…( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** पगड़ी उतार देते हैं, फेंकते नहीं हैं।

…( व्यवधान)

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** महोदया, आज बेरोजगारी पर डिबेट नहीं हो रही है, आज डिजिटल इंडिया पर कोई बात नहीं कर रहा है। आज डिबेट हिंदू-मुस्लिम पर चलती है। आप कोई भी टीवी चैनल लगा लीजिए, हिंदू-मुस्लिम की डिबेट आती रहती है। ये विभाजन की राजनीति बहुत खतरनाक है। यह देश को बांटने वाली बात है। आज पेट्रोल और डीजल के भाव कहां से कहां तक पहुंच चुके हैं। सरकार यह बात कह कर सत्ता में आई थी – बहुत हुई महंगाई की मार, अब की बार भाजपा सरकार। आप सब्जियां खरीदने जाओ, तो आपको महंगाई का अंदाजा होगा। आज डॉलर की कीमत 70 रुपये तक पहुंच गई है। यह कौन-सी प्राप्ति है? कई माननीय सदस्य बड़ी-बड़ी प्राप्तियां गिना रहे थे।

महोदया, मैं आखिर में एक छोटी-सी कविता बोलकर बैठ जाऊंगा, कृपया आप घंटी मत बजाइएगा, ध्यान डिस्टर्ब हो जाता है।

“बात चली थी भारत को डिजिटल इंडिया बनाने से
बात चली थी एक के बदले दस सिर लाने से
बात चली थी बुलेट ट्रेन चलाने से
बात चली थी छप्पन इंच का सीना दिखाने से
बात चली थी न खाने से न खिलाने से
कहां गई वह सौ दिन में काले धन की बात
पिछले चार साल से देश की जनता सुन रही है
रेडियो पर सिर्फ मन की बात
चौकीदार देख रहा है और लोग बैंकों को चूना लगाकर
भगोड़े हो रहे हैं और लाखों पढ़े-लिख नौजवानों के सपने
आंखों के सामने पकौड़े हो रहे हैं
अब तो साहब के आफिस से मैन्यू बनकर आता है
कि हमने क्या पहनना है और हम क्या खाने वाले हैं
मोदी जी आप अगले छह-सात महीने में जाने वाले हैं
कृपया जाते-जाते बता दीजिए अच्छे दिन कब आने वाले हैं। ”

(इति)

(2015/vb/ksp)

2015 बजे

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही):** माननीय अध्यक्ष जी, टीडीपी द्वारा सरकार के खिलाफ जो अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, मैं उसका विरोध करता हूँ।

सबसे पहले इस संसद में अविश्वास प्रस्ताव वर्ष 1963 में, आचार्य जे.बी. कृपलानी लाये थे, जो प्रजा समाजवादी पार्टी के अमरोहा से सांसद थे। श्री नेहरू जी प्रधान मंत्री थे। मैंने अभी जो समझा है, सरकार के खिलाफ जब अविश्वास प्रस्ताव आता है, तो देश में बेचैनी रहती है, लोगों में सरकार के प्रति गुस्सा रहता है, लोगों का सरकार के प्रति भरोसा टूट जाता है। जब ऐसा होता है, तो भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की संवैधानिक जिम्मेदारी होती है कि वह अविश्वास प्रस्ताव ले आए। वर्ष 1963 में, जब आचार्य जे.बी. कृपलानी अविश्वास प्रस्ताव लाये थे, उस समय चीन और भारत के बीच युद्ध हुआ था। चीन से भारत युद्ध में हार गया था। सीमा पर किसानों के बहुत-से पुत्रों का नृशंस बलिदान हुआ था। इससे देश में बेचैनी थी, इसलिए उस समय आचार्य जे.बी. कृपलानी जी अविश्वास प्रस्ताव लाये थे। मुझे नहीं लगता है कि आज देश में कोई बेचैनी है। कुछ लोगों ने उनको बता दिया है कि किसानों की बात करोगे, प्रधान मंत्री पर हमला बोलोगे, उनकी बेचैनी मैं जानता हूँ, उनकी पेटवथी क्या है, वह मैं जानता हूँ, उनकी पेटवथी कुर्सी की है।

हमारे पूर्व के बहुत-से वक्ताओं, भारत सरकार के मंत्री माननीय राजनाथ सिंह जी, राकेश सिंह जी और एनडीए के सभी वक्ताओं ने अपनी बात रखी, माननीय मुलायम सिंह जी ने भी अपनी बात रखी। उन बातों को किसानों पर केन्द्रित करके

गाँव, गरीब, किसान, झोपड़ियों का इंसान आदि के संदर्भ में ही मुझे बात करनी है और इसी बेचैनी के बारे में बात करनी है।

यह संसद जब से बनी है, इसने बहुत-से महान् लोगों को देखा है। इस संसद में आचार्य जे.बी. कृपलानी, महावीर त्यागी, मोरारजीभाई देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी रहे हैं और वर्तमान में माननीय लाल कृष्ण आडवानी जी हैं, महान् विद्वान डॉ. मुरली मनोहर जोशी हैं। पहले समाजवादी आंदोलन के श्री रामसेवक यादव थे, डॉ. राम सुभग सिंह थे, श्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल थे, जिनमें से हम लोगों ने कुछ लोगों को देखा है, कुछ लोगों को सुना है। लेकिन आज इस संसद ने कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी के अध्यक्ष की जो भूमिका देखी है, उससे जो स्वर्ग में होंगे वे, और जो वर्तमान में हैं, वे भी चिन्ता करते होंगे कि यह संसद कांग्रेस के अध्यक्ष द्वारा कहाँ ले जायी जा रही है।

उन्होंने जो सवाल किया कि प्रधान मंत्री मुझसे आँख मिलाकर नहीं देखते हैं। मैं बहुत प्रसन्न हूँ कि हमारे प्रधान मंत्री जी ऐसे *… (Not recorded)* लोगों की तरफ आँख मिलाकर नहीं देखते हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसी भाषा रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

…(व्यवधान)

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही):** आँख मिलाकर बात करना हो, तो मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूँ, मेरे नेता श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी हैं, मुझसे आँख मिलाकर बात करो, तो मैं बताता हूँ। वे गले मिलने जा रहे हैं और जाकर प्रधान मंत्री के गले पड़ गये।…(व्यवधान) आप बताइए अध्यक्ष जी, मैं उनसे गले मिलने जाऊँगा, तो मेरे ऊपर

प्रिविलेज हनन की बात लग जाएगी। वे कहेंगे कि मेरी छाती टूट गयी है, मुझे प्रिविलेज करना है।

**माननीय अध्यक्ष :** वीरेन्द्र जी, मुद्दे पर अपनी बात कहिए।

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही):** अध्यक्ष जी, मैं विषय पर ही आ रहा हूँ। मुझे इस बात के लिए दुख है, इसलिए मैं यह बात कह रहा हूँ। आपने भी इस बात पर दुख व्यक्त किया है। कांग्रेस के लोगों को इस बात पर शर्म करनी चाहिए कि जब स्पीकर ने कांग्रेस के अध्यक्ष के बारे में टिप्पणी की है, तो फिर कांग्रेस के लिए संसद की गरिमा कहाँ रह गयी है?

(2020/PC/SRG)

अध्यक्षा जी, मैं किसान की बात कर रहा हूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** अब आपके पास समय नहीं रह गया है, आई एम सॉरी।

…(व्यवधान)

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) :** मैडम, एक मिनट बोलने दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष :** आपको अपनी बात एक मिनट में बोलनी हो, तो बोल दीजिए। इतना समय नहीं है। मैं बाकी सब को भी बोलने का मौका देना चाहती हूँ। सबको तीन-तीन मिनट मिलेंगे, अदरवाइज़ आप लिखित में अपना भाषण सभा पटल पर दें।

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) :** अध्यक्षा जी, बहुत सी योजनाओं के बारे में बातें सामने आई हैं, जिनके बारे में मैं अपनी बात कहूँगा। कृषि विभाग की आर्य योजना है, जिसके तहत कृषि विज्ञान केंद्रों पर नौजवानों को गांवों के विकास के लिए और किसानों को प्रशिक्षित करने हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्रामीण विद्युतीकरण की योजना के बारे में

भी चर्चा हुई है। बांस योजना के बारे में चर्चा नहीं हुई है। हमारे देश में कैबेज बनाने के लिए बांस आयात करना पड़ता है। यह आजादी के बाद भारत की पहली सरकार है जिसने किसानों को बांस पैदा करने के लिए 1,600 रुपये बजट में दिए हैं।

अध्यक्षा जी, यह चर्चा बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार दो साल से गोबर की खाद पर सब्सिडी दे रही है। किसानों को गोबर की खाद पर सब्सिडी मिली है। मैंने अपने क्षेत्र में इसे शुरू किया है। वहाँ 1560 लोगों को यह सब्सिडी मिली है। ये इसका क्या जवाब देंगे? क्या इन्होंने कभी सोचा है कि गोबर की खाद पर सब्सिडी देने से क्या होता है? गोबर की खाद पर सब्सिडी देने से खेती में कैमिकल फर्टिलाइज़र्स का प्रयोग बंद हो जाता है। आज पूरी दुनिया में ऑर्गेनिक खेती द्वारा उत्पादन की मांग बढ़ी है। आने वाले समय में भारत उसका केंद्र बन जाएगा और इससे किसानों की आमदनी बढ़ जाएगी।

**माननीय अध्यक्ष :** आपका समय पूरा हो गया।

मोहम्मद सिराजुद्दीन अजमल जी।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए। आपका समय खत्म हो गया। आपने अच्छी बात रखी।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अगर बोलना हो तो आप आखिरी का एक वाक्य बोल दीजिए। उसके अलावा कुछ नहीं, अब अपना मुद्दा नहीं बोलेंगे।

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) :** भारत सरकार ने जो जल संरक्षण के बारे में किया है, उसमें मनरेगा के माध्यम से भारत में दस लाख तालाबों का निर्माण हुआ है। हमने मोरना नदी में जल संरक्षण के लिए 67 किलोमीटर तक जल प्रवाहित करवा दिया है।

**माननीय अध्यक्ष :** आपने बहुत सारे मुद्दों पर बोल दिया है। अब प्वाइंट ऑफ ऑर्डर मत कीजिए। दिन भर में बहुत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर हो गया। क्या बात है?

सिराजुद्दीन अजमल जी।

…(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): As per Rule 368, if a Minister quotes in the House a dispatch or other State paper which has not been presented to the House, the Minister shall lay the relevant paper on the Table. Here is the speech of Nirmala Sitharaman Ji. … (*Interruptions*). She has already made the speech. I would like to show it before you and I have submitted for your consideration. I checked with the Table Office. She did not lay that paper. … (*Interruptions*). It should be laid as per the rules. Madam Speaker, it should be laid. … (*Interruptions*).

**माननीय अध्यक्ष :** सिराजुद्दीन अजमल जी।

2024 बजे

**श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी) :** मैडम, मेरा नाम बदरुद्दीन अजमल है।

**माननीय अध्यक्ष :** सॉरी।

**श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी) :** मैडम, आपने मुझे तीन मिनट का समय दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत शुक्रगुजार हूँ। मैं इस नो कॉन्फिडेंस मोशन के पक्ष में बोलना चाहता हूँ। मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूँ कि मैंने आज पूरे दिन सब के भाषण सुने, लेकिन मुझे ऐसा लगता है इलैक्शन से पहले अंदर ही अंदर कोई लावा पक रहा है। सत्तापरस्त लोगों को समझना चाहिए कि लोगों में क्या बेचैनी है। आखिर क्यों इस तरह यह मामला हो रहा है। ऐसा नहीं होना चाहिए, इसलिए मैं अपनी बात शॉर्ट में कहूँगा, क्योंकि मुझे मालूम था कि आप लास्ट में ही मौका देंगी। हम तीन लोग हैं, हमें कम से कम नौ मिनट मिलने चाहिए। आपने सिर्फ तीन मिनट दिए हैं।

मैडम, मैं अपने इश्यूज़ पढ़ देता हूं। हमारा नंबर वन इश्यू असम का है। असम के होम मिनिस्टर साहब इस बारे में जानते हैं। एन.आर.सी का इश्यू इस वक्त सब से गरम इश्यू है। नंबर दो पर सिटिज़नशिप अमेंडमेंट बिल है। गवर्न्मेंट ऑफ इंडिया तीस लाख बंग्लादेशी लोगों को यहाँ लाना चाहती है। असम में असमी ज़ुबान अब माइनोरिटी में आ चुकी है। लोगों को अंदेशा है कि असम एक दिन बंगाल हो जाएगा। आप ऐसा अनर्थ मत होने दीजिए, नहीं तो बहुत बड़ा गजब हो जाएगा। मेरा तीसरा इश्यू डिटेंशन कैम्पस का है। हमारे पास उसकी पूरी रिपोर्ट है। वहाँ लोग जानवरों की तरह रह रहे हैं।

मैडम, अगर एक मर्डर भी होता है, तो उस पर अपील करने का मौका दिया जाता है। 10-12 सालों से लोग इन कैंप्स में रह रहे हैं, लेकिन उनकी अपील के लिए कोई जगह नहीं है। इसके लिए कोई ऐसी चीज़ बनाई जाए, जिससे लोग कम से कम अपील तो करें, कम से कम उसमें इंसानियत होनी चाहिए। इसके बाद फ्लड और इरोज़न का इश्यू है। यह तो हमारा हमेशा का रोना है। हम इसे नेश्नल कलैमिटी डिक्लेयर

कराना चाहते हैं। दस साल से मैं और हमारे लोग यह कहते आ रहे हैं कि असम को फ्लड और इरोज़न ने तबाह और बर्बाद कर दिया है।

(2025/MM/KKD)

इसके लिए कोई परमानेंट सॉल्यूशन सोचा जाना चाहिए। इस पर छोटे-मोटे पैसे बर्बाद न किए जाएं। नॉर्थ-ईस्ट इंडस्ट्रियल पॉलिसी के बारे में कहना चाहता हूं। प्रधान मंत्री जी जब इलेक्शन में गए थे तो उन्होंने वायदा किया था कि हम यहां इंडस्ट्री को डेवलप करेंगे। हमारे पास पांचग्राम पेपर मिल और नौगांव में इंडस्ट्री है, लेकिन उसको भी बंद करने का एलान हो गया है। अभी 15-20 दिन पहले उसको बंद करने का एलान कर दिया गया है। दूसरी जगहों पर इंडस्ट्री डेवलप होती है, हमारे यहां इंडस्ट्री बंद होती है। मेरी आपके माध्यम से गुजारिश है कि इसको जल्द से जल्द खोला जाए अन्यथा हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे। वैसी ही हमारी बेरोजगारी की समस्या बढ़ रही है। मॉब लिंचिंग के बारे में कहते हुए तो शर्म आती है। सारे लोग कल कह चुके हैं और आज भी बहुत से दोस्तों ने कहा है। इस पर हमारे होम मिनिस्टर साहब ने यकीन दिलाया है, लेकिन गिरफ्तारियां नहीं हो रही हैं। आजकल लोग मोबाइल फोन से रिकार्डिंग कर लेते हैं। सारे चेहरे सामने आ जाते हैं। अगर दो-चार लोगों को भी सज़ा हो जाए तो शायद यह सिलसिला बंद हो जाए। मेरी यही दरख्वास्त है कि होम मिनिस्टर साहब इसका ख्याल करेंगे। क्राइम अगेन्स्ट विमन के बारे में मैं कहना चाहता हूं। निर्भया से लेकर आज तक छोटी-छोटी बच्चियों, दो-तीन साल की बच्चियों के साथ गैंग रेप किया जाता है। अफसोस है कि कानून में फांसी का प्रोविजन हुआ है, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ है। मैं ब्लेक मनी के बारे में कहना चाहता हूं।...(व्यवधान) **(इति)**

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी बात आ गयी है। श्री उपेन्द्र कुशवाहा।

2026 बजे

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री उपेन्द्र कुशवाहा) :** महोदया, विपक्ष की ओर से मंत्रिपरिषद के खिलाफ जो अविश्वास का प्रस्ताव रखा गया है, मैं उसके विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं अपनी पार्टी की ओर से प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व पर पूरज़ोर विश्वास करता हूं। पूरे देश के लोगों का भरोसा है और बिहार के लोगों का ज्यादा ही भरोसा है। मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा केवल दो बातों पर मैं चर्चा करना चाहता हूं।

बिहार का अपना एक इतिहास रहा है। माननीय गृह मंत्री जी जब बोल रहे थे तो उन्होंने लिच्छवी गणराज्य की चर्चा की थी। हमें भी फक्र होता है कि हम उस धरती से आते हैं। विक्रमशिला विश्वविद्यालय और नालंदा विश्वविद्यालय की रोशनी दुनिया में जाती थी। लेकिन जब उसी बिहार के बारे में बीमारू राज्य शब्द हम सुनते हैं तो अंदर से कष्ट होता है। आखिर अब तक हम क्यों बीमारू राज्य कहलाने के लिए अभिशप्त है? बिहार के नौजवान दूसरी जगह जाकर निर्माण का काम करते हैं। बिहार के लोग मेहनत करने वाले लोग हैं। आईएएस और आईपीएस काफी संख्या में वहां से निकलते हैं। देश के अन्य हिस्सों की सेवा करते हैं। भारत सरकार में शायद ही कोई विभाग होगा जहां बिहार का कोई अधिकारी प्रमुख पद पर न हो। इतनी क्षमतावान बिहार है। लेकिन बिहार अपनी रोजी-रोटी के लिए कहीं जाए तो हमें खुशी होती है, लेकिन अपना पेट पालने के लिए बिहार का नौजवान अपने घर को छोड़कर, बूढ़े माँ-बाप को छोड़कर जब अपने घर से बाहर जाता है। कभी इस राज्य में तो कभी उस राज्य में भी जाकर जब अपमानित होता है तो बहुत कष्ट होता है। क्या दोष है बिहार के लोगों का, क्या

दोष है बिहार के नौजवानों? इतिहास ने उनके साथ इंसाफ नहीं किया है, इसलिए आज बिहार की ऐसी स्थिति है। हमें पूरा-पूरा भरोसा है। बिहार के दस करोड़ लोगों का भारत के प्रधानमंत्री जी पर भरोसा है। हम आदरणीय प्रधानमंत्री जी से कहना चाहते हैं कि उनके भरोसे के अनुकूल बिहार पर विशेष ध्यान देने की कृपा की जाए। मैं बिहार के दस करोड़ लोगों की ओर से आदरणीय प्रधान मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं।

महोदया, अभी चर्चा चल रही थी कि न्यायपालिका शाषित और वंचित समाज के लोगों, एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं है। इस समय जो स्थिति है, उसमें उनका प्रतिनिधित्व नहीं हो सकता है और सिर्फ उनके प्रतिनिधित्व की ही बात नहीं है। आज ज्यूडिशियरी में जो कॉलेजियम का सिस्टम है, बहाली की प्रक्रिया है, उसका परिणाम है कि एससी, एसटी और ओबीसी के वर्ग के लोग उसमें नहीं हैं। हमारे राष्ट्रपति जी ने भी उस पर चिंता व्यक्त की है। महिलाओं की संख्या भी लगभग नगण्य है। इनकी बात तो छोड़ दीजिए, आज वहां जो स्थिति है, उस प्रक्रिया के चलते गरीब ब्राह्मण परिवार का भी कोई नौजवान, वह चाहे जितना मेरिट रखने वाला हो, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में जज बनना चाहे तो उसके लिए रास्ता बंद है, दरवाजा बंद है।

(2030/BKS/RP)

आज वह सभी के लिए बंद है। एक तरफ कहा जाता है कि लोगों को हक मिलना चाहिए, समान अवसर मिलना चाहिए, मेरिट को अवसर मिलना चाहिए, लेकिन मेरिट को वहां अवसर नहीं दिया जा रहा है। मैं सदन में कहना चाहता हूं कि उस सिस्टम को बदलने की बात होनी चाहिए, जब तक वह सिस्टम नहीं बदलेगा, जब तक वहां सभी

वर्गों का प्रतिनिधित्व नहीं होगा, तब तक हम चाहे कुछ भी कोशिश कर लें, लोगों को न्याय दिलाने में हमें कामयाबी नहीं मिलेगी। इसलिए हम चाहते हैं कि वहां यह सिस्टम हो। हम अपने प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहते हैं। यहां अमेंडमैंट आया, संसद के दोनों सदनों ने उसको पारित किया। नेशनल ज्युडिशियल अपाइंटमैंट एक्ट बनाने का काम हुआ, वह इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ऐसा ऐतिहासिक कदम उठाने का काम किसी और सरकार ने नहीं किया। आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में इस सरकार ने यह कार्य किया। मुझे खुशी है कि जब वह निर्णय हो रहा था, जब पार्लियामैंट में बहस चल रही थी, चाहे इस सदन में हो या उस सदन में हो, तमाम राजनीतिक दल के लोगों ने उसका समर्थन किया था। समर्थन के बाद एक्ट बना, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम उसे नहीं मानते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उसको अस्वीकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में कोलिजियम सिस्टम कैसे चलता है, उस कोलिजियम सिस्टम के एक सदस्य ने कहा कि एक हाथ से दो और एक हाथ से लो, वहां यहीं फार्मूला चलता है। वहां कोई विचार नहीं है, वहां कोई मेरिट देखने की बात नहीं है, कोई ट्रांसपेरेंसी नहीं है। अब इस सिस्टम के रहते हम तमाम जगह लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन न्यायपालिका जैसी बड़ी संस्था में लोकतंत्र नहीं है, यह मैं इस सदन में कहना चाहता हूं। यदि वहां लोकतंत्र नहीं होगा, गरीब घरों के बच्चे वहां नहीं जाएंगे, उनका दरवाजा जब तक बंद रहेगा, तब तक लोगों को न्याय नहीं मिल पाएगा। इसलिए मैं आग्रह करना चाहता हूं कि इसे आगे बढ़ाया जाए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं फिर से इस अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद। **(इति)**

2032 hours

SHRIMATI BUTTA RENUKA (KURNOOL): Madam Speaker, the people of Andhra Pradesh have become despondent; they are living in despair; and are unable to realise what was promised to them while adopting the Andhra Pradesh Reorganisation Act. This Motion of No-Confidence is a culmination of all failed initiatives.

The Special Category Status is a result of a historical decision of dividing the State against the wishes of the people of Andhra Pradesh. You are aware of the circumstances in which the erstwhile State of Andhra Pradesh was divided by forcing the decision on us. It was a black day in the history of democracy when a serious and a momentous decision, affecting the lives of crores of people, was taken in just 20 minutes, closing all the doors of Parliament, in a most disgraceful manner without any transparency and consensus.

In this process, just to appease the agitated people of Andhra Pradesh, Special Status was offered and a promise was made to this effect that Special Status would be granted for a period of five years on the Floor of the House by the earlier Government. The very Party, which is in power, had demanded that the five-year period be extended to ten years which was agreed to by the then Prime

Minister. Thus, both, the party in power and the opposition, were unanimous in offering the Special Category Status.

Today, surprisingly, for the reason not known, the Government is expressing its inability in conferring the Special Category Status. You are aware that the State of Andhra Pradesh has lost substantially because of the division in terms of revenue and needs to spend a lot on building of new capital, relocation of employees, infrastructure development, etc.

The adamant attitude in not granting the Special Status, apart from causing severe hardship to the newly created State, has also got serious implications for the democracy which is dearer to us. The credibility of the Parliamentary institutions is in danger and the people lose faith in the Parliamentary system when the commitments made by the Government in the Parliament are not honoured. I reiterate that people heading the institutions are temporary while the institutions themselves are permanent and continuous.

(2035/RCP/GG)

The commitments need to be honoured irrespective of who is heading them. This is the basic principle of democracy. …(*Interruptions*)

I represent Kurnool constituency which is the backward Rayalaseema Region. I am deeply disappointed that the special promises relating to the development of backward districts have not been implemented causing anguish among the people of Rayalaseema. The promised institutions have not yet become operational. Funding for other programmes in backward districts is very meagre.

Madam, IIIT, which has been sanctioned to my constituency is still functioning in Kanchipuram, although till today, it has not been functional in my constituency. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Dushyanat Chautala.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI BUTTA RENUKA (KURNOOL): Madam, kindly give me some time.… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You complete it in one sentence only.

SHRIMATI BUTTA RENUKA (KURNOOL): Madam, I will just conclude. I just want to say, our hon. Prime Minister, during 2014 elections had promised and given a hope to the people of Andhra Pradesh. The hope has been converted into a sentiment. It has strongly been converted. They do not want to compromise on

anything and to be convinced by anything. So, I would like to request the hon. Prime Minister to immediately confer a Special Category Status to Andhra Pradesh.

(ends)

2037 बजे

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार):** अध्यक्ष महोदया, अविश्वास प्रस्ताव का मतलब शक, संदेह और सरकार पर विश्वास न होना होता है। विश्वास आज किसको है? आज युवा दर-दर की ठोकरें खा रहा है क्योंकि उसको यह विश्वास नहीं रहा कि सरकार उसके हाथ में रोजगार ला कर दे सकती है। आज किसान आत्महत्या कर रहा है क्योंकि उसको यह विश्वास नहीं है कि उसकी फसलों के उचित दाम उसको मिलेंगे। आज मज़दूर रात को अपने घर पर सोता है, क्योंकि उसको यह विश्वास नहीं है कि कल उसके घर का खर्चा कौन पूरा करेगा। आज माँ-बाप को यह विश्वास नहीं है कि कल शायद प्राइवेट स्कूल और कॉलेज फीस इतनी बढ़ा दें कि उनके बच्चे उन स्कूलों में दाखिला ले ही न पाएं।

अध्यक्ष महोदया, सन् 2014 में जिस तरीके से पूरे देश में यह विश्वास बना था कि शायद अच्छे दिन आएंगे, लेकिन आज चार साल के अंदर जनता यह बात जरूर पूछने लगी है कि अच्छे दिन तो बहुत दूर की बात है, सच्चे दिन कब आएंगे?

महोदया, इस सरकार के लिए एक बात तो जरूर कहूंगा कि :–

" रहने दे आसमान, जमीन तलाश कर,
सब कुछ यहीं है,
कहीं और कुछ न तलाश कर।
हर आरज़ू पूरी हो तो जीने में क्या मज़ा है,
जीने के लिए बस खूबसूरत वजह तलाश कर। "

महोदया, आज इस अविश्वास प्रस्ताव को यह सरकार बचाने का काम जरूर करेगी। मगर अगले साल जब आम चुनाव आएंगे तो क्या जनता का विश्वास बचाने का काम यह सरकार कर पाएगी।

महोदया, आज जब युवा बसों और ट्रेनों में धक्के खाता है और शहर की ओर आता है कि शायद रोज़गार मिलेगा तो वह जरूर याद करता है कि दो करोड़ युवाओं को हर साल रोज़गार देने का वादा इस सरकार ने किया था। आज जब युवा ठेकेदार के माध्यम से नौकरी करता है तो वह विश्वास करता था कि बीजेपी के मैनिफेस्टो में लिखा हुआ था कि ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर देंगे। मगर उसको रात को यह विश्वास नहीं होता है कि क्या कल उसका रोज़गार सुरक्षित रहेगा। आज किसान यह विश्वास नहीं कर सकता है कि जो लोग स्वामीनाथन रिपोर्ट के लिए पूरे देश भर में धक्के खाते थे, जब आयोग की रिपोर्ट लागू करने की बात आती है, वे कुछ नहीं करते हैं। एमएसपी पूरी दर पर, फैमिली लेबर को जोड़ कर लाने की बात आती है, उस समय फैमिली लेबर को साइड कर दिया जाता है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपका समय समाप्त हो गया है।

श्री पी.के. कुनहलिकुट्टी।

…(व्यवधान)

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार):** अध्यक्ष महोदया, अभी तो दो मिनट भी नहीं हुए हैं, आपने पांच मिनट की बात कही थी। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** पांच मिनट नहीं, मैं दो-दो मिनट ही सबको बोलने का समय दे रही हूँ।

...(व्यवधान)

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार):** अध्यक्ष महोदया, जब आप विश्वास की बात दिलाते हैं, अटल बिहारी वाजपेयी जी का विश्वास था कि इस देश की नदियों और नहरों को जोड़ा जाएगा। डेढ़ साल हो गया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है कि सतलुज-यमुना लिंक को जोड़ा जाए। ...(व्यवधान)

(2040/CS/SMN)

आप पर विश्वास कैसे किया जाये कि 1.5 साल का समय होने के बाद भी, देश और प्रदेश में आपकी सरकार होने के बावजूद भी आप उस किसान के खेत में पानी पहुँचाने के लिए आज अपने आपको सक्षम नहीं बना पाये? इस सदन के अंदर बोलते हुए दुख होता है कि चौधरी चरण सिंह, चौधरी देवी लाल जी, जय प्रकाश नारायण जी सरीखे लोग आज इस देश में नहीं रहे, जिन्होंने अपनी बात को पूरा करने के लिए अपना पूरा राजनीतिक जीवन न्यौछावर करने का काम किया। अगर सरकार आज विश्वास दिलाना चाहती है तो वह इस देश की जनता को यह याद दिलाने का काम करे कि जो उनके द्वारा घोषणा-पत्र में की गई बातें थीं, सरकार उन्हें पूरा करने का काम करेगी। धन्यवाद।

(इति)

2042 hours

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY(MALAPPURAM): Madam, I support this No Confidence Motion. At this juncture, I do not have too much time and everything has been said by many hon. Members. In my opinion, the purpose for which the Opposition brought this No Confidence Motion has been very well served. Many Members from that side were worrying that when you do not have the number, why you are bringing this No Confidence Motion? We may lose this No Confidence Motion in this House but that will get passed in the people's house in the coming elections. We are sure about that. One can very well sense this. We all sensed the tremendous amount of confidence which many of you have lost. This is very clear. We may lose the No Confidence Motion. The confidence which you have lost is very clearly visible during the discussion. Many of you do not like to touch upon the great promises that you gave to the people. During the discussion, there was not even a mention about some of the points I would like to mention, which are being discussed widely in the country. For example, you do not even like to remember about that Rs. 15 lakh deposit in the account. I do not know whether you will deposit the entire amount at the end of your rule with interest. So

far there is no talk about that. There is no digital India and no Make in India. Nobody knows what you have done during this time.

Rajnath Ji was mentioning here that many projects have come during your time. I was an Industry Minister in my State. Many things that you mentioned here, I remember, came during the UPA time.

I would like to say one word about the kind of communal divide that is happening now had not happened during the British time. It is a shame on you that the minorities are being alienated. It is a shame on you. Definitely, you will have the reaction for this.

(ends)

2044 बजे

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) :** महोदया, मैं अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। यह प्रस्ताव श्रीनिवास केसिनेनी के द्वारा लाया गया है। उन्होंने लगभग 45 मिनट तक आन्ध्र प्रदेश की घटनाओं की बात की। उनका मुद्दा राज्य स्तर का था। मैं समझता हूँ कि अविश्वास प्रस्ताव किसी बड़े राष्ट्रीय मुद्दे पर लाना चाहिए था। मुझे ऐसा लगा है। मैं 15वीं लोक सभा में भी सांसद था। उस समय भी मैंने ऐसा कुछ देखा था। हम लोग पिछली बार जब एनडीए में थे, तो रोज कुछ न कुछ घटनाएं होती थीं। कभी कोयला घोटाला, कभी टू जी का घोटाला, कभी थ्री जी घोटाला, कभी स्पेक्ट्रम घोटाला, कभी राष्ट्रमंडल घोटाला, लगातार घोटाले पिछली सरकार में हो रहे थे। आन्ध्र प्रदेश के नेताओं ने आज इस अविश्वास प्रस्ताव को लाकर गलती की है। आप दिल्ली में सरकार में थे, आपको चाहिए था कि आप सरकार से बार-बार इस बारे में बात करते। हम लोग भी आपके साथ काम करते और आपका विशेष राज्य के दर्जे का जो सवाल है, सारे लोगों के द्वारा मिलकर उस काम को करने का प्रयास किया जाता।

(2045/RV/MMN)

आपके यहां जो विकास हुआ है, माननीय गृह मंत्री जी ने उसकी लम्बी गिनती गिना दी। मैं तो चाहता था कि आप लोग दिल्ली की सरकार में रहकर आंध्र प्रदेश को विकसित करने का काम करते। लेकिन, अविश्वास प्रस्ताव लाकर आज आपने प्रधान मंत्री जी पर जो उंगली उठाई है, ऐसा नहीं होना चाहिए था। देश का प्रधान मंत्री एक पिछड़े का बेटा है, चाय बेचने वाले का बेटा है।

देश में जो गरीबों का हाल है, वह कांग्रेस पार्टी का दिया हुआ है। दिल्ली में लगातार 55 सालों तक कांग्रेस की सरकार रही है और यह कहा जाता है कि गरीबों के पास आज पीने का पानी नहीं है, गरीबों के पास छत नहीं है, उनके पास बिजली नहीं है। यह किसकी देन है?

राहुल गांधी जी अपने भाषण में क्या बोल रहे थे? वे एन.डी.ए. पर लगातार प्रहार कर रहे थे। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या आप यह चाहते हैं कि बिना जनता के बीच गए हुए आपको गद्दी मिलेगी? जनता आपको दोबारा माफ नहीं करेगी। वर्ष 2019 का जो चुनाव होगा, उसमें फिर से नरेन्द्र मोदी इस कुर्सी पर बैठेंगे। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि बिहार में एन.डी.ए. के अलावा किसी का एक भी खाता नहीं खुलेगा। अभी जय प्रकाश जी बोल रहे थे। जय प्रकाश जी से मैं कहना चाहूंगा कि आज पूरा देश भ्रष्टाचार के विरोध में खड़ा है। अगर आज देश के प्रधान मंत्री भ्रष्टाचार पर उंगली उठा रहे हैं तो आप लोग अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं। मैं देश के प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं कि आपने भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए प्रयास किया है।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

2047 बजे

**श्री विजय कुमार हांसदाक (राजमहल):** महोदया, मैं अपनी पार्टी जे.एम.एम. की तरफ से नो-कॉन्फीडेंस मोशन के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। हम लोगों ने आंध्र प्रदेश के बारे में बहुत सारी बातों को सुना है। अब मैं यह बोलना चाहता हूं कि जो हमारे प्रदेश झारखण्ड में हो रहा है, वह न किसी देश में हो और न किसी प्रदेश में हो।

वहां पर जो लैंड एक्वीजीशन बिल लाया गया है, उसमें सेन्ट्रल का वर्ष 2013 का जो एक्ट था, जिसमें 70 प्रतिशत लोगों की रजामंदी, सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट, इसके खिलाफ लोग कोर्ट में जा सकते हैं, जैसे इन सारे नियमों को हटा कर झारखण्ड के लोगों के हाथ-पैर को काट दिया गया है और उसका फायदा अडानी को दिया जा रहा है।

वहां के आदिवासियों को धर्म के नाम पर बाँटा जा रहा है। लेकिन, चिर काल से वहां आदिवासी सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं, वह नहीं दिया जा रहा है। आज वहां दलितों, आदिवासियों, क्रिस्तानियों पर अटैक हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यहां पर सभी लोग अपने बच्चों को मिशनरी स्कूल्स में पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन आज जो मात्र दो प्रतिशत क्रिश्चियन इस देश के लिए खतरा बन गए हैं, इस सोच का मैं विरोध करता हूं।

आज गाय के नाम पर मॉब-लिंचिंग बढ़ गयी है। मैं तो कहता हूं कि आप गाय को आधार कार्ड दे दीजिए और उसे वोटिंग का अधिकार दे दीजिए। जिस देश से सबसे ज्यादा मीट का एक्सपोर्ट होता है और उन एक्सपोर्टर्स से आप अपने फण्ड में राशि लेते हैं, वैसे लोगों को तो आप आगे बढ़ाते हैं, लेकिन जो लोग गांव में अपना पशुधन

रखते हैं, आपने अपनी नीतियों की वजह से उन्हें पशुबोझ के रूप में तब्दील कर दिया है। आज हमारे झारखण्ड में जो हो रहा है, मैं चाहूंगा कि वह किसी और प्रदेश में न हो। आज वहां नौ हजार से ऊपर प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय बंद कर दिए गए हैं और पारा शिक्षकों को देने के लिए उनके पास नौ हजार रुपये नहीं है। आज झारखण्ड में सरकार द्वारा दारू बेची जा रही है और दारू बेचने वालों को बीस हजार रुपये से ज्यादा दिया जा रहा है। यह नीति वहां की बी.जे.पी. की सरकार कर रही है, मैं उसका विरोध करता हूं।

मैडम, जो गैस वितरण करने की बात कही गयी है, उसके बारे में मैं यह कहता हूं कि हमारे यहां जब 600 रुपये का पेंशन है तो कौन व्यक्ति 800 रुपये में गैस खरीदकर अपना खाना खा पाएगा? इतना ही कहकर मैं अपनी बातों को विराम दूंगा।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी जो लोग बोलने के लिए बचे हैं, उनसे मेरा इतना ही कहना है कि अभी हमें नौ बजे के पहले उसे समाप्त करना है। हमने उतना ही समय बढ़ाया है। फिर मैं रिप्लाई शुरू करवाऊंगी। अभी बी.जे.पी. के पास समय है, तो भी मैंने उन्हें बोल दिया है कि अब मैं किसी को बोलने नहीं दूंगी।

अगर आप लोग एक-एक मिनट में बोल सकते हैं तो बोलिए। दो-दो लोगों की जो पार्टी है, मैंने सबको समय दिया था। जो बचे हुए लोग हैं, वे अपना भाषण लिखित में सभा-पटल पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

(2050/MY/VR)

2050 बजे

**श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद):** मैडम, मैं आपसे सिर्फ यही अदबन गुजारिश करूँगा कि सुबह में जिस तरह का मूड था, उसको आप सिर्फ बरकरार रखिए। अब उतना ही है।

**माननीय अध्यक्ष:** आप बोलिए। मैं भी आपको कितना समय दे सकती हूँ?

**श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद):** बिल्कुल मैडम, आप भी इंसान है, इस बात को मैं जानता हूँ। यह तहरीके अदम ऐतमाद जो पेश किया गया है, मैं उसकी ताईद में खड़ा हुआ हूँ। मेरे सिर्फ सात सवालात हैं। मैं आपके जरिए हुकूमत तक पहुँचा दूँगा और उम्मीद करता हूँ कि वजीरे आज़म उसका जवाब देंगे।

मेरा पहला सवाल यह है कि हुकूमत यह जानती है कि मुसलमानों में जो ख्वानगी का तनासुब है, वह 68 परसेंट है और पूरे मुल्क में 75 परसेंट है।

वजीरे आज़म ने कहा कि मुसलमान के हाथ में कुरान और कंप्यूटर देखना चाहता हूँ तो आखिर क्या वजह है कि पोस्ट मैट्रिक और प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप के जो एलोकेशन हैं, वर्ष 2013 से वर्ष 2018 तक वही एलोकेशन दिए जा रहे हैं, इसकी वजह क्या है? क्या आप उनको कंप्यूटर और कुरान देखना नहीं चाहते हैं?

मैडम, मेरा दूसरा सवाल आपके जरिए वजीरे आज़म से है कि 15 पाइंट प्राइम मिनिस्टर प्रोग्राम है। मैं आपके जरिए  से वजीरे आज़म से जानना चाहता हूँ कि चार साल में इस सरकार के 15 पाइंट प्रोग्राम का यह उसूल है, कानून है कि तीन महीने में एक मरतबा कैबिनेट सेक्रेटरी मीटिंग लेगा। मैडम, चार साल में एक भी मीटिंग नहीं हुई।

क्या यह आपकी अकलियतों से मोहब्बत है? मैडम, 15 पाइंट प्रोग्राम का दसवाँ पाइंट यह है कि यह सरकार पूरी कोशिश करेगी कि अकलियतों को, जिसमें मुसलमान भी शामिल हैं, उनको सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्सेज़, रेलवेज़, पब्लिक सेक्टर और बैंक्स में रोजगार मिले। मैं आपके जरिए से चैलेंज कर रहा हूँ कि एक परसेंट भी रोजगार नहीं मिला।

मैडम, मेरे सात सवालात हैं और यह चौथा सवाल है। चौथा सवाल यह है कि वजीरे आजम ने 14 सौ करोड़ रुपये अपने बेरूनी दौरों में खर्च किए हैं, मगर उसका नतीजा क्या निकलता है- श्रीलंका हो, नेपाल हो, मालदीव हो, बंग्लादेश हो, चीन की गोद में बैठे हैं।

मैडम, मेरा पाँचवा सवाल आपके जरिए हुकूमत से यह है कि दलितों से मोहब्बत के इतने बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, मगर जिस जज ने एससी/एसटी एक्ट के खिलाफ जजमेंट दिया, आपकी सरकार ने उसको एनजीटी का चेयरमैन बनाया। आप में इतनी हिम्मत नहीं है कि आप ऑर्डिनेंस जारी कर सकें।

मैडम, मैं आपके जरिए से आखिरी सवाल हुकूमत से करना चाह रहा हूँ कि फिक्स्ड डिपॉजिट छह परसेंट है, इनफ्लेशन छह परसेंट है, कौन-सी मुआशी पॉलिसी है, कश्मीर की पॉलिसी क्या है? जितने मिलिटेंट मरते हैं, अगर दो मिलिटेंट मरते हैं तो हमारा एक सिपाही मरता है। मैडम, मैं तुरंत अपनी बात खत्म कर रहा हूँ। हमारे 124 सिपाही मारे गए। आपके कश्मीर की पॉलिसी क्या है? मैं आपके जरिए से आखिर में हुकूमत से पूछना चाह रहा हूँ कि क्या आप कांग्रेस मुक्त भारत चाहते हैं या मुसलमान-दलित मुक्त भारत चाहते हैं? आपकी पॉलिसी ने मुल्क में खौफ का एक माहौल पैदा

कर दिया है, नफरतों की दीवारों को उठा दिया गया। इस हुकूमत ने जबर, तसद्दुद और खौफ पैदा कर दिया। आखिर में, मैं इस शेर पर अपनी बात को खत्म कर रहा हूँ। क्योंकि आप मेरी बात खत्म करने के लिए कह रही हैं। सुन लीजिए, शायद इनको मेरी यह बात समझ में आ जाए।

‘ तुम कहो शाखों के फूल फलने लगे, तुम कहो चाक सीनों के सिलने लगे,
इस … *(Not recorded)* को, जहन की लूट को
मैं नहीं मानता, मैं नहीं जानता,
तुमने लूटा है सदियों-सदियों हमारा सूकुन,
अपना धम्म पर चलेगा तुम्हारा खुसूम,
चारागर दर मंदों के बनते हैं क्यों, तुम नहीं चारागर,
कोई माने मगर नहीं माने, मैं नहीं मानता, मैं नहीं जानता’

मैं राजनाथ सिंह साहब को बता रहा हूँ कि सर आप जिस कुर्सी पर बैठे हैं, किसी शायर ने कहा था कि तुमसे पहले भी वो जो एक शख्स यहाँ तख्तनशीन था, इसको भी अपने खुदा होने पर इतना ही यकीन था। सर, लिंचिंग सिर्फ वर्ष 1984 में नहीं हुई, लिंचिग वर्ष 2002 में भी हुई, लिंचिंग बाबरी मस्जिद की शहादत में हुई, इस सरकार को जाना है। यहाँ जीत जाएंगे, मगर हिन्दुस्तान की अवाम आप तमाम को लाकर यहाँ बैठाएगी। इंशा अल्लाह। थैंक्यू मैडम।

(इति)

DR. FAROOQ ABDULLAH (SRINAGAR): Madam Speaker, thank you for giving me this time. This is my maiden speech also. I have never seen this House so quiet to listen to everybody. I am proud of this House, whether it is on that side or this side, that at least we are able to put our point of view. Many of you may not like it, but one has to put the point of view. अभी श्री द्विवेजी जी ने सर मोहम्मद इकबाल का एक शेर पढ़ा और वह था-

‘सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा।
हम बुलबुले हैं इसकी, ये गुलिस्तां हमारा ॥’

मगर, वह एक पैरा छोड़ गए, वह था-

‘मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।
हिन्दी हैं, हम वतन हैं, हिन्दोस्तां हमारा ॥’

(2055/CP/SAN)

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मुसलमानों पर शक मत करिए। मुसलमान उतना ही हिंदुस्तानी है, जितना कि आप हैं। मैं आज भी जानता हूं, मुझे कहने में न कोई शर्म है, जब 1947 में पाकिस्तान और हिंदुस्तान की लड़ाई हुई, तो वहां ब्रिगेडियर मुसलमान था, ब्रिगेडियर उस्मान। तब वे फौजें आर्डर में नहीं थीं। ये स्टेटों की फौजें थीं। अलग-अलग स्टेट्स की फौजें थीं। अंग्रेज बादशाह थे, जिन्होंने ये फौजे रखी थीं। वह कमांडर था, जो बार्डर के ऊपर खड़ा रहा, जब तक कि वह इस वतन के लिए अपनी जान न दे सका। इसे मत भूलिए।

मैं किसानों की बात नहीं करूंगा, मैं दलित की बात नहीं करूंगा, मैं कश्मीर की बात करूंगा। हम सालों-साल से इंसाफ की तलाश कर रहे हैं। वह इंसाफ कहां है, कहां गया? डीमोनेटाइजेशन आएगी, तो पत्थरबाजी बंद हो जाएगी। पत्थरबाजी क्या बंद हुई? होम मिनिस्टर साहब जानते हैं कि अब बंदूकें आ गई हैं और ग्रेनेड आ गए हैं। हम लोग शांति से सो नहीं सकते हैं। हम चाहते हैं कि अमन आए। फारूख अब्दुल्ला जो बोलेगा, आप लोगों को अच्छा नहीं लगेगा। अमन नहीं आएगा, जब तक पाकिस्तान के साथ हम लोग कोई रास्ता नहीं निकालेंगे। …( व्यवधान) मैं ईमानदारी से आपसे कहता हूं। मैं हिंदुस्तानी हूं, पाकिस्तानी नहीं हूं।…( व्यवधान) न मैं कभी पाकिस्तानी था, न मैं कभी पाकिस्तानी बनूंगा। मेरी जान जाएगी, तो इसी वतन में जाएगी और इसी मिट्टी में जाएगी। …(व्यवधान) मगर रास्ता निकालना है। नार्थ कोरिया जो मिसाइल फेंक रहा है, ऐटम बम की तैयारियां कर रहा था, आज प्रेजीडेंट ऑफ अमेरिका उसे गले लगाता है। वह रास्ता निकालने की कोशिश करता है। पुतिन के साथ हेलसिंकी में

मीटिंग थी। हमें भी यह उम्मीद थी। मैं आपसे ईमानदारी से कहता हूं कि मुझे भी उम्मीद थी। वजीरे-आजम जिनको इतना बहुमत है, जो अटल बिहारी वाजपेयी नहीं कर सके, वह ये कर सकेंगे। कांग्रेस ने अगर यह कदम उठाया होता, तो आप लोग कहते कि इटली ने यह सौदा हिंदुस्तान का पाकिस्तान के साथ किया है। …(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए। मैं आपके सामने नहीं चिल्लाया, जब आप बोल रहे थे, मैं नहीं चिल्लाया।…(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए। …(व्यवधान)

स्पीकर जी, यह उम्मीद थी, आज भी यह उम्मीद है कि रास्ता निकलेगा। ये नफरतें हिंदू और मुसलमान में फैल रही हैं। हमें रशिया नहीं मार सकता है, अमेरिका नहीं मार सकता है। हमें कोई मुल्क नहीं मारेगा। हम अपने मुल्क को खुद मारेंगे, जब हिंदू और मुसलमान एक-दूसरे को गले नहीं लगाएंगे।

हमारे प्रधान मंत्री, मैं नहीं समझता हूं कि वह सिर्फ आपके प्रधान मंत्री हैं, वे हिंदुस्तान के प्रधान मंत्री हैं, जब तक वे उस कुर्सी पर बैठे हैं। वह लाल किले से कहते हैं कि हमें कश्मीर के दिलों को जीतना है। मैं आज उनसे यह अपील करता हूं, इस हाउस में आप सबसे अपील करता हूं कि नफरतों को छोड़ दीजिए। हम दुश्मन नहीं हैं। मगर हम जो देख रहे हैं, जिस हिंदुस्तान को देख रहे हैं, वहां हमारे युवाओं को डर लग रहा है कि उनका मुस्तकबिल वहां नहीं है। वहां हमारा मुस्तकबिल नहीं है। उस मुस्तकबिल को बनाने के लिए मैं आपसे अपील करता हूं।

(2100/NK/RBN)

**माननीय अध्यक्ष:** एक मिनट मेरी बात सुनिए। मैं जानती हूं कि आपका सालों-साल का बहुत अनुभव है। आपने बहुत कुछ किया भी है। फिर कभी इस विषय पर हम विस्तृत बात कर सकते हैं, आपसे भी कराएंगे, लेकिन अभी हमारे पास इतना समय नहीं है। मैंने आपको पहले ही बोला था।

**डॉ. फॉरूख अब्दुल्ला (श्रीनगर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपकी मेहरबानी चाहता हूं। इस हाऊस में कभी खामोशी नहीं थी। मैं मेडन स्पीच भी नहीं कर सका। आज मौका मिला है, मैं आपसे थोड़ा समय चाहता हूं। मैं इस मुल्क के बारे में कहना चाहता हूं। यह मेरा भी वतन है, आपका भी वतन है। इस वतन को आप एक ऐसा चमन बनाना चाहते हैं, जिसमें हम सभी इज्जत से रह सकें, मोहब्बत और प्यार से रह सकें। उस वतन को बनाने के लिए हमें इकट्ठा चलना है, आप अलग चल कर इस वतन को नहीं बना सकेंगे, न यह वतन बनेगा। हम नहीं भूल सकते कि कांग्रेस ने भी अपना योगदान दिया। इन्होंने भी थोड़े वक्त के लिए योगदान दिया। हमारे प्रधान मंत्री जी भी कोशिश कर रहे हैं, मगर नफरतों को बंद कीजिए। मैं कल श्रीनगर में था, बहुत बड़े रिटायर्ड ऑफिसर जो अस्सी वर्ष के थे, उनकी बेगम मेरे घर आईं और कहने लगी।

**माननीय अध्यक्ष:** हमने नौ बजे तक समय बढ़ाया था।

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): Madam Speaker, the time of the House may kindly be extended till reply and voting is over.

**माननीय अध्यक्ष:** हम रिप्लाई होने तक हाऊस का समय बढ़ा देते हैं। अब हमारे पास समय नहीं है।

**डॉ. फारूख अब्दुल्ला (श्रीनगर):** अध्यक्ष महोदया, मुसलमान, हिन्दू, सिख और ईसाई, जो हिन्द में हैं वे सब बराबर है, इक्वल राइट रखते हैं और उन्हें जिन्दा रहने का हक है।

(इति)

***श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला):** भारत एक बहु-भाषीय, बहुधार्मिक, बहु-राष्ट्रयीतों, बहु-नस्ली एवं बहु-संस्कृतियों वाला देश है। परन्तु पिछले 70 सालों से देश में सत्ता और आर्थिकता के केंद्रीयकरण और विकेन्द्रीकरण के बीच संघर्ष चल रहा है। भारतीय संविधान के अनुसार भारत का दर्जा संघीय है, इसमें अनेकता में एकता की बात की गई है। परन्तु यह एक तलख हकीकत है कि गत 70 वर्षों में केंद्र में सत्तासीन रहीं अलग-अलग सरकारों ने सदैव देश में अलग-अलग विभिन्नताओं को दबाने और उनका गला घोंटने का काम किया है। अंतर्राष्ट्रीय रिपेरियन कानूनों और संविधान की धारा 262 का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन करके, पंजाब के दरियाई पानियों को लूटा गया, पंजाब पुनर्गठन एक्ट की धारा 78,79 एवं 80 द्वारा पंजाब के अधिकारों का हनन किया गया, हमारी राजधानी चंडीगढ़ व पंजाबी पनबिजली प्रोजेक्टों का कंट्रोल हमसे छीना गया यह सब इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। केंद्र-राज्य संबंध में अधिकारों का पलड़ा केंद्र की ओर इस कदर झुक गया है कि राज्यों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है।

---

*Laid on the table

मैडम, सारी कुदरती संपदा, सकल घरेलू उत्पाद और wealth generation राज्यों में है, परन्तु राजनैतिक सत्ता और आर्थिकता पर केंद्र का निरंकुश नियंत्रण जैसी स्थिति है। इन परिस्थितियों के चलते, कोई भी राज्य सरकारें अपने स्थानीय लोगों को कोई भी सुविधा देने में अपने-आप को असमर्थ पा रही हैं।

ऐसी हालत में केंद्र-राज्य सम्बन्धों और शक्तियों का पुनर्भाषित होना आज की आवश्यक जरूरत है। इसके बिना भारत सही मायनों में संघीय व लोकतांत्रिक देश नहीं बन सकता। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये 'फैडरल भारत, लोकतांत्रिक समाज' का नारा उपर्युक्त दयनीय हालात को बदलने का एक ही रास्ता है।

इति

* SHRI C. N. JAYADEVAN (THRISSUR):

*Laid on the Table

2101 बजे

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** अध्यक्ष जी, आज सुबह अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा चल रही थी। विपक्ष के एक नेता ने बहुत ही तथ्यहीन आरोप माननीय रक्षा मंत्री और माननीय प्रधान मंत्री जी पर लगाए। उन्होंने देश को न केवल भ्रमित करने का प्रयास किया, बल्कि छवि गिराने का प्रयास किया है। उन्होंने सदन के अंदर भी आरोप लगाए और सदन के बाहर भी जाकर उन्होंने कहा कि “I stand by what I said. Let them (France) deny if they want. Along with me Anand Sharma and ex-PM were also there: Congress President Rahul Gandhi on French President Macron denying any secrecy pact on Rafale deal.” यह बात केवल यहीं नहीं रुकी, केवल देश को गुमराह नहीं किया गया। जब यह बात फ्रांस तक पहुंची तो वहां पर भी एक पत्रकार ने फ्रांस के प्रेसिडेंट से पूछा, सवाल क्या पूछा, उसकी मेरे पास फ्रेंस लैग्वेज की ट्रांसलेटेड कॉपी है। प्रश्न है, The President of the Indian national Congress, Shri Rahul Gandhi declared in front of the Indian Parliament today: “I met the President of France. I asked him about the secrecy clause and he denied that any such clause exists in the agreement. He told me so and I don’t have any objection if you tell this to everyone in the country; the gentleman clearly said there is no secret pact between the French Government and the Indian Government. So, the Defence Minister has clearly spoken an *… (Not recorded).* What is your reaction? That was the

question. उन्होंने उत्तर क्या दिया, फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा “We have noted the statement of Mr. Rahul Gandhi before the Indian Parliament. France and India concluded in 2008 a Security Agreement, which legally binds the two States to protect the classified information provided by the partner, that could impact security and operational capabilities of the defence equipment of India or France. These provisions naturally apply to the IGA concluded on 23rd September 2016 on the acquisition of 36 Rafale aircraft and their weapons.”

The President of the French Republic indicated this publicly in an interview given to *India Today* on 9th March 2018. It is very important.

(2105/AK/RPS)

He said : “In India & in France, when a deal is very sensitive, we cannot reveal all details.”. … (*Interruptions*) इससे साफ पता चलता है कि राहुल गांधी जी ने देश के सामने *… (Not recorded)* बोला है, सदन को गुमराह किया है। इसके लिए वे देश से माफी मांगें।…(व्यवधान) सदन से माफी मांगें। …(व्यवधान) उनको देश और सदन से माफी मांगनी पड़ेगी। …(व्यवधान) आपने कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति ने वापस कहा है।…(व्यवधान) आपको देश से माफी मांगनी पड़ेगी।…(व्यवधान) राहुल गांधी जी को यहां पर हाजिर करिए।…(व्यवधान) वे देश से

माफी मांगें।...(व्यवधान) मैडम, राहुल गांधी जी को देश से माफी मांगनी होगी।...(व्यवधान) *... (Not recorded)* आरोप लगाएं हैं।...(व्यवधान)

(इति)

**माननीय अध्यक्ष :** अब आपकी बात हो गई है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Now, nothing will go on record.

*…(Interruptions)… (Not recorded)*

HON. SPEAKER: Hon. Member, kindly conclude now.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** रामदास अठावले जी, अगर आप एक मिनट में बोल सकते हैं तो बोलिए, अन्यथा हम लोग रिप्लाई शुरू करते हैं। बाकी सभी लोग अपने भाषण पटल पर ले कर दीजिए, अब मैं कि सी को इजाजत नहीं दूंगी। एक-एक सदस्य की पार्टी है, आप लोग अपने भाषण सदन के पटल पर ले कर दीजिए।

2106 बजे

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले):** अध्यक्ष महोदया, आज से बीस साल पहले जब अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार थी, तब इस तरह का अविश्वास प्रस्ताव आया था।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रामदास अठावले जी, एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री रामदास अठावले:** आज राहुल गांधी जी ने बहुत डैशिंगली भाषण किया।

"आज राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री जी के गले को मिलाया गला,
लेकिन नरेन्द्र मोदी जी के पास है कांग्रेस को हराने की कला।
कांग्रेस ने पूरे किए थे सत्ता में 50, 51 या 55 साल,
तब उन्होंने कमाया है बहुत सा माल।
2014 में नरेन्द्र मोदी जी ने किया था बहुत बड़ा कमाल,
इसलिए देश में हो रहा है विकास का धमाल।
कांग्रेस का आज देश में ठीक नहीं है हाल,
इसलिए नरेन्द्र मोदी जी जीतेंगे 2019 का साल।"

अभी अपने मैच का रिजल्ट आने वाला है। आज राहुल गांधी जी ने ट्वेंटी-20 मैच में अच्छे रन निकाले हैं। लेकिन अभी नरेन्द्र मोदी जी की बारी है। नरेन्द्र मोदी जी हमारी टीम के कैप्टन हैं। हमारी टीम के विराट कोहली हैं। नरेन्द्र मोदी जी विराट कोहली हैं। मैं भी एक प्लेयर हूं। राजनाथ सिंह जी भी टीम के एक मेंबर हैं। अन्य बहुत सारे लोग हैं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : धन्यवाद। अब आप बैठिए।

**श्री रामदास अठावले:** आप लोग भी मेरी बात सुनिए। मैं आप लोगों के विरोध में कुछ बोल रहा हूं।…(व्यवधान) मैं यहां क्रिकेट का मैच खेल रहा हूं। यह क्रिकेट मैच है।…(व्यवधान)

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): Madam, why are you allowing this? … (*Interruptions*) He is not making his speech on the No-Confidence Motion. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** रामदास अठावले जी, अब समाप्त कीजिए।

**श्री रामदास अठावले:** अभी आपने रन निकाले हैं, अभी उससे डबल रन निकालने की जिम्मेदारी हमारे ऊपर है और मोदी साहब डबल रन निकालेंगे। मैं उनके बाजू में खड़ा हूं। जितने रन कम हो जाएंगे, उतने रन निकालने की कोशिश हम भी करेंगे।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया बाबा साहब की पार्टी है। बीजेपी दलित विरोधी नहीं है, कांग्रेस भी दलित विरोधी नहीं है। एक-दूसरे पर आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा। दलितों, माइनॉरिटीज और सभी समाज के भले के लिए हमें काम करना है।…(व्यवधान) राहुल गांधी जी से निवेदन है कि इस सरकार में हमें साथ देना चाहिए। …(व्यवधान)

(इति)

THOTA NARASIMHAN –TELUGU SPEECH

HON. SPEAKER: Shri. N. K. Premachandran, I would allow you only for one minute, if you want. Otherwise, I would not be able to allow you to speak.

… (*Interruptions*)

2109 hours

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Madam Speaker, thank you very much for allowing me to participate in the discussion on the No-Confidence Motion. … (*Interruptions*)

Madam Speaker, I rise to support the No-Confidence Motion moved by the TDP. … (*Interruptions*) I support the Motion. … (*Interruptions*)

Madam, I would like to say that though it is a Motion moved by the Opposition, yet it reflects the aspirations of the people of this country that this Government has miserably failed in fulfilling the promises that were made during the 2014 election. … (*Interruptions*)

(2110/SPR/RAJ)

This Government has come to power on the slogans of `development' and `good governance'. Instead of attempting to achieve the developmental goals, what the Government did was destabilising and disturbing the social fabric of this country. The

specific charge I would like to make is that the social fabric of this country is under threat. … (*Interruptions*) I would like to conclude with one sentence. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No, I am sorry.

(ends)

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** सभी लोग अपना भाषण सभा पटल पर ले कर दें।

…( व्यवधान)

*SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): Hon'ble Madam Speaker, I thank you for the opportunity given to me to express my concerns over the burning issues of my State and to express my stand on the No-Confidence Motion. Today, I feel honoured to voice the concerns and sentiments of people of Andhra Pradesh, who were badly let down by the UPA regime through the arbitrary bifurcation against the will or interest of the people of Andhra Pradesh. Both the TDP and the YSR Congress were the votaries of bifurcation but today them unabashedly claim to represent the woes of the residuary state of Andhra Pradesh.

Let me, at the outset, expose the political hypocrisy of the ruling and the main opposition party in my State. The emotions and sentiments of the people cannot be allowed to be exploited. Madam, Speaker, through this august House, let me tell the nation that the TDP was a part of the NDA Government for over four years. The TDP, especially its leader, was one who enthusiastically embraced the special package and completely disowned the special status.

-----------------------

* Laid on the Table.

He has even repudiated the demand for special status and let loose a reign of repression on the civil society organisations fighting for such a status for my State.

Madam, Speaker, one fine morning, our Chief Minister suddenly woke up to the special status, and not special package. Is this not a hallmark of hypocrisy that needs to be exposed and summarily rejected? Today, in Andhra Pradesh, there is no democracy but a zamindari rule or monarchy. If the Chief Minister feels that a special package is good, it means that is the opinion of the people. If he says it is not good, again it means that. The TDP which is now proposing a No-Confidence Motion has no moral and ethical right to speak about special status, leave alone moving a No-Confidence Motion on the subject.

Talking about the the Opposition YSRCP which has no respect for democracy, it has miserably failed to raise the issues on the appropriate platform and at the appropriate time; and run away from Parliament by resigning and thus lost a historic opportunity to voice the concerns of the people who elected them to Parliament. When the Parliament is discussing the concerns of Andhra Pradesh, the

YSR Congress MPs are protesting outside the House revealing the lack of any commitment to the people who have sent them to this House.

For the past four months, the TDP Government has been accusing the Union on non-fulfilment of the assurances as per the provisions of the Andhra Pradesh Reorganisation Act, one year just before the general election. Time and again, the Union Government has been stating that they are committed to the assurances and not ignoring Andhra Pradesh. There was never a situation in the country wherein any State Government has involved the citizens and conducted agitations against the Union Government with public money. Crores of rupees of public money is being swindled. People are also confused with various statements made by the Union and the State Governments. On the one side, Andhra Pradesh is carrying deficit and on the other side, it is engaging in events swindling crores of rupees.

With respect to the status of MPs in Andhra Pradesh, I wish to state and I believe all my Member colleagues will also agree, that MPs are neither informed nor considered a part of the Government machinery and are only treated as numbers whenever a situation

demands. State Government officials are even averse to conduct DISHA meetings as required by Union Government as the officers don't feel neither accountable nor would like the MPs to know anything of the funds received under Central Government schemes. They are not even ready to acknowledge the good schemes of the Centre and try to give a picture to the common man that the Union Government has done nothing for the State. Corruption has become widely rampant and officers have become irresponsive and irresponsible.

I would also like to state that the Union Government is also a silent spectator in this and is not enforcing the State to strictly adhere to the regulations and ensure the end-point delivery mechanism. I have to confess that until this agitation by the ruling party got started, no MP was aware of any figures or facts of what support the State has got from the Centre.

As a people's representative, on behalf of the people of the State, I feel that Union Government should give this clarity to the citizens of Andhra Pradesh as to what is the status of the issues pending before the Union Government and the reasons thereof.

Madam, let me now come to the demands of the people of my State. I firmly state that the special status is our birth-right as the demand is intimately identified with the bifurcation itself and the special package is our civil right. We need both of them to prosper and get healed from the wound that the bifurcation has made. The North Coastal Andhra Pradesh, the region from which I was elected to this august House is one of the most backward regions of the country.

Our demand for railway zone to Visakhapatnam needs to be fulfilled. Adequate grants should be given to the backward districts(aspirational districts) of North Coastal Andhra and Rayalaseema to build infrastructure as promised in the Reorganisation Act.

The Kadapa steel plant has to come up. The promise of Dugarajapatnam port and the assured assistance to construct the green field capital city for Andhra Pradesh have to be fulfilled. It is disgusting that even till date not even one permanent building has come up in the capital city.

We would also like to know the status of the Vizag-Chennai industrial corridor, the petroleum refinery etc. which have already been approved under EAP.

Industrial incentives that are due to the State have to be granted for the rapid industrialisation of the State. The State still largely remains an agrarian economy despite tremendous potential with robust natural and human resource landscape.

Polavaram project should be completed in the stipulated time especially the rehabilitation of the displaced should be a priority. The Government needs to ensure the fair and transparent means in providing the displaced families with the R&R package.

Besides, the peasant indebtedness, tribal deprivation, rampant unemployment etc. are the challenges rocking my State. The corrupt administration under the State Government which is making such a hue and cry over special status is diverting even Central funds. Such issues of governance need to be tackled if the State has to progress.

Therefore, Madam, I wish to reassure that I uncompromisingly stand for the demands of people of Andhra Pradesh both in terms of provisions of bifurcation and the promises made therein. I would neither quarrel with the Centre nor compromise with it for narrow

political ends. The interest of the people of Andhra Pradesh cannot be held hostage to the political and electoral machinations of the political parties whether in power or in opposition in my State.

TDP, in a brazen bid to cover up its own failures in running the truncated State post-bifurcation, is indulging in this political optics in the form of No-Confidence Motion. Due to the sinister political designs of TDP which proposed this No-Confidence Motion, I do not wish to support it. I have no hesitation in rejecting the TDP sponsored No-Confidence Motion which was moved solely for a parochial partisan political purpose. This No-Confidence Motion will not, in any way, alter the prevailing political reality. I stand firm on the grievances of my State and my people.

Madam, though I was elected on the YSR Congress Party ticket, I have long been disassociated with that Party to safe my self-esteem. I once again reject the motivated political propaganda that I have joined the TDP. Let me proudly state from this platform that I have decided to launch a new party to stand on behalf of the people and start a new political culture for the people of my State who are vexed with the existing political parties and the exploitation of the

citizens. Parties are for the people but people should not be used by the political parties for selfish gains.

Let us all together affirm our commitment and fight for our rights. I stand firm on the grievances of my State and my people. To conclude, once again, I would request the Union Government from the floor of this august House to ensure support for the people and State of Andhra Pradesh and fulfil all the assurances made under the Reorganisation Act.

Thank you.

(ends)

***श्री मुकेश राजपूत (फर्रुखाबाद):**

---

*Laid on the table

**माननीय अध्यक्ष :** राजू शेट्टी जी, आप एक मिनट में अपनी बात बोलिए।

2111 बजे

**श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले):** अध्यक्ष महोदय, आज पार्लियमेंट स्ट्रीट में देश के हजारों किसानों आए थे। …( व्यवधान) उन्होंने मुझे न्योता भेजा और कहा कि देश के किसानों के साथ स्वामीनाथन ने जो धोखा किया है, उससे वे नाराज हैं। उन्होंने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास व्यक्त किया है, इसलिए मैं भी इस सरकार के खिलाफ अविश्वास व्यक्त करता हूं।

(इति)

2112 hours

SHRI PREM DAS RAI (SIKKIM): Madam, I rise to support the Government. My Party, the Sikkim Democratic Front Party, and its leader, Shri Pawan Chamling ji, who is also today the longest serving Chief Minister of India, supports the Government.

This House knows the crisis of Doklam. We are the most peaceful State. The hon. Prime Minister led from the front to diffuse the Doklam crisis last year. This is something which we support.

I would just like to make a demand to the hon. Prime Minister, that is, to convert the seats of Limbu and Tamang Tribes in the State Assembly into Parliament seats so that the relevant Bills can be passed within this Monsoon Session.

With these words, I thank the Government for whatever work they are doing and for making the progress of Sikkim possible. Thank you, Madam.

(ends)

***श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा):** माननीय अध्यक्ष जी, आज जो सदन में विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया है, मैं उनका विरोध करता हूं। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने जो पिछले 4 सालों में कार्य किए हैं, वे ऐतिहासिक रहे हैं। सरकार की जो भी योजनाएं रही हैं, वह गरीब केंद्रित रही हैं, जिससे गरीबों के जीवन स्तर में सुधार आया है। सरकार ने बिना भेदभाव के अपने मूल एजेंडे के अनुसार 'सबका साथ सबका विकास' के आधार पर कार्य किया है। सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य को लागत के अनुसार कम-से-कम डेढ़ गुना करने का ऐतिहासिक निर्णय किया है। इससे किसानों का धंधा अब मुनाफे का सौदा होगा और उनकी हालत में सुधार होगा। पं.दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना से देश के हजारों गांवों में बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया है एवं सौभाग्य योजना के माध्यम से गरीबों के घरों में नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन देने का कार्य किया गया है। 'आयुष्मान भारत योजना' लाकर देश के 10 करोड़ परिवारों के करीब 50 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष 5 लाख तक की नि:शुल्क चिकित्सा की सुविधा दिलाने का कार्य किया गया है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन की योजना लाकर पशुओं को विशेषकर देशी गायों को उपयोगी बनाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से हर खेत को पानी देने का कार्य किया जा रहा है। ऐसी करीब 60 योजनाएं बड़ी एवं करीब 55 योयजनाओं और हैं, जिससे देश की हालत में सुधार हुआ है और भारत विश्व की छठी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। यह हमारे लिए व देश के लिए गौरव की बात है। (इति)

---

*Laid on the table

**माननीय अध्यक्ष :** तबस्सुम बेगम, आप अभी नहीं बोलिए, क्योंकि एक मिनट में आपका मेडेन स्पीच ढंग से नहीं हो पाएगी। दूसरे समय हम आपको अच्छे-से समय दे देंगे। मैं एक मिनट में आपका भाषण बंद कर दूंगी।

**श्रीमती तबस्सुम बेगम (कैराना)** : मैडम, आप सभी को बहुत समय दे रही हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** आपको एक ही मिनट का समय मिलेगा, अगर बोलना चाहती हैं तो बोलिए।

**श्रीमती तबस्सुम बेगम (कैराना)** : मैडम, एक मिनट में तो कोई कुछ भी नहीं बोल सकता है।

**माननीय अध्यक्ष :** इसलिए आप कभी और बोलना, अभी लिखित में भाषण सभा पटल पर रख दें।

1213 बजे

**श्रीमती तबस्सुम बेगम (कैराना)** : मैडम, हमारी पार्टी की बात रह जाएगी।

मानननीय अध्यक्षा जी, मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे सदन में अवश्विास प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में शामिल होने का मौका दिया है। मैं कैराना लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव में निर्वाचित होकर सदन में आई हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र गन्ने की खेती के लिए जाना जाता है। किसानी और मजदूरी से जुड़े सवाल वहां के लिए सबसे ऊपर हैं।

अध्यक्ष जी, चुनाव में लोगों के साथ संपर्क करने पर उनके दु:ख-दर्द का पता चला। वहां समाज का कोई भी वर्ग खुश नहीं है। किसान मौसम एवं हर तरह की सख्ती अपने सिर पर झेल कर फसल उगाते हैं लेकिन सरकार उनकी फसल का वाजिब मूल्य नहीं दिलवा रही है। महंगे बीज, खाद, ट्रैक्टर बिजली व सिंचाई ने किसानों की कमर तोड़ दी है। केन्द्र सरकार द्वारा जो एमएसपी बढ़ाई गई है, वह किसनों के दु:ख-दर्द को देखते हुए नाकाफी है। किसान तो किसान होते हैं, न वे हिन्दू हैं और न मुसलमान होते हैं। उन्होंने मुझे इस सदन के लिए निर्वाचित करके केन्द्र सरकार और उसकी नीतियों के कारनामों के प्रति पहले ही अविश्वास व्यक्त किया है। …( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपका समय हो गया।

…(<u>व्यवधान</u>)

(2115/IND/SR)

**श्रीमती तबस्सुम बेगम (कैराना) :** महोदया, मैं महिला सांसद हूं। 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ' जुमलों के साथ सत्ता में आई केंद्र सरकार ने बेटियों की हिफाजत का कोई माहौल देश में नहीं बनाया। कठुआ से लेकर उन्नाव तक बेटियां महफ़ूज़ नहीं हैं। सारा देश देख रहा है कि बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने में कौन लोग शामिल हैं। जब केंद्र सरकार से सवाल किया जाता है तो वह सारी जिम्मेदारी राज्यों पर डालकर अपना पल्ला झाड़ लेती है।...( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपको पहले ही बताया था कि समय कम है। आप बहुत लम्बी-चौड़ी स्पीच लिखकर लाई हैं, ऐसा नहीं होता है।

...( व्यवधान)

**श्री राजेश रंजन (मधेपुरा):** अध्यक्ष महोदया, आप मुझे भी बोलने का मौका दीजिए।...( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप तो बैठ ही जाएं।

...( व्यवधान)

**श्रीमती तबस्सुम बेगम (कैराना) :** महोदया, किसी भी सरकार की सबसे पहली जिम्मेदारी समाज के सभी वर्गों में प्यार और इंसानियत को बढ़ावा देने की होती है और इस दिशा में कारगर क़दम उठाने की होती है कि कोई भी व्यक्ति या संगठन हम देशवासियों के बीच नफरत न पैदा कर सके। इस मार्चे पर केंद्र सरकार पूरी तरह से विफल रही है। केंद्र सरकार की विफलता पर उच्चतम न्यायालय को दखल देना पड़ा और मॉब लिंचिंग रोकने के लिए कानून बनाने की सलाह केंद्र सरकार को दी। कल ही

सदन में माननीय गृह मंत्री जी ने मॉब लिंचिंग पर अपने विचार रखे। उनके विचार पूरी तरह से मामले को हल्का करने वाले हैं और अपनी जिम्मेदारी से बचने के समान हैं। कानून व्यवस्था, समाज के कमजोर तबकों को सुरक्षा व सम्मान देने से जुड़े सवालों को हल करने की जरूरत हुई तो पूर्व की सरकारों ने कानून बना कर उस जरूरत को पूरा किया। लेकिन वर्तमान सरकार अपनी सारी जिम्मेदारी टाल रही है और अपनी विफलता को छिपा रही है। अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों और अल्पसंख्यकों की अनदेखी कर रही है।

**माननीय अध्यक्ष:** आप बैठ जाएं, आपने अपनी बात पूरी कह दी है।

(इति)

*DR. RAVINDRA BABU (AMALAPURAM):

*Laid on the Table

*PROF. RICHARD HAY (KERALA): I oppose the motion.

In my opinion, the Government of India has done its best to safeguard the interest of Andhra Pradesh. Our country is the fastest growing economy in the world due to the exemplary efforts put in by the Government of India. Indian economy has risen from doldrums- the aftermath of mismanagement of economy during the UPA regime.

India's prowess in IT is now the envy of the world. It is also the fastest growing Knowledge Economy.

The energy generated by the vision of the hon. Prime Minister is unparalleled. India ranks 100 out of 190 countries in Ease of Doing Business. People have accepted well the Government of India due to its credible and consistent performance. Good governance is the key factor that attracts the citizens. This Government is Development-oriented, Corruption-free, Scam-free and practices the principle of Inclusive Growth. Government is working hard to solve problems of Unemployment, Malnutrition, Agri-crisis, Quality Education, Universal Health Care, Electrification of all Villages etc.

---

*Laid on the Table

Also challenges posed by Terrorism, Climate change, Pollution are addressed practically. Minorities are well taken care of through innovative schemes.

This Government is progressive in its outlook and the management of the economy is outstanding. Inflation is controlled, GDP is promising, Demonetisation- a clearing act, ended corruption, Lakhs of shell companies closed, Rise in number of tax-payers, DBT, Swachh Bharat Mission, Financial inclusion, Pragmatic Foreign Policy, Curb on Money-laundering, China being tamed, most favoured FDI destination- building a New Bharat.

All these point to one important fact that India has become a land of opportunities for all.

(ends)

***श्रीमती संतोष अहलावत (झुन्झुनू):** आदरनीय अध्यक्ष महोदया, मैं अविश्वास मोशन में सरकार के पक्ष में खड़ी हूँ।

---

*Laid on the table

*SHRI KONAKALLA NARAYANA RAO (MACHHILIPATNAM):

---

*Laid on the Table

***श्री राजेश रंजन (मधेपुरा):**

---

*Laid on the table

***श्रीमती मीनाक्षी लेखी (नई दिल्ली):**

---

*Laid on the table

2117 बजे

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी):** अध्यक्षा जी, जिस धैर्य के साथ आपने सदन का संचालन किया है, उसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। यह अविश्वास प्रस्ताव एक प्रकार से हमारे लोकतंत्र की महत्वपूर्ण शक्ति का परिचायक है। भले टीडीपी के माध्यम से प्रस्ताव आया हो, लेकिन उनके साथ जुड़े हुए कुछ माननीय सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बातें कही हैं और एक बहुत बड़ा वर्ग है जिसने प्रस्ताव का विरोध करते हुए बात कही है। मैं भी आप सभी से आग्रह करूंगा कि हम सब इस प्रस्ताव को खारिज करें और हम सब तीस साल के बाद देश में पूर्ण बहुमत के साथ बनी हुई सरकार को, जिसने तेज गति से काम किया है, उस पर फिर से एक बार विश्वास प्रकट करें। वैसे मैं समझता हूं कि यह एक अच्छा मौका है कि हमें अपनी बात कहने का मौका तो मिल ही रहा है, लेकिन देश को यह भी चेहरा देखने को मिला है कि कैसी नकारात्मकता है, कैसा विकास के प्रति विरोध का भाव है।

(2120/vb/ub)

कैसे नकारात्मक राजनीति ने कुछ लोगों को घेरकर रखा हुआ है और उन सबका चेहरा निखरकर, सज-धजकर बाहर आया है। कई लोगों के मन में यह प्रश्न है कि अविश्वास प्रस्ताव आया क्यों? न संख्या है, न सदन में बहुमत है, फिर भी इस प्रस्ताव को सदन में क्यों लाया गया? सरकार को गिराने का इतना ही उतावलापन था, तो मैं हैरान था, सोच रहा था कि इसको 48 घंटे रोक दिया जाए। इस पर जल्दी चर्चा की जरूरत नहीं है। अगर अविश्वास प्रस्ताव पर जल्दी चर्चा नहीं होगी, तो क्या आसमान फट जाएगा, भूकम्प आ जाएगा क्या? अगर चर्चा की तैयारी नहीं थी, 48 घंटे और देर

कर दी जाती, तो फिर यह क्यों लाए? इसलिए मैं समझता हूँ कि इसको टालने की जो कोशिश हो रही थी, वह भी इस बात को बताती है कि उनकी कठिनाई क्या है।

न मांझी, न रहबर, न हक़ में हवाएँ,

है कश्ती भी जर्ज़र, यह कैसा सफ़र है?

मैं जो भाषा सुन रहा था, जो व्यवहार देख रहा था, मैं नहीं मानता हूँ कि यह कोई अज्ञानतावश हुआ है और न ही यह झूठे आत्मविश्वास के कारण हुआ है। यह इसलिए हुआ है क्योंकि अहंकार इस प्रकार की प्रवृत्ति करने के लिए खींचकर ले जा रहा है। मोदी हटाओ, ...(व्यवधान) मैं हैरान हूँ, आज सुबह तो चर्चा प्रारम्भ ही हुई थी, मतदान नहीं हुआ था, जय-पराजय का फैसला नहीं हुआ था, फिर भी यहाँ पहुँचने के लिए जिनका उत्साह है, कहते हैं, उठो! उठो! लेकिन, यहाँ से न कोई उठा सकता है, न बिठा सकता है, केवल सवा सौ करोड़ देशवासी ही यहाँ पर बिठा सकते हैं और सवा सौ करोड़ देशवासी ही यहाँ से उठा सकते हैं। लोकतंत्र में जनता पर भरोसा होना चाहिए। इतनी जल्दबाजी की क्या जरूरत है?

यह अहंकार ही है, जो कहता है कि हम खड़े होंगे, तो प्रधान मंत्री 15 मिनट तक भी खड़े नहीं हो पाएंगे। आदरणीय अध्यक्ष महोदया जी, मैं खड़ा भी हूँ और हमने चार साल तक जो काम किये हैं, उस पर अड़ा भी हूँ। हमारी सोच उनसे अलग है। हमने सीखा है-

सार-सार को गहि रहे,<br>
थोथा देइ उड़ाय।

(2125/PC/KMR)

खैर, मैं सार ग्रहण करने की काफी कोशिश कर रहा था, लेकिन वह आज मुझे मिला नहीं। डंके की चोट पर अहंकार यह कहलाता है कि वर्ष 2019 में पावर में नहीं आने देंगे। जो लोगों में विश्वास नहीं करते और खुद को ही भाग्य विधाता मानते हैं, उनके मुंह से ऐसे ही शब्द निकलते हैं। लोकतंत्र में जनता जनार्दन भाग्य विधाता होती है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर भरोसा होना जरूरी है। अगर वर्ष 2019 में कांग्रेस सब से बड़ा दल बनती है, तो मैं प्रधान मंत्री बनूंगा, लेकिन दूसरों की जो ढेर सारी ख्वाहिशें हैं, उनका क्या होगा, इस बारे में कंफ्यूजन है। …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया जी, यह सरकार का फ्लोर टेस्ट नहीं है। यह तो कांग्रेस का अपने तथाकथित साथियों का फ्लोर टेस्ट है। मैं ही प्रधान मंत्री बनूंगा, के सपने पर और दल भी थोड़ी मोहर लगा दें, इसके लिए ट्रायल चल रहा है। …(व्यवधान) इस प्रस्ताव के बहाने अपने कुनबे को जो जमाने की कोशिश की है, वह कहीं बिखर न जाए, इसकी चिंता पड़ी है। एक मोदी को हटाने के लिए, जिसे कभी देखने का संबंध नहीं है, मिलने का संबंध नहीं है, ऐसी धुरियों को इकट्ठा करने का प्रयास हो रहा है। मेरी कांग्रेस के साथियों को सलाह है कि जब भी आपको अपने संभवित साथियों की परीक्षा लेनी हो, तो आप जरूर लीजिए, लेकिन कम से कम अविश्वास के प्रस्ताव का बहाना तो न बनाइए। जितना अविश्वास आप सरकार पर करते हैं, कम से कम उतना विश्वास अपने संभवित साथियों पर तो कीजिए।

अध्यक्ष महोदया जी, हम यहां इसलिए हैं, क्योंकि हमारे पास संख्या बल है। हम यहां इसलिए हैं, क्योंकि सवा सौ करोड़ देशवासियों का हमें आर्शीवाद प्राप्त है। …(व्यवधान) अपनी स्वार्थ सिद्धी के लिए देश के मन पर, देशवासियों द्वारा दिए

आशीर्वाद पर कम से कम अविश्वास न करें। ...(व्यवधान) बिना तुष्टिकरण किए, बिना वोट बैंक की राजनीति किए सबका साथ, सबका विकास मंत्र पर हम काम करते रहे हैं। ...(व्यवधान)

2124 बजे

(इस समय श्री थोटा नरसिम्हम और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

**माननीय अध्यक्ष:** नरसिम्हम जी, आप अपनी सीट पर जाइए।

...(व्यवधान)

(2130/MM/GM)

HON. SPEAKER: Shri Thota Narasimhan, you will have to listen.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Anurag Singh Thakur, please go to your seat.

… (*Interruptions*)

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी):** माननीय अध्यक्षा जी, पहले भी 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाने का काम...( व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Thota Narasimhan, this is not proper. You have to go to your seat.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Ramesh Bidhuri, please go to your seat.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** आप अपनी सीट पर जाइए। मैं देख रही हूं, रिक्वैस्ट कर रही हूं। आप यहां क्यों खड़े हैं?

…( व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Ram Mohan Naidu, this is not fair. You will have to listen. Please listen quietly. रिप्लाई तो आपको सुनना पड़ेगा। Please go to your seat.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please go to your seat.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** आप लोग तो शांति से बैठ जाइए।

… (*Interruptions*)

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी):** अध्यक्ष महोदया जी, सबका साथ, सबका विकास के इस मंत्र को लेकर काम करने वाली हमारी सरकार है। …( व्यवधान) 18 हजार गांवों में जो बिजली पहुंची है, यह काम पहले की सरकारें भी कर सकती थीं। अध्यक्ष महोदया, इन 18 हजार गांवों में से 15 हजार गांव पूर्वी भारत के हैं और उन 15 हजार में से भी 5 हजार गांव पूरी तरह से नॉर्थ-ईस्ट के हैं।…( व्यवधान) आप कल्पना कर सकते हैं कि इन इलाकों में कौन रहता है? हमारे आदिवासी, हमारे गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित और जंगलों में जिंदगी गुजारने वालों का बहुत बड़ा तबका रहता है। …( व्यवधान) यह क्यों नहीं करते थे, क्योंकि इनके वोट के गणित में फिट नहीं होता था। उनका इस आबादी पर विश्वास नहीं था। उसी के कारण नॉर्थ-ईस्ट को अलग-

थलग कर दिया गया।...( व्यवधान) हमने सिर्फ इन गांवों में बिजली ही पहुंचायी है ऐसा नहीं है, हमने कनेक्टिविटी के हर मार्ग पर तेज गति से काम किया...( व्यवधान)

(2135/BKS/RSG)

गरीबों के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ, लेकिन बैंक के दरवाजे गरीबों के लिए नहीं खोले। जब उनकी सरकारें थीं, वे इतने साल बैठे थे, वे भी गरीबों के लिए बैंकों के दरवाजे खोल सकते थे। लगभग 32 करोड़ जन-धन खाते खोलने का काम हमारी सरकार ने किया है और आज 80 हजार करोड़ रुपये इन गरीबों ने बचत करके इन जन-धन एकाउंट्स में जमा किए हैं। माताओं-बहनों के लिए, उनके सम्मान के लिए आठ करोड़ शौचालय बनाने का काम इस सरकार ने किया है। ये पहले की सरकारें भी कर सकती थीं।

उज्ज्वला योजना से साढ़े चार करोड़ गरीब माताओं-बहनों को आज धुआं मुक्त जिंदगी और बेहतर स्वास्थ्य का काम - यह विश्वास जगाने का काम हमारी सरकार ने किया है। ये वे लोग थे, जो नौ सिलेंडर या बारह सिलेंडर इसी की चर्चा में खोए हुए थे, उनके अविश्वास के बीच वे जनता को भटका रहे थे। एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार बीते दो वर्षों में पांच करोड़ देशवासी भीषण गरीबी से बाहर आए हैं। बीस करोड़ गरीबों को मात्र 90 पैसे प्रतिदिन और एक रुपया महीना के प्रीमियम पर बीमा का सुरक्षा कवच भी मिला। आने वाले दिनों में आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये की बीमारी में मदद करने का एश्योरेंस इस सरकार ने दिया है। इनको इन बातों पर भी विश्वास नहीं है।

हम किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने की दिशा में एक के बाद एक कदम उठा रहे हैं। उस पर भी इनको विश्वास नहीं है। हम बीज से लेकर बाजार तक सम्पूर्ण व्यवस्था के अंदर सुधार कर रहे हैं, सीमलैस व्यवस्थाएं बना रहे हैं। इस पर भी उनको विश्वास नहीं है। 80 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करके वर्षों से अटकी हुई 99 सिंचाई योजनाओं को, कुल परियोजनाओं को पूर्ण करने का काम चल रहा है। कुछ योजनाएं पूर्णता पर पहुंच चुकी हैं, कुछ का लोकार्पण हो चुका है। लेकिन इस पर भी इनका विश्वास नहीं है। हमने 15 करोड़ किसानों को सॉइल हैल्थ कार्ड पहुंचाया, आधुनिक खेती की तरफ किसानों को ले गए, लेकिन इस पर भी इनका विश्वास नहीं है।

महोदया, उन्होंने यूरिया में थोड़ी नीम कोटिंग करके छोड़ दिया, परंतु शत-प्रतिशत किए बिना उसका लाभ नहीं मिल सकता है। हमने शत-प्रतिशत नीम कोटिंग का काम किया, जिसका लाभ देश के किसानों को हुआ है। यूरिया की जो कमी महसूस होती थी, वह बंद हुई है, लेकिन इस पर भी इनका विश्वास नहीं है। हमने प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को विश्वास दिलाने का काम किया, हमने न सिर्फ प्रीमियम कम किया, बल्कि इंश्योरेंस का दायरा भी बढ़ाया। उदाहरण के तौर पर 2016-2017 में किसानों ने करीब 1300 करोड़ रुपये बीमा के प्रीमियम के रूप में दिए, जबकि उन्हें सहायता के रूप में 5500 करोड़ रुपए से ज्यादा की क्लेम राशि दी गई है। यानी किसानों से जितना लिया गया, उससे तीन गुना ज्यादा की क्लेम राशि उनको हमने पहुंचा दी, लेकिन इन लोगों को विश्वास नहीं होता है।

अध्यक्ष महोदय, एल.ई.डी. बल्ब के बारे में जरा यह बताएं तो सही कि क्या कारण है कि उनके काल खंड में एल.ई.डी. बल्ब साढ़े तीन सौ, चार सौ और साढ़े चार सौ रुपये में बिकता था? आज वह एल.ई.डी. बल्ब 40-45 रुपये पर पहुंच गया। सौ करोड़, कोई छोटा आंकड़ा नहीं है, सौ करोड़ एल.ई.डी. बल्ब आज बिक चुके हैं।

(2140/GG/PS)

इतना ही नहीं 500 से ज्यादा अर्बन बॉडीज़ में 62 लाख से ज्यादा एलईडी बल्ब्स स्ट्रीट लाइट्स में लग चुके हैं और उनके कारण नगर पालिकाओं के खर्च में भी बचत हुई है। उनके समय में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां दो थीं। आज मोबाइल फोन बनाने वाली 120 कंपनियां हैं, लेकिन उनका विश्वास काम नहीं कर रहा है। युवाओं के स्वरोज़गार के लिए पहले पढ़े-लिखे नौजवानों को सर्टिफिकेट पकड़ा दिया जाता था और वह रोजी-रोटी के लिए भटकता था। हमने मुद्रा योजना के तहत 13 करोड़ नौजवानों को लोन देने का काम किया है। इतना ही नहीं, वक्त बदल चुका है, आज दस हज़ार से ज्यादा स्टार्ट-अप हमारे देश के नौजवान चला रहे हैं और देश को इनोवेटिव इण्डिया की तरफ ले जाने का काम कर रहे हैं। एक समय था, जब हम डिजिटल लेन-देन की बात करने लगे तो उसी समय बड़े-बड़े विद्वान लोग कहने लगे कि हमारा देश तो अनपढ़ है, डिजिटल ट्रांस्ज़ैक्शन कैसे कर सकता है? हमारे देश के गरीबों तक यह कैसे पहुंच सकता है? अध्यक्ष महोदया, जो लोग इस प्रकार से देश की जनता की ताकत को कम आंकते थे, उनको जनता ने करारा जवाब दिया है। अकेले भीम एप और मोबाइल फोन से, एक महीने में 41 हज़ार करोड़ रुपये का ट्रांस्जैक्शन हमारे देश के नागरिक आज कर रहे हैं। लेकिन उनका देश की जनता पर विश्वास नहीं है। उनका

कहना था कि ये अनपढ़ हैं, यह नहीं करेंगे, वह नहीं करेंगे। यह इनकी इसी मानसिकता का परिणाम है।

2143 hours

*(At this stage, Shri Thota Narasimham and some other hon. Members went back to their seats.)*

अध्यक्ष महोदया, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नस में 42 अंक का सुधार हुआ है। इनको अब उस पर भी शक होने लगा है। ये उन संस्थाओं पर भी अविश्वास करने लगे हैं। ग्लोबल कम्पीटेटिव इन्डैक्स में 31 अंकों का सुधार हुआ है। उसमें भी इनको शक हो रहा है। इनोवेशन इन्डैक्स में 24 अंकों का सुधार हुआ है। हमारी सरकार ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नस को सुधार कर कॉस्ट ऑफ डूइंग बिज़नस को कम कर रही है। मेक इन इण्डिया हो या जीएसटी हो, इन पर भी इनका विश्वास नहीं है। भारत ने अपने साथ ही पूरी दुनिया की इकॉनमिक ग्रोथ को मज़बूती दी है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ गति से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था में भारत छठे नंबर की अर्थव्यवस्था है। यह जयकारा सरकार में बैठे हुए लोगों का नहीं है, बल्कि सवा सौ करोड़ हिंदुस्तानियों के पुरुषार्थ का है। इसके लिए तो गौरव करना सीखो। लेकिन वे भी गौरव करना नहीं जानते हैं। पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने की दिशा में आज देश तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है। हमने काले धन के खिलाफ लड़ाई छेड़ी है और यह लड़ाई रुकने वाली नहीं है। मैं जानता हूँ कि इसके कारण कैसे-कैसे लोगों को परेशानी हो रही है। उनके वे घाव अभी भी भर नहीं रहे हैं। यह तो आपके व्यवहार से हमें पता चलता है। हमने टैक्नोलॉजी का उपयोग किया और टैक्नोलॉजी के माध्यम से सरकारी खजाने से निकले हुए रुपये

जो कहीं और चले जाते थे, उसमें 90 हज़ार करोड़ रुपये बचाने का काम टैक्नोलॉजी के माध्यम से हमने किया है। वह पैसा गलत हाथों में जाता था, किस प्रकार की व्यवस्थाओं से चलता था, यह देश भली भाँति जानता है। ढाई लाख से ज्यादा शैल कंपनियों को हमने ताले लगा दिए, और भी करीब दो-सवा दो लाख कंपनियां आज भी नज़र में हैं एवं कभी भी उन पर ताला लगने की संभावना है। क्योंकि इनको पनपाया किसने? कौन सी ताकतें थीं, जो उनको बढ़ावा देती थी और इन व्यवस्थाओं के माध्यम से अपने खेल खेले जा रहे थे? यह सबको पता है।

(2145/CS/RC)

बेनामी सम्पत्ति का कानून सदन ने पारित किया, लेकिन 20 साल तक उसे नोटिफाई नहीं किया गया। क्यों, किसको बचाना चाहते थे? हमने आकर इस काम को भी किया और मुझे खुशी है कि अब तक चार-साढ़े चार हजार करोड़ रुपये की सम्पत्ति इस बेनामी सम्पत्ति कानून के तहत जब्त कर दी गई है। देश को विश्वास है, दुनिया को विश्वास है, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ संस्थाओं को विश्वास है, लेकिन जो खुद पर विश्वास नहीं कर सकते, वे हम पर विश्वास कैसे कर सकेंगे। यह सब ऐसे नहीं होता है। इस प्रकार की मानसिकता वाले लोगों के लिए हमारे शास्त्रों में बहुत अच्छे ढंग से कहा गया है।

"धारा नैव पतन्ति चातक मुखे मेघस्य किं दूषणम्"

यानी चातक पक्षी के मुँह में बारिश की बूँद सीधे नहीं गिरती तो इसमें बादल का क्या दोष।

महोदया, कांग्रेस को खुद पर अविश्वास है। ये अविश्वास से घिरे हुए हैं। अविश्वास ही उनकी पूरी कार्यशैली, उनके सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा है। उनको विश्वास नहीं

है। स्वच्छ भारत पर भी विश्वास नहीं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भी विश्वास नहीं, देश के मुख्य न्यायाधीश पर भी विश्वास नहीं, रिजर्व बैंक पर भी विश्वास नहीं, अर्थव्यवस्था के आंकड़े देने वाली संस्थाओं पर भी उनको विश्वास नहीं है। देश के बाहर पासपोर्ट की ताकत क्या बढ़ रही है या फिर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर देश का गौरवगान कैसे हो रहा है, उस पर भी उनको विश्वास नहीं है। चुनाव आयोग पर विश्वास नहीं, ईवीएम पर विश्वास नहीं है। ऐसा क्यों है, क्योंकि उनको अपने पर विश्वास नहीं है। यह अविश्वास क्यों बढ़ गया? जब कुछ मुट्ठी भर लोग अपना ही विशेषाधिकार मानते थे, अपना ही विशेष अधिकार मानकर जो बैठे थे, जब यह जनाधिकार में परिवर्तित होने लगा तो जरा वहाँ पर बुखार चढ़ने लगा, परेशानी बढ़ने लगी। जब प्रक्रियाओं को प्रभावित करने की परम्पराओं को बंद किया गया तो उनको परेशानी होना स्वाभाविक था। जब भ्रष्टाचार पर सीधा प्रहार होने लगा तो उनको परेशानी होनी बहुत स्वाभाविक था। जब भ्रष्टाचार की कमाई आनी बंद हो गई तो उनकी बैचेनी बढ़ गई, यह भी साफ है। जब कोर्ट, कचहरी में उन्हें भी पेश होना पड़ा तो उनको भी जरा तकलीफ होने लगी है। मैं हैरान हूँ, यहाँ ऐसे विषयों को स्पर्श किया गया, आजकल शिव भक्ति की बातें हो रही हैं। मैं भी भगवान शिव से प्रार्थना करता हूँ, मैं सवा सौ करोड़ देशवासियों से भी प्रार्थना करता हूँ कि वे आपको इतनी शक्ति दें कि वर्ष 2024 में आप फिर से अविश्वास प्रस्ताव ले आयें। मेरी आपको शुभकामनायें हैं। यहाँ पर डोकलाम की चर्चा की गई। मैं मानता हूँ कि जिस विषय की जानकारी नहीं है, कभी-कभी उस पर बोलने से बात बड़ी उलटी पड़ जाती है। उसमें व्यक्ति का नुकसान कम है, देश का नुकसान हो जाता है। इसलिए ऐसे विषयों पर बोलने से पहले थोड़ा संभालना चाहिए। हमें एक घटनाक्रम याद रहना

चाहिए। जब सारा देश, सारा तंत्र, सारी सरकार एकजुट होकर के डोकलाम के विषय को लेकर प्रवृत्तिशील थी, अपनी-अपनी जिम्मेदारियाँ संभाल रही थी।

(2150/RV/RU)

जो आज डोकलाम की बातें करते हैं, तब वे चीन के राजदूत के साथ बैठते हैं। बाद में 'कभी ना तो कभी हाँ' जैसे यह फिल्मी अंदाज में चल रहा था, नाटकीय ढंग से चल रहा था। कोई कहता था कि वे मिले हैं, कोई कहता था कि नहीं मिले हैं। क्यों भाई, ऐसा सस्पेंस क्यों? कांग्रेस के प्रवक्ता ने तो साफ मना कर दिया था कि उनके उपाध्यक्ष चीनी राजदूत से मिले ही नहीं हैं। इस बीच एक प्रेस विज्ञप्ति भी आ गई और फिर कांग्रेस को यह मानने को मजबूर होना पड़ा कि हां, मुलाकात तो हुई थी। क्या देश के विषयों में कोई गम्भीरता नहीं होती है? क्या हर जगह पर बचकाना हरकतें करते रहेंगे?

यहां पर राफेल विवाद को छेड़ा गया। मैं कल्पना नहीं कर सकता हूं कि सत्य को इस प्रकार से कुचला जा सकता है, सत्य को इस प्रकार से रौंदा जा सकता है। अब बार-बार चीख-चीख कर देश को गुमराह करने का काम किया जाता है। इन्हीं विषयों पर, देश की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ही क्या इस प्रकार से खेल खेले जाते हैं? यह देश उसे कभी माफ नहीं करेगा। यह कितना दु:खद है कि इस सदन में लगाए गए आरोपों पर दोनों देशों को बयान जारी करना पड़ा और दोनों देशों को खंडन करना पड़ा। क्या हम ऐसी बचकाना हरकतें करते रहेंगे? क्या कोई जिम्मेदारी है या नहीं? जो लोग इतने सालों तक सत्ता में रहे हैं, बिना हाथ-पैर के, बिना कोई सबूत के बस चीखते रहो, चिल्लाते रहो। यह सत्य का गला घोंटने की कोशिश है। देश की जनता इसे भली-

भाँति जानती है। हर बार जनता ने आपको जवाब दिया है। अब सुधरने का मौका है, सुधरने की कोशिश कीजिए। राजनीति का यह स्तर देशहित में नहीं है।

अध्यक्ष महोदया, मैं इस सदन के माध्यम से देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं, देशवासियों को यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह समझौता दो देशों के बीच हुआ है। यह कोई व्यापारिक पार्टियों के साथ नहीं हुआ है। यह दो जिम्मेदार सरकारों के बीच हुआ है और पूरी पारदर्शिता के साथ हुआ है। मेरी प्रार्थना भी है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर, इतने संवेदनशील मुद्दे पर इन बचकाना बयानों से बचा जाए। यह मेरा आग्रह भी है। नामदार के आग्रह में मैं प्रार्थना ही कर सकता हूं क्योंकि हमने देखा है कि एक ऐसी प्रवृत्ति बन चुकी है कि देश के सेनाध्यक्ष के लिए कैसी भाषा का प्रयोग किया गया। क्या ऐसा कभी होता है? क्या देश के सेनाध्यक्ष के लिए इस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया जाएगा? आज भी हिन्दुस्तान का हर सिपाही, जो सीमा पर होगा या निवृत्त होगा, उसे आज इतनी गहरी चोट पहुंची होगी, जिसकी कल्पना हम सदन में बैठकर नहीं कर सकते। जो देश के लिए मर-मिटने के लिए निकले हैं, जो देश की भलाई के लिए काम करते हैं, उस सेना के जवानों के पराक्रमों को स्वीकारने का आपको सामर्थ्य नहीं होगा। लेकिन, क्या आप सर्जिकल स्ट्राइक को जुमला स्ट्राइक बोलें? आप सर्जिकल स्ट्राइक को जुमला स्ट्राइक बोलें, यह देश कभी माफ नहीं कर सकेगा। आपको गालियां देनी हो तो मोदी मौजूद है। आपकी सारी गालियां सुनने के लिए तैयार है, लेकिन देश के जवान, जो मर-मिटने के लिए निकले हैं, उनको गालियां देना बंद कीजिए।

(2155/MY/KSP)

सर्जिकल स्ट्राइक को जुमला स्ट्राइक बोलते हैं, इस प्रकार से सेना को अपमानित करने का काम निरंतर चलता है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदया,  पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा यह अविश्वास कांग्रेस की फितरत है। कांग्रेस ने देश में अस्थिरता फैलाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव की संवैधानिक व्यवस्था का दुरुपयोग किया। हमने अखबार में पढ़ा कि अविश्वास प्रस्ताव की स्वीकृति के तुरंत बाद बयान दिया गया, कौन कहता है हमारे पास नंबर नहीं है, यह अहंकार देखिए। मैं इस सदन को वर्ष 1999 को याद कराना चाहता हूँ, राष्ट्रपति भवन के सामने खड़े होकर दावा किया गया था कि हमारे पास तो 272 की संख्या है और हमारे साथ और भी जुड़ने वाले है। पूरे देश में और अटल जी की सरकार को सिर्फ एक वोट से गिरा दिया गया, लेकिन खुद जो 272 का दावा किया था, वह खोखला निकला और 13 महीनों में देश को चुनाव के अंदर जाना पड़ा। देश पर चुनाव थोपे गए।

माननीय अध्यक्ष महोदया, आज फिर एक स्थिर जनादेश को अस्थिर करने के लिए खेल खेला जा रहा है। राजनीति अस्थिरता के द्वारा अपनी स्वार्थ सिद्धि करना, यह कांग्रेस की फितरत रही है। वर्ष 1979 में किसान नेता, माटी के लाल चौधरी चरण सिंह जी को पहले समर्थन का भ्रम दिया गया और फिर वापिस ले लिया। एक किसान, एक कामगार का इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता है? चंद्रशेखर जी का भी उसी तरह मॉडस ऑपरेन्डी वही था। पहले सहयोग की रस्सी फेंको और फिर धोखे से उसे वापिस खीचों। यही खेल चलता रहा। यही फार्मूला वर्ष 1997 में फिर अपनाया गया, पहले आदरणीय देवगौड़ा जी को अपमानित किया गया और फिर इंद्र कुमार गुजराल जी की बारी आई।...(व्यवधान) क्या देवगौड़ा जी हों, क्या मुलायम सिंह यादव जी हों,

कौन भूल सकता है कि कांग्रेस ने लोगों के साथ क्या किया। जमीन से उठे, अपने श्रम से लोगों के हृदय में जगह बनाने वाले जन नेता के रूप में उभरे हुए उन नेताओं तथा दलों को कांग्रेस ने छला है और बार-बार देश को अस्थिरता में धकेलने का पाप किया है। कैसे कांग्रेस ने अपनी सरकार बचाने के लिए दो-दो बार विश्वास को खरीदने का प्रयास किया। वोट के बदले नोट, यह खेल कौन नहीं जानता।…(व्यवधान)

आज यहाँ एक बात और कही गई, यहाँ पूछा गया कि प्रधानमंत्री अपनी आँख में मेरी आँख भी नहीं डाल सकते।…(व्यवधान)

(2200/CP/KKD)

माननीय अध्यक्ष महोदया, यह सही है। हम कौन होते हैं, जो आपकी आंख में आंख डाल सकें? गरीब मां का बेटा, पिछड़ी जाति में पैदा हुआ, गांव से आया हुआ, आप तो नामदार हैं नामदार, हम तो कामवार हैं। आपकी आंख में आंख डालने की हिम्मत हमारी नहीं है। हम नहीं डाल सकते हैं। इतिहास गवाह है, सुभाष चंद्र बोस ने कभी आंख में आंख डालने की कोशिश की, उनके साथ क्या किया गया। मोरारजी भाई देसाई गवाह हैं, उन्होंने आंख में आंख डालने की कोशिश की, क्या किया गया। जयप्रकाश नारायण गवाह हैं, उन्होंने आंख में आंख डालने की कोशिश की, उनके साथ क्या किया गया। चौधरी चरण सिंह, उन्होंने आंख में आंख डालने की कोशिश की, उनके साथ क्या किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल ने आंख में आंख डालने की कोशिश की उनके साथ क्या किया गया। …(व्यवधान) चंद्रशेखर जी ने आंख में आंख डालने की कोशिश की, क्या किया गया।…(व्यवधान) प्रणब मुखर्जी ने आंख में आंख डालने की कोशिश की, क्या किया गया। …(व्यवधान) इतना ही नहीं हमारे शरद पवार जी ने आंख में आंख डालने की कोशिश की थी, उनके साथ भी क्या किया गया था।…(व्यवधान) मैं सारा कच्चा चिट्ठा खोल सकता हूं। आंख में आंख डालने की कोशिश करने वालों को कैसे अपमानित किया जाता है, कैसे उनको ठोकर मारकर निकाला जाता है, एक परिवार का इतिहास, इस देश में कोई अंजान नहीं है। हम तो कामवार हैं, भला हम नामदार की आंख में आंख कैसे डाल सकते हैं? आंखों की बात करने वालों की आंखों की हरकतों ने, आज इसे टीवी पर पूरा देश देख रहा है कि कैसे आंख खोली जा रही है, कैसे बंद की जा रही है, यह आंखों का खेल। माननीय अध्यक्ष

महोदया, आंख में आंख डाल करके सत्य को कुचला गया है। सत्य को बार-बार कुचला गया है, बार-बार रौंदा गया है। यहां कहा गया कि कांग्रेस ही थी, जीएसटी में पेट्रोलियम को क्यों नहीं लाए? मैं जरा पूछना चाहता हूं कि अपने परिवार के इतिहास के बाहर भी तो कांग्रेस का इतिहास है। अपने परिवार के बाहर कांग्रेस सरकारों का भी इतिहास है। अरे जरा इतना तो ध्यान रखो, जब यूपीए सरकार थी, तब पेट्रोलियमों को जीएसटी के बाहर रखने का निर्णय आपकी सरकार ने किया था।...(व्यवधान) आपको यह भी मालूम नहीं है। आज यहां यह भी कहा गया ...(व्यवधान) मैं आपका विषय लेने वाला हूं। जयदेव जी, मैं आपकी बात लेने वाला हूं। ...(व्यवधान) आपका विषय आएगा। ...(व्यवधान) जरा बारी-बारी से आने दो। ...(व्यवधान) किसी को छोड़ने वाला नहीं हूं, आप चिंता मत कीजिए। ...(व्यवधान) हर किसी का सम्मान करूंगा। आप चिंता मत कीजिए। ...(व्यवधान)

आज यहां यह भी बात कही गई कि आप चौकीदार नहीं, भागीदार हैं। माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि हम चौकीदार भी हैं, हम भागीदार भी हैं, लेकिन हम आपकी तरह सौदागर नहीं हैं, ठेकेदार नहीं है। न हम सौदागर हैं, न ठेकेदार हैं, हम भागीदार हैं, देश के गरीबों के दुख के भागीदार हैं, हम देश के किसानों की पीड़ा के भागीदार हैं। हम देश के नौजवानों के सपनों के भागीदार हैं।

(2205/NK/RP)

देश में 115 आकांक्षी जिले हैं, हम उनके विकास में सपनों के भागीदार हैं। हम देश को विकास की नई राह पर ले जाने वाले मेहनतकश मजदूरों के भागीदार हैं। हम भागीदार हैं और भागीदार रहेंगे। उनके दुखों को बांटना, यह हमारी भागीदारी और

जिम्मेवारी है, इसे हम निभाएंगे। हम ठेकेदार नहीं हैं, हम सौदागर नहीं हैं। हम चौकीदार भी हैं, भागीदार भी हैं। हमें इस बात पर गर्व है। कांगेस का एक ही मंत्र है - या तो हम रहेंगे, अगर हम नहीं हुए तो फिर देश में अस्थिरता रहेगी, अफवाहों का साम्राज्य रहेगा, आप पूरा कालखंड देख लीजिए। वहां भी भुक्तभोगी बैठे हुए हैं, सबके साथ क्या हुआ, सभी को मालूम है। अफवाहें उड़ाई जाती हैं, ... *(Not recorded)* फैलाया जाता है। अब अफवाह फैलाने के लिए देश में टेक्नोलॉजी भी उपलब्ध है। आरक्षण खत्म हो जाएगा, दलितों पर अत्याचार रोकने वाला कानून खत्म कर दिया गया है। देश को हिंसा की आग में झोंकने का षडयंत्र किया जाता है।

अध्यक्ष महोदया जी, ये लोग दलितों, पीड़ितों, शोषितों, वंचितों और गरीबों को इमोशनल ब्लैकमेलिंग करके राजनीति करते रहे हैं। कामगारों और किसानों की दुखों की चिंता किए बिना, उनकी समस्याओं के समाधान के रास्ते खोजने की बजाय चुनाव जीतने के शार्टकट रास्ता ढूंढने का प्रयास इस देश में हुआ है। उसी का कारण है कि देश का एक बहुत बड़ा तबका सशक्तीकरण से वंचित रह गया। बाबा साहब अम्बेडकर की भाषा और उनके पहनावे, उनकी राजनीति का मजाक उड़ाने वाले लोग आज बाबा साहब के गीत गाने लगे हैं।

महोदया, धारा 356 का बार-बार दुरुपयोग करने वाले लोग हमें लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने की बातें करते हैं। जो मुख्य मंत्री पसंद नहीं आता था, उसको हटाना, अस्थिरता पैदा करना, यह खेल देश आजाद होने के तुरंत बाद शुरू कर दिया गया, कभी भी मौका नहीं छोड़ा गया। इसी नीति का परिणाम वर्ष 1980, 1991, 1998 और 1999 देश को समय से पहले चुनाव के अंदर घसीटा गया, चुनाव में जाना पड़ा। एक

परिवार के सपने और आकांक्षा के सामने जो भी आया, उसके साथ यही बर्ताव किया गया। चाहे देश के लोकतंत्र को ही दांव पर क्यों न लगाना पड़े। यह स्वाभाविक है, जिनकी ऐसी मानसिकता है, जिनके अंदर इतना अहंकार है, वह हम लोगों को कैसे स्वीकार कर सकते हैं? हमारा यहां बैठना कैसे गवारा हो सकता है, यह हम भलीभांति समझते हैं, इसलिए हमें नापसंद करना बहुत स्वाभाविक है।

माननीय अध्यक्ष महोदया, कांग्रेस पार्टी जमीन से कट चुकी है। वे तो डूबे हैं उनके साथ जाने वाले भी डूबेंगे। हम भी डूबे हैं सनम तुम भी डूबो। इनका भी यही हाल होने वाला है। मैं अर्थ और अनर्थ में हमेशा उलझे हुए और अपने आप को बहुत बड़ा विद्धान मानने वाले और जिन्हें विद्वता का अहंकार है, अर्थ और अनर्थ में हमेशा उलझे हुए एक व्यक्ति ने बात बताई थी, मैं उन्हीं के शब्दों को क्वोट करना चाहता हूं।

(2210/RPS/RCP)

> "कांग्रेस पार्टी अलग-अलग राज्यों में क्यों और कैसे कमजोर हो गई? मैं एक ऐसे राज्य से आता हूं, जहां इस पार्टी का प्रभुत्व समाप्त हो गया है। क्यों कांग्रेस इस बात का समझ नहीं पाई कि सत्ता अब उच्च वर्ग, साधन सम्पन्न वर्गों से गांव-देहात के लोगों, इंटरमीडिएट कास्ट्स और यहां तक कि ऐसी जातियों, जो कथित सोशल ऑर्डर में सबसे नीचे हैं, गरीब, बेरोजगार, जिनके पास सम्पत्ति नहीं है, जिनकी कोई आमदनी नहीं है, जिनकी आवाज आज तक सुनी नहीं गई, उन तक पहुंची है। जैसे-जैसे पावर नीचे की तरफ चलती गई, जैसा कि लोकतंत्र में होना चाहिए, वैसे-वैसे अनेक राज्यों में कांग्रेस का प्रभाव खत्म होता गया।"

यह एक कोटेबल कोट है। यह 11 अप्रैल, 1997 का है। जब देवगौड़ा जी की सरकार का विश्वास प्रस्ताव चल रहा था, उस समय अर्थ और अनर्थ में उलझे हुए, आपके विद्वान महारथी, श्रीमान चिदम्बरम जी का यह वाक्य है। कुछ विद्वान लोगों की बातें वहां शायद समझ में नहीं आई होंगी।

18 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने तीन राज्यों का गठन किया था – उत्तराखण्ड, झारखण्ड और छत्तीसगढ़। कोई खींचतान नहीं, न कोई झगड़ा हुआ, मिल-बैठकर, जो जहां से निकले, उनके साथ बैठकर रास्ते निकाले और तीनों राज्य बहुत तेजी से शान्ति से प्रगति कर रहे हैं और देश के विकास में हिस्सेदारी कर रहे हैं। लेकिन राजनीतिक लाभ पाने के लिए, आन्ध्र प्रदेश के लोगों को विश्वास में लिए बिना, राज्य सभा के दरवाजों को बन्द करके, जोर और जुल्म के बीच, हाउस ऑर्डर में नहीं था, तब भी आपने आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना का विभाजन किया।...(व्यवधान) यह बात सही है। जैदेव जी ने बताया और यह बात सही है कि उस समय मैंने कहा था – 'तेलुगू हमारी मां है। तेलुगू की स्पिरिट को टूटने नहीं देना चाहिए। उन्होंने बच्चे को बचा लिया और मां को मार दिया है। हम सबका दायित्व है कि तेलुगू स्पिरिट को बचा लिया जाए।' ये शब्द मेरे उस समय थे और आज भी मैं ऐसा मानता हूं। ...(व्यवधान) वर्ष 2014 में आपका क्या हाल हुआ? आपको लगता था कि एक जाएगा तो जाएगा, लेकिन दूसरा मिल जाएगा। लेकिन जनता इतनी समझदार थी कि न यह मिला, न वह मिला और आप अपने पीछे यह मुसीबत छोड़कर चले गए। यह आपके लिए नया नहीं है। आपने भारत-पाकिस्तान का विभाजन किया, हम आज भी

मुसीबतें झेल रहे हैं। आपने इनका विभाजन भी ऐसे ही किया है। आपने उनको विश्वास दिलाया होता तो शायद यह मुसीबत न आती, लेकिन कुछ नहीं सोचा। …(व्यवधान) मुझे बराबर याद है, चन्द्रबाबू नायडू का और तेलंगाना के सीएम केसीआर का पहले साल बंटवारे को लेकर तनाव रहता था, झगड़े होते थे। गवर्नर को बैठना पड़ता था, होम मिनिस्टर को बैठना पड़ता था, कभी मुझे बैठना पड़ता था। उस समय टीडीपी की पूरी ताकत तेलंगाना के खिलाफ लगी थी। उसी में लड़ते रहते थे। हम उनको शान्त करने की बहुत कोशिश करते थे, संभालने की कोशिश करते थे। टीआरएस ने मेच्योरिटी दिखाई, वे अपने आप विकास में लग गए। उधर क्या हाल हुआ, आप जानते हैं। संसाधनों का विवाद आज भी चल रहा है। आप लोगों ने ऐसा बंटवारा किया कि संसाधनों का विवाद आज भी चल रहा है।

(2215/RAJ/SMN)

एनडीए की सरकार ने सुनिश्चित किया कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के विकास में कोई कमी नहीं आएगी और हम पूरी तरह उसमें कमीटेड हैं। हम ने जो कदम उठाए, मुझे कुछ मीडिया रिपोर्टें याद हैं, मुझे मीडिया रिपोर्ट याद आ रही है। इसी सदन के टीडीपी के एक माननीय सदस्य ने ब्यान दिया था कि स्पेशल कैटेगरी स्टेटस से कहीं ज्यादा, बेहतर स्पेशल कैटेगरी है। यह लोगों ने दिया था। मैं वित्त आयोग की सिफारिश को फिर से दोहराना चाहता हूं। इस सिफारिश के तहत आयोग ने स्पेशल और जनरल कैटेगरी राज्यों के भेद को समाप्त कर दिया। …(व्यवधान) आयोग ने एक नई कैटेगरी नॉर्थ-ईस्टर्न को और हिल स्टेट की बना दी। इस प्रक्रिया में आयोग ने इस बात का ध्यान रखा है कि अन्य राज्यों को आर्थिक नुकसान न हो। एनडीए सरकार आंध्र प्रदेश

के लोगों की आशा-आकांक्षाओं का सम्मान करती है। ...(व्यवधान) आप पूरी बात सुनिए, आपकी काम की बात आ रही है।...(व्यवधान) एनडीए सरकार आंध्र प्रदेश के लोगों की आशा और आकांक्षाओं का सम्मान करती है, लेकिन साथ ही साथ हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि सरकार 14वें वित्त आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों से बंधी हुई है। इसलिए आंध्र प्रदेश राज्य के लिए एक नया स्पेशल असिस्टेंस पैकेज बनाया गया, जिससे राज्य को उतनी वित्तीय सहायता मिले, जितनी उसे स्पेशल कैटेगरी स्टेटस मिलने से प्राप्त होती है। इस निर्णय को 8 सितम्बर, 2016 को लागू किया गया। 4 नवम्बर, 2016 को आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री ने स्वयं इस पैकेज को स्वीकार करते हुए वित्त मंत्री का धन्यवाद किया। एनडीए सरकार आंध्र रिऑर्गनाइजैशन एक्ट और स्पेशल असिस्टैंस पैकेज पर किए हुए हर कमिटमेंट को पूरा करना चाहती थी, लेकिन टीडीपी ने अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए यू-टर्न किया और माननीय अध्यक्ष महोदया जी, जब टीडीपी ने एनडीए छोड़ने के लिए तय किया तो मैंने चंद्रबाबू को फोन किया था। यह जानकारी आपके लिए नहीं होगी। ...(व्यवधान)

2218 बजे

(इस समय डॉ. रविन्द्र बाबू और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

यह आपके काम की जानकारी है।...(व्यवधान) टीडीपी एनडीए से निकले, चंद्रबाबू से फोन पर मेरी बात हुई और मैंने चन्द्रबाबू से कहा था कि बाबू, आप वाईएसआर के जाल में फंस रहे हो। आप वाईएसआर के चक्र में फंस रहे हो। मैंने कहा कि आप वहां की स्पर्धा में...(व्यवधान) आप किसी हालत में बच नहीं पाएंगे।

…(व्यवधान) यह मैंने एक दिन उनको कहा था। …(व्यवधान) मैं वह देख रहा हूं। झगड़ा उनका वहां का है और उपयोग सदन का किया जा रहा है।…(व्यवधान) आंध्र प्रदेश की जनता भी इस घनघोर अवसरवादिता को देख रही है। …(व्यवधान) चुनाव नजदीक आते गए और प्रशंसा आलोचना में बदल गई।…(व्यवधान) कोई भी विशेष इंसेंटिव या पैकेज देते हैं तो उसका प्रभाव दूसरे क्षेत्रों पर भी पड़ता है। …(व्यवधान) इसी सदन में तीन साल पहले श्रीमान वीरप्पा मोइली जी ने कहा था।

(2220/MMN-IND)

> "How you can create this kind of an inequality between one State and the other State? It is a major issue. After all, you are an arbitrator."

यह बात मोइली जी ने कही थी और मैं आज इस सदन के माध्यम से आंध्र के लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि चाहे राजधानी का काम हो, चाहे किसानों की भलाई का काम हो, केंद्र सरकार, एनडीए की सरकार आंध्र की जनता के कल्याण के काम में कभी पीछे नहीं रहेगी और उनकी जो मदद कर सकते हैं, करते रहेंगे। आंध्र का भला हो और उसी में देश का भला हो, यह हमारी सोच है। हम विकास के काम में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारा प्रयास, हमारा काम करने का तरीका समस्याओं को सुलझाने का है। 'वन रैंक वन पेंशन' को दशकों तक लटकाने वाले कौन थे? जीएसटी का विषय इतने वर्षों तक किसने लटका कर रखा था? आज यहां बताया गया कि गुजरात के मुख्य मंत्री ने इसे रोका था। मैं सदन को जानकारी देना चाहता हूं और उस समय के जो कर्ताधर्ता थे, उन्हें भी मालूम है। मेरी मुख्य मंत्री के नाते भेजी गई चिट्ठियां भी मौजूद

हैं। मैंने भारत सरकार को कहा था कि जीएसटी में राज्यों के कंसर्न को एड्रेस किए बिना आप जीएसटी को आगे बढ़ा नहीं पाएंगे। राज्यों ने जो-जो मुद्दे उठाए हैं, आप राज्यों के साथ बैठकर उन मुद्दों का समाधान कीजिए, लेकिन उनका अहंकार इतना था कि वे राज्यों की एक बात भी सुनने के लिए तैयार नहीं थे। मैं आज यह रहस्य भी खोलता हूं कि बीजेपी के सिवाय अन्य दलों के मुख्य मंत्री भी, जिनमें कांग्रेस के मुख्य मंत्री भी थे, वे मुझे मीटिंग्स में मिलते थे और कहते थे कि हम तो बोल नहीं पाएंगे, मोदी जी आप बोलिए। इससे हमारे राज्य का भी कुछ भला हो जाएगा। मैंने आवाज उठाई थी। जब मैं प्रधान मंत्री बना, तब मेरा मुख्य मंत्री का अनुभव काम आया। उस अनुभव के कारण सभी राज्यों के कंसर्न को एड्रेस करने का काम किया। सभी राज्यों को ऑन बोर्ड लाने में हम सफल हुए। अगर आपका अहंकार न होता, आपने राज्यों की समस्याओं को समझा होता, तो जीएसटी पांच साल पहले आ जाता, लेकिन आपके काम का तरीका लटकाने का रहा है। काले धन पर सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बनाने के लिए कहा था। उस विषय को कौन लटका कर बैठा था? उसे आप लोगों ने लटकाया था। बेनामी सम्पत्ति कानून किसने लटका कर रखा था?

अध्यक्षा जी, एनडीए सरकार द्वारा खरीफ के समय में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, एमएसपी की लागत 150 प्रतिशत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इसे किसने रोका था? आपके पास यह रिपोर्ट वर्ष 2006 से पड़ी थी और आप वर्ष 2014 तक सरकार में थे। आठ साल तक आपको रिपोर्ट याद नहीं आई। हमने निर्णय किया था कि हम किसानों को एमएसपी डेढ़ गुना करके देंगे और हमने करके दिखाया। जब यूपीए सरकार ने वर्ष 2007 में राष्ट्रीय कृषि नीति का ऐलान किया, उसमें पचास

प्रतिशत वाली बात तो खा गए, उसे गायब कर दिया गया। उसके आगे भी सात साल कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन एमएसपी के लिए सिर्फ बातें करते रहे और जनता को, किसानों को गलत विश्वास देते रहे।

अध्यक्षा जी, मैं आज एक बात और बताना चाहता हूं। देश के लिए यह जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है। जिन्हें इसे सुनना नहीं है, यह उनके काम आने वाली नहीं है, लेकिन देश के लिए जरूरी है। हम वर्ष 2014 में सत्ता में आए। तब कई लोगों ने हमें कहा था कि इकोनॉमी पर व्हाइट पेपर लाया जाए। यह बात हमारे मन में भी थी कि व्हाइट पेपर लाएंगे, लेकिन जब शुरू में हम सारी जानकारी प्राप्त करने लगे, तब एक के बाद एक ऐसी जानकारी आई कि हम चौंक गए कि अर्थव्यवस्था की क्या स्थिति है।

(2225/vb/vr)

इसलिए मैं आज एनपीए की कहानी सुनाना चाहता हूँ। क्या परिस्थितियाँ पैदा की गईं? वर्ष 2008 में इस कहानी की शुरुआत हुई और वर्ष 2009 में चुनाव था। कांग्रेस को लगने लगा था कि अब एक साल बचा है, जितने बैंकों को खाली कर सकते हो, करो। जब एक बार इसकी आदत लग गयी, तो बैंकों की अंडरग्राउंड लूट वर्ष 2009 के बाद वर्ष 2014 तक चलती रही। जब तक कांग्रेस सत्ता में थी, तब तक बैंकों को लूटने का खेल चलता रहा।

एक आँकड़ा इस सदन के लोगों को भी चौंका देगा। आजादी के साठ वर्षों के बाद हमारे देश के बैंकों ने लोन के रूप में जो धनराशि दी थी, वह 18 लाख करोड़ रुपये थी। 60 वर्षों में 18 लाख करोड़ रुपये थी। लेकिन, वर्ष 2008 से वर्ष 2014 के बीच, मात्र छह साल में यह राशि 18 लाख करोड़ रुपये से 52 लाख करोड़ रुपये हो

गई। साठ साल में 18 लाख करोड़ रुपये ओर छह साल में 52 लाख करोड़ तक पहुँचाई गई। 60 वर्षों में जो हुआ था, उसको इन छह वर्षों में डबल कर दिया गया। यह कैसे हुआ?

दुनिया में इंटरनेट बैंकिंग तो बहुत देर से आई। लेकिन, कांग्रेस के ऐसे बुद्धिमान लोग हैं कि दुनिया में इंटरनेट बैंकिंग आने से पहले भारत में फोन बैंकिंग शुरू हुई। टेलीफोन बैंकिंग शुरू हुई। टेलीफोन बैंकिंग का यह कमाल था कि छह साल में 18 लाख करोड़ रुपये से 52 लाख करोड़ रुपये अपने चहेते लोगों के लिए बैंकों से खज़ाना लुटा दिया गया। उसका क्या तरीका था? कागज वगैरह कुछ नहीं देखना था, केवल टेलीफोन आता था कि लोन दे दो। लोन चुकाने के लिए दूसरा लोन दे दो, उसके बाद कोई और लोन दे दो। जो गया सो गया, पैसे जमा कराने के लिए नए लोन देते जाओ। यही कुचक्र चलता गया और देश तथा देश के बैंक एनपीए के विशाल जंजाल में फंस गए। एनपीए का जंजाल एक प्रकार से भारत की बैंकिंग व्यवस्था के लिए एक लैंड माइन की तरह बिछाया गया था। हमने पूरी पारदर्शिता के साथ इसकी जाँच शुरू की। एनपीए की सही स्थिति क्या है, इसके लिए मैकेनिज्म शुरू किया गया। इस मामले में, हमने इतनी बारीकी से जाँच की कि एनपीए का जाल गहराता गया, निरंतर गहराता गया।

एनपीए बढ़ने का एक और कारण यह है कि यूपीए सरकार ने कुछ ऐसे निर्णय लिये, जिसके कारण कैपिटल गुड्स के इम्पोर्ट में बेतहाशा वृद्धि हुई। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि कैपिटल गुड्स का इम्पोर्ट कस्टम ड्यूटी को कम करके इतना ज्यादा बढ़ाया गया कि हमारे कच्चे तेल के आयात के समतुल्य हो गया। इन सारे इम्पोर्ट्स की फाइनेंसिंग बैंकों द्वारा लोन लेकर की गयी। देश में कैपिटल गुड्स के

उत्पादन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। बैंकों की लेंडिंग के बिना, प्रोजेक्ट एसेसमेंट के बिना, क्लीयरेंस दे दी गयी। यहाँ तक कि बहुत-से प्रोजेक्ट्स में तो इक्विटी के बदले भी बैंकों ने लोन दिया।

(2230/PC/SAN)

अब एक तरफ तो इन कैपिटल गुड्स के आयात और प्रोजेक्ट्स के निर्माण के लिए कस्टम ड्यूटी और सरकार के टैक्स में कमी की गई। वहीं दूसरी तरफ सरकारी क्लियरेंस देने के लिए कुछ नए टैक्स बनाए गए, जिन टैक्स का पैसा सरकार के खाते में नहीं जाता था। इस टैक्स के कारण सारे प्रोजेक्ट्स के क्लियरेंस में देरी हुई। बैंकों के लोन फंसे रहे और एन.पी.ए. बढ़ता रहा। आज विपक्ष के मित्र जब बार-बार एन.पी.ए. की स्थिति पर बयान देते हैं, तो सरकार को बाध्य होकर देश की जनता के सामने इस सदन के माध्यम से कुछ तथ्य फिर से रखने की जरूरत पड़ी है।

एक तरफ हमारी सरकार ने बैंकों की बुक्स में इन सभी एन.पी.एज़. को ईमानदारी के साथ दिखाने का निर्णय लिया है, वहीं दूसरी तरफ हमने बैंकों में सुधार के लिए बहुत सारे नीतिगत निर्णय लिए, जो देश की अर्थव्यवस्था को आने वाले वर्षों में मदद पहुंचाएंगे। 50 करोड़ रुपये से ज्यादा के सभी एन.पी.ए. अकाउंट्स की समीक्षा की गई है। इनमें विलफुल डिफॉल्टर्स और फ्रॉड्स की संभावना का आकलन किया जा रहा है। बैंकों में स्ट्रेस्ड एसेट्स के मैनेजमेंट के लिए एक नई व्यवस्था तैयार की गई है। दो लाख दस हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बैंकों के रीकैपिटलाइज़ेशन के लिए दी जा रही है।

हमारी सरकार ने इनसॉल्वेंसी और बैंकरप्सी कोड बनाए हैं। इसके द्वारा टॉप 12 डिफॉल्टर्स, जो कि कुल एन.पी.ए. के 25 प्रतिशत के बराबर हैं, के केस नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल द्वारा लिए जा चुके हैं। इन 12 बड़े केसों में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये की राशि फंसी हुई है। सिर्फ एक साल में इनमें से तीन बड़े मामलों में हमारी सरकार ने लगभग 55 प्रतिशत की रिकवरी पाई है। वहीं अगर इन 12 बड़े मामलों की बात करें, तो उनमें से लगभग 45 प्रतिशत की रिकवरी की जा चुकी है। ऐसे लोगों के लिए ही कल लोक सभा ने फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स बिल पास किया है। बैंकों का कर्ज न चुकाने वालों के लिए अब देश के कानून से बचना और मुश्किल हो गया है। इससे एन.पी.ए. पर नियंत्रण करने में भी मदद मिलेगी। अगर वर्ष 2014 में एन.डी.ए. सरकार न बनती और जिस तरीके से कांग्रेस सरकार देश चला रही थी, अगर वही व्यवस्था चलती रहती तो देश आज बहुत बड़े संकट में होता।

मैं इस सदन के माध्यम से देश को यह बताना चाहता हूं कि पहले की सरकार देश में स्पेशल फॉरेन करेन्सी नॉन रेसिडेंट डिपॉज़िट यानी एफ.सी.एन.आर. का लगभग 32 मिलियन डॉलर का कर्ज छोड़कर गई थी। इस कर्ज को भी आज भारत पूरी तरह वापस कर चुका है। यह काम हमने कर दिया है। …( व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदया, देश में ग्राम स्वराज अभियान को आगे बढ़ाने के लिए और महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए हमने 15 अगस्त तक 65 हजार गांवों में सभी लोगों के पास बैंक खाता हो, गैस कनेक्शन हो, हर घर में बिजली हो, सभी का टीकाकरण हुआ हो, सभी को बीमा सुरक्षा कवच मिला हो और हर घर में एल.ई.डी. बल्ब हो, के लिए कार्य किया है। ये गांव उन 115 जिलों में हैं, जिनको गलत

नीतियों ने पिछड़ेपन का अविश्वास दिया और हमने उनको आकांक्षा का नया विश्वास दिया।

(2235/MM/RBN)

न्यू इंडिया की व्यवस्थाएं स्मार्ट भी हैं, सेंसेटिव भी हैं। स्कूलों में लैब्स के ठिकाने नहीं थे, हमने अटल टिंकरिंग लैब, स्किल इंडिया, खेलो इंडिया अभियानों से प्रतिभागी और पहचान बढ़ा दिया।...(व्यवधान) महिलाओं के लिए जीवन के हर पड़ाव को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई गईं। मैं आज गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि केबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी में पहली बार दो महिला मंत्री बैठती हैं और वे निर्णय में भागीदार होती हैं। महिलाएं फाइटर पायलट के तौर पर इंडक्ट की गई हैं।...(व्यवधान) तीन तलाक झेल रही मुस्लिम बहनों के साथ सरकार मजबूती के साथ खड़ी है।...(व्यवधान) बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जन-आंदोलन बन चुका है। अनेक जिलों में बेटियों के जन्म में बढ़ोतरी हुई है और बेटियों पर अत्याचार करने वालों के लिए फांसी तक का प्रावधान है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हिंसा और अत्याचार को इजाज़त नहीं दी जा सकती है।...(व्यवधान) ऐसी घटनाओं में किसी एक भारतीय का भी निधन दुखद है। मानवता की मूल भावना के खिलाफ है।...(व्यवधान) जहां भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं, वहां राज्य सरकारें कार्रवाई कर रही हैं। मैं आज इस सदन के माध्यम से राज्य सरकारों को फिर से आग्रह करूंगा कि जो भी ऐसी हिंसा करे, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।...(व्यवधान) हमें 21वीं सदी के देश के सपनों को पूरा करना है। भारत माला से हाईवे का जाल पूरे देश में बिछाया जा रहा है।...(व्यवधान) सागर माला से पोर्ट डेवलपमेंट और पोर्ट-लेड-डेवलपमेंट को बढ़ावा दिया जा रहा है। टायर-

2 और टायर-3 सिटी में हवाई कनेक्टिविटी पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश के शहरों में मेट्रो का व्यापक विस्तार हो, इस पर काम चल रहा है।...(व्यवधान) इस देश की हर पंचायत तक इंटरनेट पहुंचाने के लिए तेज गति से काम हुआ है। देश इसका साक्षी है। गांव से लेकर बड़े शहरों तक गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन में बड़े बदलाव ला रही है।...(व्यवधान) पहले की सरकारों के मुकाबले हमारी सरकार की गति कहीं ज्यादा तेज है, चाहे सड़कों का निर्माण हो, रेलवे लाइनों का बिजलीकरण हो, देश की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने की हो, नये शिक्षा संस्थान हों, एनआईटी, आईआईएम हो, मेडिकल सीटों की संख्या में वृद्धि हो - कर्मचारी वही है, ब्यूरोक्रेसी हो, फाइलों का तौर-तरीका वही है, लेकिन उसके बावजूद भी यह पॉलिटीकल विल है कि जिसके कारण देश के सामर्थ्य में नई ऊर्जा भरकर हम आगे बढ़ रहे हैं।...(व्यवधान) इस देश में रोजगार को लेकर के बहुत सारे भ्रम फैलाए जा रहे हैं। फिर एक बार सत्य को कुचलने का प्रयास, आधारहीन बातें, बिना जानकारी के गप्प चलाना - अच्छा होता, उस पर बारीकी से ध्यान देते तो देश के नौजवानों को निराश करके राजनीति करने का पाप नहीं करते।...(व्यवधान) सरकार ने सिस्टम में उपलब्ध रोजगार से संबंधित अलग-अलग आंकड़ों को देश के समक्ष हर महीने प्रस्तुत करने का निर्णय किया है। संगठित क्षेत्र यानी फार्मर सेक्टर में रोजगार वृद्धि को मापने का एक तरीका इम्प्लाई प्रोविडेंट फण्ड है यानी ईपीएफ में कर्मचारियों का अंशदान। सितम्बर, 2017 से लेकर मई, 2018 के नौ महीनों में लगभग 45 लाख नये सबस्क्राइबर ईपीएफ से जुड़े हैं।...(व्यवधान) इनमें से 77 परसेंट 28 वर्ष से कम उम्र के हैं। फॉर्मल सिस्टम में न्यू

पेंशन स्कीम यानी एनपीएस में पिछले दो महीने में 5 लाख 68 हजार से ज्यादा लोग जुड़े हैं।...(व्यवधान)

(2240/BKS/AK)

इस तरह ई.पी.एफ. और एन.पी.एस. के दो आंकड़ों को मिलाकर ही पिछले नौ महीनों में फॉर्मल सैक्टर में पचास लाख से ज्यादा लोग रोजगार में जुड़े हैं। यह संख्या पूरे वर्ष के लिए 70 लाख से भी ज्यादा होगी। इन 70 लाख कर्मियों के ई.एस.आई.सी. के आंकड़ों को सम्मिलित नहीं किया गया है, क्योंकि इनमें अभी आधार लिंकिंग का काम चल रहा है।

इसके अतिरिक्त देश में कितनी ही प्रोफेशनल बॉडीज हैं, जिनमें युवा प्रोफेशनल डिग्री लेकर अपने आपको रजिस्टर्ड करते हैं और अपना काम करते हैं। उदाहरण के तौर पर डाक्टर्स, इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स, लॉयर्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, कास्ट एकाउंट्स कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज इनमें एक स्वतंत्र इंडिपेंडेंट इंस्टीट्यूट ने सर्वे किया है और इंडिपेंडेंट इंस्टीट्यूट की स्टडी कह रही है, उन्होंने जो आंकड़े रखे हैं, उनका कहना है कि 2016-17 में लगभग 17 हजार नये चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सिस्टम में जुड़े हैं। इनमें से पांच हजार से ज्यादा लोगों ने नई कंपनियां शुरू की हैं। अगर एक चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्था में 20 लोगों को रोजगार मिलता है तो इन संस्थाओं में एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। पोस्ट ग्रेजुएट डाक्टर्स, डेंटल सर्जन और आयुष डाक्टर - हमारे देश में 80 हजार से ज्यादा पोस्ट ग्रेजुएट डाक्टर्स, डेंटल सर्जन और आयुष के डाक्टर शिक्षित होकर प्रति वर्ष कालेज से निकलते हैं। इनमें से अगर साठ प्रतिशत भी खुद की प्रैक्टिस करें तो प्रति डाक्टर पांच लोगों को रोजगार के अवसर

मिलेंगे और यह संख्या दो लाख चालीस हजार होगी। लॉयर्स - 2017 में लगभग 80 हजार अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट लॉयर बने। इनमें से अगर साठ प्रतिशत लोगों ने अपनी प्रैक्टिस शुरू की होगी और दो-तीन लोगों को रोजगार दिया होगा तो लगभग 2 लाख लोगों को रोजगार उन वकीलों के माध्यम से मिला है। इन तीन प्रोफेशन में ही 2017 में छः लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं।

अब अगर इनफॉर्मल सैक्टर की बात करें तो ट्रांसपोर्ट सैक्टर में काफी लोगों को रोजगार मिलता है। पिछले वर्ष ट्रांसपोर्ट सैक्टर में 7 लाख 60 हजार कमर्शियल गाड़ियों की बिक्री हुई। 7 लाख 60 हजार कमर्शियल गाड़ियों में से अगर 25 प्रतिशत गाड़ियों की बिक्री पुरानी गाड़ियों को बदलने के लिए मानें तो 5 लाख 70 हजार गाड़ियां सामान ढुलाई के लिए सड़क पर उतरीं और नई भी उतरीं। ऐसी एक गाड़ी पर अगर दो लोगों को भी रोजगार मिलता है तो रोजगार पाने वालों की संख्या 11 लाख 40 हजार होती है।

उसी तरह अगर हम पैसेंजर गाड़ियों की बिक्री को देखें तो यह संख्या 25 लाख 40 हजार की थी। इनमें से अगर बीस प्रतिशत गाड़ियां पुरानी गाड़ियों को बदलने की मानी जाएं तो लगभग बीस लाख नई गाड़ियां सड़कों पर उतरीं। इन नई गाड़ियों में अगर केवल 25 प्रतिशत गाड़ियां भी ऐसी मानी जाएं, जो एक ड्राइवर को रोजगार देती है तो वह पांच लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।

(2245/SPR/GG)

उसी तरह से पिछले साल, हमारे यहां दो लाख 55 हज़ार ऑटोज़ की बिक्री हुई है। …(व्यवधान) इनमें से दस प्रतिशत की बिक्री अगर पुराने ऑटो को बदलने की

मानी जाए तो लगभग दो लाख तीस हज़ार नए ऑटोज़ पिछले वर्ष सड़क पर उतरे हैं, क्योंकि ऑटो दो शिफ्टों में चलते हैं।...(व्यवधान) दो ऑटो से तीन लोगों को रोज़गार मिलता है। ...(व्यवधान) ऐसे में तीन लाख चालीस हज़ार लोगों को नए ऑटो के जरिए रोज़गार मिला है।...(व्यवधान) अकेले ट्रांस्पोर्ट सैक्टर को इन तीन तरीकों से पिछले एक वर्ष में 20 लाख लोगों को नए अवसर मिले हैं। ...(व्यवधान) ईपीएफ, एनपीएस, प्रॉफेशनल ट्रांस्पोर्ट सैक्टर को अगर हम जोड़कर देखें तो एक करोड़ से ज्यादा लोगों को अकेले पिछले वर्ष रोज़गार मिला है। ...(व्यवधान) यह एक इण्डिपेंडेंट संस्था का सर्वे कह रहा है। ...(व्यवधान) मैं उस इण्डिपेंडेंट संस्था को कोट कर रहा हूँ। ...(व्यवधान) यह मैं सरकारी आंकड़े नहीं बोल रहा हूँ। ...(व्यवधान) इसलिए मेरा आग्रह है कि कृपया कर के बिना तथ्यों के सत्य को कुचलने का प्रयास न किया जाए। ...(व्यवधान) देश को गुमराह करने का प्रयास न किया जाए। ...(व्यवधान) आज देश एक अहम पड़ाव पर है ...(व्यवधान)। आने वाले पांच वर्ष सवा सौ करोड़ हिंदुस्तानियों के हैं, जिसमें 85 प्रतिशत नौजवान देश की नीयत तय करने वाले हैं।...(व्यवधान) न्यू इण्डिया, देश की नई आशा और आकांक्षाओं का आधार बनेगा।...(व्यवधान) जहां संभावनाओं, अवसरों, स्थिरता, और इनका अनंत विश्वास होगा।...(व्यवधान) जहां समाज के किसी भी वर्ग, किसी भी क्षेत्र के प्रति कोई अविश्वास नहीं होगा, कोई भेद-भाव नहीं होगा। ...(व्यवधान) इस महत्वपूर्ण समय में बदलते हुए वैश्विक परिवेश में हम सभी को साथ मिल कर चलने की आवश्यकता है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, जिन लोगों ने चर्चा में भाग लिया है, मैं उन लोगों का आभार व्यक्त करता हूँ। ...(व्यवधान) मैं फिर एक बार दोहराना चाहता हूँ कि आंध्र प्रदेश की

जनता के कल्याण के लिए एनडीए सरकार कोई कमी नहीं रखेगी। ...(व्यवधान) हिन्दुस्तान में विकास की राह पर चलने वाले हर किसी के लिए जी जान से काम करने का वृत ले कर हम आए हैं। ...(व्यवधान) मैं फिर एक बार इन सभी महानुभावों को सन् 2024 में अविश्वास प्रस्ताव लाने का निमंत्रण दे कर अपनी बात को समाप्त करता हूँ और मैं इस अविश्वास प्रस्ताव को पूरी तरह खारिज करने के लिए इस सदन से आग्रह करता हूँ। ...(व्यवधान)

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ।

धन्यवाद।

(इति)

HON. SPEAKER: He will get time only when they go back to their seats.

… (*Interruptions*)

2249 hours

*(At this stage, Dr. Ravindra Babu and some other hon. Members went back to their seats.)*

HON. SPEAKER: Shri Kesinani, you want to reply. You will get two or three minutes. Then, they will have to go back to their seats. Otherwise, you will not get time to reply.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: No, they will have to go back to their seats. Not like this. I will not allow like this. You don’t want to say anything. Let them go back to their seats. Then only you can speak.

… (*Interruptions*)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): I want at least half an hour. I have the right to reply. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I know that. But you will get only five minutes.

… (*Interruptions*)

(2250/SR/CS)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): I have to reply to all the false data, false words that our Prime Minister has expressed on the floor of this House. So, I want at least 30 minutes.

HON. SPEAKER: You will get five minutes and not 30 minutes. It is not given like that.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: If you want, you will get five minutes. You can say something.

… (*Interruptions*)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Madam, Prime Minister sahib spoke for two hours. He gave a great *Bhashan.* As usual, it was a great *… (Not recorded)* and everything was great. I have to reply to that. He has wonderfully dramatized the whole thing. I have to reply to that. It is my privilege.

HON. SPEAKER: I am allowing you. You can.

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Thank you Madam Speaker. I also thank everyone who have supported our Motion today against the Government. I also appreciate Prime Minister Sahib. As usual, he has a wonderful oratory skill. It was also a great

action. I thought for one and a half hours, I was watching a*… (Not recorded)*. What an action! I have no doubt and I think my colleagues also agree with me that he would have been the best actor in this world. There is no doubt about it. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You do not have to say anything about him. This is not the way. What is this?

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Do you want to reply? **:** हर बात का मखौल थोड़े ही होता है।

…( व्यवधान)

… (*Interruptions*)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): You keep the House in order. I am ready to speak. I am ready to give a reply. Please call the House in order. Keep the House in order.… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Do you not want to speak anything?

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): I want to speak. I want the House to be in order. How can I speak when there is so much noise from that side?… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I know it. Your Members were also shouting like this. If you want to speak, please speak, otherwise, I shall put the Motion to vote.

… (*Interruptions*)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): *… (Not recorded)*… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Do you not want to say anything?

… (*Interruptions*)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Even before 2014, people of the country have been betrayed like this, have been cheated like this. A lot of promises, false promises were made but there was no delivery. What a great *Bhashan* it was! In the afternoon, our Home Minister Sahib made a reference to the times of the Ramayana, the Mahabharata and everything. He referred to Chola, Chalukya, Pandya, Mauryas, but there was no mention of our Andhra Pradesh, about the fulfilment of promises given to us… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You cannot have a speech like this. If you want to ask any question or if there is any query, that only you can ask. It is not like this.

… (*Interruptions*)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** महोदया, इन्हें मॉफी माँगनी चाहिए…(व्यवधान)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): You were also a witness at that time. You were also a Member of the last Lok Sabha. … (*Interruptions*)

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): Madam, whatever Shri Kesineni Srinivas imputed *… (Not recorded)* should be expunged. He can only ask for a clarification … (*Interruptions*)

(2255/UB/RV)

HON. SPEAKER: I will see the record and I will expunge it.

… (*Interruptions*)

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Madam, you were also a witness as you were a Member in the last Lok Sabha. Unethical and unscientific bifurcation of Andhra Pradesh took place in this House. The Party which is at this side today was at that side at that time. I appreciate my colleague, Mr. Haribabu, who is also the Ex-President of BJP, Andhra Pradesh. He has very frankly accepted that

they are also responsible for the bifurcation of Andhra Pradesh. Both Congress Party and BJP are responsible for the bifurcation.

Madam, when Division takes place, the doors of the House get closed. But when the Andhra Pradesh Reorganisation Act was passed in this House, the TVs were *'band'*, the doors were closed and three Members from our Party were present in this House, Mr. Konakalla Narayana Rao, Mr. Sivaprasad and Mr. Kristappa had been beaten by the then Members of this House. Mr. Konakalla collapsed in the same House and was airlifted to Mumbai for heart treatment. That was the agony through which the people of Andhra Pradesh had to go at the time of bifurcation of Andhra Pradesh. The House was not having the simple majority. Fourteen Members out of twenty-five Members from Andhra Pradesh had been suspended.

HON. SPEAKER: Just say what you want to say.

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Madam, I am telling you about the base of the bifurcation. Modi Sahab just now said, "माँ का खून किया, बच्चे को बचा दिया" but what Modi Sahab and his *'Sarkar'* are doing, बच्चे को माफ करके उसका अभी खून करते हैं। अभी वह क्राई करता है। मोदी साहब अभी कहते हैं कि तेलुगु हमारी माँ है। Yes, Telugu is your mother.

I accept it. I told you that you are a great orator, you are a great… *(Not recorded)*. I accept that.

HON. SPEAKER: If you have any substantial point, please say that. You do not have any substantial point. I am sorry.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I shall now put the motion moved by Shri Kesineni Srinivas to the vote of the House.

The question is:

> "That this House expresses its want of confidence in the Council of Ministers."

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Madam, I want Division.

HON. SPEAKER: Let the Lobbies be cleared.

(2300-2305/GM/CP)

HON. SPEAKER: Now, the Lobbies have been cleared.

Secretary-General to read the instructions.

SECRETARY GENERAL: Kind attention of the Hon'ble Members is invited to the following points in the operation of the Automatic Vote Recording System: -

1. Before a Division starts, every Hon'ble Member should occupy his or her own seat and operate the system from that seat only.

2. When the Hon'ble Speaker says "Now Division", the Secretary-General will activate the voting button whereupon "RED BULBS" above display boards on both sides of Hon'ble Speaker's Chair will glow and a GONG sound will be heard simultaneously.

3. For Voting, Hon'ble Members may please press the following two buttons simultaneously "ONLY" after the sound of the GONG and I repeat only after the sound of the GONG.

   Red "VOTE" button in front of every Hon'ble Member on the Head phone plate

and

any one of the following buttons fixed on the top of desk of seat'

| | | |
|---|---|---|
| Ayes | : | Green Colour |
| Noes | : | Red Colour |
| Abstain | : | Yellow Colour |

4. It is essential to keep both the buttons pressed till another GONG, is heard and the Red BULBS above plasma display are "OFF".

5. Hon'ble Members may please note that their votes will not be registered:

   (i) If buttons are kept pressed before the first GONG.

   (ii) Both buttons are not kept simultaneously pressed till second GONG.

6. Hon'ble Members can actually "SEE" their vote on display boards installed on either side of Hon'ble Speaker's Chair and on the LED screens fixed on parapet on either side of the public gallery.

7. In case vote is not registered, they may call for voting through slips.

HON. SPEAKER: The question is:

"That this House expresses its want of confidence in the Council of Ministers."

*The Lok Sabha divided:*

(2310/RSG/NK)

2311 hours

HON. SPEAKER: Subject to correction, the result of the Division is:

Ayes: 126

Noes: 325

*The motion was negatived.*

---

HON. SPEAKER: Now, the lobbies may be opened.

The House stands adjourned to meet on Monday, the 23rd July, 2018 at 11 a.m.

2312 hours

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, July 23, 2018 / Shravana 1, 1940 (Saka).*